सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 31 जुलाई, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 207, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स में 144 अंकों की उछाल

स्थानीय शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 144 अंक की बढ़त के साथ 81,481.86 अंक पर बंद हुआ। } 14

## सरकार की इच्छाशक्ति से कुछ भी संभव : नड्डा

राज्यसभा में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला और कहा 2004 से 2014 के बीच उसने आतंकी घटनाओं के बाद पाक के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की क्योंकि उसमें राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं थी। } 16



## रूस में 8.8 तीव्रता का भूकंप, सुनामी की चेतावनी

एजेंसी



तोक्यो। रूस के सुदूर पूर्व में बुधवार तड़के आए 8.8 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप के कारण जापान, अमेरिका के हवाई और प्रशांत महासागर में सुनामी की लहरें उठीं। यह भूकंप मार्च 2011 के बाद दुनिया में आया सबसे शक्तिशाली भूकंप प्रतीत होता है। सुनामी के कारण अभी तक कोई बड़ा नुकसान होने की खबर नहीं है, लेकिन प्राधिकारियों ने लोगों को तटरेखाओं से दूर रहने की चेतावनी देते हुए कहा है कि खतरा एक दिन से अधिक समय तक रह सकता है।

रूस में कामचटका प्रायद्वीप पर 8.8 तीव्रता वाले भूकंप के केंद्र के पास स्थित बंदरगाहों में पानी भर गया जिससे निवासियों को सुरक्षित स्थानों की ओर जाना पड़ा। हवाई प्रांत की राजधानी में सड़कों और राजमार्गों पर जाम लग गया। यहां तक कि तटरेखा से दूर के इलाकों में भी यातायात ठप हो गया। जापान के प्रभावित इलाकों में लोगों को बचाव केंद्रों में स्थानांतरित किया गया। इस भूकंप ने 2011 में आए भूकंप और सुनामी की यादें ताजा कर दी। जापान में लगभग 20 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाए जाने की सलाह दी गई है। मार्च 2011 में उत्तर-पूर्वी जापान में आए भूकंप की तीव्रता 9.0 मापी गई थी और इसके कारण भीषण सुनामी आई थी। इस सुनामी ने फुकुशिमा दाइची परमाणु ऊर्जा संयंत्र की शीतलन प्रणालियों को निष्क्रिय कर दिया था। रूसी प्राधिकारियों ने बताया कि कामचटका प्रायद्वीप पर आए भूकंप के कारण कई लोग घायल हुए हैं, लेकिन उन्होंने कोई ...शेष पृष्ठ 14 पर

## युवाओं को जॉब क्रिएटर बना रही सीएम युवा स्कीम : योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को राजधानी में सीएम युवा कॉन्क्लेव एवं एक्सपो-2025 का भव्य शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत संचालित सीएम युवा योजना को प्रदेश के लाखों युवाओं के लिए स्वरोजगार से स्वावलंबन तक की यात्रा का माध्यम बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक इस योजना के अंतर्गत 68,000 से अधिक युवाओं को 2751 करोड़ रुपये का ब्याजमुक्त एवं गारंटी मुक्त ऋण उपलब्ध कराया गया है। योजना के अंतर्गत 10 प्रतिशत मार्जिन मनी की सुविधा भी राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि यूपी के युवाओं में अनलिमिटेड पोटेंशियल है। सीएम युवा इन युवाओं को मंच और मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है, जिससे उनका भविष्य उज्जवल हो सके। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि हर जिले से कम से कम 50 युवाओं को लाकर इस प्रदर्शनी को दिखाया जाए, ताकि उन्हें योजनाओं, स्टार्टअप संसाधनों और मार्केट एक्सेस की सही जानकारी मिल सके। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने फ्रेंचाइजी व्यवसाय, बिजनेस ऑन व्हील्स व अन्य इनोवेटिव व्यवसायों के ब्रांड्स/मशीनरी की प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं मशीनरी सप्लायर्स पोर्टल 'यूपी मार्ट' की लॉन्चिंग भी की। इस दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष 17 एमओयू भी किए गए।



मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएम युवा योजना की सबसे बड़ी विशेषता इसकी ब्याजमुक्त और गारंटीमुक्त संरचना है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पूंजी की कमी, ट्रेनिंग का अभाव, और गाइडेंस की दिक्कत इन सभी समस्याओं का समाधान इस योजना के माध्यम से किया गया है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ ...शेष पृष्ठ 14 पर

## जनप्रतिनिधियों के सुझावों को समुचित महत्व देती है सरकार

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बुधवार को उनके सरकारी आवास पर लखनऊ मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद बैठक आयोजित हुई।

बैठक में मंडल के जनपदों- लखनऊ, हरदोई, रायबरेली, उन्नाव, सीतापुर और लखीमपुर खीरी के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व कर रहे 42 विधायकों एवं 5 विधान परिषद सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों से संबंधित प्रमुख नव प्रस्तावित परियोजनाओं, अधोसंरचनात्मक आवश्यकताओं एवं जन अपेक्षाओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधियों का क्षेत्रीय अनुभव एवं स्थानीय धरातल की गहन समझ शासन को योजनाओं के निर्धारण और प्रभावी क्रियान्वयन में नई दृष्टि प्रदान करती है। यह संवाद व्यवस्था शासन और समाज के बीच विश्वास की एक जीवंत कड़ी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त ...शेष पृष्ठ 14 पर

### संक्षेप

## भारत विरोधी प्रोपेगेंडा के आरोप में महिला को एटीएस ने दबोचा

अहमदाबाद। गुजरात के आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन भारतीय उपमहाद्वीप में अल-कायदा (एक्यूआईएस) के राष्ट्र विरोधी प्रोपेगैंडा का प्रचार करने के आरोप में बेंगलुरु की एक महिला को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मंगलवार को बेंगलुरु से पकड़ी गई आरोपी शमा परवीन अंसारी फोन और ईमेल के ज़रिए पाकिस्तानी संगठनों के संपर्क में थी। उन्होंने बताया कि वह सोशल मीडिया पर भड़काऊ सामग्री पोस्ट करती थी, भारत सरकार के खिलाफ सशस्त्र क्रांति या जिहाद छेड़ने का आह्वान करती थी और देश में वैमनस्य फैलाती थी। एटीएस की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि अंसारी एक्यूआईएस और कुछ अन्य कट्टरपंथी प्रचारकों की भड़काऊ और भारत विरोधी सामग्री साझा करने के लिए दो फेसबुक पेज तथा एक इंस्टाग्राम हैंडल चलाती थी, जिसके 10,000 से अधिक फॉलोअर हैं।

## कोली-पंढेर को सुप्रीम कोर्ट से भी मिली छूट

नयी दिल्ली। सीबीआई और 2006 के निठारी कांड के पीड़ितों के परिवारों को बड़ा झटका देते हुए उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को जांच एजेंसी और कुछ परिवार के सदस्यों की 14 याचिकाओं को खारिज कर दिया, जिनमें इस जघन्य हत्याकांड में सुरेंद्र कोली और मोनिंदर सिंह पंढेर को बरी किए जाने को चुनौती दी गई थी। राष्ट्रीय राजधानी से सटे नोएडा के निठारी में 29 दिसंबर, 2006 को पंढेर के घर के पीछे एक नाले से आठ बच्चों के कंकाल मिलने के बाद यह हत्याएं प्रकाश में आईं। पंढेर के घर के आस-पास के इलाके में और खुदाई एवं नालियों की तलाशी से और भी कंकाल मिले। इनमें से ज़्यादातर अवशेष उस इलाके से लापता हुए गरीब बच्चों और बच्चियों के थे।

# जल्द करेंगे आतंकवाद का जड़ से सफाया

## अमित शाह ने राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा में डेढ़ घंटे दिया भाषण

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा में करीब डेढ़ घंटे भाषण दिया। उन्होंने शाम 7 बजे सदन में बोलना शुरू किया। विपक्ष ने हंगामा करते हुए पीएम मोदी को बुलाने की मांग की। इस पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- प्रधानमंत्री के दिल्ली में रहते हुए भी वो यहां नहीं आ रहे, ये तो सदन का अपमान है। सदन-सदस्यों का अपमान करना ठीक नहीं है। इसके बाद विपक्ष ने राज्यसभा से वॉकआउट कर दिया। शाह ने रात 8:25 बजे तक भाषण दिया। इस दौरान उन्होंने कहा- पाकिस्तानी आतंकियों ने जो नुकसान किया, उसके जवाब में भारत सरकार और सेना ने जो मजबूत जवाब ऑपरेशन सिंदूर से दिया। ऑपरेशन महादेव में तीन आतंकी मारे गए।



शाह के भाषण के बाद राज्यसभा की कार्यवाही गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। इसी के साथ राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर दो दिन की बहस भी खत्म हो गई। विपक्ष ने 24 अप्रैल की बिहार में पीएम मोदी की जनसभा पर सवाल किए। मैं बताना चाहता हूं कि पीएम मोदी ने 24 अप्रैल को बिहार की जनसभा में जो कहा था, वो चुनावी सभा नहीं थी। पीएम ने कहा था भारत एक-एक आतंकियों की पहचान करेगा, उन्हें सजा देगा, न्याय मिलेगा। उनका बोला हुआ एक-एक शब्द सच हो गया। पीएम ने कहा था आतंकियों के आकाओं को नहीं छोड़ेंगे। सेना ने उन्हें भी नहीं छोड़ा। शाह ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में 2014 तक एक भी साल ऐसा नहीं था जब आतंकी हमले, बम धमाके न हुए हों। 609 से ज्यादा लोगों की जानें गईं। कांग्रेस ने पोटा कानून का विरोध किया। ये टेररिस्ट की मदद करने वाली पार्टी है। मोदी सरकार में जम्मू-कश्मीर छोड़कर पूरे देश में कहीं भी बम धमाके नहीं हुए। घर में घुसकर परखच्चे उड़ाने का काम हमारी सरकार कर रही है। चिदंबरम ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर निर्णायक नहीं था। वे अभी यहां (सदन) मौजूद नहीं हैं, लेकिन मैं उन्हें जवाब देना चाहूंगा। क्या 1965 और 1971 के युद्ध निर्णायक थे? अगर हां, तो आतंकवाद क्यों फैलता रहा? जब तक दुश्मन डरेगा या सुधरेगा नहीं, तब तक उसका निर्णायक अंत नहीं होगा। इतने सालों में उन्हें डराने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की गई, तो वे क्यों डरेंगे? मैं गर्व से कह सकता हूं कि कोई भी हिंदू कभी आतंकवादी नहीं हो सकता। विपक्ष पूछ रहा है कि सीजफायर किसके कहने पर हुआ। यह किसी के कहने पर नहीं हुआ। पाकिस्तान ने घुटने टेक दिए और हमारे डीजीएमओ से संघर्ष रोकने की गुहार लगाई। शुरू से ही हमारा इरादा युद्ध का नहीं था, न ही हम पाकिस्तान के लोगों को नुकसान पहुंचाना चाहते थे। पीएम मोदी ने तुरंत कहा- अगर पाकिस्तान रुकना चाहता है, तो रुक जाए, लेकिन राहुल गांधी अब भी मामले को तूल देने की कोशिश कर रहे हैं और सवाल उठा रहे हैं।

शाह ने आतंकी संगठनों पर बैन लगाने के फैसले, जांच एजेंसियों की ताकत और बढ़ाने लेने जैसे फैसलों सदन में बताए। उन्होंने कहा राहुल गांधी ने 2011 के हमले पर कहा था कि सभी आतंकी हमले नहीं रोके जा सकते, नेहरू ने कहा था आतंकी घुसपैठ नहीं रोकी जा सकती। शाह ने कहा- मैं जिम्मेदारी से कहता हूं कि घुसपैठ और आतंकवादी घटनाओं को मोदी सरकार रोकने के लिए प्रतिबद्ध है, और सरकार जल्द आतंकवाद का जड़ से सफाया करेगी। कल कहा गया कि चीन के लिए पीएम मोदी ने कुछ नहीं कहा। मैं कहता हूं कि जब चीन की लड़ाई समाप्त हुई, तब 30 हजार वर्ग किमी हिस्सा अक्साई चीन को दिया। गृह मंत्री ने पूछा- क्या राहुल बता सकते हैं कि चीन के साथ उनका रिश्ता क्या है। हमारी सेना चीनी सेना की आंख में आंख डालकर खड़े थे। तब राहुल चीन के साथ बैठक कर रहे थे। हिंदी-चीनी भाई-भाई ये इनका दिया हुआ नारा है। युद्ध की स्थिति में राहुल गांधी चीन के राजदूत के साथ कैसे बात कर सकते हैं। शाह ने कहा- शिमला समझौते में 93 हजार पाकिस्तानी सैनिकों को लौटाया गया। हमारे पकड़े 54 सैनिक आजतक नहीं लौटे। उनके परिवार आज भी उनकी राह देख रहे हैं। जनरल मानेकशॉ ने इंदिरा गांधी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## डब्ल्यूसीएल सेमीफाइनल में भारत ने पाकिस्तान के साथ खेलने से किया इनकार

बर्मिंघम। भारत ने बृहस्पतिवार को यहां विश्व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) के सेमीफाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ खेलने से इनकार कर दिया। टीम ने पहलगाम में हुए भीषण आतंकवादी हमले के बाद पड़ोसी देश के साथ किसी भी द्विपक्षीय खेल संबंध के खिलाफ देश के रुख का हवाला दिया है। शिखर धवन, इरफान पठान, हरभजन सिंह, युवराज सिंह, सुरेश रैना जैसे दिग्गज खिलाड़ियों की मौजूदगी वाली भारतीय टीम पहले ही आतंकवादी हमले और फिर भारत द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के खिलाफ नहीं खेलने की इच्छा जता चुकी है। भारत ने टूर्नामेंट के पहले ग्रुप चरण मुकाबले में भी इसी तरह का रुख अपनाया था। ऑपरेशन सिंदूर के बाद उस मैच में भारत के कई शीर्ष पूर्व क्रिकेटरों ने पाकिस्तान के खिलाफ खेलने से इनकार कर दिया था। भारत को बृहस्पतिवार को एजबेस्टन क्रिकेट ग्राउंड पर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पाकिस्तान से खेलना था। लीग के शीर्ष प्रायोजक ईजमाईट्रिप ने भारत-पाक ...शेष पृष्ठ 14 पर

## अमेरिका ने भारत पर लगाया 25 प्रतिशत टैरिफ

### एक अगस्त से होगा लागू, रूस से सैन्य उपकरण व कच्चा तेल खरीदने पर लगाया जुर्माना

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर दोनों देशों के बीच जारी बातचीत में कुछ गतिरोध के संकेतों के बीच बुधवार को भारत पर एक अगस्त से 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की है। इसके अलावा, ट्रंप ने रूस से सैन्य उपकरण और कच्चा तेल खरीदने के लिए अतिरिक्त जुर्माना लगाने का भी फैसला किया।



यह आश्चर्यजनक घोषणा ऐसे समय में की गई है जब एक दिन पहले ही भारतीय अधिकारियों ने कहा था कि एक अमेरिकी व्यापार दल व्यापार समझौते पर बातचीत करने के लिए 25 अगस्त से भारत का दौरा करेगा। इस घोषणा को भारत पर अमेरिका की मांगों को मानने के लिए दबाव बनाने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है, जिसने हाल ही में जापान, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ (ईयू) जैसे प्रमुख साझेदारों के साथ अनुकूल व्यापार समझौते किए हैं। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में भारत की व्यापार नीतियों को सबसे कठिन और अप्रिय बताया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, सब कुछ ठीक ...शेष पृष्ठ 14 पर

## उठक-बैठक लगाने वाले आईएएस राजस्व परिषद से संबद्ध

लखनऊ। यूपी के शाहजहांपुर जिले में वकीलों के विरोध के बाद उनके सामने उठक-बैठक लगाने वाले आईएएस पर 36 घंटे में ही गाज गिर गई। यूपी सरकार ने शाहजहांपुर के पुवायां तहसील में वकीलों के सामने उठक बैठक लगाने वाले आईएएस अधिकारी रिंकू सिंह राही को हटा दिया है। उन्हें राजस्व परिषद से संबद्ध कर दिया गया है।

यूपी सरकार ने आईएएस रिंकू सिंह राही को 24 जुलाई को शाहजहांपुर में संयुक्त मजिस्ट्रेट के पद पर तैनाती थी। उन्होंने शाहजहांपुर के पुवायां तहसील में एसडीएम के पद पर तैनाती दी गई थी। आईएएस सेवा में आने के बाद यह उनकी किसी जिले में पहली तैनाती थी। रिंकू सिंह ...शेष पृष्ठ 14 पर

## उत्तराखंड के धार्मिक स्थलों का बनेगा मास्टर प्लान

### धार्मिक स्थलों पर प्रवेश-निकास, पार्किंग, भीड़ नियंत्रण की होगी व्यवस्था : धामी

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। बीती 27 जुलाई को हरिद्वार के मंशा देवी मंदिर में भगदड़ के बाद धामी सरकार धार्मिक स्थलों के लिए सुरक्षित व्यवस्था बनाने के लिए युद्धस्तर पर कार्य कर रही है।



मुख्यमंत्री धामी के निर्देश पर आज राज्य के सभी धार्मिक स्थलों के लिए मास्टर प्लान तैयार करने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि उत्तराखंड में प्रति वर्ष करोड़ों तीर्थ यात्री आते हैं इसलिए तीर्थ यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए सभी तीर्थ स्थलों का मास्टर प्लान बनाया जाएगा। तीर्थ स्थलों के आसपास जनसुविधाएं विकसित करते हुए, यात्रा को ज्यादा सुव्यवस्थित किया जाएगा। मुख्यमंत्री धामी के निर्देशों के क्रम में आज प्रमुख सचिव आरके सुधांशु ने सचिव पर्यटन को सभी धार्मिक स्थलों पर भीड़ नियंत्रण, प्रवेश-निकास व्यवस्था सहित अन्य जरूरी सुविधाएं जुटाने के लिए मास्टर प्लान तैयार करने के आदेश जारी कर दिए हैं। बता दें कि गत 27 जुलाई को हरिद्वार स्थित मनसा देवी मंदिर में हुई दुखद दुर्घटना के तत्काल बाद सीएम पुष्कर सिंह धामी ने मौका मुआयना कर स्थिति का जायजा लिया था। इसके बाद उन्होंने अधिकारियों को उत्तराखंड के प्रमुख तीर्थस्थलों पर आने वाले यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए विस्तृत मास्टर प्लान बनाने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री आरके सुधांशु ने सचिव पर्यटन को आदेश जारी करते हुए, जल्द से जल्द इस दिशा में कार्रवाई शुरू ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 30.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 27.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- विधानमंडल का मानसून सत्र 11 से शुरू (पृष्ठ-02)
- पावर कार्पोरेशन बिजली बिल में कर सकता है बढ़ोतरी (पृष्ठ-02)
- भारत का चीनी उत्पादन घटकर 2.58 करोड़ टन पर (पृष्ठ-14)
- रुपया 52 पैसे टूटकर 87.43 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-14)
- सोने के दाम में आयी 700 रुपये की तेजी (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** जीएसएलवी एफ-16 ने लगभग 19 मिनट की उड़ान के बाद उपग्रह को सूर्य तुल्यकालिक ध्रुवीय कक्षा में किया स्थापित

## निसार उपग्रह का सफल प्रक्षेपण, भारत-अमेरिका अंतरिक्ष सहयोग की उड़ान शुरू

एजेंसी

श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के बीच साझेदारी के तहत बुधवार को जीएसएलवी रॉकेट से निसार उपग्रह को कक्षा में स्थापित कर दिया गया।



निसार पृथ्वी अवलोकन उपग्रह को दोनों अंतरिक्ष एजेंसियों द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है। इसरो के जीएसएलवी एफ-16 ने लगभग 19 मिनट की उड़ान के बाद और लगभग 745 किलोमीटर की दूरी पर निसार (नासा-इसरो सिंथेटिक एपर्चर रडार) उपग्रह को सूर्य तुल्यकालिक ध्रुवीय कक्षा (एसएसपीओ) में स्थापित कर दिया। निसार उपग्रह दोनों अंतरिक्ष एजेंसियों के बीच एक दशक से अधिक समय तक जारी रहे तकनीकी सहयोग के आदान-प्रदान का परिणाम है। इसरो और नासा के बीच उपग्रह के लिए यह अपनी तरह की पहली साझेदारी है। इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने यहां से 102वें प्रक्षेपण के बारे में कहा, मुझे यह घोषणा करते हुए अत्यंत खुशी हो रही है कि जीएसएलवी एफ-16 ने निसार उपग्रह को सफलतापूर्वक इच्छित कक्षा में स्थापित कर दिया है। बताया जाता है कि बुधवार का मिशन दुनिया का सबसे महंगा मिशन है, जिसकी अनुमानित लागत 1.5 अरब अमेरिकी डॉलर है। इसके अलावा, यह एसएसपीओ के लिए पहला जीएसएलवी मिशन था और अब तक, सभी जीएसएलवी मिशन जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) में ही गए हैं। नारायणन ने कहा एसएसपीओ मिशन होने के नाते, इस मिशन को पूरी तरह सफल बनाने के लिए कई विश्लेषण और अध्ययन किए गए। अंतरिक्ष विभाग के सचिव नारायणन ने कहा, निसार सभी मौसम में दिन और रात काम करने वाला उपग्रह है, जो 12 दिनों के अंतराल में पूरी पृथ्वी को स्कैन करेगा। यह उपग्रह इसरो के एस-बैंड सिंथेटिक अपर्चर रडार को नासा के एल-बैंडआर पेलोड और 12 मीटर के अनफ़र्लेबल एंटीना के साथ एकीकृत करता है, जो अपनी तरह का पहला दोहरी आवृत्ति वाला आर उपग्रह है। नासा की उप-सह-प्रशासक केसी स्वेल्स ने कहा कि यह ...शेष पृष्ठ 14 पर

## घाटी में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, दो आतंकवादी ढेर

एजेंसी

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर बुधवार को घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए सेना के जवानों ने भारी हथियारों से लैस दो आतंकवादियों को मार गिराया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि माना जा रहा है कि मुठभेड़ में मारे गये ये दोनों आतंकवादी पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के सदस्य थे। इस मुठभेड़ से दो दिन पहले सुरक्षाबलों ने पहलगाम आतंकवादी हमले में शामिल तीन आतंकवादियों को श्रीनगर के एक जंगल में मार गिराया था। पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने हमला कर पर्यटकों को निशाना बनाया था। सेना ने बताया कि बुधवार को शिवशक्ति नाम से चलाया गया अभियान पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी संगठनों के मंसूबों के लिए एक बड़ा झटका है।

सेना के मुताबिक, ये संगठन जम्मू-कश्मीर में लगातार आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा दे रहे हैं। रक्षा विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया, एक समन्वित आतंकवाद-रोधी अभियान में भारतीय सेना के जवानों ने 30 जुलाई को तड़के पुंछ सेक्टर में ऑपरेशन शिवशक्ति शुरू किया। यह अभियान जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ मिलकर सैन्य और ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# जरूरतमंद को आवास दिलायेंगे इलाज भी करायेंगे : सीएम योगी

जिला संवाददाता



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने आवास के लिए जरूरतमंद लोगों को आवास दिलाने और गंभीर बीमारियों से पीड़ितों के इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता देने का आत्मीय संबल दिया। उन्होंने कहा

- **जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं**

कि सरकार हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा हर समस्या के प्रभावी निस्तारण के लिए संकल्पित है। जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जन समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं।

बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में बैठाए गए लोगो तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना। ध्यान से बात सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए और निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए।

जनता दर्शन में एक महिला ने आवास की समस्या बताई। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि उन्हें सरकार की योजना के तहत आवास दिलाया जाएगा। इसे लेकर उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित भी किया। कहा कि सरकार की मंशा है कि हर जरूरतमंद के पास पक्का आवास हो। जनता दर्शन में हर बार की तरह इस बार भी कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी। जमीन कब्जा किए जाने से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस को निर्देश दिया कि यदि कोई दबंग किसी की जमीन जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। जनता दर्शन में परिजनों के साथ आए बच्चों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खूब दुलारा और आशीर्वाद दिया।

# पिछड़े वर्ग के सशक्तीकरण के लिए सरकार प्रतिबद्ध

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भारत सरकार के राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर की अध्यक्षता में बुधवार को लखनऊ स्थित वीवीआईपी गेस्ट हाउस में प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में आयोग के सदस्य भुवन भूषण कमल एवं सचिव मीता राजीव लोचन भी उपस्थित रहीं।

उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री

- **मंत्री नरेंद्र कश्यप ने पिछड़ा वर्ग कल्याण योजनाओं की समीक्षा और भविष्य की दिशा पर हुई चर्चा**
- **राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर की अध्यक्षता में आयोजित हुई प्रदेश स्तरीय उच्चस्तरीय बैठक**

(स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप, उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव सुभाष चंद्र शर्मा तथा निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग डॉ. वंदना वर्मा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें। बैठक का उद्देश्य राज्य और केंद्र के बीच समन्वय स्थापित करते हुए पिछड़ा वर्ग कल्याण की योजनाओं एवं नीतियों की समीक्षा और भविष्य की दिशा तय करना था।

बैठक में आयोग द्वारा पिछड़े वर्गों के हित में किए जा रहे कार्यों और संवैधानिक दायरे में उसे प्राप्त शक्तियों की विस्तृत जानकारी दी गई। यह स्पष्ट किया गया कि आयोग न केवल शिकायतों के निस्तारण में सक्रिय भूमिका निभा रहा है, बल्कि नीतिगत सुझावों एवं अनुसंधान कार्यों के माध्यम से भी सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने का कार्य कर रहा है। आयोग के संगठनात्मक ढांचे, कार्यप्रणाली, स्वीकृत एवं रिक्त पदों की स्थिति, स्टाफ की उपलब्धता और कार्यभार का भी तकनीकी रूप से विश्लेषण प्रस्तुत किया गया। साथ ही आयोग को उपलब्ध बजट, वित्तीय प्रावधानों का उपयोग, आगामी आवश्यकता तथा राज्य सरकार से अपेक्षित सहयोग जैसे विषयों पर भी विस्तार से चर्चा हुई।बैठक में प्रदेश स्तर पर पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए आयोग द्वारा अब तक किए गए प्रमुख कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया, जिसमें पिछड़े वर्ग की जातियों की पहचान, जातीय अनुसूचियों का अद्यतन, सामाजिक-आर्थिक स्थिति का मूल्यांकन, क्षेत्रवार अध्ययन और केन्द्र सरकार को भेजी गई संस्तुतियां शामिल रहीं। उत्तर प्रदेश राज्य की पिछड़े वर्गों की सूची तथा उससे संबंधित जातियां, उपजातियां, उपनाम, जो अभी तक भारत सरकार की केंद्रीय सूची में सम्मिलित नहीं हो सकी हैं, का विस्तृत विवरण भी प्रस्तुत किया गया। आयोग ने इस दिशा में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा राज्य सरकार से प्राप्त सुझावों के आधार पर संस्तुति भेजे जाने की प्रक्रिया पर चर्चा की। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार पिछड़ा वर्ग समाज के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने आयोग से अनुरोध किया कि वे केंद्र सूची में शामिल होने से वंचित जातियों को यथाशीघ्र सम्मिलित कराने के लिए अपनी संस्तुति भेजें।उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने प्रदेश में किए जा रहे विभिन्न अध्ययन, सर्वेक्षण और जनसुनवाई की प्रक्रिया की जानकारी दी तथा राज्य और केंद्र आयोग के बीच अधिक समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक के समापन पर राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पिछड़ा वर्गों के हित में उठाए गए कदमों की सराहना की।

# यूपी पंचायत चुनाव : सफेद, हरे, नीले व गुलाबी रंग के होंगे मतपत्र

संजय धीमान

**लखनऊ।** नगरीय निकायों के गठन को लेकर फंसे पेच के बीच राज्य निर्वाचन आयोग ने सूबे में पंचायत चुनाव की तैयारियां जारी कर रखी हैं। आयोग ने 49 करोड़ मतपत्रों की छपाई की तैयारी शुरू कर दी है। मतपत्रों के रंग भी तय हो चुके हैं। जिनके माध्यम

- **ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए सफेद, प्रधान के लिए हरा, क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए नीला व जिला पंचायत सदस्य के लिए गुलाबी रंग के होंगे मतपत्र**

से मतदाता जिला पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य और बीडीसी के पक्ष में मतदान करेंगे। यह मतपत्र सफेद, हरे, नीले व गुलाबी रंग के होंगे।

राज्य निर्वाचन आयोग के ओएसडी डॉ. अखिलेश कुमार मिश्रा के अनुसार ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए सफेद, प्रधान के लिए हरा, क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए नीला व जिला पंचायत सदस्य के लिए गुलाबी रंग के मतपत्र होंगे। जिसमें मतदाता मतदान कर सकेंगे। इसमें सफेद मतपत्रों की संख्या 6,23652, हरे मतपत्रों की संख्या 14,24764, नीले मतपत्र 13,80949 व गुलाबी रंग के 14,70635 मतपत्रों की छपाई होगी। ओएसडी के अनुसार चुनाव चिन्हों की संख्या के आधार पर विभिन्न आकार के मतपत्रों की छपाई की जानी है। जैसे 4, 6, 9, 18, 27, 36, 45, 54 व 54 से अधिक चुनाव चिन्हों के आकार के मतत्रों की छपाई होनी है। आयोग के अनुसार इनकी संख्या बढ़ और घट भी सकती है। राज्य निर्वाचन आयोग ने 22 जुलाई को ऑनलाइन टेंडर की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी है। इसके अलावा 67 जिलों के लिए 1,27,863 मतपेटिकाओं की आपूर्ति के लिए भी टेंडर जारी कर दिया है। अलग-अलग




रंगो के मतपत्र होने से मतगणना आसान हो जायेगी। पिछले पंचायत चुनाव में भी यही प्रक्रिया अपनायी गयी थी। दूसरी तरफ वार्डों के पुनर्गठन पर मंगलवार से आपत्तियां ली जानी शुरू हो चुकी हैं। दो अगस्त तक वार्डों के पुनर्गठन पर जिलों में आपत्तियां ली जाएंगी। फिर जिलाधिकारियों की अध्यक्षता वाली कमेटी आपत्तियों का निस्तारण करेंगी। ग्राम पंचायतों का पुनर्गठन करने के बाद अब 37 जिलों में वार्डों के पुनर्गठन की प्रक्रिया चल रही है। छह अगस्त से लेकर 10 अगस्त तक वार्डों के गठन की अंतिम सूची जारी कर दी जाएगी। फिलहाल पंचायत चुनाव को लेकर ग्राम पंचायतों व वार्डों के पुनर्गठन की प्रक्रिया के बीच नगर विकास विभाग की ओर से नगर निकायों के गठन और सीमा विस्तार को लेकर लिखी गए पत्र के बाद भी कार्य जारी है। पंचायतीराज विभाग की ओर से राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर इस पर मार्गदर्शन मांगा गया है, क्योंकि पंचायत चुनाव के लिए मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है। फिलहाल पंचायतीराज विभाग पत्र का इंतजार करने के साथ ही वार्डों के गठन की प्रक्रिया भी शुरू किए हुए है। ऊहापोह की स्थिति के बावजूद अभी उसने अपना कार्य रोका नहीं है। 514 ग्राम पंचायतें कम हुई हैं और अब इनकी कुल संख्या 57695 हो गई है। राज्य निर्वाचन आयोग व पंचायती राज विभाग पंचायत चुनाव को लेकर एकजुट है और समय से चुनाव कराने की तैयारी में जुटी हैं। पर नगरीय सीमाओं के विस्तार को लेकर एक पेंच अभी भी फंसा हुआ है। ऐसे में वर्तमान में चल रही ग्राम पंचायतों के परिसीमन की प्रक्रिया और मतदाता सूची को संशोधित किए जाने के अभियान पर रोक लगने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। ऐसे में अगर नगरीय सीमाओं के विस्तार की बात होगी तो 1 या 2 अगस्त को इस अभियान को रोका जा सकता है।गौरतलब है कि पंचायतीराज विभाग ने 21 मई को शासनादेश जारी करके त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर नगर निकायों के सृजन एवं सीमा विस्तार पर रोक लगा दी थी। राज्य निर्वाचन आयोग ने भी 11 जुलाई को मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान का विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया। हालांकि इससे पूर्व में जारी कार्यक्रम के अनुसार परिसीमन और मतदाता सूची संशोधित करने की प्रक्रिया चालू है। इस बारे में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने बताया कि पहले नगरीय क्षेत्रों के विस्तार के प्रस्तावों पर विचार होगा। माना जा रहा है कि चुनाव से संबंधित प्रक्रियाएं उसके बाद ही पूरी की जाएंगी।

# विधानमंडल का मानसून सत्र 11 से, चार दिन ही होंगे विधायी कार्य

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानमंडल का मानसून सत्र आने वाली 11 अगस्त से शुरू होने जा रहा है, जो सिर्फ चार दिन यानी 16 अगस्त तक चलेगा। इस छह दिवसीय सत्र में केवल चार दिन ही विधायी कार्य पूरे होंगे, जबकि शेष दो दिन स्वतंत्रता दिवस और रविवार की छुट्टियों के चलते कार्यवाही नहीं होगी। सत्र के दौरान 11 अगस्त से 14 अगस्त तक विधान सभा और विधान परिषद की कार्यवाही चलेगी। इस सत्र में कई महत्वपूर्ण विधायी कार्य और छह अध्यादेशों को सदन के पटल पर रखा जाएगा। 11 अगस्त को मानसून सत्र की शुरूआत होगी, इसके बाद नियम 51 के तहत विधायी कार्य और संभावित प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया जाएगा। 12 और 13 अगस्त को सदन में विधेयक पेश किए जाने की संभावना है। 14 अगस्त को सत्र का चौथा कार्य दिवस होगा, जिसके बाद 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस और 16 अगस्त को शुक्रवार का अवकाश रहेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक के बाद सत्र के एजेंडे को अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है। बताया जा रहा है कि सरकार इस सत्र में कुछ संशोधन विधेयकों को भी पेश कर सकती है। वहीं विपक्षी दल इस सीमित अवधि को लेकर सरकार पर सवाल उठा रहे हैं। उनका कहना है कि इतने कम दिनों में जनहित के गंभीर मुद्दों पर चर्चा करना संभव नहीं है। विपक्ष ने सत्र की अवधि बढ़ाने की मांग की है। इस मानसून सत्र पर सभी की नजरें टिकी हैं कि सरकार और विपक्ष के बीच किस तरह की राजनीतिक जंग देखने को मिलती है।

# प्रधानमंत्री की चुप्पी आश्चर्यजनक और दुर्भाग्यपूर्ण : लोकदल

**लखनऊ।** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से की गयी यह मांग पूरी तरह जायज है कि वह संसद में खड़े होकर डोनाल्ड ट्रम्प के हालिया दावों की साफ और सशक्त निंदा करें, ताकि भारत की संप्रभुता, लोकतंत्र और राजनीतिक आत्मविश्वास की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्पष्ट तस्वीर पेश हो सके।



यह भारत के लोकतांत्रिक ढांचे और चुनाव प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर विदेशी नेताओं द्वारा की गई कोई भी टिप्पणी न केवल अनुचित है, बल्कि हमारे राष्ट्रीय सम्मान के खिलाफ सीधा हमला है। ऐसे में प्रधानमंत्री की चुप्पी आश्चर्यजनक और दुर्भाग्यपूर्ण है। क्या प्रधानमंत्री मोदी भारत की संप्रभुता पर सवाल उठाने वाले बयानों पर मौन रहेंगे? 'मां भारती' की गरिमा केवल चुनावी भाषणों तक सीमित है? यह राष्ट्रहित और संवैधानिक गरिमा का प्रश्न है। ऐसे समय में समूचे राजनीतिक नेतृत्व को एकजुट होकर यह संदेश देना चाहिए कि भारत किसी भी बाहरी प्रभाव या दखल को बर्दाश्त नहीं करेगा। लोकदल के अध्यक्ष सुनील सिंह की प्रधानमंत्री से मांग की है कि वे इस विषय पर तत्काल संसद में बयान दें और ट्रम्प के बयानों की कड़ी भर्त्सना करें।

# बांदा की 3 विकास परियोजनाओं के लिए धनराशि मंजूर

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में बुंदेलखण्ड विकास निधि (राज्यांश) के अंतर्गत जनपद बांदा की 03 विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए कुल 63 लाख 80 हजार रुपए मंजूर किए हैं। इस संबंध में नियोजन विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए इसकी प्रति मुख्य विकास अधिकारी, बांदा को प्रेषित कर दी गई है। शासनादेश के अनुसार जनपद बांदा के कुल्लूखेडा (बागेन नदी घाट) से भदावल तक संपर्क मार्ग के निर्माण कार्य के लिए 30 लाख रुपए, अतर्रा ब्रान्च से पनगरा बाबूलाल का पुरवा के बगल से भवई संपर्क मार्ग के लिए 30 लाख रुपए तथा बांदा बिसण्डा मार्ग से कोइलाहे पुरवा संपर्क मार्ग के निर्माण कार्य के लिए 3.80 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं।

# पंचायत चुनाव व विधानसभा की तैयारी पर रालोद का जोर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल द्वारा बुधवार को प्रदेश कार्यालय में सदस्यता अभियान के क्षेत्रीय प्रभारियों एवं क्षेत्रीय अध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय ने की, जबकि संचालन

- **रालोद की प्रदेश स्तरीय सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक का प्रदेश अध्यक्ष ने की अध्यक्षता**

प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सदस्यता प्रभारी आदित्य विक्रम सिंह ने किया। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व विधायक शिवकरण सिंह भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।




बैठक में जिलेवार, विधानसभा स्तर और बूथ स्तर तक सदस्यता अभियान को तेज करने पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि आगामी पंचायत चुनाव और फिर विधानसभा चुनाव बहुत निकट हैं, ऐसे में संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करना समय की आवश्यकता है। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय ने कहा कि रालोद का सदस्यता अभियान केवल एक संगठनात्मक कवायद नहीं, बल्कि आम जनता से सीधे संवाद का माध्यम है। हमारा लक्ष्य हर गांव, हर वार्ड, हर बूथ तक पहुंच बनाना है। पूर्व विधायक एवं राष्ट्रीय महासचिव शिवकरण सिंह ने कहा कि एनडीए सरकार की नीतियों से जनता को सीधे लाभ पहुंच रहा है। रालोद एक मजबूत विकल्प बनकर उभरेगा। इसके लिए सदस्यता अभियान को पंचायत स्तर तक फैलाना जरूरी है। सदस्यता प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य विक्रम सिंह ने कहा, हम प्रत्येक क्षेत्रीय प्रभारी से क्षेत्रवार रिपोर्ट लेंगे और बूथवार कार्य योजना के साथ आगे बढ़ेंगे। हमारी प्राथमिकता है कि सक्रिय सदस्य, बूथ पर कार्यकर्ता और चुनावी तैयारी।

प्रदेश संगठन महासचिव अजित राठी ने कहा कि रालोद का यह सदस्यता अभियान संगठन के पुनर्गठन, जनसंपर्क विस्तार और राजनीतिक वैकल्पिक शक्ति निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर रालोद के मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने बताया कि बैठक में अवध, बुंदेलखंड, काशी, प्रयागराज, कानपुर, रुहेलखंड, संत कबीर, तराई और हस्तिनापुर जैसे क्षेत्रों के अध्यक्ष व सदस्यता प्रभारी उपस्थित रहे। सभी ने अपने-अपने क्षेत्रों की रिपोर्ट प्रस्तुत की और सदस्यता अभियान को लेकर अपने अनुभव साझा किए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि पंचायत चुनाव के पूर्व बूथ स्तर तक संगठन की पुनः समीक्षा की जाएगी। बैठक में राष्ट्रीय सचिव विजय श्रीवास्तव, वसीम हैदर, रजनीकांत मिश्रा, चंद्रबली यादव, राजवीर सिंह, रामवीर सिंह, विवेक चौधरी, रामसजीवन पटेल, चौधरी राम सिंह पटेल, पीके पाठक, सूर्य नारायण सिंह, चंद्रकांत अवस्थी, रमावती तिवारी, अफसर अली, सत्य प्रकाश तिवारी आदि पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

# सीएम युवा योजना बनी आत्मनिर्भरता की सीढ़ी, लाभार्थी युवा बोले- थैंक्यू सीएम सर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शुरू की गई सीएम युवा योजना आज उत्तर प्रदेश के

- **योजना के लाभार्थियों ने सीएम योगी के प्रति जताया आभार, कहा – अब हम खुद भी आगे बढ़ रहे हैं और दूसरों को भी रोजगार दे पा रहे हैं**
- **एक सुर में बोले सभी लाभार्थी, सीएम योगी ने सिर्फ योजना को लांच ही नहीं किया बल्कि पूरी सफलता से इसे धरातल पर भी उतारा**

युवाओं के सपनों को पंख दे रही है। सीएम युवा कॉन्क्लेव के दौरान योजना के पांच लाभार्थियों ने मंच से अपने अनुभव साझा किए और बताया कि कैसे यह योजना उनके लिए सिर्फ एक आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता की राह का मार्गदर्शन बनी। इन पांचों युवाओं ने सिर्फ अपनी सफलता की कहानी साझा नहीं की, बल्कि इस बात पर भी जोर दिया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस योजना को सिर्फ घोषणाओं तक सीमित नहीं रखा, बल्कि प्रभावी कार्यान्वयन के जरिए इसे युवाओं के जीवन से जोड़ा है। इसके लिए सभी ने मुख्यमंत्री का आभार जताया और उन्हें धन्यवाद कहा।



**कानपुर की प्रभनूर कौर: बेंगलुरू से सीखी ट्रेनिंग, अब केक्स की क्वीन :** कानपुर निवासी प्रभनूर कौर एक प्रोफेशनल बेकरी चलाती हैं, जिसमें लग्जरी और कस्टमाइज केक बनाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि बेंगलुरु से ट्रेनिंग लेने के बाद वे कुछ करना चाहती थीं, लेकिन संसाधनों की कमी आड़े आ रही थी। जब उन्हें जिला उद्योग कार्यालय से सीएम युवा योजना की जानकारी मिली, तो उन्होंने आवेदन किया और ?4.25 लाख का लोन प्राप्त किया। इस सहायता से उन्होंने एक बेकरी स्टूडियो खोला और अब अपने साथ-साथ कई अन्य लोगों को भी रोजगार दे रही हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार ने ऐसा मंच दिया, जहां युवाओं को अपने सपने पूरे करने का अवसर मिल रहा है।

**लखनऊ के विजय पांडे: लकड़ी के खिलौनों से 16 जिलों में कारोबार :** विजय पांडे लकड़ी के खिलौने बनाते हैं और अब उत्तर प्रदेश के 16 ज़िलों में उनकी सप्लाई कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनके पास हुनर तो था, लेकिन पूंजी नहीं। सोशल मीडिया के माध्यम से उन्हें सीएम युवा योजना के बारे में जानकारी मिली, जिसके बाद जिला उद्योग केंद्र से संपर्क कर उन्होंने आवेदन किया। 15 से 20 दिनों के भीतर लोन स्वीकृत हुआ और अब वे 15 से ज्यादा लोगों को रोजगार भी दे रहे हैं। विजय कहते हैं, मुख्यमंत्री ने न केवल यह योजना बनाई, बल्कि इसे धरातल पर भी पूरी प्रतिबद्धता से लागू किया।

लखनऊ के शशांक चौरसिया मूलतः फार्मासिस्ट हैं और बेंगलुरु में नौकरी करते थे, लेकिन उन्होंने खुद का कुछ शुरू करने का फैसला किया। सीएम युवा योजना के तहत उन्होंने एक स्टूडियो की शुरूआत की, जिसमें वेडिंग फोटोशूट और कॉमर्शियल शूट्स किए जाते हैं। आज वे खुद के लिए ही नहीं, अन्य युवाओं के लिए भी रोजगार के अवसर बना रहे हैं। आज उनका टर्नओवर 4-5 लाख पहुंच गया है। लखनऊ की रहने वाली बायोटेक्नोलॉजिस्ट तूबा सिद्दीकी ने नेचुरल क्लीनर प्रोडक्ट के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई है। शुरूआत में उन्होंने लोन लेने को लेकर संकोच किया, लेकिन जब सीएम युवा योजना के बारे में सुना तो उन्होंने प्रयास किया और सिर्फ 15 दिन में लोन स्वीकृत हो गया। अब वे 10 से अधिक लोगों को रोजगार दे रही हैं और उनके उत्पाद दिल्ली-मुंबई जैसे महानगरों तक पहुंच रहे हैं। तूबा कहती हैं, आज मैं गर्व से कह सकती हूं कि मैंने अपनी जगह खुद बनाई है, वो भी एक महिला उद्यमी के रूप में।सीतापुर के अमरदीप सिंह, जो कि एक फिजियोथेरेपिस्ट हैं, पारिवारिक जिम्मेदारियों और आर्थिक स्थिति के चलते बाहर नहीं जा सके। एक मित्र के माध्यम से उन्हें सीएम युवा योजना की जानकारी मिली। लोन मिलने के बाद उन्होंने अपना रिकवरी सेंटर शुरू किया और अब 4-5 लोगों को रोजगार दे पा रहे हैं। वे कहते हैं, ह्लसीएम युवा योजना ने न केवल मुझे व्यवसाय शुरू करने का हौसला दिया।

# पावर कार्पोरेशन अधिभार के नाम पर बिजली बिल में कर सकता है बढ़ोतरी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पावर कार्पोरेशन एक बार फिर से बिजली अधिभार के रुप में पैसा लेने की तैयारी में जुट गया है। अगस्त के बिजली बिल में 0.24 प्रतिशत अतिरिक्त जुड़कर आएगा। बिलों में यह अतिरिक्त चार्ज, ऊर्जा व ईंधन खरीद समायोजन अधिभार (एफपीपीएएस) के लिए लिया जाएगा।



अगस्त में बिजली बिलों में अधिभार लगाकर बिजली कंपनियों को 22.63 करोड़ रुपये वसूलने हैं। उपभोक्ता परिषद के अवधेश वर्मा ने कहा कि बिजली बिलों में अधिभार लगाया जाना उचित नहीं है क्योंकि बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं का पहले ही बकाया है। बिलों में अतिरिक्त रकम जोड़ने के बजाए बकाया रकम से ही कटौती किया जाना उचित होगा। पावर कॉरपोरेशन ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं।इस साल अप्रैल से हर महीने यह अधिभार बिजली बिलों में अतिरिक्त तौर पर जोड़ा जा रहा है, जिसकी दरें हर महीने बदलती रहती हैं। बीते महीने बिल में 1.97% अधिभार लगाया गया था। अप्रैल के बाद से अब तक केवल मई में ही उपभोक्ताओं को अधिभार में छूट दी गई थी। हालांकि, राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने अगले महीने के अधिभार में उपभोक्ताओं को राहत मिलने की उम्मीद जताई है।उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि अगले महीने मई के लिए अधिभार शुल्क लिया जाएगा।

# सफाई में लापरवाही पर लॉयन पर डेढ़ लाख का जुर्माना

## सफाई निरीक्षक व एजेंसी सुपरवाइजर का कटा वेतन व संस्था को चेतावनी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर निगम ने सफाई में लापरवाही बरतने पर सख्त रुख अपनाते हुए वृंदावन सेक्टर-8 में काम देख रही संस्था लायन एनवायरो पर 1 लाख का जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर की गई। इसी तरह नंद नगर, नटखेड़ा में एक मकान के सामने गंदगी और कूड़ा ढेर पाया गया। इसके लिए लायन इनवायरो लखनऊ प्रा. लि. पर 50,000 रुपये का जुर्माना प्रस्तावित किया गया है। साथ ही लापरवाही के लिए सफाई निरीक्षक व एजेंसी सुपरवाइजर के एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया गया।

अभियान के तहत बुधवार को अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव के निर्देशन में जोन-8 के वृंदावन सेक्टर-8 में जोनल अधिकारी अजीत कुमार राय ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान क्षेत्र में डस्टबिन की स्थिति, सफाई, स्वीपिंग, और डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन की व्यवस्था की वास्तविकता को परखा गया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि सेक्टर-8 में तैनात सफाई कर्मचारी नियमित रूप से सफाई कार्य नहीं कर रहे हैं। न तो पूरी तरह से सफाई की जा रही थी और न ही सफाई कर्मियों ने निर्धारित वर्दी पहनी थी।

क्षेत्र में डस्टबिन व्हाइट एवं ब्लू के अभाव में कूड़ा बाहर सड़कों पर बिखरा हुआ मिला। इससे न केवल गंदगी का वातावरण उत्पन्न हो गया था, बल्कि स्थानीय नागरिकों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। स्थानीय लोगों ने शिकायत की कि पिछले एक महीने पहले भी यहां भारी मात्रा में कबाड़ एकत्र हो गया था, जिसे बाद में नगर निगम अधिकारियों की ओर से 10 ट्रकों के माध्यम से उठवाया गया था। तब संस्था को निर्देशित किया गया था कि भविष्य में नियमित रूप से कबाड़ उठान सुनिश्चित किया जाए, परंतु इसके बावजूद भी 30 जुलाई 2025 को निरीक्षण के दौरान फिर से 2 ट्रक कबाड़ क्षेत्र में जमा पाया गया। स्थानीय क्षेत्रवासियों ने बताया कि यहां पर डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन की गाड़ी एक दिन छोड़कर आती है। साथ ही गीला और सूखा कूड़ा पृथक रूप से नहीं उठाया जा रहा है, जो कि साफ तौर पर नगर निगम के नियमों का उल्लंघन है। नियमानुसार गीले और सूखे कूड़े को अलग-अलग एकत्र करना अनिवार्य है, ताकि आगे चलकर उसका सही निस्तारण किया जा सके। इस लापरवाही और नियमों के उल्लंघन को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम ने संबंधित संस्था लायन एनवायरो पर 1,00,000 रुपये का जुर्माना लगाया है।

पर्यावरण एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य के प्रति लापरवाह रवैये के लिए यह जुर्माना अधिरोपित किया गया है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि भविष्य में यदि इस प्रकार की कोई लापरवाही पाई गई तो और कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित संस्था की होगी।

इस प्रकरण में नगर निगम ने अन्य अधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने वार्डों में समय से डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, डस्टबिन की उपलब्धता और सफाई व्यवस्था की सतत निगरानी सुनिश्चित करें, जिससे किसी भी क्षेत्र में सफाई व्यवस्था प्रभावित न हो।

## स्वच्छता के प्रति लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त : अरुण कुमार

जोन-5 के कई क्षेत्रों में अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्त के नेतृत्व में निरीक्षण किया गया। बुधवार को सुबह 8 बजे गुरु नानक नगर वार्ड अंतर्गत सुंदर नगर, नटखेडा रोड एवं आसपास के इलाकों में निरीक्षण किया गया। इस दौरान नगर स्वास्थ्य अधिकारी, जोनल सेनिटरी अधिकारी, नगर अभियंता, लायन इनवायरो के प्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान कई गंभीर खामियां सामने आईं, जिनमें प्रमुख रूप से कूड़ा-कचरा, नालियों की गंदगी, टूटे हुए इंटरलॉकिंग टाइल्स, कूड़ा कलेक्शन में अनियमितता और सीवर ढक्कनों को लेकर खामियां मिलीं।



गुरु नानक नगर वार्ड में मुख्य मार्ग पर भारी मात्रा में कूड़ा जमा पाया गया जिससे यातायात बाधित था। जोनल सेनिटरी अधिकारी को तत्काल कूड़ा हटवाने और सफाई की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। सरदारी खेड़ा में देवेंद्र सिंह के घर के सामने सीवर मेनहोल खुले पाए गए, जो जनसुरक्षा के लिए खतरा बन सकते हैं।

सुंदर नगर की गलियों में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन की गाड़ियां नियमित रूप से नहीं पहुंच रही थीं, जिससे लोग सड़क पर ही कूड़ा फेंकने को विवश थे। संस्था लायन इनवायरो को गाड़ियों की संख्या बढ़ाने और कलेक्शन नियमित करने के निर्देश दिए गए। नंद नगर, नटखेड़ा में एक मकान के सामने गंदगी और कूड़ा ढेर में पाया गया। इसके लिए लायन इनवायरो लखनऊ प्रा. लि. पर 50,000 रुपये का जुर्माना प्रस्तावित किया गया है। सड़कों व गलियों में कई स्थानों पर अवैध रूप से ईंट, बालू और गिट्टी जमा पाई गई। अभियंत्रण विभाग को निर्देश दिए गए कि संबंधित लोगों के विरुद्ध चालान कर कड़ी कार्रवाई करें। सुंदर नगर में कई गलियों में इंटरलॉकिंग टाइल्स क्षतिग्रस्त मिलीं। इनकी मरम्मत के निर्देश नगर अभियंता को तत्काल रूप से दिए गए हैं। चित्रगुप्त नगर में नालियों व गलियों में कूड़ा जमा था, सफाई निरीक्षक मीरा राव के क्षेत्र में नियमित भ्रमण न किए जाने की लापरवाही मिली। उनके आगामी वेतन से एक दिन की वेतन कटौती के लिए कार्रवाई का प्रस्ताव तैयार करने को कहा गया।

लायन इनवायरो के सुपरवाइजर की लापरवाही पर भी नाराजगी जताई गई और उनके एक दिन के पारिश्रमिक की कटौती का प्रस्ताव पर्यावरण अभियंता को दिया गया। अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्त ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि स्वच्छता के प्रति लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से सुधारें और निरीक्षण बिंदुओं पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

# एलडीए की बोर्ड बैठक 4 को, एजेंडे में दो दर्जन प्रस्ताव शामिल

विशेष संवाददाता (vol)

- एजेंडे में पार्क का भू उपयोग बदल ग्रुप हाउसिंग का प्रस्ताव

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण की आगामी बोर्ड बैठक 4 अगस्त को प्रस्तावित की गई है, जिसमें कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को सैद्धांतिक मंजूरी मिल सकती है। एजेंडे में शहर के विकास को गति देने के लिए नई आवासीय योजनाओं और नए भवन निर्माण एवं उपविधि को भी अंगीकार करने का प्रस्ताव शामिल है। इसके अलावा पहली बार अलोकप्रिय व्यवसायिक संपत्तियों को पहले आओ पहले पाओ योजना के तहत बेचने का प्रस्ताव भी रखा जाएगा। कमिश्नर डॉ. रौशन जैकब की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर फैसले लिए जाएंगे।

एजेंडे में प्रमुख रूप से सीतापुर रोड पर नैमिष नगर और आगरा एक्सप्रेस वे पर वरुण बिहार आवासीय योजनाओं को लेकर प्रस्ताव रखा जाएगा। इन योजनाओं के लिए जमीनों के अधिग्रहण के लिए 850 करोड़ रुपये का बजट पास किया जाएगा। इस राशि का प्रयोग अधिग्रहण, बुनियादी ढांचे के विकास, सड़कों के निर्माण, जल निकासी, बिजली आपूर्ति और अन्य नागरिक सुविधाओं के लिए किया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार, इन दोनों योजनाओं का शुभारंभ दिवाली के आसपास किया जा सकता है। योजना के तहत प्लॉट, मकान और फ्लैट के विकल्प होंगे, जिससे मध्यम वर्ग और निम्न मध्यम वर्ग को बेहतर आवास विकल्प मिल सकेंगे। इसके अलावा हुसडिया चौराहा, गोमती नगर योजना रेलवे लाईन व सेक्टर-5 के मध्य की भूमि पर नियोजन/पुनर्नियोजन किये जाने के संबंध में, गोमती नगर विस्तार, सेक्टर-4 में टेलीफोन एक्सचेंज व 33 केडी सबस्टेशन के लिए नियोजित दोनों भूखण्डों पर ग्रुप हाउसिंग उपयोग के लिए भूखण्ड पुनर्नियोजन किये जाने, गोमती नगर योजना के विकास खण्ड-2 में 'नर्सिंग होम भूखण्ड से संलग्न 545.38 वर्गमीटर 'व्यावसायिक उपयोग की भूमि को वर्ष 1990 में नर्सिंग होम उपयोग के लिए निष्पादित लीजडीड के अनुसार भूमि का भू उपयोग तलपट मानचित्र में नर्सिंग होम में परिवर्तित किये जाने, गोमती नगर विस्तार योजना, रोक्टर 6 में भूखण्ड संख्या-6/दी-175 से 6/वी-180 के सामने दक्षिण दिशा में स्थित 70 मीटर चौड़े मार्ग के समानान्तर 03.0 मीटर पार्क की भूमि को रोड में परिवर्तन करते हुए 120 मीटर किये जाने तथा पार्क की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करते हुए उक्त भूमि को समूह आवास उपयोग के लिए पुनर्नियोजन किये जाने, जानकीपुरम योजना, सेक्टर-एच में भूखण्ड सं.-3/337 को मूखण्ड सं.-3/333 पर कब्जा दिये जाने को कम में तलपट मानचित्र के संशोधन के संबंध में। भूखण्ड संख्या-जीएच-01, रतनलोक अपार्टमेन्ट से सटी हुई रिक्त भूमि को व्यवसायिक में परिवर्तन किये जाने तथा पुराना आरटीओ काम्प्लेक्स के तलपट मानचित्र के संशोधन एवं मोहान रोड योजना से होकर गुजरने पाली प्रस्तावित 150.0 मीटर चौडी आउटर रिंग सम्बंधी प्रस्ताव समेत दो दर्जन से अधिक प्रस्ताव एजेंडे में शामिल हैं।

# कृषि विभाग ने किसानों से की अपील पंजीकृत फर्म से ही करें यंत्रों की खरीद

विशेष संवाददाता (vol)

- यंत्रों की खरीद के लिए किसानों को जागरूक कर रहा कृषि विभाग

**लखनऊ।** कृषि यंत्रीकरण प्रदेश में कृषि उत्पादन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण कृषकोन्मुखी कार्यक्रम है। इससे किसानों को अपने फसलों की उत्पादकता बढ़ाने, समय की बचत और लागत कम करने में मदद मिलती है। कृषि यंत्रीकरण किसानों के लिए, योगी सरकार द्वारा संचालित लाभकारी एवं कृषकोन्मुखी योजना है। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि अनुदान पर कृषि यंत्र क्रय करते समय कई सावधानियों को ध्यान में रखते हुए अनुमन्य लाभ अवश्य प्राप्त कर फसलों में कम लागत पर समय को बचाकर अधिक से अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं।

सरकार ने कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने के लिए सब मिशन आन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन योजना, प्रमोशन आफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फार इन सीटू मैनेजमेन्ट आफ क्राप रेज्ड्यू आदि योजनायें शुरू की हैं। इनमें किसानों को आधुनिक उन्नत कृषि यंत्रों पर सत्यापन के उपरान्त डीबीटी के माध्यम से कृषि विभाग द्वारा अनुदान प्रदान किया जाता है। समस्त योजनाओं का लाभ केवल ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ही प्राप्त होगा, इसलिए किसानों को कृषि यंत्रों की बुकिंग, अन्य निर्धारित प्रकिया व उससे सम्बंधित सावधानियों को लेकर कृषि विभाग जागरुक कर रहा है।

इस समय सब मिशन आन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन योजना के अन्तर्गत किसानों की ओर से कृषि यंत्रों की बुकिंग की गई है, जिसे ई लाटरी के माध्यम से टोकन कन्फर्मेशन की कार्यवाही की जा रही है। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि यंत्रों की खरीद के लिए उन्हीं फर्म से करें, जो फर्म पोर्टल पर पंजीकृत हो। इसके अतिरिक्त अन्य किसी भी निमार्ता कम्पनियों, डिस्ट्रब्यूटर्स एवं डीलर से खरीदे गए यन्त्रों पर अनुदान देय नहीं होगा। यंत्र खरीदते समय किसान फर्म/डीलर का विवरण पोर्टल पर अवश्य फीड करें। कृषि यंत्रों की खरीद के समय सम्बन्धित फर्म से ईवे बिल अवश्य लें। यंत्रों पर सीरियल नम्बर अनिवार्य रूप से अंकित होना चाहिए। कृषि यंत्रों की खरीद के लिए फर्म को लागत का कम से कम 50 प्रतिशत धनराशि का भुगतान लाभार्थी के स्वयं के खाते से ही किया जाना अनिवार्य है।

**निरक्षर लाभार्थियों के लिए भी कारगर हो रही योजना :** कृषि विभाग के मुताबिक ऐसे लाभार्थी, जो साक्षर नहीं हैं, जिन्हें चेक बुक जारी नहीं हो सकती है, वे रक्त संबंधी के खाते से कृषि यंत्र के खरीद के लिए फर्म को लागत का कम से कम 50 प्रतिशत धनराशि का भुगतान किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त 10000 रुपये से अधिक अनुदान वाले कृषि यंत्र पर लाभार्थियों द्वारा 100 रुपये के स्टाम्प पेपर पर नोटरी से सत्यापित कराकर शपथ पत्र देना अनिवार्य है।

समस्त कृषि यंत्र का सत्यापन सम्बंधित जनपद के उप कृषि निदेशक द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा किया जाएगा, जिसमें दर्शन पोर्टल पर उपलब्ध कृषक विवरण की सत्यता के साथ-साथ स्थल पर भौतिक उपलब्धता का भी परीक्षण किया जाएगा।

## महापौर ने नई दिल्ली में शीर्ष नेताओं से की शिष्टाचार भेंट

**लखनऊ।** लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल ने बुधवार को नई दिल्ली में बड़े नेताओं से मुलाकात की। लखनऊ के सांसद एवं रक्षामंत्री परम राजनाथ सिंह व उत्तर प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा से नई दिल्ली स्थित उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान समसामयिक विषयों, नगरीय विकास एवं जनहित से जुड़े मुद्दों पर संवाद हुआ। यह सौजन्य भेंट आपसी सहयोग और संवाद को और प्रगाढ़ करने की दिशा में एक सकारात्मक पहल रही। नई दिल्ली स्थित यूपी भवन में महापौर सुषमा खर्कवाल ने भाजपा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह, विधायक सुभाष त्रिपाठी (पयागपुर), विधायक उमेश मलिक (बुढ़ाना) एवं पूर्व विधान परिषद सदस्य यशवंत सिंह से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर समसामयिक विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। सेवा, संगठन और राष्ट्रहित के मुद्दों पर संवाद करते हुए महापौर ने सभी वरिष्ठ नेताओं से प्रेरणा एवं नई ऊर्जा प्राप्त की। महापौर ने राष्ट्रीय महामंत्री श्री. एल. संतोष से मुलाकात कर मार्गदर्शन प्राप्त किया। भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय कार्यालय, नई दिल्ली में महापौर सुषमा खर्कवाल ने राष्ट्रीय महामंत्री, महिला मोर्चा दीप्ति रावत के अलावा राज्यसभा सांसद संजय सेठ से भी शिष्टाचार भेंट की।

## खाद्य विभाग के साथ व्यापारी चलायेगा जागरूकता अभियान

**लखनऊ।** शहर के नागरिकों को उच्च गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल और खाद्य सुरक्षा और औषधी प्रशासन विभाग ने अधिकारियों ने बैठक की। बैठक का आयोजन संगठन के अयोध्या रोड स्थित प्रदेश कार्यालय में किया गया। जिसमें विभागीय अधिकारियों के साथ किराना, रेस्टोरेंट एवं खाद्यान विक्रेता शामिल हुए। बैठक में खाद्य सुरक्षा विभाग के सहायक आयुक्त विजय प्रताप सिंह ने एफएसएसएआई के नियमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा विभाग का उद्देश्य किसी व्यापारी का उत्पीड़न करना नहीं है। विभाग का उद्देश्य व्यापारियों को जागरूकता के साथ नागरिकों को उच्च गुणवत्ता वाला खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना है। वहीं संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने अधिकारियों से व्यापारियों को जागरूक करने तथा खाद्य सुरक्षा विभाग के नियमों की जानकारी का प्रचार प्रसार और अधिक गति से किए जाने के बात पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि 16 अगस्त से उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मण्डल राजधानी में खाद्य सुरक्षा विभाग के साथ बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान चलाएगा। बैठक में सहायक खाद्य आयुक्त विजय प्रताप सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी नीतिका केशरी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेंद्र पटेल, खाद्य सुरक्षा अधिकारी मोहम्मद शाकिब शामिल रहे।

# हाउस टैक्स की कम वसूली पर चार जोनल अधिकारियों को नोटिस

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** हाउस टैक्स की वसूली को लेकर नगर निगम प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। टैक्स वसूली को लेकर जहां कुर्की व सीलिंग की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। वहीं नगर आयुक्त गौरव कुमार ने टैक्स वसूली में लापरवाही बरतने वाले चार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की नोटिस जारी की है। जोन चार के जोनल अधिकारी संजय यादव, जोन सात के जोनल अधिकारी आकाश कुमार, जोन दो की जोनल अधिकारी शिल्पा कुमारी तथा जोन तीन के जोनल अधिकारी अमरजीत यादव को नोटिस जारी की गयी है। इनसे तीन दिनों में नगर आयुक्त ने जवाब मांगा है। इसके बाद वह शासन को इनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए रिपोर्ट भेज देंगे। इन चारों अधिकारियों की टैक्स वसूली काफी खराब रही है। इन चारों अफसरों की लापरवाही से नगर निगम टैक्स वसूली में पिछले वर्ष की तुलना इस वर्ष करीब 25 करोड़ रुपये पीछे हो गया है। टैक्स नहीं जमा का असर शहर के विकास कार्य पर पड़ेगा। पैसा न होने से सड़कें नहीं बन पाएंगी। इस बाबत नगर आयुक्त गौरव कुमार की ओर से 26 जुलाई को ही अधिकारियों को चेतावनी जारी की थी कि निर्धारित लक्ष्य नहीं पूरा हुआ तो कार्यवाही तय है। इसके बावजूद इन अधिकारियों ने लापरवाही की। जिसके चलते बुधवार को नगर आयुक्त ने इन चारों अधिकारियों को कार्रवाई के लिए कड़ी नोटिस जारी कर दी है। नगर आयुक्त ने साफ कहा है कि लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दास्त नहीं की जाएगी।

पिछले वर्ष 31 जुलाई तक जोन दो में 373.02 लाख की वसूली हुई थी जबकि इस साल 28 जुलाई तक 163.81 ही टैक्स वसूला जा सका है। इसी प्रकार जोन चार में 2071.69 लाख के मुकाबले 628.27 लाख, जोन तीन में 1065.55 लाख के मुकाबले 664.59 लाख और जोन सात में 623.36 लाख के मुकाबले 239.96 लाख रुपये ही वसूली हुई है।

## राजेन्द्र नगर में अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम का विरोध

**लखनऊ।** शहर में अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम की कार्रवाई का कोई असर नहीं हो रहा है। राजेन्द्र नगर में मार्ग पर नाले के किनारे अतिक्रमण का एक पुराना मामला एक बार फिर गरमा गया है। बुधवार को नगर निगम की टीम अतिक्रमण हटाने पहुंची, लेकिन वहां मौजूद लोगों के विरोध पर टीम को वापस लौटना पड़ गया। स्थानीय निवासी अमित कुमार पाण्डेय ने बताया कि शंकर दूध डेयरी के पास गुड़िया यादव नामक महिला और उनके बेटे मोनू व सोनू यादव कई वर्षों से सड़क पर अवैध निर्माण कर कब्जा जमाने की कोशिश कर रहे हैं। पहले भी कई बार नगर निगम और पुलिस की मदद से इन्हें रोका गया था, लेकिन अब एक बार फिर पक्के निर्माण की कोशिश की जा रही है। नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची तो लोगों ने विरोध करते हुए कार्रवाई को रुकवा दिया।

# एलडीए की बोर्ड बैठक 4 को, एजेंडे में दो दर्जन प्रस्ताव शामिल

विशेष संवाददाता (vol)

- एजेंडे में पार्क का भू उपयोग बदल ग्रुप हाउसिंग का प्रस्ताव




**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण की आगामी बोर्ड बैठक 4 अगस्त को प्रस्तावित की गई है, जिसमें कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को सैद्धांतिक मंजूरी मिल सकती है। एजेंडे में शहर के विकास को गति देने के लिए नई आवासीय योजनाओं और नए भवन निर्माण एवं उपविधि को भी अंगीकार करने का प्रस्ताव शामिल है। इसके अलावा पहली बार अलोकप्रिय व्यवसायिक संपत्तियों को पहले आओ पहले पाओ योजना के तहत बेचने का प्रस्ताव भी रखा जाएगा। कमिश्नर डॉ. रौशन जैकब की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर फैसले लिए जाएंगे।

एजेंडे में प्रमुख रूप से सीतापुर रोड पर नैमिष नगर और आगरा एक्सप्रेस वे पर वरुण बिहार आवासीय योजनाओं को लेकर प्रस्ताव रखा जाएगा। इन योजनाओं के लिए जमीनों के अधिग्रहण के लिए 850 करोड़ रुपये का बजट पास किया जाएगा। इस राशि का प्रयोग अधिग्रहण, बुनियादी ढांचे के विकास, सड़कों के निर्माण, जल निकासी, बिजली आपूर्ति और अन्य नागरिक सुविधाओं के लिए किया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार, इन दोनों योजनाओं का शुभारंभ दिवाली के आसपास किया जा सकता है। योजना के तहत प्लॉट, मकान और फ्लैट के विकल्प होंगे, जिससे मध्यम वर्ग और निम्न मध्यम वर्ग को बेहतर आवास विकल्प मिल सकेंगे। इसके अलावा हुसडिया चौराहा, गोमती नगर योजना रेलवे लाईन व सेक्टर-5 के मध्य की भूमि पर नियोजन/पुनर्नियोजन किये जाने के संबंध में, गोमती नगर विस्तार, सेक्टर-4 में टेलीफोन एक्सचेंज एवं 33 केडी सबस्टेशन के लिए नियोजित दोनों भूखण्डों पर ग्रुप हाउसिंग उपयोग के लिए भूखण्ड पुनर्नियोजन किये जाने, गोमती नगर योजना के विकास खण्ड-2 में 'नर्सिंग होम भूखण्ड से संलग्न 545.38 वर्गमीटर 'व्यावसायिक उपयोग की भूमि को वर्ष 1990 में नर्सिंग होम उपयोग के लिए निष्पादित लीजडीड के अनुसार भूमि का भू उपयोग तलपट मानचित्र में नर्सिंग होम में परिवर्तित किये जाने, गोमती नगर विस्तार योजना, रोक्टर 6 में भूखण्ड संख्या-6/दी-175 से 6/वी-180 के सामने दक्षिण दिशा में स्थित 70 मीटर चौड़े मार्ग के समानान्तर 03.0 मीटर पार्क की भूमि को रोड में परिवर्तन करते हुए 120 मीटर किये जाने तथा पार्क की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करते हुए उक्त भूमि को समूह आवास उपयोग के लिए पुनर्नियोजन किये आने, जानकीपुरम योजना, सेक्टर-एच में भूखण्ड सं.-3/337 को मूखण्ड सं.-3/333 पर कब्जा दिये जाने को कम में तलपट मानचित्र के संशोधन के संबंध में। भूखण्ड संख्या-जीएच-01, रतनलोक अपार्टमेन्ट से सटी हुई रिक्त भूमि को व्यवसायिक में परिवर्तन किये जाने तथा पुराना आरटीओ काम्प्लेक्स के तलपट मानचित्र के संशोधन एवं मोहान रोड योजना से होकर गुजरने पाली प्रस्तावित 150.0 मीटर चौडी आउटर रिंग सम्बंधी प्रस्ताव समेत दो दर्जन से अधिक प्रस्ताव एजेंडे में शामिल हैं।

रोड एवं प्रस्तावित 60 मी० चौड़े महायोजना मार्ग की चौडाई को कम करते हुए उपलब्ध भूमि में निकटवर्ती भू उपयोग प्रस्तादित किये जाने, खसरा संख्या-910, 916 एच 924 951, 925 ग्राम रामपुर बेहड़ा, एवं खसरा सं०-668. 666 एवं 689 651 एवं 657 663, 664 एवं 665, 661, 649 एवं 662, 650, 647, 646, 660, 670 ग्राम दिगोई एनएच०-24. सीतापुर लखनऊ, नेशनल हाईवे बक्शी का तालाब का भू-उपयोग वाटर पार्क / एम्यूजमेन्ट पार्क में परिवर्तित किये जाने का प्रस्ताव बोर्ड बैठक में रखा जाएगा।

## टीबी के मरीजों को बांटी गयी पोषक आहार पोटली

**लखनऊ।** हमारा अभियान टीबी मुक्त लखनऊ को आगे बढ़ाते हुए संयुक्त चिकित्सालय कैंट में इलाज करा रहे टीबी से ग्रसित गोद लिय गये 28 गरीब मरीजों को पोषक आहार पोटली वितरित की गई। पोटली में क्रमशः मखाना , दलिया, सोयाबीन ,गुड, चना, मूंगफली, सत्तू इत्यादि हाई रिच प्रोटीन युक्त सामग्री शामिल रहती है। प्रोटीन युक्त सामग्री के साथ साथ मानसिक मजबूती प्रदान करने के लिए मोटिवेशन का काम भी हमारे द्वारा किया जाता है। जिससे मरीज की शारीरिक एवं मानसिक स्थिति दोनों में बराबर सहयोग मरीज को प्रदान हो सके। उन्हें समझाया जाता है कि टीबी पूर्णतः समाप्त होने वाली बीमारी है। इससे लड़कर जीता जा सकता है। कार्यक्रम में अस्पताल के जनरल डॉ एस के जोशी, अमित सिंह , विष्णु यादव , सुरेश सिंह , अजीत भारती , राजेश शर्मा एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। अब तक 130 टीबी से ग्रसित गरीब मरीजों को गोद लिया जा चुका है एवं प्रत्येक माह उन्हें पोषक पोटली प्रदान की जाती है।

## फास्ट्रैक ने नये ओशनिक्स कलेक्शन को लांच किया

**लखनऊ।** फैशन ब्राण्ड फास्ट्रैक ने समुद्र से प्रेरित घड़ियों के नए कलेक्शन ओशनिक्स के लॉन्च किया है। यह कलेक्शन उन लोगों के लिए लॉन्च किया गया है, जो पर्वत की चोटी के बजाए लहरों तथा संरचना के बजाए प्रवाह को चुनते हैं। ओशनिक्स को खासतौर पर उन लोगों के लिए डिजाइन किया गया है जो समुद्र की तरह बहते हुए उत्साहित और गतिशील बने रहना चाहते हैं। ओशनिक्स कलेक्शन आकार और अहसास दोनों ही रूपों में समुद्र से प्रेरित है। इस कलेक्शन की कीमत 3795 रुपये से 9795 रुपये के बीच है। ये घड़ियां फास्ट्रैक के स्टोर्स, ऑनलाईन, टाईटन वर्ल्ड और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध हैं।

# डिजिटल प्लेटफॉर्म से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रहे हजारों कामगार

## सेवामित्र पोर्टल से बदली तस्वीर, घर बैठे कामगारों को मिल रहा रोजगार

विशेष संवाददाता (vol)

- पोर्टल पर 52 हजार कुशल कामगार पंजीकृत, 27 लाख से अधिक की आमदनी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश न केवल तकनीकी रूप से आगे बढ़ रहा है, बल्कि आत्मनिर्भर प्रदेश की ओर ठोस कदम भी बढ़ा रहा है। इसी कड़ी में सेवायोजन विभाग की ओर से विकसित सेवामित्र पोर्टल प्रदेश में न सिर्फ घरेलू सेवाओं की आसान उपलब्धता का माध्यम बना है, बल्कि यह हजारों कुशल कामगारों के लिए रोजगार का सशक्त जरिया भी सिद्ध हो रहा है। योगी सरकार के इस डिजिटल प्लेटफॉर्म से जुड़कर हजारों कामगार आत्मनिर्भर बन रहे हैं। जून 2025 तक सेवामित्र पोर्टल की प्रगति पर नजर डालें तो अब तक कुल 39,857 सेवा बुकिंग की जा चुकी हैं। यह आंकड़ा स्पष्ट करता है कि प्रदेश की जनता इस सुविधा को तेजी से अपना रही है और उन्हें इसका लाभ भी मिल रहा है। साथ ही, सेवामित्र हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 155330 पर 38,49,028 कॉल्स रिसीव की गईं। सेवामित्र पोर्टल के माध्यम से योगी सरकार का उद्देश्य है कि प्रदेश के नागरिकों को प्लंबर, इलेक्ट्रिशियन, मैकेनिक, एसी तकनीशियन, बढ़ई, धोबी आदि जैसी दैनिक घरेलू सेवाएं घर बैठे उपलब्ध हो। साथ ही, कुशल कामगारों को उनके घर के नजदीक ही काम मिले, जिससे उन्हें दूसरे शहरों की ओर पलायन न करना पड़े। इस दोहरे उद्देश्य की पूर्ति आज सफलतापूर्वक होती दिख रही है।

### स्थानीय कामगारों को मिल रहा काम, जनता को मिल रही सुविधा

पोर्टल की कार्यप्रणाली पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी है। उपभोक्ता पोर्टल या मोबाइल ऐप के जरिए अपनी जरूरत की सेवा बुक कर सकते हैं और उसी के अनुसार निकटतम पंजीकृत सेवा प्रदाता को कार्य आवंटित होता है। सेवा पूरी होने के बाद उपभोक्ता सेवा की गुणवत्ता का मूल्यांकन भी करता है, जिससे सुधार की गुंजाइश बनी रहती है। सरकार का उद्देश्य है कि इस पोर्टल को भविष्य में और भी सेवाओं से जोड़ा जाए तथा हर जिले और नगर निकाय तक इसका विस्तार किया जाए। इससे छोटे कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। सरकार की मंशा है कि इस पोर्टल के जरिए अधिक से अधिक स्थानीय रोजगार सृजित हों और हर वर्ग को लाभ मिले।

### स्वरोजगार को मिला डिजिटल आधार, कामगारों की आमदनी में इजाफा

एक और उल्लेखनीय तथ्य यह है कि सेवामित्र प्लेटफॉर्म पर कार्य करने वाले सेवा प्रदाताओं को 27,53,794 रुपये की धनराशि उनके वॉलेट के माध्यम से प्राप्त हो चुकी है। योगी सरकार की यह पहल केवल उपभोक्ताओं के लिए ही नहीं, बल्कि कामगारों के लिए भी आर्थिक रूप से लाभकारी सिद्ध हो रही है। वर्तमान समय में 52,349 कुशल कामगार इस पोर्टल पर पंजीकृत हैं। इनमें बड़ी संख्या में ऐसे युवक-युवतियां शामिल हैं जो तकनीकी या व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद अपने क्षेत्र में काम करना चाहते थे, लेकिन उन्हें सही प्लेटफॉर्म नहीं मिल पा रहा था। सेवामित्र योजना ने उन्हें न केवल काम दिलाया, बल्कि सम्मान और आत्मनिर्भरता भी दी।

## काकोरी में 03 अवैध प्लाटिंग ध्वस्त

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन जोन-3 की टीम ने काकोरी क्षेत्र में कार्रवाई की। इस दौरान लगभग 27 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही 03 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। प्रवर्तन जोन-3 के जोनल अधिकारी विपिन कुमार शिवहरे ने बताया कि गुड्डू व अन्य की ओर से काकोरी के ग्राम-सकरा में घुरघुरी तालाब से कठिंगरा को जाने वाले मार्ग पर एक जगह 15 बीघा व दूसरी जगह 05 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। इसके अलावा अशोक कुमार, मो. शाहबुद्दीन, मो. जमाल, मो. मुइद्दीन सिद्दीकी, फिरोज अहमद, राजाराम व अन्य की ओर से काकोरी के ग्राम-मौंदा में लगभग 07 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था।

**उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड ई-निविदा सूचना** निम्नलिखित ई-निविदा जिनका संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है ई-निविदा की वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर अपलोड कर दी गई है। 1. खुली अति अल्पकालीन ई-निविदा संख्या टी.-05/2025-26, विद्युत पारेषण खण्ड, इटावा के अन्तर्गत 220 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र, भरथना पर 33 के.वी. कैपिस्टर बैक पैनलों पर न्यूमैरिक्ल एन.डी.आर.रिले एवं 02 नग 33 के.वी. वी.सी.बी. पर पोस्टइन्सुलेटर बदले जाने इत्यादि का कार्य। उपरोक्त विषय में विस्तृत विवरण साईट पर उपलब्ध है सभी सक्षम आपूर्ति/कार्यदायी संस्थाएं तदनुसार निविदा में भाग ले सकती है। **अधिशासी अभियन्ता विद्युत पारेषण खण्ड, इटावा।**
**"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"**
**(पत्रांक 1203 / 30/07/2025)**

## दोस्त का लैपटॉप और मोबाइल लेकर फरार

लखनऊ। आलमबाग कोतवाली इलाके में बीते दो सप्ताह पूर्व नशेबाजी के दौरान एक युवक ने अपने मित्र का लैपटॉप और मोबाइल धोखाधड़ी कर लेकर फरार हो गया। जिसकी जानकारी होने पर पीड़ित ने स्थानीय आलमबाग कोतवाली में अपने मित्र के खिलाफ नामजद लिखित शिकायत की है। आलमबाग कोतवाली प्रभारी सुभाष चन्द्र सरोज ने बताया कि मल्लपुर आर्दशनगर दुबग्गा निवासी राजेश कुमार मिश्रा पुत्र रामशंकर मिश्रा के अनुसार वह बीते 15 जुलाई को वह अपने ऑफिस के सामने सुजानपुरा मॉडल शॉप के पास खड़ा था। उस दौरान उनका मित्र लवेन्द्र सिंह गौंड अपनी अपाचे बाइक से आया और दोनों ने साथ में बियर पी और उन्होंने ऑनलाइन एक लड़के के खाते में 15,000 रुपये ट्रांसफर किए और 15,000 रुपये नगद लिए। इसके बाद, उन्होंने अपनी गाड़ी में एक लैपटॉप और ओप्पो मोबाइल फोन रखा और लवेन्द्र सिंह को गाड़ी आलमबाग चौराहे की ओर ले जाने के लिए कहा। आरोप है कि उसका मित्र लवेन्द्र सिंह गाड़ी और सामान लेकर फरार हो गया। जिसकी खोजबीन करने के बाद उसने स्थानीय आलमबाग कोतवाली में पुलिस से लिखित नामजद शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## कृष्णा नगर में बाइक चोरी, मुकदमा दर्ज

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में घूम रहे चोरो ने बीते सोमवार को थाना क्षेत्र स्थित बरिगवां स्थित शीतला माता मंदिर के पास से एक युवक की बाइक पार कर दिया। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पीके सिंह ने बताया कि साईं दाता पुरम कॉलोनी सरसावां अर्जुनगंज लखनऊ निवासी आयुष वर्मा पुत्र अवधेश नारायण वर्मा के अनुसार वह बीते 28 जुलाई सोमवार की सुबह करीब 8:45 बजे अपनी बाइक संख्या यूपी 32 जे क्यू 2827 से अपोलो अस्पताल काम पर गया था।

# बरामदे में सो रहे किसान की चाकू से गोदकर हत्या




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** माल थाना अंतर्गत मड़वाना गांव में उस वक्त हड़कम्प मच गया। जब देर रात घर के बाहर बरामदे में सो रहे किसान राजू (45) की चाकू से गोदकर निर्मम हत्या कर दी गई।

वारदात के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई। बुधवार सुबह पत्नी ममता ने खून से लथपथ पति को देखा तो वह शोर मचाने लगी और ग्रामीणों की भीड़ भी एकत्र हो गई। जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिंक टीमों ने कुछ अहम साक्ष्य एकत्र किए। परिजनों से पूछताछ के बाद शव को पोस्टमार्टम में भेज राजू के चार करीबियों के खिलाफ हत्या की सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। फिलहाल, पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ कर जानकारी जुटाई जा रही है। एडीसीपी उत्तरी जितेंद्र दुबे के मुताबिक, माल के मड़वाना गांव निवासी राजू खेती-बाड़ी करता था। पत्नी ममता ने बताया कि मंगलवार रात करीब बजे पति राजू ने गांव के बाहर बहादुर, अमित और अशोक के साथ शराब पी थी। नशेबाजी के दौरान किसी बात को लेकर पति का झगड़ा भी हुआ था। जिसके बाद पति राजू वहां से घर लौट आए थे। आरोप है कि सोते वक्त उन्ही लोगों ने पति की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। ममता का कहना है कि आरोपितों ने रात करीब तीन-चार बजे वारदात को अंजाम दिया है। उन्होंने बताया कि बेटी काजल नागपंचमी पर मायके आई थी और रात 12 बजे तक सभी लोग जाग रहे थे। सुबह करीब छह बजे जब ममता ने दरवाजा खोला तो राजू का शव खून से सना पड़ा था। गले, चेहरे और कान पर चाकू के कई घाव मिले हैं।

**कई पहलुओं से चल रही जांच :** पुलिस कंट्रोल रूम पर हत्या की सूचना मिलते ही एडीसीपी उत्तरी जितेंद्र दुबे के साथ ही एसीपी मलिहाबाद सुजीत कुमार दुबे भी घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचते ही नमूने एकत्र किए और जांच शुरू की। एसीपी मलिहाबाद सुजीत कुमार दुबे ने बताया कि पत्नी ममता की लिखित शिकायत पर पुलिस ने गांव के रहने वाले बहादुर, अमित, अशोक और चट्टान के खिलाफ हत्या की सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। इनमें से तीन लोगों को हिरासत में लिया है। प्रथम दृष्टया में नशेबाजी के विवाद में किसान की चाकू से गोद कर हत्या की गई है। फिलहाल, पुलिस कई पहलुओं में जांच कर रही है।




**परिवार ने फांसी देने की मांग :** इंस्पेक्टर माल नवाब अहमद के मुताबिक, वारदात के बाद पुलिस ने पड़ोसियों से भी पूछताछ की, लेकिन सभी डरे सहमे थे। जांच आगे बढ़ी तो पता चला कि राजू नशे का आदी था। वह गांव के लोगों के साथ बैठकी कर दारू पार्टी करता था। फिलहाल, राजू के परिवार में पत्नी ममता के अलावा बेटा सुजीत बेटी काजल और कामिनी है। काजल शादीशुदा है। जिस वक्त पिता राजू की हत्या की गई तब काजल मायके में त्योहार मनाने आई थी। हालांकि, हत्या के बाद से परिवारिक सदस्य सदमे में है। उन्होंने हत्यारोपियों को फांसी की सजा दिलवाने की मांग की है। वहीं, पुलिस का कहना है कि मामले की गहराई से जांच की जा रही है और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

## सूचना

मेरे आधार कार्ड पर त्रुटिवश मेरा नाम दयानन्द पुत्र बुधई अंकित हो गया है जबकि मेरा सही व सत्य नाम हरेन्द्र राम पुत्र बुधई है मुझे इसी नाम से जाना-पहचाना जाए। **हरेन्द्र राम पुत्र बुधई, निवासी ग्राम सैफपुर, पोस्ट व थाना रानी की सराय, तहसील सदर, जनपद आजमगढ़ उत्तर प्रदेश।**

## सूचना

सूचित करना है मैंने अपने पुत्र आदर्श वर्मा को उसके गलत चाल-चलन के चलतें अपनी चल-अचल सम्पत्ति सें बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का इसके किसी भी कृत्यों से कोई सरोकार नही होगा। नीलम वर्मा पत्नी विनोद कुमार वर्मा निवासी-वृंदावन कालोनी शुक्लाई, थाना कोतवाली नगर, बाराबंकी।

## सूचना

सूचित हो कि मेरे पति ने तीन पॉलिसी-218984183, 236476751 व 236476753 ली थी। तीनों पॉलिसियों में मेरा नाम उमा देवी अंकित है, जबकि मैने अपना नाम बदलकर श्रीमती रख लिया है। दोनों मेरे ही नाम हैं। तीनों पॉलिसियों के क्लेम के लिए अपेक्षित दस्तावेज एलआईसी की राजाजीपुरम शाखा में जमा कर दिया है। अगर किसी को कोई आपत्ति है तो 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति शाखा में दर्ज करा सकता है। तीनों पॉलिसियों में मेरा सही नाम श्रीमती ही दर्ज किया जाये। **श्रीमती पत्नी स्व. सुरेश कुमार नि.- ग्राम दरसवां पो. असावर, जनपद उन्नाव, उ.प्र.।**

## सूचना

सूचित हो कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र पंजीकरण संख्या 8-2017-9-90276-000478 में उसका नाम हिन्दी में माणिक अंकित हो गया है जबकि उसका सही नाम मानिक है व उसके अंग्रेजी नाम के सरनेम में CHATUVEDI अंकित है जबकि सही सरनेम CHATURVEDI है तथा पते में त्रुटिवश बुद्धा नगर दर्ज हो गया है जबकि सही पता मो. बुद्धनगर है। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में उसका सही नाम, सरनेम व पता दर्ज किया जाये। **वसू चतुर्वेदी पुत्र श्री चन्द्रशेखर चतुर्वेदी नि.- 340 बुद्धनगर हुसैनगंज सीतापुर।**

# आदेश के बावजूद महिला कर्मचारी को दस साल से सेवा लाभ से वंचित रखने पर हाई कोर्ट हुआ सख्त

- कोर्ट ने कहा कि सरकारी रवैये ने महिला कर्मचारी को ला दिया था भुखमरी की कगार पर, महिला की 23 जनवरी 2022 को गयी थी मृत्यु
- राज्य सरकार की विशेष अपील खारिज कर कोर्ट ने उस पर ठोंका एक लाख रूपया का हर्जाना



विधि संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने दस पहले आदेष जारी करने के बावजूद भी एक महिला सरकारी कर्मचारी को सेवा लाभ ना प्रदान किये जाने पर कहा है कि राज्य सरकार के अफसरों के रवैये के चलते मृतक महिला कर्मचारी को गंभीर वित्तीय संकट झेलना पड़ा जिसके कारण वह भुखमरी की कगार की ओर चली गयी। कोर्ट ने कहा कि उसके आदेष को मानकर उक्त महिला कर्मचारी को सेवा लाभ न देना राज्य सरकार का बहुत बड़ा दोश है। कोर्ट ने इस मामले में राज्य सरकार की ओर से दाखिल विषेश अपील को खारिज करते हुए उस पर एक लाख का हजार्ना भी ठोंका है। साथ ही राज्य सरकार को आदेष दिया है कि मृतक महिला कर्मचारी के पुत्र को तीन माह के भीतर दिया जाये। यह फैसला जस्टिस ए आर मसूदी व जस्टिस श्री प्रकाष सिंह की पीठ ने राज्य सरकार के सिंचाई विभाग की ओर से दाखिल विशेष अपील को खारिज करते हुए पारित किया है।

यह विशेष अपील सिंचाई विभाग ने एकल पीठ के 3 मार्च 2025 के एक निर्णय के खिलाफ दाखिल किया था। एकल पीठ ने उक्त निर्णय में 26 अगस्त 2015 के हाई कोर्ट के ही एक आदेष को आधार बनाकर कहा था कि याची मुख्तार अहमद की माता श्रीमती षकीला बानो की जन्मतिथि 17 जुलाई 1962 मान ली गयी थी जिसके अनुसार उसे 31 जुलाई 2022 को सेवानिवृत्त होना था। कोर्ट ने उक्त के अनुसार महिला कर्मचारी को सेवा लाभ व पेंषन आदि देने का आदेष दिया गया था। उस आदेष के खिलाफ सरकार ने कोई अपील नहीं की जिस कारण वह आदेष अंतिम हो गया था। इसबीच महिला कर्मचारी की 23 जनवरी 2023 को मृत्यु हो गयी। इसके बावजूद भी पीड़ित महिला को सेवा लाभ नहीं दिया अपितु सरकार ने रिट कोर्ट के उक्त आदेष के खिलाफ विषेश अपील दाखिल कर दी।

कोर्ट ने कहा कि विषेश अपील में राज्य सरकार की ओर से लिये गये कोई आधार मानने योग्य नहीं हैं। कोर्ट ने कहा कि सरकार के दोशपूण रवैये ने मृतक पीड़िता महिला के परिवार को बहुत गंभीर वित्तीय संकट से गुजरने को मजबूर किया है लिहाजा उस पर एक लाख रुपए का हजार्ना ठोंका जाता है। कोर्ट ने कहा कि हजार्ने की यह रकम मृतक महिला कर्मचारी के पुत्र को तीन महीने के अंदर प्रदान की जाये।

## साधु बनकर पर्स लूटने वाला गिरफ्तार




लखनऊ। आलमबाग पुलिस ने मंगलवार दोपहर पुरानी जेल रोड पर कार सवार से साधु भेष-भूषा में दान के बहाने चेन व पर्स लूट करने वाले दो बहरूपिए बदमाशों को थाना क्षेत्र स्थित देवी खेड़ा रोड के पास से बुधवार को गिरफ्तार कर कार सवार से लूटी गई चेन और पर्स में रखा 45 सौ रुपए बरामद किया है। आलमबाग कोतवाली प्रभारी सुभाष चंद्र सरोज ने बताया कि दोनों बदमाशों ने अपना परिचय विक्की नाथ पुत्र मौस्मनाथ व अरूण नाथ पुत्र मीना नाथ निवासीगण 1 जीटी रोड निरंकारी कालोनी सपेरा बस्ती ग्राम आरके कालोनी थाना मुरथल जिला सोनीपत हरियाणा-पंजाब निवासी के रूप में दिया है। जिन्हें थाने में दर्ज लूट के मुकदमे में बरामदगी के आधार पर जेल भेज दिया गया है।

## गाली देने और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज

लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में युवक ने जाति सूचक गालियां देने और मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। लखनऊ के लालकुआं स्थित छितवापुर भेडी मंडी निवासी गोविंद कनौजिया का कहना है कि वह 29 जुलाई को विनय राजपूत और रवि जायसवाल के साथ रवि के रुपये हड़पने वाली पूनम और उसके पति रंजीत से रुपये लेने गए हुये थे। पीड़ित का कहना है कि बिजनौर थाना क्षेत्र के सैनिक एंक्लेव निवासी पूनम और उसका पति रंजीत रुपये देने के लिए 8 बजे रात को घर पर बुलाये हुए थे, जब वहां से वापस लौट रहे थे। तभी वैगन आर कार से 4-5 लोग आए। जिसमें प्रमोद, रंजीत और तीन अज्ञात व्यक्ति थे। जिनकी फोटो पीड़ित ने अपने मोबाइल में खींच लिया था। पीड़ित का कहना है कि वह लोग जान से मारने के उद्देश्य से हाथ में ईंटा लेकर आये हुये थे। पीडित का कहना है कि वह लोग विनय के ऊपर हमला कर दिये। पीड़ित का कहना है कि यह लोग विनय और उस पर जान से मारने के लिए ताबड़तोड़ वार करने लगे। जिससे उसका सर फट गया, हाथ की उंगली फट गई और गंभीर चोटे आई तो विनय को भी गंभीर चोटे आईं। पीड़ित का कहना है कि जब आसपास के लोगों ने मारपीट की आवाज सुनकर इकट्ठा होने लगे तो वह लोग मां-बहन की गालियां देने लगे। जान से मारने की धमकी देने लगे और जाति सूचक गालियां देते हुए वहां से भाग गये। पीड़ित ने बिजनौर थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई। बिजनौर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

## घर का ताला तोड़कर गहने और नगदी चोरी होने की रिपोर्ट करायी दर्ज

लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में घर का ताला तोड़कर कीमती गहने और नगदी चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बिजनौर थाना क्षेत्र के काजियाना मोहल्ला निवासी सैयद मजहर अब्बास रिजवी का कहना है कि वह 23 जुलाई को लखनऊ के हुसैनाबाद स्थित अपने ससुराल गए हुये थे। पीड़ित का कहना है कि जब वह दूसरे दिन ससुराल से सुबह वापस अपने घर आये तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था और लाकर से दो नाक की कील, एक सोने की अंगूठी और 50 हजार रुपए नगद अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया था। पीड़ित का कहना है कि घर के सारे सामान को उलट-पलट दिए थे और घर से ढेर सारे सामान भी चोरी कर ले गये थे। जो कि उसे अभी याद नहीं था। पीड़ित ने इसकी सूचना बिजनौर थाने में दिया। बिजनौर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर चोरों का पता लगा रही है।

## मस्जिद से युवक की मोटरसाइकिल हुई चोरी

लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के मस्जिद में नमाज पढ़ने गये युवक की मोटरसाइकिल चोरी हो गई। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के कानपुर रोड एलडीए कॉलोनी निवासी अब्दुल हलीम का कहना है कि वह 25 जुलाई को 12:50 बजे नमाज पढ़ने के लिए ट्रांसपोर्ट नगर स्थित हरि मस्जिद गए हुए थे। पीड़ित का कहना है कि वह मस्जिद के सामने अपनी मोटरसाइकिल यूपी 32 9257 को खड़ी करके मस्जिद में नमाज पढ़ने अंदर चले गये और जब लौट कर वापस आए तो वहां पर मोटरसाइकिल नहीं दिखी कपीड़ित का कहना है कि वह अपनी मोटरसाइकिल के विषय में आसपास लोगों से पूछा लेकिन किसी ने कोई जानकारी नहीं दिया। पीड़ित का कहना है कि उसने सरोजनीनगर थाने में मोटरसाइकिल चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई। सरोजनीनगर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत शेरपुर विकास खण्ड धौरहरा जिला-खीरी

पत्रांक /मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2025-26/ दिनांक 30.07.2025

**अल्पकालीन निविदा**

राज्य वित्त/पंचम वित /15 वां वित /आई0सी0डी0एस0/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत शेरपुर के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2025.-26 में निम्न निर्माण हेतु पी0डब्लू0डी0 की दरों पर केवल सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो से मोहर बन्द निविदा दिनांक 06.08.2025 अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का नाम मात्रा | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्रथम श्रेणी ईटा | एम.एस. स्टील खिड़की/ दरवाजा | सरिया | गिट्टी | सीमेन्ट बैग | मौरंग |
| 1 | प्रा.वि. शेरपुर में आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण कार्य। | 17673 नग | 9.56 कुं. | 24.75 कुं. | 32.45 घन मी. | 336 बैग | 23.39 घन मी. |

नियम शर्ते
1. निविदा फर्म उससे सम्बन्धित निर्देश ग्राम पंचायत शेरपुर के कार्यालय में 31.07.2025 06.08.2025 तक रुपए मुल्य 200.00 नगद जमा करके अपरान्ह 02:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्राप्त कर ग्राम पंचायत शेरपुर के कार्यालय में मोहर बन्द लिफाफे की निविदा प्रपत्र 31.07.2025 से दिनांक 06.08.2025 को समय 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सील बन्द टेण्डर डाले जायेंगे तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जता सकते है। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
3. प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत शेरपुर के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 06.08.2025 को समय 4:00 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोले जायेंगे।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्दर कोई अन्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनरूप सामगी उपलब्ध कराना तथा मार्का ब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न करने अथवा कमी पाये जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायलय खीरी ही मान्य होगा।

**गायत्री देवी**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत शेरपुर**
**विकास खण्ड धौरहरा**

**राहुल कटियार**
**ग्रा.पं.वि. अधिकारी**
**ग्राम पंचायत शेरपुर**
**विकास खण्ड धौरहरा**



## कार्यालय ग्राम पंचायत गुलरिया विकास खण्ड धौरहरा जिला-खीरी

पत्रांक /मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2025-26/ दिनांक 30.07.2025

**अल्पकालीन निविदा**

राज्य वित्त/पंचम वित /15 वां वित /आई0सी0डी0एस0/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत गुलरिया के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2025.-26 में निम्न निर्माण हेतु पी0डब्लू0डी0 की दरों पर केवल सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो से मोहर बन्द निविदा दिनांक 06.08.2025 अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का नाम मात्रा | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्रथम श्रेणी ईटा | एम.एस. स्टील खिड़की/ दरवाजा | सरिया | गिट्टी | सीमेन्ट बैग | मौरंग |
| 1 | प्रा.वि. घुरघुटटा खुर्द में आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण कार्य। | 17673 नग | 9.56 कुं. | 24.75 कुं. | 32.45 घन मी. | 336 बैग | 23.39 घन मी. |

नियम शर्ते
1. निविदा फर्म उससे सम्बन्धित निर्देश ग्राम पंचायत गुलरिया के कार्यालय में 31.07.2025 06.08.2025 तक रुपए मुल्य 200.00 नगद जमा करके अपरान्ह 02:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्राप्त कर ग्राम पंचायत गुलरिया के कार्यालय में मोहर बन्द लिफाफे की निविदा प्रपत्र 31.07.2025 से दिनांक 06.08.2025 को समय 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सील बन्द टेण्डर डाले जायेंगे तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जता सकते है। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
3. प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत गुलरिया के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 06.08.2025 को समय 4:00 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोले जायेंगे।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्दर कोई अन्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनरूप सामगी उपलब्ध कराना तथा मार्का ब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न करने अथवा कमी पाये जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायलय खीरी ही मान्य होगा।

**उषा देवी**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत गुलरिया**
**विकास खण्ड धौरहरा**

**राहुल कटियार**
**ग्रा.पं.वि. अधिकारी**
**ग्राम पंचायत गुलरिया**
**विकास खण्ड धौरहरा**


# चकबंदी यूनियन के अध्यक्ष की संदिग्ध हालत में गोली लगने से मौत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र के गोमतीनगर एक्सटेंशन स्थित विंड क्लब में चकबंदी यूनियन के अध्यक्ष राजकुमार सिंह (55) की संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मौत हो गई। मृतक का लाइसेंसी रिवॉल्वर पास में पड़ा मिला है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और घटनास्थल की फोरेंसिक जांच करवाई।

घटना की जानकारी मिलते ही डीसीपी साउथ, एसीपी कैंट, भारी पुलिस बल और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। क्लब के अंदर बारीकी से जांच की गई। अधिकारियों ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के निर्देश दिए हैं।

**राजनीतिक और प्रशासनिक गलियारों में थे सक्रिय :** राजकुमार सिंह चकबंदी विभाग में बाबू के पद पर कार्यरत थे। वह निगोहा थाना क्षेत्र के करणपुर गांव के निवासी थे और वर्तमान में परिवार के साथ लखनऊ के आशियाना क्षेत्र में रहते थे। बताया जा रहा है कि वह पिछले चार-पांच वर्षों से चकबंदी यूनियन के निर्विरोध अध्यक्ष चुने जा रहे थे। जिले में शासन-प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारियों और नेताओं से उनके अच्छे संबंध थे। सूत्रों के अनुसार, उन्होंने पहली बार अपने कार्यालय से दो-तीन दिन की लिखित छुट्टी ली थी। इसके साथ ही यह भी सामने आया है कि वह ज्योतिष विद्या में पारंगत थे और कई नेताओं व अधिकारियों के निजी ज्योतिष सलाहकार भी रहे हैं।

**सुसाइड नोट नहीं मिला, हर एंगल से हो रही जांच :** पुलिस के मुताबिक, मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। ऐसे में हत्या या आत्महत्या, दोनों पहलुओं पर जांच की जा रही है। पुलिस ने उनके मोबाइल, दस्तावेज और क्लब की एंट्री डिटेल्स को जब्त कर लिया है। पुलिस अफसरों का कहना है कि परिवारजन, सहकर्मी व क्लब प्रबंधन से पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह स्पष्ट हो पाएगी।

## पुलिस अधिकारी की पत्नी ने लगायी फांसी

लखनऊ। लखनऊ में तैनात एसीपी मुकेश प्रताप सिंह की पत्नी नितेश सिंह (28) ने बुधवार की दोपहर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस लाइन स्थित आवास पर उनका शव पंखे से लटका मिला। मुकेश प्रताप सिंह सीबीसीआईडी मुख्यालय में तैनात हैं। घटना की जानकारी मिलते ही आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस को शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए हैं। आत्महत्या के पीछे का कारण अभी साफ नहीं हो सका है। पुलिस हर पहलु पर जांच कर रही है। मौके पर पहुंची पुलिस ने एसीपी की पत्नी का मोबाइल फोन, डायरी और कई अन्य वस्तुओं को जांच के लिए कब्जे में लिया है। फिलहाल मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। घटना की जानकारी मुकेश कुमार के विभागीय अधिकारियों को भी दी गई है। लखनऊ की एडीसीपी ममता रानी के अनुसार शाम 4 बजे सूचना मिली कि महानगर पुलिस लाइन के ट्रांजिट हॉस्टल में एक अफसर की पत्नी ने सुसाइड कर लिया है। इस सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची। जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

# पं. एस चंद्रा अध्यक्ष तो ललित किशोर तिवारी बने अवध बार एसोसिएशन के महामंत्री

विधि संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ स्थित अवध बार एसोसियेशन के वार्शिक चुनावों में पंडित एस चंद्रा विजयी हुए हैं। वहीं महासचिव के पद पर ललित किशोर तिवारी ने विजय प्राप्त किया है।

चंद्रा ने विजय हासिल करने के बाद कहा कि वह बार व बेंच के बीच बेहतर सामान्जस्य के लिए काम करेंगें तो वहीं तिवारी ने कहा कि बार के पैंसां का सदुपयोग किया जायेगा। करीब 22 पदों के लिए मंगलवार को 4071 अधिवक्ता सदस्यों ने मतदान किया था जिसके परिणाम बुधवार को घोशित किये गये। घोषित चुनाव परिणामों में वरिश्ठ उपाध्यक्ष के पद पर प्रशांत शर्मा अटल तो मध्य उपाध्यक्ष के दो पदों पर हरि ओम पांडे और पवन कुमार सिंह ने जीत हासिल किया है। जुनियर उपाध्यक्ष के पद पर राघवेंद्र पांडे ने जीत पायी। वरिष्ठ कार्यकारिणी के 6 पदों पर रंजना श्रीवास्तव, आदर्ष मेहरोत्रा, अजय सिंह, कौशल मणि त्रिपाठी, दिवाकर नाथ तिवारी और निवेदिता गुप्ता ने विजय प्राप्त किया। कनिष्ठ कार्यकारिणी के 6 पदों पर अंकित मिश्रा, अभिशेक त्रिपाठी, पुश्पांजलि पांडे, श्वेता सिंह, नीलिमा जायसवाल व राम सुफल यादव ने अधिक मत पाकर जीत हासिल किया है।

## वरिष्ठ साहित्यकार कौशल किशोर को मिला प्रेमचन्द साहित्य सम्मान

**लखनऊ।** प्रगतिशील लेखक संघ, उन्नाव और डॉ रामविलास शर्मा शोध संस्थान की ओर से हुए प्रेमचंद जयंती समारोह में कवि, साहित्यकार कौशल किशोर को प्रेमचंद सम्मान से सम्मानित किया गया। कौशल किशोर ने कहा कि आजादी के संघर्ष में उनके विचार भगत सिंह के करीब हैं। वहीं सामाजिक दृष्टि में अंबेडकर के। जीवन के अंतिम दिनों में गांधीवाद की सीमाएं उजागर हो गई थीं। इसका उदाहरण तमाम लेख तथा मंगलसूत्र अधूरा उपन्यास है। प्रेमचंद का संघर्ष वर्ण-व्यवस्था, पुरोहितवाद, सांप्रदायिकता, ब्राह्मणवाद आदि से था। डॉ अंबेडकर ने आजादी मिलने पर कहा था कि मनु के शासन की समाप्ति हो रही है। लेकिन आज मनु की वापसी हो रही है। लोकतंत्र के पाए हिल रहे हैं। बलात्कारी सम्मानित हो रहे हैं। संसद अपराधियों से सुसज्जित है। ऐसे में प्रेमचंद के साहित्य और विचार से हमें रोशनी मिलती है। हमें प्रेमचंद के पास जाने, उनसे सीखने-समझने की बहुत जरूरत है।


## मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि.
## अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल अयोध्या

ई-निविदा सूचना दिनांक : 29.07.2025

**निविदा सं. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1. ई-निविदा संख्या 46 एच(एफ)(कार्य)/2025-26 : अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-दर्शननगर, अयोध्या को विभागीय कार्यों के लिए एक अदद डीजल चलित वाहन मय चालक 36 माह तक उपलब्ध कराने का कार्य। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रु. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रु. 8000.00।
2. ई-निविदा संख्या 47 एच(एफ)(कार्य)/2025-26 : अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, अयोध्या को विभागीय कार्यों के लिए एक अदद डीजल चलित वाहन मय चालक 36 माह तक उपलब्ध कराने का कार्य। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रु. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रु. 8000.00।

**ई निविदा की अंतिम तिथि : 13 अगस्त 2025, 17.00 बजे।**

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जायेगी।

**अधीक्षण अभियन्ता**
**विद्युत वितरण मण्डल, अयोध्या**

"राष्ट्रहित में बिजली बचायें" (पत्रांक : 6204, दिनांक 29.07.2025)

# लखनऊ का स्वाद और लिबास मुझे बहुत पसंद : वाणी कपूर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** रेड-2, बेल बॉटम, वॉर और शुद्ध देशी रोमांस जैसी फिल्मों की अभिनेत्री वाणी कपूर ने कहा कि उन्हें लखनऊ का स्वाद और लिबास दोनों बेइंतिहा पसंद हैं। कहा, मैं जब भी लखनऊ आती हूं तो यहां से गलौटी और सींक कवाब जरूर पैक करवाकर ले जाती हूं। वाणी कपूर पिछले दिनों अपनी एक क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज के प्रमोशन के लिए लखनऊ में थीं। गोमतीनगर स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में उनके साथ वेब सीरीज में काम कर रहीं अभिनेत्री सुरवीन चावला और अभिनेता वैभव राज गुप्ता भी मौजूद रहे।

वाणी कपूर ने कहा, कि मैं लखनऊ में पहले भी शूटिंग कर चुकी हूं और यहां आकर मुझे हमेशा बहुत अच्छा लगता है। उन्होंने यहां के खाने के साथ ही चिकन के कपड़ों की भी खूब तारीफ की। उन्होंने कहा कि आगामी वेब सीरीज में वे एक जांच अधिकारी का रोल निभा रही हैं। उन्होंने बताया कि इस सीरीज के कुछ हिस्सों की शूटिंग लखनऊ में की गई है जिससे यहां के दर्शकों के लिए यह बेहद खास होगी। इस सीरीज में श्रिया पिलगांवकर, सिद्धांत कपूर, राहुल बग्गा, रघुबीर यादव और मोनिका चौधरी भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। अभिनेता वैभव राज गुप्ता ने कहा कि इस वेब सीरीज की रिलीज से पहले इसकी कहानी लोगों के बीच ले जाकर बहुत खास महसूस हो रहा है। वाणी ने कहा कि वैभव का किरदान इस सीरीज में इतना शानदार है कि मेरा मन कर रहा था कि काश, यह रोल मुझे मिला होता।

## रहस्य और रोमांच से भरी होगी वेब सीरीज : सुरवीन चावला

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। वेब सीरीज में अहम भूमिका निभा रहीं अभिनेत्री सुरवीन चावला ने बताया कि यह रहस्य और रोमांच से भरी होगी जिसे देखकर दर्शकों को मजा आएगा। इसमें मेरी भूमिका एक महिला राजनीतिज्ञ की है। वाणी और वैभव के किरदार सदियों से रहस्य के पीछे छिपी एक सोसाइटी से जुड़ी हत्याओं की खौफनाक साजिश का पदार्फाश करते हैं। यह सिर्फ.एक थ्रिलर नहीं, बल्कि आपको चकित कर देने वाली कहानी है। इसके किरदार, रहस्य और ट्विस्ट देखकर आप चौंक जाएंगे।

**कास्टिंग काउच से परेशान होकर छोड़ना चाहती थी इंडस्ट्री:** टीवी से अपने एक्टिंग करियर की शुरूआत करने वाली एक्ट्रेस सुरवीन चावला ने हाल ही में एक इंटरव्यू में अपने दर्दनाक अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि फिल्मों में काम करने के दौरान उन्हें कई बार कास्टिंग काउच का सामना करना पड़ा, जिससे वे इस कदर टूट गई थी कि इंडस्ट्री छोड़ने का मन बना लिया था। सुरवीन ने बताया कि एक दौर ऐसा भी आया जब उन्हें लगा कि बॉलीवुड में काम पाने का तरीका सिर्फ समझौते करना है। उन्होंने कहा, एक समय था जब सब कुछ कास्टिंग काउच के इर्द-गिर्द ही घूमता था। बाहर कदम रखना भी मुश्किल हो गया था। सुरवीन ने कहा कि जब भी वह समझौता करने से इनकार करती, तो उन्हें रोल से बाहर कर दिया जाता। उन्होंने कहा, लगता था जैसे इंडस्ट्री में कास्टिंग काउच का ट्रेंड चल रहा है। मैं अपनी बात पर अड़ी रहती थी, लेकिन इसी वजह से कई रोल हाथ से निकल गए। सुरवीन ने बताया कि बार-बार के रिजेक्शन और काम ना मिलने से वे मानसिक तौर पर बहुत परेशान हो गई थी। उन्होंने कहा, मुझे लगने लगा था कि अब कुछ नहीं हो सकता। मैं खुद को हारा हुआ महसूस करने लगी थी।

# सावन और हरियाली तीज उत्सव मातृशक्ति ने मचाया धमाल



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आज गोमती नगर के विकल्प खंड 2 स्थित चितवन पार्क 3 (छोटे पार्क) में अनेक महिलाओं ने सावन एवम हरियाली तीज उत्सव में विभिन्न खेल खेले, खूब मस्ती की तथा धमाल मचाया ।

म्यूजिकल चेयर, मटकी फोड़, डांस कम्पटीशन, सिंगिंग कम्पटीशन आदि आदि बहुत सारे खेल खेले गए। सर्वप्रथम मातृशक्ति ने भगवान शिव पार्वती को नमन करते हुए आज के उत्सव की शुरूआत की । उसके बाद मातृशक्ति ने झूला झूलना, गाना ,झूमना, नाचना, अंताक्षरी आदि का भी आयोजन किया और शाम ए अवध को मौज मस्ती कर और रंगीन बनाया तथा खूब इंजॉयमेंट किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ललिता वर्मा, सुनीता कनवाल, रेखा सिंह, सीमा सिंह आदि ने खूब मेहनत की। श्रीमती मीरा ओझा, बिमला मद्धेशिया, रंजना, निकी शर्मा, राजरेखा, लता, सबा, संगीता आदि अनेक महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

# स्वामी रामानंदाचार्य ने गुरु-शिष्य परंपरा का किया विस्तृत वर्णन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा आयोजित दीक्षारम्भ कार्यक्रम के अंतर्गत जयशंकर प्रसाद सभागार में अयोध्या से पधारे जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामदिनेशाचार्य ने विश्वविद्यालय में नव प्रवेशित एवं पूर्व शिक्षार्थियों के समक्ष अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुई। हे हंसवाहिनी (राग भैरवी) नामक यह भावपूर्ण वंदना विश्वविद्यालय के छात्रों आकर्ष सिंह, कार्तिक्य सिंह, सिमरन लॉल और शिवानी मिश्रा द्वारा प्रस्तुत की गई। सरस्वती वंदना का निर्देशन अभिषेक त्रिपाठी ने किया। तबले पर संगत अनंत प्रजापति द्वारा एवं हारमोनियम पर नमन सिंह द्वारा की गई। तत्पश्चात कुलपति प्रो. मांडवी सिंह नें जगद्गुरु को अंग वस्त्र ओढाकर किया एवं विश्वविद्यालय कार्यक्रम में उपस्थित होने हेतु आभार प्रकट कर किया।

जगद्गुरु राम दिनेशाचार्य नें अपने व्याख्यान में शिक्षार्थियों के शिक्षा के आरम्भ के प्रमुख वैदिक एवं शास्त्रोक्त पहलुवों को समझाते हुए दीक्षा के आरंभ की गुरु शिष्य परंपरा का विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम के होने से हमारी संस्कृति को और मजबूती मिलती है तथा प्रत्येक विश्वविद्यालय अथवा शिक्षण संस्थान को इस तरह के कर्यक्रमों को अपनी शैक्षिक गतिविधियों में अवश्य शामिल करना चाहिए जिससे हमारी पुरातन वैदिक परंपरा एवं संस्कृति को बल मिलेगा। उन्होंने विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं को भविष्य की शुभकामना के साथ विश्वविद्यालय परिवार का आभार प्रकट किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय में नव प्रवेशित छात्र एवं छात्राओं को दीक्षित करने एवं यहाँ की विश्वविद्यालय के उद्देश्य के बारे में परिचित कराना होता है। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र छात्राओं ने बताया कि यह आयोजन उनके लिए एक नया और प्रेरणादायक अनुभव था। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के द्वारा अध्यात्म और संगीत की समरूपता को जानने का अवसर प्राप्त हुआ` शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने भी इसे एक सकारात्मक पहल बताया, इस कार्यक्रम से नव प्रवेशित छात्र छात्राओं के भावना को बल मिलता है।

# बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में गूंजा बम-बम भोले



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सावन माह के तीसरे बुधवार पर बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में बाबा के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ दिखायी दी। मंदिर में बाबा के दर्शन के लिए देर रात से ही भक्तों की कतार लगनी शुरू हो गई थी। भोर में तीन बजे मंदिर के कपाट खुल गए। सुबह चार बजे महाआरती के बाद मंदिर के गर्भ गृह के दर्शन प्रारंभ हुए। मंदिर परिसर बम-बम भोले, हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा।

शिव भक्तों ने बेलपत्र, भांग, धतूरा, कमल पुष्प, दूध, शहद, गंगाजल आदि से भोलेनाथ का अभिषेक कर बुद्धेश्वर महादेव के दर्शन किये। दोपहर से शुरू हुई बारिश भी भक्तों की आस्था को कम न कर सकी। भक्त बारिश में भीगते हुए आनंद में डूब कर बाबा के दर्शन किए। वहीं मंदिर परिसर में सपेरों का भी जमावड़ा लगा रहा।

**भक्तों ने किये बाबा के दर्शन:** बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में सावन के तीसरे बुधवार को आस्था का सैलाब उमड़ा। मंगलवार देर रात से भक्तों के आने का सिलसिला बुधवार रात 12 बजे तक चलता रहा। पूरा दिन बम-बम भोले के जयकारों के साथ भक्तों ने भगवान शिव के दर्शन किए। वहीं, दूध, दही, शहद गंगाजल, बेलपत्र, भांग, धतूरा, कमलपुष्प से महादेव का अभिषेक किया। दर्शन के बाद श्रद्धालुओं ने मेले में भी खूब आनंद लिया। श्री बुद्धेश्वर महादेव मंदिर प्रबंध समिति की अध्यक्ष व मंदिर की महन्त लीलापुरी ने बताया कि मंदिर के कपाट देर रात खोल दिए गए थे और भोर तीन बजे महाआरती हुई। महाआरती के समय भक्तों को दर्शन के लिए रोक दिया गया था। आरती होने के बाद फिर दर्शन शुरू हो गए। उन्होंने बताया कि मान्यता है कि बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में चार बुधवार को भगवान शिव का जलाभिषेक करने से सभी मनौतियां पूरी हो जाती हैं।

## बाबा भदेश्वर नाथ शिव मंदिर में प्राचीन युद्धस्थल के अवशेष आज भी संरक्षित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** बीकेटी के पूर्व दिशा में स्थित शिवपुरी गांव का ऐतिहासिक और पौराणिक श्री बाबा भदेश्वर नाथ शिव मंदिर सावन के पावन माह में श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना हुआ है। मान्यता है कि यह मंदिर इतना प्राचीन है कि इसका उल्लेख शिवमहापुराण, स्कंदपुराण तथा रामचरितमानस जैसे ग्रंथों में भी मिलता है। मान्यता के अनुसार, युद्ध के दौरान बाणासुर ने भगवान श्रीकृष्ण पर 108 फीट लंबी शिला का प्रहार किया, जिसे श्रीकृष्ण ने अपनी दिव्य शक्ति से खंडित कर दिया। इस शिला के अवशेष आज भी मंदिर परिसर, रणबाबा मंदिर और मुक्तेश्वर महादेव मंदिर देवरी रूखारा में देखे जा सकते हैं। जब युद्ध में श्रीकृष्ण ने बाणासुर की सहस्त्र भुजाओं को काटना शुरू किया और अंत में दो भुजाएं ही शेष बचीं, तब बाणासुर ने भगवान भोलेनाथ को पुकारा। भगवान शिव प्रकट हुए और सुदर्शन चक्र को रोक दिया। इसके बाद बाणासुर ने भगवान श्रीकृष्ण से क्षमा मांगी और अपनी पुत्री ऊषा का विवाह अनिरुद्ध से करने की सहमति दी।

रामविलास ने बताया कि यह मंदिर अत्यंत प्राचीन है और यहां दूर-दराज से श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं लेकर आते हैं। भगवान भोलेनाथ सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। उन्होंने कहा कि श्रावण माह में मंदिर परिसर में भक्तों का भारी जनसैलाब उमड़ता है और वातावरण शिवमय हो उठता है। यह स्थल धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। पुजारी गुरुप्रसाद ने बताया कि यहां प्रतिवर्ष कजरी तीज के पावन अवसर पर भव्य मेले और विशाल दंगल का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे है। साथ ही अषाढ़ माह में विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें श्री बाबा भदेश्वर नाथ ट्रस्ट के सदस्यों सहित ग्राम प्रधान और ट्रस्ट अध्यक्ष रामविलास, नवल किशोर, अनूप यादव, अंकित, रामप्रकाश आदि ने भाग लिया।

# बेगम हजरत महल : मेरा हुकुम ही मेरी हुकूमत है...

- नाटक मंचन के साथ समाज की विभूतियों का हुआ सम्मान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी एवं उत्तर प्रदेश आर्टिस्ट एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में उर्दू ड्रामा बेगम हजरत महल का मंचन संत गाडगे प्रेक्षागृह में किया गया। इतिहास की वीरांगनाओं में एक गौरवशाली नाम बेगम हजरत महल जो की 1857 की प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की नायिका के संघर्ष, साहस और बलिदान की प्रेरणादायक गाथा को जीवंत रूप से प्रस्तुत करता है ' इस दौरान समाज की विभूतियों का सम्मान भी किया गया।

मुख्य अतिथि नितिन मिश्रा और शौकत अली (सेक्रेटरी उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी) ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की 'इस अवसर पर समाज के विभिन्न लोगों को मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया सरदार सोबरन सिंह (अंतरराष्ट्रीय धावक एवं समाजसेवी) रफी अहमद और पॉल रॉबिंसन (समाज सेवक) आचार्य राजीव शुक्ला (अध्यात्म) डॉक्टर ए पी जैन (लोहिया अस्पताल) जुनैद खान एवं एंथोनी सिंह (पत्रकार) अंशिमा चौधरी श्रीवास्तव (नृत्य) फिरदौस सिद्दीकी, डॉ अनुराग श्रीवास्तव एवं पुनीत कनौजिया (शिक्षा) अंजली श्रीवास्तव (गायन) अमित श्रीवास्तव (कवि) को अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया। ड्रामा की खासियत ड्रामा में बेगम हजरत महल की भूमिका को अत्यंत संवेदनशीलता और ताकत के साथ पेश किया गया है' उनके नेतृत्व में अंग्रेजों के खिलाफ लखनऊ की लड़ाई, विरासत की रक्षा और मातृत्व तथा राष्ट्र भक्ति के बीच उनके संघर्ष को दशार्या गया है ' संवाद वेशभूषा ,संगीत तथा प्रकाश व्यवस्था दर्शकों को उस कालखंड में ले जाने में सफल रही। लेखक वामिक खान ने बताया यह नाटक केवल इतिहास को दोहराने का प्रयास नहीं है बल्कि वर्तमान पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने और नारी शक्ति का सम्मान करने की प्रेरणा है।

# कजरी और सावन गीतों पर खूब थिरकीं महिलाएं

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था अभिव्यक्ति वीमेन ग्रुप के तत्वावधान में आज शाम होटल पारस इन, लिबर्टी कालोनी पार्क, सर्वोदय नगर, इंदिरा नगर, लखनऊ में आयोजित रिमझिम सावन आयो री कार्यक्रम में कजरी और सावन गीतों पर खूब थिरकीं महिलाएं। रिमझिम सावन आयो री कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी नम्रता पाठक, विशिष्ट अतिथि अनुपमा अवस्थी ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

संगीत से सजे कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना के साथ हुई, तदुपरांत माधुरी पांडे, हेमा श्रीवास्तव, रजनी तिवारी, इंदु मिश्रा, सरिता पाठक और अराधना गुप्ता ने अपनी सुमधुर आवाज में कजरी-सखि बरसे झमाझम पानी नथुनिया से बूंद टपके और बारहमासी-अरे रामा भादों रैन अंधियारी को सुनाकर लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया।

मन को मोह लेने वाली इस पेशकश के उपरांत सबीहा, चेतना, रीता सिन्हा, स्वपनिका, गुंजन, अर्चना, सपना, रीटा, रजनी, माधुरी, ज्योती, अलका शालिनी और नम्रता ने कुछ कहता है ये सावन गीत पर आकर्षक नृत्य की मोहक छटा बिखेरी। इसके अलावा रीटा पुरी, शालिनी, सपना, ज्योती, अलका, हेमा, दीपा सहित अन्य महिलाओं ने झूला गीत बरसे सावन की रिमझिम फुहार पर मनभावन नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का दिल जीत लिया।

संगीत से सजे कार्यक्रम के अगले सोपान में महिलाओं ने सावन के फिल्मी गीतों पर रैम्प वॉक किया। इस दौरान पेड़ो की सुरक्षा से संबंधित एक नृत्य नाटिका की भी प्रस्तुति हुई, जिसमें संस्था द्वारा एक हजार पौधों को लगाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर शिखा सिंह पटेल, सुमति गुप्ता, सरिता सिंह, सोनी वर्मा, सुमन मनराल, गुंजन वर्मा, शक्ति बाजपेई, मधु शर्मा, अंजुल, पुष्पा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मनीष पंडित ने किया।

# तुलसीदास का साहित्य लोक तत्व से परिपूर्ण है : डॉ. हरिशंकर मिश्र

- तुलसीदास, प्रेमचन्द एवं कथा सम्राट चंद्रधर शर्मा गुलेरी स्मृति समारोह

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा गोस्वामी तुलसीदास, संत साहित्य मर्मज्ञ आचार्य परशुराम चतुर्वेदी, उपन्यास सम्राट प्रेमचन्द एवं कथा सम्राट चंद्रधर शर्मा गुलेरी स्मृति समारोह के शुभ अवसर पर दिन बुध को एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन हिन्दी भवन के निराला सभागार में किया गया।

दीप प्रज्वलन, माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण, पुष्पार्पण के उपरान्त वाणी वंदना श्रीमती गीता शुक्ला द्वारा प्रस्तुत की गयी। सम्माननीय अतिथि डॉ. हरिशंकर मिश्र, असित चतुर्वेदी, नरेन्द्र भूषण एवं डॉ. अलका पाण्डेय का स्वागत स्मृति चिह्न भेंट कर डॉ अमिता दुबे, प्रधान सम्पादक, उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा किया गया। डॉ. हरिशंकर मिश्र ने कहा- गोस्वामी तुलसीदास एक प्रेरणा पुरुष के रूप में हमारे सम्मुख हैं। तुलसीदास जी का जीवन काफी संघर्षमय था। तुलसीदास जी का साहित्य लोक तत्व से परिपूर्ण है। वे लोक सेवा भावना से ओत-प्रोत थे। उन्होंने अपनी रामकथा को गंगा से जोड़ने का प्रयास किया। साहित्य ऐसा होना चाहिए जो गंगा की भांति सभी का हितकारी हो। गोस्वामी तुलसीदास जी ने अपने आप को तीर्थराज बनाने का प्रयास किया। संत समाज को ऐसा कार्य करना चाहिए, जिससे वे लोक कल्याण कर सके। तुलसीदास जी ने अपने साहित्य में संत के लक्षणों की व्याख्या की है। कोई भी व्यक्ति वस्त्र व वाणी से नहीं बल्कि जो स्वभाव से संत हो वही सच्चा संत होता है। असित चतुर्वेदी ने कहा- सरस्वती के उपासक कभी स्वर्गीय नही होते हैं। सरस्वती के साधना में लगे हुए लोग कभी स्वर्गीय नहीं होते है। आचार्य परशुराम चतुर्वेदी जी पेशे से वकील थे। वे वकालत से अधिक साहित्य साधनारत थे। आचार्य परशुराम चतुर्वेदी जी की उनकी पुस्तक उत्तरी भारत की संत परम्परा काफी चर्चित है। संत साहित्य पर शोध कार्य उनकी पुस्तकों के बिना पूर्ण नहीं हो सकता है। आचार्य परशुराम चतुर्वेदी जी का नाम संत कवियों में प्रमुखता से लिया जाता है। संत मरा क्या रोइये जो अपने घर को जाय की पंक्तियाँ उनके ऊपर चरितार्थ होती हैं। नरेन्द्र भूषण ने प्रेमचन्द के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा करते हुए कहा-कुछ लोग ऐसे होते हैं, जहाँ जन्म लेते हैं वह स्थान धन्य हो जाता है। प्रेमचन्द का साहित्य आज भी प्रासंगिक है। प्रेमचन्द जी अपने लेखन की शुरूआत नबाब राय के नाम से की। प्रेमचन्द का साहित्य देशभक्ति की भावना से परिपूर्ण है। प्रेमचन्द के साहित्य में सामाजिक कुरीतियों का व्यापक विरोध मिलता है। प्रेमचन्द उर्दू भाषा के अच्छे जानकार थे। उनकी रचनाओं में प्रेमा, सेवा सदन, गबन, गोदान, रंगभूमि, निर्मला, कायाकल्प, कर्मभूमि आदि प्रमुख हैं। उनकी रचनाओं में आदर्शवादी यथार्थ के तत्व विद्यमान हैं। प्रेमचन्द का साहित्य साहित्य जगत को दिशा व मार्ग दिखाता रहेगा। डॉ. अलका पाण्डेय ने कहा चन्द्रधर शर्मा गुलेरी जी का साहित्य फलक बहुत बड़ा है। गुलेरी जी ने विभिन्न साहित्यिक पत्रिकाओं से जुड़कर साहित्य सेवा की है। गुलेरी जी ने जो लिखा काफी महत्वपूर्ण लिखा है। चन्द्रधर शर्मा गुलेरी उसने कहा था लिखकर साहित्यिक जगत में अमर हो गये। गुलेरी जी ने कहानी विधा को काफी मार्गदर्शन किया। उनकी कहानियाँ प्रेम प्रसंग से परिपूर्ण हैं। गुलेरी जी की कहानियों में आंचलिकता के तत्व विद्यमान हैं। उन्होंने आंचलिक कहानियों में आंचलिक तत्वों का समावेश किया है। उसने कहा था कहानी प्रेम कथाओं में सर्वोपरि है।

# सांस्कृतिक विकास का मॉडल बना उत्तर प्रदेश : प्रो. मांडवी

- बौद्ध शोध संस्थान में हुआ आयोजन, प्रबुद्धजनों ने की पुस्तक की सराहना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के जीवन, संघर्ष, विचार और जनसेवा को प्रतिबिंबित करती पुस्तक जनसेवक जयवीर का भव्य विमोचन बुधवार को लखनऊ के बौद्ध शोध संस्थान, गोमतीनगर में संपन्न हुआ। प्रभात प्रकाशन द्वारा प्रकाशित इस पुस्तक का लोकार्पण शंख ध्वनि एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। कार्यक्रम में देश के शिक्षा, संस्कृति, साहित्य और सामाजिक क्षेत्र के कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्व्वलन एवं वैदिक मंगलाचरण से हुई। तत्पश्चात मंचस्थ अतिथियों का पुष्पगुच्छ और पुस्तक से स्वागत किया गया। प्रकाशक डॉ. पीयूष कुमार ने स्वागत वक्तव्य में कहा कि ïयह पुस्तक एक जनप्रतिनिधि की गहराई से की गई जीवन-यात्रा का लेखा-जोखा है। इस अवसर पर जननायक जयवीर सिंह पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया, जिसकी दर्शकों ने सराहना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी, कुलपति, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली ने पुस्तक के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि जयवीर सिंह का जीवन राजनीति और जनसेवा के संतुलित समन्वय का उदाहरण है। यह पुस्तक न केवल एक राजनेता की यात्रा है, बल्कि प्रशासनिक नवाचारों और सांस्कृतिक चेतना की प्रेरक गाथा भी है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश वह राज्य है जहां देश में सबसे पहले आक्रमण हुए थे लेकिन यह राज्य सांस्कृतिक विकास का मॉडल बन गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संकल्पों की वजह उपलब्धि हासिल हुई है। गर्व की बात है कि जयवीर सिंह सेनानायक की भूमिका में हैं। उन्होंने कहा कि कौटिल्य ने कहा है कि किसी भी राज्य विकास के लिए इंद्रिय विजय होना आवश्यक है। हमें इस बात का फक्र है कि हमारे प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री इन्द्रिय विजय यानि संयमी है। यही संयम पर्यटन मंत्री को भी ऊंचाइयों पर पहुंचा रहा है। भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर मांडवी सिंह ने कहा कि मंत्री जी का व्यक्तित्व बहुत ही सरल और सहज है।

# 22 ट्रेनें निरस्त, दर्जनों के मार्ग बदले, यात्रियों को होगी परेशानी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुये क्षमता विस्तार हेतु अनेक प्रभावी कदम उठाये गये हैं। इसी क्रम में छपरा से बाराबंकी के मध्य ऑटोमेटिक सिगनलिंग सिस्टम लगाने का कार्य चल रहा है। अभी तक कुसुम्ही से देवरिया सदर एवं डोमिनगढ़-बस्ती-गोविन्दनगर रेल खण्डों पर ऑटोमेटिक सिगनलिंग पर ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इसको आगे बढ़ाते हुये गोरखपुर-गोण्डा रेल खण्ड पर स्थित गोविन्दनगर-टिनिच-गौर-बभनान (24.64 किमी.) के मध्य ऑटोमेटिक सिगनलिंग के कमीशन हेतु नान इण्टरलॉक कार्य किये जाने के कारण 11 एवं 12 अगस्त को ब्लाक दिये जाने के फलस्वरूप गाड़ियों का निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन, शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन, पुनर्निर्धारण किया जायेगा तथा कुछ गाड़ियों का बभनान/गौर स्टेशन पर अस्थाई रूप से ठहराव नही दिया जायेगा।

निरस्तीकरण के तहत भटनी एवं अयोध्या धाम से 11 एवं 12 अगस्त को चलने वाली 65115/65116 भटनी-अयोध्या धाम-भटनी मेमू गाड़ी निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 11 एवं 12 अगस्त को चलने वाली 55093 गोरखपुर-गोण्डा सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी तथा गोण्डा से 12 एवं 13 अगस्त को चलने वाली 55094 गोण्डा-गोरखपुर सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। गोण्डा से 11 एवं 12 अगस्त को चलने वाली 55091 गोण्डा-सीतापुर सिटी सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी तथा सीतापुर सिटी से 12 एवं 13 अगस्त को चलने वाली 55092 सीतापुर सिटी-गोण्डा सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 11 एवं 12 अगस्त को चलने वाली 55031 गोरखपुर-गोण्डा सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी तथा गोण्डा से 12 एवं 13 अगस्त को चलने वाली 55032 गोण्डा-गोरखपुर सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। गोण्डा एवं सीतापुर सिटी से 11 एवं 12 अगस्त को चलने वाली 55033/55034 गोरखपुर-सीतापुर सिटी- गोरखपुर सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। सीतापुर जं. एवं शाहजहाँपुर से 11 एवं 12 अगस्त को चलने वाली 55059/55060 सीतापुर जं.-शाहजहाँपुर-सीतापुर जं. सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। गोरखपुर एवं लखनऊ जं. से 12 अगस्त को चलने वाली 15031/15032 गोरखपुर-लखनऊ जं.-गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। लखनऊ जं. एवं पाटलिपुत्र से 12 अगस्त को चलने वाली 15034/15033 लखनऊ जं.-पाटलीपुत्र-लखनऊ जं. एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। छपरा से 10 अगस्त को चलने वाली 15114 छपरा-गोमतीनगर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी तथा गोमतीनगर से 11 अगस्त को चलने वाली 15113 गोमतीनगर-छपरा एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। छपरा एवं बहराइच से 11 एवं 12 अगस्त को चलने वाली 05131/05132 गोरखपुर-बहराइच -गोरखपुर विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। नकहा जं. एवं नौतनवा से 11 एवं 12 अगस्त को चलने वाली 55071/55072 नकहा जं.-नौतनवा-नकहा जं. सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी।

मार्ग परिवर्तन के तहत छपरा से 11 अगस्त को चलने वाली 15109 छपरा-मथुरा जं. एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोण्डा के रास्ते चलाई जायेगी। दरभंगा से 11 अगस्त को चलने वाली 12565 दरभंगा-नई दिल्ली एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोण्डा के रास्ते चलाई जायेगी। मुजफ्फरपुर से 11 एवं 12 अगस्त को चलने वाली 12557 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोरखपुर- बढ़नी-गोण्डा के रास्ते चलाई जायेगी। गुवाहाटी से 10 अगस्त को चलने वाली 15655 गुवाहाटी-श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोण्डा के रास्ते चलाई जायेगी। जयनगर से 11 अगस्त को चलने वाली 14673 जयनगर-अमृतसर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोण्डा के रास्ते चलाई जायेगी। दरभंगा से 11 एवं 12 अगस्त को चलने वाली 02569 दरभंगा-नई दिल्ली विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोण्डा के रास्ते चलाई जायेगी। बरौनी से 11 एवं 12 अगस्त को चलने वाली 02563 बरौनी-नई दिल्ली विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोण्डा के रास्ते चलाई जायेगी। भागलपुर से 11 अगस्त को चलने वाली 09412 भागलपुर-गांधीधाम विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोण्डा के रास्ते चलाई जायेगी। लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 10 एवं 11 अगस्त को चलने वाली 20103 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-आजमगढ़ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोण्डा-बढ़नी-गोरखपुर के रास्ते चलाई जायेगी। काठगोदाम से 11 अगस्त को चलने वाली 13020 काठगोदाम-हावड़ा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोण्डा-बढ़नी-गोरखपुर के रास्ते चलाई जायेगी। गोमतीनगर से 11 अगस्त को चलने वाली 15078 गोमतीनगर-कामाख्या एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोण्डा-बढ़नी-गोरखपुर के रास्ते चलाई जायेगी।

आनन्द विहार टर्मिनस से 11 अगस्त को चलने वाली 12558 आनन्द विहार टर्मिनस-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोण्डा-बढ़नी-गोरखपुर के रास्ते चलाई जायेगी। आनन्द विहार टर्मिनस से 11 अगस्त को चलने वाली 15274 आनन्द विहार टर्मिनस-रक्सौल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोण्डा-बढ़नी-गोरखपुर के रास्ते चलाई जायेगी। मथुरा जं. से 11 अगस्त को चलने वाली 15110 मथुरा जं.-छपरा एक्सप्रेस पिरिवर्तित मार्ग गोण्डा-बढ़नी-गोरखपुर के रास्ते चलाई जायेगी।

## आलमनगर व मानकनगर स्टेशनों पर ज्यादा ट्रेनों के ठहराव का सुझाव



**लखनऊ।** मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय के सभागार में किया गया । बैठक की अध्यक्षता लखनऊ मंडल के मण्डल रेल प्रबन्धक सुनील कुमार वर्मा ने की। इस बैठक में मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य, अपर मण्डल रेल प्रबंधक सहित उत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में मण्डल रेल प्रबन्धक सुनील कुमार वर्मा ने मंडल की उपलब्धियों एवं वर्तमान में चल रहे विकास कार्यों से सदस्यों को अवगत कराया ' इस बैठक में उत्तर रेलवे के अधिकार क्षेत्र में आने वाली यात्री सेवाओं, यात्री सुविधाओं के संबंध में रेल उपयोगकताओं के प्रतिनिधियों की प्रतिक्रिया और सुझाव लिए गए।

सुधीर मिश्र द्वारा चारबाग रेलवे स्टेशन पर एम्बुलेंस की समुचित व्यवस्था किए जाने का अनुरोध किया गया। राजेंद्र प्रसाद सबिता ने मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, लखनऊ में कर्मचारियों हेतु कैन्टीन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने की मांग की। अनुपम पांडे द्वारा अमेठी रेलवे स्टेशन पर शौचालय की व्यवस्था को और बेहतर बनाए जाने का सुझाव दिया गया। संदीप अग्रवाल ने मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर दिव्यांग यात्रियों हेतु पर्याप्त संख्या में रैंप व एस्केलेटर की व्यवस्था किए जाने की मांग की । राजेश सिंह द्वारा महाराजा बिजली पासी रेलवे स्टेशन (निहालगढ़) पर दिव्यांग यात्रियों के लिए एस्केलेटर एवं कोच डिस्प्ले सिस्टम की सुविधा उपलब्ध कराए जाने की मांग की गई। प्रभु जालान ने लखनऊ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 9 तथा सेकंड एंट्री को ओर एंट्री पॉइंट पर बैगेज स्कैनर की व्यवस्था सुनिश्चित करने का सुझाव दिया। के.पी. सिंह ने यात्रियों की सुविधा हेतु रेल द्वारा भेजे जाने वाले सूचनात्मक मैसेज (ट्रेन की स्थिति एवं गंतव्य स्टेशन पर पहुँचने से पूर्व सूचना) सुनिश्चित किए जाने का अनुरोध किया। हरिबंश मिश्रा ने लखनऊ रेलवे स्टेशन पर उत्तर रेलवे एवं पूर्वोत्तर रेलवे के लिए पृथक दिशा सूचक बोड की व्यवस्था किए जाने की आवश्यकता जताई। शिवानंद मौर्य द्वारा रायबरेली-ऊंचाहार रेल खण्ड पर स्थित लक्ष्मणपुर स्टेशन पर इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव किए जाने की मांग की गई। देवेंद्र शुक्ल ने आलमनगर एवं मानकनगर रेलवे स्टेशनों पर और अधिक ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित करने की मांग रखी। श्याम बहादुर ने जौनपुर में वंदे भारत एक्सप्रेस के ठहराव की आवश्यकता जताई। अनुज कुमार मिश्रा द्वारा आलमनगर रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाले अप्रोचिंग रोड को व्यवस्थित करने एवं सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किए जाने का सुझाव दिया गया।

# प्रमुख अभियंता के स्टाफ ऑफिसर बने राजवीर सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शासन ने बुधवार को लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के आठ अधीक्षण अभियंता का तबादला कर दिया। इस सम्बन्ध में विशेष सचिव प्रभुनाथ ने आदेश जारी दिया है। विभाग में प्रमुख अभियंता कार्यालय से सम्बद्ध नवप्रोन्नत अधीक्षण अभियंता (सिविल) राजवीर सिंह को स्टाफ आफिसर प्रमुख अभियंता कार्यालय के पद पर तैनात किया गया।

वहीं, नवप्रोन्नत अधीक्षण अभियंता (सिविल) सत्यवीर को मुख्यालय के भवन सेल में तैनात किया गया। नवप्रोन्नत अधीक्षण अभियंता (सिविल) अरविन्द कुमार प्रमुख कार्यालय से सम्बद्ध को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना वृत्त, लोनिवि कानपुर में किया गया। अधीक्षण अभियंता, बस्ती अशोक कुमार वर्मा को स्थानान्तरित करते हुए अधीक्षण अभियंता गोरखपुर वृत्त किया गया। नवप्रोन्नत अधीक्षण अभियंता (सिविल) चक्रेश केन सम्बद्ध प्रमुख अभियंता कार्यालय से अधीक्षण अभियंता 39वां वृत्त (भवन) पद पर तैनात किया गया। नवप्रोन्नत अधीक्षण अभियंता (सिविल) कर्मवीर सिंह को अधीक्षण अभियंता बस्ती वृत्त पद पर किया गया। इसके अलावा अधीक्षण अभियंता (सिविल) लाल जी को अधीक्षण अभियंता विश्व बैंक परियोजना वृत्त लोनिवि, कानुपर के पद पर और वरिष्ठ स्टाफ आफिसर (ई3) मेध प्रकाश को लखनऊ से स्थानान्तरित करते हुए अधीक्षण अभियंता प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना वृत्त, बरेली के पद पर तैनात किया गया।

# छात्र सभा ने किया विरोध, बैकफुट पर प्रशासन

## लविवि प्रशासन के फरमान पर बिफरे छात्र, प्रशासन ने अपने आदेश को लिया वापस

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने बीते दिनों महिला छात्रावास आवंटन में फरमान जारी किया गया था, जिसके विरोध में बुधवार को समाजवादी छात्र सभा ने प्रदर्शन किया। इस पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने अपने छात्रावास में जारी किए जाने वाले अंडरटेकिंग लेटर को वापस लिया और पुरानी प्रक्रिया के तहत ही पुरुष और महिला छात्रावासों में आवंटन प्रकिया कराने का निर्णय लिया।

बता दें कि विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से जारी फरमान में कहा गया था कि छात्रावास से सम्बन्धित कोई भी जानकारी बिना प्रोवोस्ट की अनुमति के सोशल मीडिया पर प्रसारित नहीं कर सकते और छात्रावासों की फीस में 2000 रुपये की शुल्क वृद्धि की जा रही थी। इस फरमान के विरोध में समाजवादी छात्र सभा ने छात्र हितों को ध्यान में रखकर जब अधिष्ठाता छात्र कल्याण का कार्यालय घेराव करने का घोषणा दो दिन पहले करती है तो प्रशासन ने कमेटी गठित कर 29 जुलाई को ही फीस वृद्धि का फैसला वापस ले लिया। वहीं, जब पूर्व निर्धारित डीएसडब्लयू घेराव किया गया तो प्रशासन ने मौके पर ही छात्रावास में जारी किए जाने वाले अंडरटेकिंग लेटर को वापस लिया और पुरानी प्रक्रिया के तहत ही पुरुष और महिला छात्रावासों में आवंटन प्रकिया कराने का निर्णय लिया। प्रदर्शन समाजवादी छात्र सभा लखनऊ विश्वविद्यालय ईकाई द्वारा किया गया। छात्र सभा ईकाई अध्यक्ष प्रिंस कुमार ने बताया कि छात्रों के मजबूरी को अवसर के रूप में देख छात्रों पर ये फरमान जबरदस्ती लादने का काम किया जा रहा था लेकिन विरोध जताने पर प्रशासन द्वारा छात्र हितों में लिए गए फैसले का हम स्वागत करते हैं, प्रशासन का धन्यवाद देते हैं।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव व शोध छात्र अभिषेक श्रीवास्तव मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि समाजवादी छात्र सभा छात्रों हक अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान प्रदेश सचिव छात्र सभा अक्षय यादव समाजवादी, सतीश चंद्र, छात्र नेता अविनाश यादव, इकाई उपाध्यक्ष आदित्य पांडे, रोहित यादव, शिवा जी यादव, धर्मेंद्र, नीतीश, अनमोल राय, रुद्रवीर, प्रभात, शिव पूजन, विकास पटेल, अक्षत, सूर्यांश आर्यन, प्रशांत पाल, रघुवंश, अखिलेश यादव, अभिषेक मिश्रा, आयुष यादव, मुकुल, शिवम पाल, आशीष यादव, अगस्त यादव, विशाल आदि छात्र मौजूद रहे।

## सफाई कर्मचारियों को किया गया सम्मानित



**लखनऊ।** नगर निगम जोन आठ अन्तर्गत विद्यावती वार्ड तृतीय में स्थानीय पार्षद निर्मला सिंह ने बुधवार को सफाई कर्मचारियों को स्वच्छता सर्वेक्षण में लखनऊ तीसरा स्थान मिलने पर अंगवस्त्र व उपहार से सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम जोन आठ के जोनल अधिकारी अजीत राय उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी लोग अपने घरों का कूड़ा कचरा सड़कों पर अथवा अगल-बगल खाली प्लाटों पर फेंकने के बजाय कूड़ा उठाने वाली नगर निगम गाड़ी को दें। इससे अगले सर्वेक्षण में लखनऊ को प्रथम स्थान दिलाने में मदद मिलेगी। इस सम्मान समारोह में सामाजिक कार्यों से जुड़े लोगों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद कमलेश सिंह, मंडल अध्यक्ष शिव शंकर विश्वकर्मा, महिला मोर्चा भाजपा मंडल अध्यक्ष नीता दीक्षित, सदस्य उत्तर प्रदेश बाल संरक्षण आयोग श्याम जी त्रिपाठी शालू सरदार सहित कई गणमान्य लोग व बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान विद्यावती तृतीय पार्षद पति कमलेश सिंह ने मौजूद लोगों सहित सफाई कर्मचारियों को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सफाई कर्मचारियों की मेहनत और समर्पण के कारण ही हमारा शहर स्वच्छता के मामले में तीसरे स्थान पर आ सका है। अब सफाई कर्मचारियों के ही सहयोग से प्रथम स्थान प्राप्त करना है।

# बच्चों की सुरक्षा के लिए समन्वित कार्रवाई की जरूरत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** विश्व मानव दुव्यापार विरोधी दिवस के अवसर पर संवाद सामाजिक संस्थान, की पहल पर जनपद लखनऊ के रेलवे स्टेशन लखनऊ जंक्शन , पूर्वोत्तर रेलवे पर हुए एक कार्यक्रम में बाल संरक्षण और बाल अधिकारों के क्षेत्र से जुड़े सभी प्रमुख हितधारक एक साथ आए। कार्यक्रम में आये प्रतिनिधियों ने एक सुर से स्वीकार किया कि बाल दुव्यापार यानी बच्चों की ट्रैफिकिंग से निपटने के लिए सभी एजेंसियों व विभागों को साथ मिलकर कार्य करने की सख्त जरूरत है ताकि ट्रैफिकिंग करने वाले गिरोहों में कानून का भय पैदा हो सके। संवाद सामाजिक संस्थान देश में बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए 250 से भी अधिक नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) का सहयोगी संगठन है और जनपद लखनऊ में बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए काम कर रहा है। संवाद सामाजिक संस्थान बाल श्रम, बच्चों की ट्रैफिकिंग, बाल विवाह और बाल यौन शोषण के शिकार बच्चों की सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

बच्चों की ट्रैफिकिंग से निपटने में कानून प्रवर्तन एजेंसियों के सामने आने वाली वाली चुनौतियों पर चर्चा करते हुए कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों ने सामूहिक रूप से यह माना कि मौजूदा कानूनों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, संवेदनशील तबकों को ट्रैफिकिंग गिरोहों और उनके कामकाज के तरीकों के बारे में संवेदनशील बनाना और सभी एजेंसियों के बीच समन्वय को मजबूत करना बहुत जरूरी है, ताकि मुक्त कराए गए बच्चों के लिए तय समय-सीमा में न्याय और पुनर्वास सुनिश्चित किया जा सके।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संवाद सामाजिक संस्थान के कार्यक्रम मैनेजर आलोक मिश्रा ने बताया कि पिछले कई वर्षो से बच्चों को बाल श्रम, ट्रैफिकिंग और बाल विवाह से बचाया है। संगठन ने यह रेखांकित किया कि बच्चों की ट्रैफिकिंग केवल बाल मजदूरी या मुनाफे के लिए यौन शोषण तक ही सीमित नहीं है। बहुत से बच्चे, खास तौर से लड़कियां, जबरन विवाह के लिए भी ट्रैफिकिंग का शिकार बनती हैं।

# निशानेबाजी प्रतियोगिता में वेदांशी शुक्ला ने जीता स्वर्ण पदक

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** जनपदीय स्कूल निशानेबाजी प्रतियोगिता में आई आईएम केवी की कक्षा 11 की छात्रा वेदांशी शुक्ला ने अंडर-16 वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर अपने विद्यालय, परिवार और कोच का नाम गर्व से ऊंचा किया है। वेदांशी डी शार्प शूटिंग एकेडमी, जानकीपुरम में यश्वेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं।

कोच यश्वेन्द्र सिंह ने वेदांशी की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनकी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का नतीजा है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि वेदांशी आने वाले वर्षों में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएंगी। वेदांशी की इस सफलता में उनके पारिवारिक वातावरण का भी अहम योगदान है। उनकी माता, डॉ. ममता शुक्ला, ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में जैव प्रौद्योगिकी विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर हैं। साथ ही, वह स्वयं राज्य स्तर की निशानेबाजी खिलाड़ी रह चुकी हैं, जिससे वेदांशी को खेल के प्रति प्रेरणा और मार्गदर्शन दोनों मिला है। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और साथियों ने वेदांशी को इस उपलब्धि पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## भाषा विवि में विशेष बैक पेपर परीक्षा संपन्न

**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में विशेष बैक पेपर परीक्षा का दूसरा दिन बुधवार को पूर्णतः नकल-रहित और शांतिपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह परीक्षाएं कुलपति प्रो. अजय तनेजा के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संचालित की जा रही हैं, जिसमें परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा विशेष सतर्कता बरती जा रही है। प्रथम पाली में विश्वविद्यालय द्वारा गठित फ्लाइंग स्क्वॉड के सदस्य डॉ. नीरज शुक्ला, डॉ. अता-उर-रहमान एवं डॉ. शान-ए-फातिमा द्वारा परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के बाद उन्होंने परीक्षा प्रक्रिया के नकल-रहित, व्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण संचालन की पुष्टि की। द्वितीय पाली में डॉ. मनीष एवं डॉ. नलिनी मिश्रा ने फ्लाइंग स्क्वॉड के सदस्य के रूप में परीक्षा की निगरानी की और सभी व्यवस्थाओं का सूक्ष्म निरीक्षण किया। परीक्षा समन्वयन एवं पर्यवेक्षण में डॉ. आरके त्रिपाठी (सीएस), डॉ. आजम अंसारी, डॉ. सुमन मिश्रा एवं डॉ. श्वेता अग्रवाल (एसीएस) का भी उल्लेखनीय योगदान रहा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 की प्रवेश प्रक्रिया भी तीव्र गति से संचालित हो रही है। प्रवेश को लेकर छात्रों की उत्साही भागीदारी देखने को मिल रही है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा सभी परीक्षाओं एवं प्रवेश प्रक्रियाओं को पारदर्शी, सुचारु एवं छात्रहित में सम्पन्न कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

## बीटेक में प्रवेश के लिए 33333 अभ्यर्थियों को हुई सीट आवंटित

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के संबद्ध संस्थानों के बीटेक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया के तहत जेईई की रैंकिंग के आधार पर बुधवार को 33333 अभ्यर्थियों को सीट आवंटित हुई। 41951 ने च्वॉइस फिलिंग भरी थी। सीट कंफर्मेशन और ऑनलाइन विलिंगनेस फ्रीज या फ्लोट 30 जुलाई से एक अगस्त तक होगा। विश्वविद्यालय परिसर में सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज में इस सत्र से बीटेक शुरू किया जा रहा है। इसमें कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर साइंस इन एआई एंड एमएल, वीएलएसआई डिजाइन और मैकेनिकल एंड मेकाटॉनिक्स ब्रांच में 180 सीट है। जिसमें से पहले राउंड की काउंसलिंग में 171 सीटें आवंटित हो गयी है। इसी तरह सरकारी कॉलेजों में बीआइटी झांसी में 557, उत्तर प्रदेश टेक्ससाइल्स टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट कानपुर में 244, इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी लखनऊ में 606, केएनआईटी सुल्तानपुर में 487, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉर्पेट टेक्नोलॉजी भदोही में 35, आरईसी बांदा में 187, आरईसी बिजनौर में 168, आरईसी आजमगढ़ में 119, आरईसी अम्बेडकरनगर में 166, आरईसी कन्नौज में 265, आरईसी मैनपुरी में 315, आरईसी सोनभद्र में 236, आरईसी बस्ती में 231, आरईसी गोण्डा में 180, आरईसी मिजार्पुर में 247 और आरईसी प्रतापगढ़ में 195 सीटें आवंटित की गयी है।

# लर्निंग बाई डूइंग से संवरेगी बेसिक शिक्षा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश में शिक्षा को नवाचार और व्यावहारिकता से जोड़ने की दिशा में एक नई पहल की जा रही है। लर्निंग बाई डूइंग कार्यक्रम के तहत योगी सरकार अब शिक्षकों को भी प्रयोगधर्मी और तकनीकी दक्षता से संपन्न बनाने की ओर अग्रसर है। समग्र शिक्षा अभियान और पीएम श्री योजना के तहत चयनित विद्यालयों के विज्ञान व गणित शिक्षकों, तकनीकी अनुदेशकों, डायट के मास्टर ट्रेनर्स के साथ-साथ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) की शिक्षिकाओं को भी इस प्रशिक्षण में शामिल किया गया है।

लखनऊ स्थित उद्यमिता विकास संस्थान और दीन दयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान में आयोजित इस चरणबद्ध आवासीय प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण पद्धतियों से लैस कर विद्यार्थियों के लिए कक्षा शिक्षण को अधिक प्रभावी, रोचक और सीखने योग्य बनाना है।

यूनिसेफ और स्टार फोरम-विज्ञान आश्रम द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किये जाने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत 5 अगस्त 2025 से होकर विभिन्न चरणों में 18 मार्च 2026 तक चलेगी, जिसमें चार श्रेणियों के प्रतिभागी प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

विज्ञान और गणित विषयों को समझने की प्रक्रिया को सरल और अनुभवजन्य बनाने के लिए लर्निंग बाई डूइंग मॉडल पर विशेष बल दिया जा रहा है। इस उद्देश्य को साकार करने के लिए प्रदेश के प्रत्येक जनपद से चयनित विज्ञान विषय के दो प्रवक्ताओं को मास्टर ट्रेनर के रूप में 4 दिवसीय ळडळ प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### इन श्रेणियों के शिक्षकों की इतनी है संख्या

प्रशिक्षण में डायट प्रवक्ताओं (मास्टर ट्रेनर्स) की कुल संख्या 76 है। इसके अतिरिक्त, चयनित 2274 विद्यालयों से अनुमानित 2074 विज्ञान/गणित शिक्षक और तकनीकी अनुदेशक प्रशिक्षण में भाग लेंगे। वहीं, 3288 नवीन विद्यालयों (केजीबीवी सहित) से लगभग 1888 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण में सम्मिलित किया जाएगा। इस चरण में केजीबीवी की शिक्षिकाओं को भी वर्ष 2025-26 के दौरान प्रशिक्षण से जोड़ा जाएगा। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि लर्निंग बाई डूइंग कार्यक्रम प्रदेश के शिक्षा तंत्र को एक नई दिशा देने जा रहा है। यह पहल न केवल शिक्षकों को शिक्षण में दक्ष बनाएगी, बल्कि छात्र-छात्राओं को भी प्रयोग आधारित, रुचिकर और तार्किक शिक्षण का अनुभव प्रदान करेगी।

### इन तिथियों में होंगे प्रशिक्षित

- 01-03 अगस्त 2025ः मास्टर ट्रेनर्स का 3 दिवसीय टीओटी
- 05-08 अगस्त 2025ः मास्टर ट्रेनर्स का 4 दिवसीय प्रशिक्षण
- 11-14 अगस्त और 18-21 अगस्तः 2274 चयनित विद्यालयों के शिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण
- 22 अगस्त-18 अक्टूबर और 03 नवम्बर -14 फरवरी 2026 चरणबद्ध जिलावार प्रशिक्षण
- 16 फरवरी-18 मार्च : 3288 नवीन विद्यालयों के शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण

इनके अलावा 2024-25 में चयनित 2274 विद्यालयों के विज्ञान और गणित विषय के अध्यापकों एवं तकनीकी अनुदेशकों को 2 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण प्राप्त होगा तथा 2025-26 में चयनित 3288 नवीन विद्यालयों (केजीबीवी समेत ) के विज्ञान और गणित शिक्षकों को 3 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा।

विद्यालयों और समुदाय के बीच सेतु बनाते हुए प्रत्येक जनपद के जिला समन्वयकों (सामुदायिक सहभागिता) को भी 2 एवं 3 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाना प्रस्तावित है।

# बीबीएयू : एडमिशन प्रवेश प्रक्रिया में एनईपी सारथी की ओर से हेल्प डेस्क की स्थापना

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू), लखनऊ में बुधवार को एडमिशन प्रवेश प्रक्रिया में विद्यार्थियों को सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से एनईपी सारथी, बीबीएयू की ओर से एक हेल्प डेस्क की स्थापना की गई। यह हेल्प डेस्क विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल के कुशल मार्गदर्शन एवं एनईपी 2020 इंप्लीमेंटेशन कमेटी, बीबीएयू की चेयरपर्सन प्रो. संगीता सक्सेना एवं नोडल अधिकारी डॉ. सुभाष मिश्रा के नेतृत्व एवं सहयोग से संचालित की गयी, जिसके अंतर्गत विश्वविद्यालय एनईपी सारथी वर्षा, वैष्णवी मिश्रा और विश्वजीत का अहम योगदान रहा।

इस हेल्प डेस्क के माध्यम से न केवल परामर्श प्रक्रिया में आए विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया, बल्कि उन्हें राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के उद्देश्यों और इससे होने वाले लाभों के प्रति भी जागरूक किया गया। विद्यार्थियों को एनईपी 2020 के तहत उपलब्ध अकादमिक लचीलापन, बहु-विषयक अध्ययन, कौशल विकास और समग्र शिक्षा दृष्टिकोण के विषय में जानकारी दी गई। यह पहल बीबीएयू द्वारा छात्र कल्याण और एनईपी 2020 के प्रभावी कार्यान्वयन के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ती है। विश्वविद्यालय का यह प्रयास छात्रों को सशक्त बनाने और नई शिक्षा नीति के विजन को जमीनी स्तर पर साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## उप नेता पार्षद ने नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



**लखनऊ।** लखनऊ नगर निगम में उपनेता पार्षद दल देवेन्द्र सिंह यादव (जीतू) के नेतृत्व में पार्षदों के प्रतिनिधिमण्डल द्वारा जोन- सात के बाबू जगजीवन राम वार्ड में शहीद कैप्टन मुकेश श्रीवास्तव पार्क की बदहाली के सम्बन्ध में नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया है कि शहीद कैप्टन मुकेश श्रीवास्तव की मूर्ति का अनावरण तत्कालीन रक्षा मंत्री स्व. मुलायम सिंह यादव ने 16 अक्टूबर 2003 को किया था जिसकी राजनैतिक द्वेष के कारण अनदेखी हो रही है। प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व नगर आयुक्त को 26 जुलाई 2024 ज्ञापन दिया था जिस पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। भाजपा सरकार में शहीदों के नाम से बने पार्को की देख-रेख भी सही से नहीं हो पा रही है। ज्ञापन देने वाले प्रतिनिधिमण्डल में सुभाष रावत पार्षद अम्बेडकर नगर वार्ड, कन्हैया माधोपुर वार्ड के पार्षद राम नरेश चौरसिया, कश्मीरी मोहल्ला वार्ड के पार्षद लाइक आगा, कदम रसूल वार्ड के पार्षद मोहम्मद नदीम, राजा बिजली पासी प्रथम वार्ड से पार्षद रजनी यादव एवं प्रतिनिधि प्रमोद यादव, गढ़ी पीर खां वार्ड से पार्षद प्रतिनिधि अल्ला प्यारे एवं मल्हौर वार्ड से पार्षद ममता रावत प्रमुख रूप से उपस्थित रही।

संक्षेप

## किसानों के लिए बागवानी के तहत कार्यक्रम स्वीकृत

**देवरिया।** जिला उद्यान अधिकारी ने बताया है कि निदेशालय उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, लखनऊ द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनांतर्गत जनपद देवरिया को विभिन्न कार्यक्रमों की स्वीकृति प्रदान की गई है। सिंघाड़ा, प्याज, लहसुन, जैविक खेती, घेराबन्दी, सब्जियों हेतु मचान, फूट कवर बंच कवर, बागों में पुराने पौधों / शाखाओं को निकालना, मसाला सीड (धनिया, मेथी, सौंफ, जीरा, अजवाइन), हल्दी, पॉवर नैपसेक स्प्रेयर (12-16 लीटर), ईको फेडली लाईट ट्रैप, केला, पपीता, ड्रैगन फूट, बेल, संकर शाकभाजी जनपद हेतु प्राप्त हुआ है। इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए किसानों को पोर्टल पर अपना ऑनलाइन पंजीकरण करना अनिवार्य है। पंजीकरण के समय खतौनी, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की प्रति और एक पासपोर्ट साइज फोटो आवश्यक होगी।

# पुरानी रंजिश को लेकर चाकूबाजी एक की मौत, दूसरा गंभीर

**कुशीनगर।** जिले के पड़रौना कोतवाली क्षेत्र के दरबार रोड स्थित छुट्टिहा गेट के पास मंगलवार देर रात नागपंचमी के अवसर पर निकली डोल जुलूस के दौरान दो पक्ष के युवकों में चाकूबाजी हो गई, जिसमें एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक युवक

**● नागपंचमी के अवसर पर निकला डोल जुलूस में ऑर्केस्ट्रा पर फरमाइशी गीत बजाने को लेकर दो पक्षों के युवकों में बढ़ा था विवाद**

गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायल युवक का इलाज पुलिस के देख- रेख में चल रहा है। जानकारी के अनुसार नागपंचमी के अवसर पर इंदिरा नगर कॉलोनी से निकले डोल जुलूस में ऑर्केस्ट्रा पर फरमाइशी गीत बजाने को लेकर प्रथम पक्ष के सागर कुमार पुत्र सुनील उम्र लगभग 19 वर्ष निवासी राधा कृष्ण कालोनी आदि व द्वितीय पक्ष के अंशु पटेल पुत्र बृजेश पटेल उम्र लगभग 18 वर्ष निवासी भटवलिया आदि के मध्य पुराने विवाद को लेकर कहासुनी व मारपीट हुआ। इसी दौरान दोनों पक्ष मार-पीट कर चाकू से एक दूसरे पर हमला कर दिए। जिससे सागर व द्वितीय पक्ष के अंशु पटेल घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को ईलाज हेतु जिला संयुक्त चिकित्सालय रविन्द्रनगर धूस में भर्ती कराया गया। जहां ईलाज के दौरान सागर कुमार की मृत्यु हो गयी है व द्वितीय पक्ष के अंशु पटेल का पुलिस की निगरानी में इलाज चल रहा है।

### हत्या के घटना में शामिल 07 को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पुरानी रंजिश में दो पक्षों के युवकों में हुई चाकूबाजी में सागर कुमार के मौत के मामले में पुलिस ने हत्या सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए 07 युवकों को गिरफ्तार किया है।



गिरफ्तार हुए युवकों में राज वर्मा पुत्र गुड्डू वर्मा निवासी रामधाम पोखरा, करन चौहान पुत्र अशोक चौहान निवासी कसेरा टोली, आजाद सिंह पुत्र बाबूलाल सिंह निवासी इन्दिरानगर, आदित्य सिंह उर्फ लड्डू पुत्र स्व0 रवि सिंह निवासी बाड़ी टोला, रोशन उर्फ ठाकुर पुत्र स्व0 आत्मा निवासी जटहां रोड इन्दिरानगर, प्रिंस यादव पुत्र अजय यादव निवासी सरदार पटेल नगर व हैप्पी सिंह पुत्र लालबहादुर सिंह निवासी बेलवा जंगल शामिल है।

## एंबुलेंस के चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

कुशीनगर। जिले के रामकोला थाना क्षेत्र में बुधवार की सुबह एक सड़क हादसे में 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसा रामकोला-पड़रौना मार्ग स्थित मेहदीगंज इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के समीप हुआ।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह करीब 6 बजे विकाश पुत्र दुखी मद्धेशिया, निवासी ग्राम माधवपुर गौजही, अपनी पल्सर बाइक से पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भराने जा रहा था, इसी दौरान पीछे से आ रही अनियंत्रित निजी एंबुलेंस की चपेट में आ गया।

बताया जाता है कि एंबुलेंस इतनी अनियंत्रित थी कि गाड़ी में फंसे युवक विकास को 50 मीटर तक घसीटते हुए लेकर गई। जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

## छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु संशोधित समय-सारणी जारी

**देवरिया।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अविनाश मणि त्रिपाठी ने अवगत कराया है कि मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा पूर्वदशम एवं दशमोत्तर (कक्षा 11-12) छात्रवृत्ति / शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत समय-सारणी निर्गत की गई है। इसके अनुक्रम में निदेशालय, पिछड़ा वर्ग कल्याण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु पूर्वदशम (कक्षा 9-10) एवं दशमोत्तर (कक्षा 11-12) छात्रवृत्ति / शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत छात्रवृत्ति आवेदन से लेकर वितरण तक की समस्त शुसंगत कार्यवाही हेतु संशोधित समय-सारणी निर्गत की गई है उपरोक्त के क्रम में जनपद के समस्त शासकीय, अर्धशासकीय एवं मान्यता प्राप्त पूर्वदशम एवं दशमोत्तर शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्य, प्राचार्य एवं नामित नोडल छात्राओं को सूचित किया जाता है कि वे संशोधित समय-सारणी से अवगत होते हुए निर्धारित समय-सीमा में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

## पंचायत चुनाव के कार्यों में जुट जायें कार्यकर्ता : भूपेंद्र सिंह



**देवरिया ।** त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर क्षेत्र के औरा चौरी स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक की ।बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि पंचायत चुनाव नजदीक है, परिसीमन पर आपत्ति दाखिल करने का अंतिम समय 2 अगस्त तक है इसलिए पीसीमन में वार्डों को लेकर जिसको भी आपत्ति देनी है वो 2 अगस्त तक पार्टी कार्यालय पर संपर्क करके अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है ।इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीशचंद तिवारी तथा पंचायत चुनाव के जिला संयोजक श्रीनिवास मणि त्रिपाठी की उपस्थिति में जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने आपत्तिकर्ता से आपत्ति पत्र लिया ।उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार के जनहित के कार्यों को जनता के बीच रखते हुए पंचायत चुनाव में शानदार प्रदर्शन सुनिश्चित करने हेतु पार्टी कार्यकताओं को अभी से ही तैयारी शुरू कर देनी चाहिए ।जनपद के सभी वार्डों में पार्टी के उम्मीदवार विजई हों इसके लिए हमे कठिन परिश्रम करना होगा ।उन्होंने कहा कि शीर्ष नेतृत्व द्वारा आगे जो भी निर्णय लिया जाएगा उससे सभी को अवगत कराया जाएगा ।बैठक के दौरान जिला महामंत्री श्रीनिवास मणि त्रिपाठी, रविंद्र कौशल, निर्मला गौतम, आनंद शाही, डा अर्चना पांडे, जिला मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, दुर्गेशनाथ त्रिपाठी, कृष्णानंद गिरी, आराधना पांडे, पूर्व नगर अध्यक्ष संजय पांडे, मनमोहन सिंह अप्पू, बिजेंद्र कुशवाहा, अक्षय प्रताप सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे ।

# स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों पर बंद होने का खतरा मंडराया

बरहज. देवरिया ।एक तरफ प्रदेश सरकार उच्च शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए नित नए नए प्रयोग कर रही है तो दूसरी तरफ उच्च शिक्षण संस्थानों में इस सत्र में प्रवेशार्थियों की भारी कमी के चलते अधिकांश स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों में ताला लटकने का खतरा मंडराने लगा है। विशेष रूप से स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संचालित होने वाले परास्नातक पाठ्यक्रमों की स्थिति यह है कि जुलाई के अंतिम सप्ताह तक शायद ही किसी पाठ्यक्रम में दर्जन भर छात्रों ने नामांकन कराया हो।प्रवेश की यह भयावह स्थिति इस बात का संकेत है कि आने वाले दिनों में बहुत सारे स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों पर बंद होने का खतरा मडराएगा। उच्च शिक्षा संस्थानों में नई शिक्षा नीति के तहत कला, विज्ञान और वाणिज्य संकाय में सेमेस्टर प्रणाली लागू होने के बाद छात्र छात्राओं का इन पाठ्यक्रमों से मोह भंग होने लगा है। डा.अजय कुमार मिश्र बताते हैं कि व्यवसायिक पठ्यक्रमो की तरफ रुझान बढ़ा है।वर्ष में दो बार परीक्षा ,प्रत्येक सेमेस्टर के प्रत्येक प्रश्नपत्र में असाइनमेंट और प्रोजेक्ट का बोझ ,माइनर और वोकेशनल प्रश्न पत्रों के अतिरिक्त बोझ ने छात्र छात्राओं का इन परंपरागत पाठ्यक्रमों से मोह भंग कर दिया गया है। तहसील क्षेत्र बरहज के अधिकांश महाविद्यालयों के यदि पिछले 5 साल के प्रवेश का तुलनात्मक अध्ययन किया जाए तो प्रवेश की स्थिति बद से बदतर दिख रही है। तहसील क्षेत्र के किसी भी महाविद्यालय में अब तक विश्वविद्यालय द्वारा आवंटित सीटों के सापेक्ष एक तिहाई सीटों पर भी प्रवेश नहीं हो पाया है। तो अधिकांश छात्र छात्राओं के उपस्थति का प्रतिशत ही पूरा नहीं हो पाएगा। महाविद्यालय संचालको के ललाट पर पसीने के बल आने लगे हैं। प्रवेश की इस स्थिति को देखकर उन्हें यह भय सताने लगा है यदि प्रवेश की यही स्थिति रही तो इन पाठ्यक्रमों का संचालन मुश्किल हो जाएगा।

# समस्याओं को लेकर एसई से मिला भाकियू का प्रतिनिधिमंडल

जिला संवाददाता

**देवरिया ।** बरियारपुर बिजली घर से जुड़े दर्जनों समस्याओं को लेकर आज बिजली विभाग के अधिशाषी अभियंता अमित सिंह व अधिशासी अभियंता अमित सक्सेना से भाकियू का प्रतिनिधिमंडल पूर्वी उ०प्र० उपाध्यक्ष किसान नेता विनय सिंह

**● 6 अगस्त को बिजली घर पर होगी महापंचायत**

सैंथवार के नेतृत्व में मिलकर ज्ञापन सौंपा एवं चेतावनी दी कि आगामी 6 अगस्त को बिजली घर पर भाकियू द्वारा महापंचायत बुलाई गई है जिसमें आर पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। भाकियू पूर्वी उ०प्र० उपाध्यक्ष किसान नेता विनय सिंह सैंथवार ने कहा कि वर्तमान समय में बरियारपुर विद्युत उप केन्द्र देवरिया जिले का सबसे बड़ा विद्युत उप केन्द्र है जहां दो अवर अभियंता की तैनाती है मगर बिजली व्यवस्था एकदम जर्जर स्थिति में है। वर्तमान समय में बरियारपुर क्षेत्र में बिजली को और अच्छे से सुचारू करने के लिए दो विद्युत सब स्टेशन




की और आवश्यकता है। बहुत दिनों से नौतन फीडर के ग्राम पंचायत गुड्डीजोर में नए विद्युत उपकेंद्र एवं गोरया फीडर के सिधुवा ग्राम पंचायत में नए विद्युत उपकेंद्र लगाने की भारतीय किसान यूनियन द्वारा बहुत दिनों से मांग की जा रही है मगर विभागीय अधिकारियों की लापरवाही से इस पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है जिससे यह समस्या और भी विकराल रूप लेता जा रहा है जिसके कारण किसान यूनियन को आन्दोलन करना पड़ रहा हैं ।भाकियू जिलाध्यक्ष गिरीश नारायण शाही उर्फ बड़े शाही ने कहा कि डीजल इतना महंगा हो गया है की हर किसान अपनी खेतों की सिंचाई बिजली से करना चाहता है मगर हर खेतों में बिजली उपलब्ध न होने से किसान डीजल से सिंचाई करने को मजबूर है मगर गांव के नजदीक बहुत सारे ऐसे खेत हैं जो बिजली के बगल में है मगर बिजली कर्मियों के निष्क्रियता एवं धन उगाही से नलकूप कनेक्शन पर अधिक पैसा मांगने की वजह से किसान का नलकूप कनेक्शन नहीं हो पा रहा है।

जिला संयोजक सदानंद यादव ने कहा कि बरियारपुर नगर पंचायत को टाउन का दर्जा मिले आज कई साल हो गया मगर टाउन के लिए अलग फीडर नहीं बन पाया जिससे उपभोक्ताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । भाकियू जिला महासचिव धनंजय सिंह ने कहा कि बरसात का समय शुरू हो गया है मगर विभागीय अधिकारियों द्वारा पेड़ों की कटाई छटाई नहीं कराई जा रही है जिससे आपूर्ति में बाधा आ रही है ।

बरियारपुर से जुड़े बिजली के दर्जनों समस्याओं को लेकर दिनांक 6 अगस्त को बरियारपुर विद्युत केंद्र पर एक बड़ी महापंचायत करके जिला प्रशासन एवं सरकार को अवगत कराया जाएगा ।

इस अवसर पर ज्ञापन देने वालों में भाकियू युवा जिला उपाध्यक्ष बृजेश यादव, सुरेंद्र चौहान शेषनाथ सिंह सत्याग्रह सरोज इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## रेलवे स्टेशन में यात्रियों को किया जागरूक




**बांदा।** एसपी के निर्देश पर विश्व मानव दुर्व्यवहार विरोधी दिवस पर संयुक्त चेकिंग एवं जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। संयुक्त टीम ने रेलवे स्टेशन पर विशेष चेकिंग और जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान यात्रियों को मानव तस्करी, बालश्रम, बालभिक्षावृत्ति व बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के बारे में जागरूक किया गया। यात्रियों को पंपलेट बांटकर मानव तस्करी के विरूद्ध पुलिस के सहयोग और ग्रामीण परंपरा विकास संस्थान के संचालित बाल संरक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी गयी। ट्रेन में यात्रा कर रहे यात्रियों को बच्चा चोरी, मानव तस्करी और जहर खुरानी जैसे अपराधों के बारे में सतर्क किया गया। बच्चों को परिजनों के साथ रहने की सलाह दी गयी। इस दौरान संस्थान प्रतिनिधि प्रभारी निरीक्षक सुरूचि द्विवेदी, उप निरीक्षक संदीप कुमार यादव, सहायक उप निरीक्षक विनय कुमार, आरक्षी, ग्रामीण परंपरा विकास संस्थान चित्रकूट के विनोद कुमार, शिवम यादव, साथी संस्था से प्रमोद तिवारी, रेखा चैधरी शामिल रहे।

## प्रोफेसर डॉ. गोविंद कुमार वर्मा की हृदयगति रुकने से मौत, छाया मातम

**भटनी(देवरिया)।** थाना खामपार के नन्दपुर के निवासी डॉ. गोविंद कुमार वर्मा की मृत्यु मुजफ्फरपुर से पटना उपचार के लिए ले जाते समय हृदयगति रुकने से मृत्यु हो गयीं ।घाटी बाजार प्रतिनिधि के अनुसार कुछ दिन घर आये थे मकान का कार्य कराकर माता - पिता पत्नी व 6वर्षीय पुत्र के साथ गाड़ी चला कर मुजफ्फरपुर जा रहे थे ।अचानक सीने में दर्द होने पर परिजन मुजफ्फरपुर के निजी अस्पताल में ले गये ।जहाँ हालत ठीक न होने पर उपचार के लिए पटना ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही मृत्यु हो गयी ।मृत्यु की सूचना पर गांव एवं घर में मातम छा गया ।डॉ. वर्मा पीटीइसी चंदवारा मे प्रवक्ता के पद पर कार्यरत थे ।विधायक सभाकुँवर कुशवाहा डाँ अरविंद सहाय सेवानिवृत्त जज व भाजपा नेता अशोक सिंह कुशवाहा ने शोक व्यक्त करते हुए अपनी श्रध्दांजलि अर्पित किया ।वही अन्तिम संस्कार में डॉ. लुकमानी, कृष्णमणि तिवारी, ग्राम प्रधान अभिमन्यु यादव ,जितेन्द्र यादव, संजय तिवारी यादव,लाल कुशवाहा, रमेश यादव, गुड्डू, चौरसिया, अनिरुद्ध वर्मा सहित भारी संख्या में लोग खनुआ नदी पर शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित किया ।परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है ।

# मुझे दर्द उल्फत का सुकून ओ चैन...

जिला संवाददाता

**देवरिया।** नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा आयोजित तुलसी जयन्ती समारोह के पूर्व संध्या पर प्रसिद्ध गीतकार दयाशंकर कुशवाहा की अध्यक्षता में आयोजित काव्य संध्या में कवि गण ने विभिन्न रस, छन्द, भाव रंग से सज्जित कविताएं सुनाकर उपस्थित श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। गीतकार सरोज कुमार पाण्डेय ने हम सावन हैं, आए हैं तुम खूब नहाओ जी गीत से सावनी छटा बिखेरी। वरिष्ठ कवि इन्द्र कुमार दीक्षित ने कैसे कैसे हैं बदलाव सुधियां हुई पराई कविता के माध्यम से गोष्ठी को नया आयाम दिया। कवयित्री क्षमा श्रीवास्तव ने जलाकर दीप राहों में हम आंगन भी सजाते हैं के द्वारा घर और समाज दोनों के बीच सामंजस्य का संदेश दिया। फिर पार्वती देवी गौरा ने घटा घिरी आईल ए हरि गीत से सावनी फुहार में सबको भिगो दिया। इसी भाव को आगे बढ़ाते कीर्ति त्रिपाठी ने छम छम बूंदों की नूपुर पहन गीत



प्रस्तुत किया। प्रसिद्ध गीतकार और गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे दयाशंकर कुशवाहा ने हे राम एक बार फिर पधारिए गीत से राम और तुलसीदास दोनों का आह्वान किया। गजल कारा अंजलि अरोड़ा खुशबू ने मुझे दर्द उल्फत का सुकून ओ चैन देता है, गजल सुनायी। गोष्ठी के संयोजक नित्यानंद आनन्द ने पगनि कब चलिहों चारों भैया गीत सुनाया। गीतकार सौदागर सिंह ने कजरी गीत बरसत पनिया में न हमके तरसाव पिया पर सबको झूमने को विवश किया। कवि गोष्ठी में प्रार्थना राय, छेदी प्रसाद गुप्त विवश, लालता प्रसाद चौधरी, कौशल किशोर मणि ने भी अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। संचालन करते हुए रमेश सिंह दीपक ने रचना सिया राम जी कि न्यारी गाये दुनिया सारी ना गीत के द्वारा सीता राम को प्रणाम निवेदित किया। सभा के उपाध्यक्ष डॉ दिवाकर प्रसाद तिवारी ने अब सीढियां चढ़ने नहीं देती, किसी को ऊपर जाने नहीं देती नये भाव बोध की कविता सुनाई और वर्तमान सामाजिक व्यवस्था को रेखांकित किया। सभा के मंत्री डॉ अनिल कुमार त्रिपाठी ने सभी का आभार जताया। अंत में कवि महेंद्र प्रताप गौड़ के माता के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी।

# रामचरितमानस मानव कल्याण का ग्रंथ : वीरेंद्र मणि

**देवरिया, ।** सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मंदिर देवरिया के माधव सभागार में गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। छात्रों ने सस्वर मानस पाठ करके माहौल को राम मय बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डा.विरेंद्र मणि,पुर्व विभागाध्यक्ष मनोविज्ञान,संत विनोबा डिग्री कॉलेज के कर कमलों द्वारा गोस्वामी तुलसीदास जी के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पार्चन करके हुआ। समारोह को संबोधित करते हुए डा.विरेंद्र मणि जी ने कहा कि राम चरित



मानस जनमानस के उद्धार और जनमानस में ईश भक्ति की परंपरा को दृढ़ करने का काम करती है। तत्कालीन मुगल काल में जब ईश भक्ति और सनातन संस्कृति पर तमाम संकट आ गया था।

तीर्थ यात्रा, धार्मिक गतिविधियां तलवारों के बल पर तिरोहित हो रही थी। गोस्वामी जी ने रामचरित मानस की रचना कर आम जन के लिए सहज भक्ति की धारा मे डुबने का महामंत्र दिया जिससे हिंदू सनातन संस्कृति उस आपद काल में संचित रही है। सामाजिक कुरीतियों और स्वार्थ, छल कपट, चारित्रिक पतन के उस दौर में मानस की चौपाईयों ने समाज को परोपकार, और सदाचार को अपनाने के लिए एक सहज सुलभ भाषा में ज्ञान का भंडार प्रस्तुत करने का काम किया था ।यह ज्ञान का कोई जटिल, गणितीय, अथवा व्याकरण की शुद्धता से बंधा हुआ या घिरा हुआ नहीं है, जब गोस्वामी जी कहते है..₹परहित सरिस धरम नहिं भाई, परपीड़ा सम नहीं अधमाई ₹तो सारी मानवता को वसुधैव कुटुंबकम्का संदेश मिलता प्रतीत होता है। श्री मणि जी ने जीवन में सादगी सदाचार और लक्ष्य के प्रति अडिग रहने के गुण को आत्मसात करने का आह्वान किया। अतिथि परिचय के तत्पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अनिरुद्ध सिंह जी ने मुख्य अतिथि को भगवा वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन श्री अक्षयवर त्रिपाठी व सहयोग मनोज कुंदन ने किया ।इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य श्री अखिलेश दीक्षित जी, अशोक यादव जी, यजुर्वेद त्रिपाठी जी, दीलीप श्रीवास्तव जी, राजकुमार पांडे जी, योगेन्द्र त्रिपाठी जी आदि आचार्य मौजूद रहे।

## कृषि विश्वविद्यालय और बुद्धा थीम पार्क का किया गया निरीक्षण



**कुशीनगर।** राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार व जिले के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने निर्माणाधीन गौतम बुद्ध कृषि एवं प्राद्योगिकी विश्वविद्यालय और बुद्धा थीम पार्क का निरीक्षण किया तथा गुणवत्ता पूर्ण कार्य समया अवधि में पूरा कराए जाने के निर्देश कार्य दाई संस्थाओं को दिये ।मंत्री ने सर्व प्रथम बुद्धा थीम पार्क का निरीक्षण किया और संबंधित कार्यदाई संस्था के अधिकारियों से जानकारी ली तथा बुद्ध की विभिन्न मुद्राओं को प्रदर्शित किए जाने के लिए बने टेबलों को व्यवस्थित करने को कहा।

इसके बाद पौधरोपण किया तत्पश्चात कृषि विश्वविद्यालय के प्रोजेक्ट कार्यालय पहुंच कर कार्यालय में प्रदर्शित विश्वविद्यालय के मॉडल का अवलोकन किया। उक्त के विस्तृत जानकारी सीडीओ गुंजन द्विवेदी ने दिया, तदोपरान्त लोकनिर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अर्जुन मिश्रा, कार्यदाई संस्था के अधिकारियों सहायक अभियंता विजय वाजपाई, प्रोजेक्ट इंजीनियर श्यामाचरण शुक्ला, सोनू सिंह पटेल, वेंकट नारायण से निर्माण को लेकर जानकारी ली और नवीन तकनीकी अपनाए जाने पर जोर दिया और कहा कि जब यहां छात्रों की संख्या बढ़ेगी तो उसको भी ध्यान में रखकर निर्माण कार्य कराया जाय। निरीक्षण दौरान निर्माण में आ रही समस्याओं और अड़चनों को दूर किए जाने के निर्देश देने के साथ ही निर्देशित किया कि लक्ष्य निर्धारित कर निर्माण कार्य पूरा होना चाहिए। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष, कसया विधायक, पडरौना, खड्डा, उपनिदेशक कृषि, पर्यटन सूचना अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# प्रभारी मंत्री ने विकास कार्यक्रमों और कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** जिले के प्रभारी मंत्री/राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार, कृषि निर्यात उ0प्र0 दिनेश प्रताप सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में

**● योजनाओं का मंशानुरूप शत प्रतिशत किया जाएगा क्रियान्वयन: डीएम**

शासन द्वारा संचालित विभिन्न विकास योजनाओं, निर्माण कार्यों व कानून व्यवस्था आदि की समीक्षा बैठक की गई ।बैठक में उद्यान विभाग, भवन निर्माण, सड़क निर्माण, पेंशन योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ, मनरेगा, नगर निकाय, निपुण भारत , ऑपरेशन कायाकल्प, स्वास्थ्य, प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास योजना(शहरी/ग्रामीण), महिला एवं बाल विकास, कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, पंचायत राज विभाग, विद्युत विभाग, कानून व्यवस्था, पर्यटन विकास , चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, मत्स्य, पशुधन, दिव्यांग एवं वृद्धा पेंशन, सिंचाई एवं जल संसाधन व उद्योग विभाग आदि के विकास कार्यों तथा विभागीय जनकल्याणकारी संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा हुई। समीक्षा बैठक में उद्यान विभाग के एकीकृत बागवानी विकास मिश्रण अंतर्गत फल क्षेत्र विस्तार कार्यक्रम अंतर्गत वार्षिक लक्ष्य 102 हेक्टेयर, के सापेक्ष 69 हेक्टेयर के पूर्ति की जानकारी संबंधित द्वारा दी गई, इसी प्रकार मसाला क्षेत्र विस्तार कार्यक्रम अंतर्गत 32 हेक्टेयर के सापेक्ष 15 हेक्टेयर के पूर्ति की जानकारी दी गई, मंत्री द्वारा पूर्ण विवरण लेने उपरांत निर्देशित किया गया कि सभी योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जाय ताकि आम जनमानस तक पहुंच सके एवं उसका लाभ ले सके। मंत्री ने कहा कि उद्यान विभाग की समस्त योजनाओं जैसे एकीकृत कृषि बागवानी, पर ड्रॉप मोर क्रॉप योजना की विस्तृत जानकारी सांसद, विधायकगणों एवं जन प्रतिनिधिगणों से साझा करें। फलों, सब्जियों के लिए मिलने वाले बीजों के अनुदान के बारे में सभी को अवगत कराए। उन्होंने कहा कि शासन की विकासपरक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से शत प्रतिशत पात्र लाभार्थी लाभान्वित हो इसके लिए सभी अधिकारी/ कर्मचारी अथक प्रयास करें, विनम्रता से समाज और विभाग में सामंजस्य बनाते हुए कार्य करें। विद्युत विभाग की समीक्षा दौरान मंत्री से पीक आवर में कितनी बिजली मिल रही है और विगत वर्ष कितनी सप्लाई थी आदि की पुछ ताछ करने उपरांत मंत्री ने कहा कि आज 33 हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है फिर भी सप्लाई नहीं हो रहा है, उन्होंने कहा कि समाज /किसान के बीच जाएं अपनी बात रखें और जनता के बीच अपना विश्वास बनाएं। मंत्री द्वारा एक्सियन से क्षेत्र भ्रमण करने, कितने जनपद में डिविजन हैं, कितने सब स्टेशन पर सप्ताह में दो दिन विजिट करें तथा उसकी सूचना 15 दिन पर जिलाधिकारी को पूर्ण विवरण सहित उपलब्ध कराएं। उन्होंने निर्देशित किया कि बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ किए जाने हेतु नियोजित तरीके से प्लानिंग करें तथा डिमांड लेटर प्रेषित करें। उन्होंने कहा कि अपने दायित्वों का निर्वहन करें तथा उपभोक्ता से अच्छा व्यवहार करें। मंत्री उर्वरक की उपलब्धता के संबंध में जानकारी लेते हुए संबंधित को निर्देशित किया कि कुछ लोगों को 4 किमी की दूरी पर समिति के माध्यम से खाद मिल जाती है जबकि किसी को 20 किमी जाना पड़ता है उसकी व्यवस्था की जाय तथा जो समितियां जर्जर हैं उसे नजदीकी समिति से या फिर किराए पर भवन लेकर संचालित की जाय। राजस्व संहिता से जुड़े धारा 24, 116, 34, रियल टाइम खतौनी, बंटवारा, घरौनी प्रमाण पत्र वितरण, आदि के संबंध में जिलाधिकारी द्वारा विधिवत रूप से प्रस्तुति की गई ।अपराध एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा दौरान सम्पूर्ण जानकारी पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा दी गई। मंत्री ने शासन की मंशानुरूप आगे की कार्यवाहियां करने, यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ और सुगम बनाने के दृष्टिकोण से कार्य करने तरह सड़क सुरक्षा के उपायों के निर्देश दिए। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने मंत्री के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि निदेर्शानुसार सभी योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाकर पात्र लाभार्थियों को शत प्रतिशत लाभान्वित कराया जायेगा तथा उन्हें आश्वस्त किया की उनके निदेर्शों का शत प्रतिशत पालन किया जायेगा। विकास परक योजनाओं से लाभार्थियों को लाभान्वित किया जायेगा।

# जीर्ण-शीर्ण विद्यालयों भवनों की होगी तकनीकी जांचः डीएम

कुशीनगर। अपर मुख्य सचिव, उतर प्रदेश शासन द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में डीएम ने बताया कि बेसिक शिक्षा परिषदीय विद्यालय परिसरों में स्थित जीर्ण-शीर्ण विद्यालयों के गिरने की सम्भावना बनी रहती है, जिससे बच्चों के जीवन को सदैव खतरा बना रहता है। ऐसे जीर्ण-शीर्ण विद्यालय भवनों के चिन्हांकन एवं मूल्यांकन हेतु अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा की अध्यक्षता में सहायक अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग व सहायक अभियन्ता, लघु सिचाई विभाग को सदस्य नामित करते हुए तकनीकी समिति गठित की गयी है ।उन्होंने बताया कि बेसिक शिक्षा के परिषदीय विद्यालयों के परिसरों में जीर्ण-शीर्ण विद्यालय भवनों के ध्वस्तीकरण पर विचार कर ध्वस्तीकरण के बारे में सस्तुति किये जाने हेतु विद्यालय भवनों की विकास खण्डवार 518 जीर्ण-शीर्ण विद्यालयों की सूची जांच कर तकनीकी समिति द्वारा विस्तृत तकनीकी टिप्पणी, विद्यालय का मूल्यांकन कर कम्प्युटेड वैल्यु तथा विस्तृत जाच आख्या उपलब्बा कराये जाने का निर्देश दिया गया था तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय की विभिन्न तिथियों में प्रेषित पत्र के माध्यम से पूर्व में सूची प्रेषित की जा चुकी है, परन्तु संज्ञान में आया है कि प्रस्तुत 518 विद्यालयों की सूची के सापेक्ष अद्यतन 40 विद्यालयों का ही मूल्यांकन रिपोर्ट प्राप्त कराया गया है. जो अत्यन्त खेदजनक है। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता / अध्यक्ष, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, सहायक अभियन्ता / सदस्य, लोक निर्माण विभाग, सहायक अभियन्ता / सदस्य लघु सिचाई विभाग, को पुनः आदेशित किया है कि शासनादेश 22.01.2020 एवं दिनांक 03.09. 2020 के अनुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कुशीनगर द्वारा प्रेषित सूची में अंकित विद्यालयों के परिसरों में अवस्थित जीर्ण-शीर्ण विद्यालय भवनों के ध्वस्तीकरण के सम्बन्ध में विद्यालय का मूल्यांकन कर कम्प्युटेड वैल्यु तथा विस्तृत जांच आख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## नियमों का पालन न करने वालों का एमवी एक्ट में हुआ चालान

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर के निर्देशन में यातायात प्रभारी गुलाब सिंह मय यातायात पुलिस द्वारा दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु शहर क्षेत्र में अभियान चलाकर स्कूली बसों के फिटनेस, प्रदूषण प्रमाण पत्र एवं वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस की चेकिंग की गयी तथा कसया ढाला सहित अन्य स्थानों पर बीच रास्ते में गाड़ी खड़ा कर सवारी उतारने व चढ़ाने वाले ई-रिक्शा वाहनों के विरुद्ध एम. वी. एक्ट में कार्यवाही की गयी। जिसमें 75 वाहनों का ई-चालान किया गया व 2 वाहनों को सीज किया गया तथा वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया।

संक्षेप

## बैडमिंटन ईस्ट जोन टीम में अर्चित सिन्हा का चयन

उन्नाव। सीनियर उत्तर प्रदेश की टीम की ओर से खेलते हुए लगातार अच्छे प्रदर्शन का इनाम अर्चित सिन्हा को मिला। अर्चित का चयन ईस्ट जोन इंटर स्टेट जोनल बैडमिंटन चैंपियनशिप 2025 के लिए हुआ। जो की 4 सितंबर से 7 सितंबर तक जमशेदपुर झारखंड में होना है। ईस्ट जोन की टीम छह प्रदेशों के खिलाड़ियों से मिलकर बनाई जाती है। जिसमे की उत्तर प्रदेश सहित उत्तराखंड, वेस्ट बंगाल, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, शामिल है। अर्चित के चयन की खबर जैसे ही घर पर आई वैसे ही घर में खुशी की लहर दौड़ गई और देखते ही देखते यह खबर जनपद के सभी खेल प्रेमियों तक पहुंच गई और बधाई देने वालों का ताता लग गया अर्चित सिन्हा शहर के मोती नगर में रवि सिन्हा के पुत्र हैं जो कि इस समय बेंगलुरु अकादमी में अपने खेल को निखार रहे हैं बधाई देने वालों में सबसे पहले सदर विधायक पंकज गुप्ता ने फोन पर बधाई दी इसके अलावा उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव कमल जिला क्रीड़ा अधिकारी मुकेश कुमार सभरवाल चेयरमैन प्रतिनिधि भानु मिश्रा अध्यक्ष अनुराग अवस्थी सभासद बृजेश पांडे अतुल वर्मा पीके मिश्रा अभिषेक श्रीवास्तव प्रदीप सिंह अभिजीत यादव मयंक कुमार ऋषभ पांडे विक्रम सिंह सुनील त्रिपाठी ओम मिश्रा आदि अनेक लोगों ने बधाई प्रेषित की।

## दो बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत

पहला (सीतापुर)। थाना सदरपुर क्षेत्र अंतर्गत बिसवां- सदरपुर मार्ग पर मंगलवार के शाम दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसमें एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई तथा दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत चलकापुर निवासी रमाकांत यादव तथा शिवरुख कला निवासी देशराज भार्गव की बाइक की मंगलवार देर शाम जादवपुर के निकट आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें तत्काल पुलिस द्वारा सीएचसी बिसवां एंबुलेंस से लाया गया। जहां डॉक्टरों देशराज को मृत घोषित कर दिया तथा रमाकांत की गंभीर हालत होने के कारण उन्हे ट्रामा सेन्टर रेफर कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया।

## वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन

सीतापुर। 30 जुलाई को मिश्रिख ब्लॉक की ग्राम पंचायत फूलपुर झरिया में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आर0बी0आई0) द्वारा वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आर0बी0आई के अधिकारी समसुद्दीन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक (एल0डी0एम0) मनोज कुमार, इंडियन बैंक, मिश्रिख शाखा के प्रबंधक आशीष कुमार, बैंक ऑफ इंडिया से आए अधिकारीगण तथा क्रिसल फाउंडेशन के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिनमें महिलाएं, युवा एवं वरिष्ठ नागरिक प्रमुख रूप से शामिल थे। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना एवं बैंकिंग सेवाओं, डिजिटल भुगतान, साइबर सुरक्षा तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी जनसामान्य तक पहुंचाना रहा।

## प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली का सिधौली में स्वागत

सिधौली (सीतापुर)। बुधवार को लखीमपुर जाते समय एआईएम आईएम के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली का सिधौली कस्बे के महमूदाबाद चैराहे पर जोरदार स्वागत किया गया। कार्यकताओं ने अब्दुल्ला अंसारी के नेतृत्व में फूल-मालाओं के साथ प्रदेश अध्यक्ष का गर्मजोशी से अभिनंदन किया। इस दौरान कार्यकताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली ने आगामी पंचायत चुनाव को लेकर बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि पार्टी प्रदेश के सभी 75 जिलों में जिला पंचायत सदस्य की समस्त सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी। उन्होंने कार्यकताओं से निरंतर क्षेत्र में सक्रिय रहकर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया और विश्वास जताया कि आगामी चुनाव में आईएमआई के प्रत्याशी विजय हासिल करेंगे। कार्यक्रम में सुफियान मंसूरी, रियाज अहमद, अशरफ राजा, अर्शद रशीदी, अमन मंसूरी, राज आलम, फुरकान, आमिर अली सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में वन ट्रिलियन डालर सेल की समीक्षा बैठक

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में वन ट्रिलियन डालर (ओटीडी) सेल की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डालर तक लाये जाने हेतु शासन द्वारा जारी के निर्देश के अनुसार सभी विभाग समुचित कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने प्राथमिक क्षेत्र, द्वितीयक क्षेत्र आदि से संबंधित विवरण की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि समस्त डाटा पूरी शुद्धता के साथ भरा जाये। जिन क्षेत्रों में जनपद की प्रगति तुलनात्मक रूप से घट रही है, उनमें अपेक्षित सुधार किये जायें। जिलाधिकारी ने डाटा संकलन की प्रक्रिया पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की।

जिलाधिकारी ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि फसलों के उत्पादन संबंधी विवरण को संकलित कराते हुये पूरी शुद्धता के साथ अद्यतन रखा जाये। जनपद में बाजरा, मक्का, दाल उत्पादन के क्षेत्रफल में सुधार हेतु प्रयास किये जायें। श्रम प्रवर्तन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान चलाकर जनपद में संचालित सभी कारखानों का पंजीकरण निर्धारित अधिनियम के

- जिन क्षेत्रों में जनपद की प्रगति तुलनात्मक रूप से घट रही है उनमें अपेक्षित सुधार किये जायें। जिलाधिकारी ने डाटा संकलन की प्रक्रिया पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की

अन्तर्गत कराया जाना सुनिश्चित करें। बैंकों के ऋण जमानुपात की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने लक्ष्य के अनुरूप ऋण जमानुपात सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जनपद में दुग्ध उत्पादन, अण्डा उत्पादन, जी0एस0टी0 आदि से संबंधित विवरण संकलित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी न दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के निदेशानुसार राज्य की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था लाये जाने हेतु विभिन्न विभागों द्वारा सम्मिलित रूप से प्रयास किया जा रहा है। वन ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था की प्राप्त हेतु निवेश संवर्धन, अवस्थापना सुविधाओं का विकास, पर्यटन एवं सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देना, विशेष निवेश क्षेत्रों की स्थापना, विनिर्माण, सूचना प्रद्यौगिकी, स्टार्टअप और कृषि एवं संवर्गीय सेवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इन क्षेत्रों से सभी संबंधित अधिकारी योजनाओं का व्यापक स्तर पर क्रियान्वयन सुनिश्चित कराते हुये सही डाटा संकलित करें।

बैठक के दौरान जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी तिलक सिंह ने एजेण्डा प्रस्तुत करते हुये विभिन्न विभागों की प्रगति का विवरण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह, जिला गन्ना अधिकारी रत्नेश्वर त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एसडीएम ने प्राथमिक विद्यालय का किया निरीक्षण



पुरवा, उन्नाव। एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने बुधवार को क्षेत्र के ग्राम मिर्रीकलां द्वितीय स्थित प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। जहां कक्षा 1 में 9/8, कक्षा 2, 12 में 10, कक्षा 3, 8 में 6 छात्र, कक्षा 4, 17 में 15, कक्षा 5, 12 में 6 छात्र सहित कुल 58 में 45 बच्चों सहित 02 अध्यापक उपस्थित मिले।

वहीं मिड-डे-मील में मेनू के अनुरूप तहरी व दूध बच्चों को वितरित किया गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी ने कक्षा मे मौजूद छात्र छात्राओं से कुछ अग्रेजी की कविता सुनी और उनके ज्ञान आंकलन किया। उपजिलाधिकारी ने पंजीकृत बच्चों की संख्या कम पाये जाने पर नाराजगी जताई। साथ ही मौजूद शिक्षकों को शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान विद्यालय के सभी अध्यापक मौजूद रहे।

## अभिभावक अपने बच्चों को तालाब पोखर नदी में स्नान करने से रोकें: डीएम

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा कि तालाब पोखर नदी में डूबने के कारण हुई जनहानि के प्रकरण संज्ञान में आ रहे हैं। ऐसी स्थिति में अभिभावक अपने बच्चों को तालाब पोखर नदी में स्नान करने से रोकें। यदि बच्चे जल के समीप हैं तो अभिभावक अपनी देखरेख में रखें। जिससे होने वाली अप्रिय घटनाओं से बचा जा सके। उन्होंने जनपदवासियों से अपील करते हुये कहा कि जर्जर टूटी-फूटी नाव पर सवारी न करें। यह भी देखें की संचालन के दौरान नाव साफ और सूखी हो। छोटे बच्चों को अकेले नाव पर यात्रा न करने दें। नाव में यात्रा करते समय यह भी देख लें कि नाव की भर क्षमता कितना है और नाव पर लाइफ जैकेट है अथवा नहीं। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा कि कोई भी व्यक्ति मादक पदार्थों का सेवन कर नदी तालाब पोखर में प्रवेश न करें। जल में बने सुरक्षात्मक चिन्ह के आगे जाने का प्रयास न करें। घाट पर उपस्थित सुरक्षा दल के निदेशों को सुने व उसका पालन करें। उन्होंने कहा कि पानी में किसी भी प्रकार का खेल न खेले। तैरना न आने पर नदी या अन्य जल स्त्रोत से दूर रहें। अधिक गहरे जल में प्रवेश न करें। एक नाव से दूसरे नाव में कूदकर जाने एवं पानी में सेल्फी लेने का प्रयास न करें। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति पानी में डूब रहा हो तो सबसे पहले आस-पास के मौजूद लोग उसकी मदद करें और एम्बुलेंस को बुलायें। यदि व्यक्ति श्वास नहीं ले रहा हैं तो उसकी नब्ज चेक करें और उसे सीपीआर दें। रोगी को तुरंत नजदीकी अस्पताल लेकर जाएं। उन्होंने कहा कि पानी में डूब रहा व्यक्ति घबराएं नहीं, शांत रहें। अपने सिर को ऊपर की ओर रखे, बैग व जूते जैसी वजनदार चीजों को हटा दें। पानी को पीछे की ओर धकेलते रहे ताकि आप स्थिर रह सके। हाथों की सहायता से पानी को ऊपर की ओर उछालते रहे, जिससे लोग देखकर आपकी मदद कर सके।

## अल्ट्रासाउंड न होने से मायूस लौटी 21 महिलाएं

उन्नाव। जिला महिला अस्पताल में संचालित अल्ट्रासाउंड मशीन खराब हो जाने से महिलाओं के अल्ट्रासाउंड नहीं हुए। 21 महिलाओं को मायूस होकर लौटना पड़ा। कई महिलाओं ने निजी पैथोलॉजी में जांच कराई। जिला अस्पताल में रोजाना औसतन 400 महिलाएं पहुंचती हैं। इनमें औसतन 100 गर्भवती भी होती हैं। डॉक्टर इन्हें अल्ट्रासाउंड कराने की सलाह देते हैं। बुधवार को 11 बजे अल्ट्रासाउंड शुरू हुए तीन महिलाओं के अल्ट्रासाउंड होने के बाद मशीन में तकनीकी खराबी आ गई। इससे जांच ठप हो गई। मशीन संचालन न होने से 21 महिलाओं को स्वास्थ्य कर्मियों ने अगले दिन आने की बात कही। महिला सीएमएस डॉ फौजिया अंजुम ने बताया अल्ट्रासाउंड मशीन खराब होने की जानकारी प्रभारी सीएमओ को दे दी गई है। उम्मीद है, गुरुवार से अल्ट्रासाउंड शुरू हो जाएंगे।

## नागपंचमी पर लगा मेला

महोली (सीतापुर)। नगर के एक पेट्रोल पंप पर परंपरागत तरीके से हर्षोल्लास से नाग पंचमी का त्यौहार मनाया गया। इस दौरान पर्व के उत्सव पर लगे मेले में



बालिकाओं और महिलाओं द्वारा झुलाई गई गुड़िया तथा बच्चों द्वारा चलाए जा रहे फूस के पटाखे आकर्षण का मुख्य केंद्र रहे। नांग पंचमी पर्व को लेकर क्षेत्र के लोगों में खासा उत्साह रहा तो भारी भीड़ में सभी ने खरीदारी कर मेले का आनंद उठाया। इस मौके पर नपं के अरुण बाजपेई, मो हनीफ के साफ सफाई कराई गई। प्रभारी निरीक्षक दिलीप चौबे के निर्देश पर, कस्बा इंचार्ज अशोक कुमार दल-बल सहित सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहे।

## आम आदमी पार्टी ने स्कूल बचाओ अभियान चलाया



उन्नाव। राज्यसभा सांसद व आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश प्रभारी संजय सिंह के आह्वान पर स्कूल बचाओ अभियान के अंतर्गत आम आदमी पार्टी उन्नाव की टीम ने सिकंदरपुर कर्ण ब्लॉक के गड़सर गांव में उस प्राथमिक विद्यालय का दौरा किया, जिसे बंद किए जाने की प्रक्रिया प्रशासन द्वारा की जा रही है।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव और जिला प्रभारी तुषार श्रीवास्तव के नेतृत्व में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता व क्षेत्रीय ग्रामीणों ने मिलकर स्कूल परिसर का निरीक्षण किया और बच्चों के भविष्य को लेकर गहरी चिंता जाहिर की। जिला प्रभारी तुषार श्रीवास्तव ने कहा कि सरकार की ओर से शिक्षा को लेकर उदासीनता दुर्भाग्यपूर्ण है। जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव ने कहा कि शिक्षा बच्चों का मौलिक अधिकार है और इसे किसी भी सूरत में छीना नहीं जा सकता। विद्यालय बंद होने की आशंका के विरोध में गांववासियों का समर्थन लगातार मिल रहा है, जिससे जन आंदोलन को जमीनी मजबूती मिल रही है। इस बैठक में यूथ विंग प्रदेश उपाध्यक्ष ललित वाल्मीकि भी विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिस समाज में शिक्षा नहीं बचेगी, वहां विकास की कल्पना भी अधूरी है। जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव ने दो टूक कहा कि आम आदमी पार्टी शिक्षा के मुद्दे पर सड़कों से लेकर सदन तक संघर्ष को तैयार है, और यदि जरूरत पड़ी तो प्रदेशव्यापी जन आंदोलन किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष दीपक राजपूत, जिलाध्यक्ष यूथ विंग दीपू कुमार, यूथविंग जिला महासचिव भानू प्रकाश, जिला कार्यकारिणी सदस्य रईस अहमद, समाजसेवी पप्पू खान, नफीस शेख, अनिल कुमार सहित पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता ग्रामीण तथा अभिभावकगण उपस्थित रहे।

## आधुनिकता की दौड़ में विलुप्त होती जा रही हैं प्राचीन परम्पराएं



असोहा, उन्नाव। आधुनिकता के दौर में प्राचीन परम्पराये लगभग समाप्त हो गई, लेकिन गांवों में आज भी कही कही पुरातन परम्पराये जीवित रखने का प्रयास लोग करते दिखाई पड़ रहे है।

इन्ही परम्पराओ में सावन माह में पेंडो पर पड़ने वाले झूले और उन झूलो पर बहु, बेटियों का झूलना, झूलने के साथ बारामासी गीत, तीज के गाने, झूले पर गाये जाने वाले गाने किसी किसी गांव में आज भी ये परम्पराये जीवित है तथा महिलाएं, बच्चे झूलो में झूलते तथा पैंग बढाते नजर आते है। बुजुर्ग लोग बताते है पहले तो दरवाजे दरवाजे पेंड की शाखाओं में झूले पड़ते थे, परन्तु आधुनिकता की चकाचैंध तथा, मोबाइल का जमाना ये सब छोटे बच्चो से छीने ले रहा है, अब बच्चे व महिलाएं इन्ही सब चकाचैंध में पड़ी रहती है। ग्रामीण चन्द्रपकाश सोनी, सिवनाराय अवस्थी, अशोक अवस्थी, छोटे लाल आदि बताते है कि हम लोग बचपन मे स्कूल से आने के बाद झूला झूलने के लिये लड़ते थे, देर रात घर की महिलाएं झूलती थी। कुछ भी हो अभी ग्रामीण स्तर पर इन परम्पराओ को जीवित रखने का प्रयास किया जा रहा है।

## दादी की फावड़े से वार कर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

बागपत। जिले के दोघट क्षेत्र में एक युवक को अपनी दादी की फावड़े से प्रहार करके हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह ने बुधवार को बताया कि मंगलवार रात करीब नौ बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि पुसार गांव में 85 वर्षीय फूलों देवी की हत्या कर दी गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उन्होंने बताया कि रिश्ते में मृतका का पौत्र सूरज प्रजापति (24) घटना का मुख्य आरोपी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी युवक मानसिक रूप से बीमार है और घटना से कुछ देर पहले फूलों देवी व सूरज के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। इसी दौरान सूरज ने फावड़े से उनके सिर पर वार कर दिया जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।

## बेटे को डुबोकर मारने पर पिता को उम्रकैद

आजमगढ़। जिले की एक स्थानीय अदालत ने छह साल के बेटे की हत्या के जुर्म में एक व्यक्ति को बुधवार को कठोर आजीवन कारावास की सजा सुनाई और एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया। व्यक्ति ने पत्नी से विवाद के बाद बेटे को कथित तौर पर डुबोकर मार डाला था।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश जयप्रकाश पांडे ने फैसला सुनाते हुए कि लगाए गए जुर्माने में से 80,000 रुपये मृतक बच्चे की मां को दिए जाएं। अभियोजन पक्ष के अनुसार, शिकायतकर्ता डॉली रस्तोगी का विवाह अतरौलिया थाना क्षेत्र के मदोही गांव के निवासी संजय रस्तोगी उर्फ शनि से हुआ था। लगातार वैवाहिक कलह के कारण डॉली पति से अलग अतरौलिया क्षेत्र के भेड़वा गांव में स्थित अपने मायके रह रही थी। अभियोजन पक्ष ने कहा कि संजय शराब का आदी था और अक्सर घरेलू हिंसा के कारण पति-पत्नी के रिश्ते तनावपूर्ण हो गए थे। अभियोजन पक्ष के अनुसार इस बीच 16 जून, 2023 की सुबह, वह डॉली से मिलने गया और उससे पैसे मांगे, जब डॉली मना कर दिया, तो उसने उसे गालियां दीं। अभियोजन पक्ष के मुताबिक कि कुछ देर बाद, संजय अपने छह साल के बेटे कार्तिक को नहलाने के बहाने गांव के तालाब में ले गया और कथित तौर पर उसे डुबो दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। जांच के बाद, पुलिस ने संजय के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। सरकारी वकील प्रियदर्शी पीयूष त्रिपाठी और दीपक मिश्रा ने अभियोजन पक्ष के पक्ष में छह गवाह पेश किए। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद, अदालत ने संजय रस्तोगी उर्फ शनि को दोषी पाया और कठोर आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही अदालत ने उसपर एक लाख रुपये के जुर्माना भी लगाया।

## जंगलीनाथ लहरपुर तक निकाली डाक कांवड़ यात्रा



हरगांव (सीतापुर)। कस्बा हरगांव के पौराणिक सूर्यकुण्ड तीर्थ बाबा गौरीशंकर दरबार से जंगलीनाथ लहरपुर तक महाकाल सेना समिति कबीरपुर ने तीसरी बार डाक कांवड यात्रा निकाली। इसके पहले महाकाल सेना ने प्राचीन सूर्यकुंड तीर्थ से कांवड़ भरकर बाबा श्याम नाथ दरबार सीतापुर में जलाभिषेक किया। तत्पश्चात वहां से कावड़ भरकर नैमिषारण्य या स्थित देव देवेश्वर भोलेनाथ के दरबार में पहुंचकर भोलेनाथ का जलाभिषेक किया था।

मिली जानकारी के अनुसार श्रावण मास के पवित्र महीने में हरगांव क्षेत्र की धार्मिक संस्था महाकाल सेना समिति कबीरपुर ने हरगांव के पौराणिक सूर्यकुंड तीर्थ बाबा गौरीशंकर दरबार से जंगलीनाथ लहरपुर के लिए तीसरी डाक कांवड़ यात्रा निकाली। कांवड यात्रा निकालकर जंगलीनाथ बाबा का जलाभिषेक किया। तूफानी डाक कावड यात्रा का जगह जगह पर स्वागत हुआ। भोलेनाथ का जयकारा लगाकर श्रृद्धालुओं ने आगे बढ़कर जलाभिषेक किया। इस डाक कांवड़ यात्रा में प्रमुख रूप से आकाश अवस्थी, शुभम, सूरज अवस्थी, अनुभव, विजय, श्याम, अनुज, रामनिवास, सचिन, राजेश, तुषार, चंदन, कृष्णा, गोरे, पदुम, शोभित, शशिधर, राम शंकर, पंकज, शोभाराम, पार्थ, अमन, रुद्रांश, नेंशू, नैमिषराज, अंजेश आदि भक्तजन मौजूद रहे।

## विद्यालय जा रही छात्रा को ब्लैकमेल कर उठा ले जाने की धमकी, पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

सिधौली (सीतापुर)। विद्यालय जा रही एक छात्रा को अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने और उसे स्कूल जाते समय लगातार परेशान करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। कस्बा के एक मोहल्ला की कक्षा 11 की छात्रा है को अटरिया थाना क्षेत्र के मनवां गांव निवासी गुफरान नामक युवक पिछले लगभग एक वर्ष से बातचीत में फंसा रहा। जिसकी जानकारी परिजनों को नहीं थी। आरोप है कि गुफरान ने छात्रा के कुछ अश्लील वीडियो बना लिए और उन्हें अपने साथी व अन्य के मोबाइल पर भेज दिया। इसके बाद वह अपने साथियों शहाबुद्दीन, इमामुद्दीन, फुरकान (सभी मनवां निवासी) और बख्तियार (निवासी गड़िया हसनपुर) के साथ मिलकर छात्रा को स्कूल जाते समय लगातार परेशान करने लगा। जब छात्रा के परिजनों ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने छात्रा को जबरन उठा ले जाने की धमकी दी। पीड़िता के पिता नसीम ने बताया कि उन्होंने पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी बलवंत शाही ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की गंभीरता को देखते हुए आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## रायपुर देव सिंह मार्ग पर मृत हिरन मिलने से मचा हड़कंप, वन विभाग कर रहा जांच

सिधौली (सीतापुर)। फरीदपुर गांव से रायपुर देव सिंह की ओर जाने वाले चक मार्ग पर एक हिरन का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने बताया कि हिरन संदिग्ध परिस्थितियों में मृत अवस्था में पाया गया। जिसके पैर में जख्म के निशान भी थे। आशंका जताई जा रही है कि किसी जंगली जानवर के हमले में उसकी मौत हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंचे वन दरोगा रामसेवक वर्मा ने बताया कि उन्हें हिरण के मृत पाए जाने की सूचना मिली है। फिलहाल वे वीआईपी ड्यूटी पर हैं, लेकिन विभाग की टीम को जांच के लिए भेजा जा चुका है। हिरण के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के सही कारणों का पता चल सकेगा।

## रईस बने राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच के जिला उपाध्यक्ष




जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच राष्ट्रीय अध्यक्ष शशांक शेखर सिंह पुष्कर एवं कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष (अवध क्षेत्र) उत्तर प्रदेश जिला अध्यक्ष एसके तूफानी द्वारा तामसेनगंज सीतापुर के निवासी रईस अहमद खान को जिला उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। श्री तूफानी ने कहा 9 अगस्त 1925 की रात को राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान, चंद्रशेखर आजाद और राजेंद्र लाहिड़ी जैसे क्रांतिकारियों ने लखनऊ से 15 किलोमीटर दूर काकोरी में एक ट्रेन को रोक दिया। यह ट्रेन ब्रिटिश सरकार का खजाना लेकर जा रही थी क्रांतिकारियों का मकसद इस खजाने को लूटकर उससे हथियार खरीदना और ब्रिटिश शासन के खिलाफ अपनी गतिविधियों को तेज करना था।

इस घटना को काकोरी कांड या काकोरी ट्रेन एक्शन के नाम से जाना जाता है। जो 8 अगस्त 2025 को राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच के बैनर तले लखनऊ में काकोरी स्तंभ पर कैंडल मार्च निकाल कर मनाया जायेगा। जिसकी तैयारी को लेकर संगठन के पदाधिकारियों के साथ चर्चा कर अपील की गई। कि कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा समस्त जनपद के लोग पहुँच कर कार्यक्रम को सफल बनाएं। इस दौरान रईस अहमद खान ने बताया कि मैं अपने कर्तव्यो का पालन पूरी निष्ठा से करूंगा और मैं अपना काम पूरी ईमानदारी के साथ करूंगा। राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशांक शेखर सिंह पुष्कर द्वारा जो भरोसा करके जिम्मेदारी दी गई है। उस भरोसे पर पूरा खरा उतरूंगा और संगठन को जनपद में मजबूती देने का कार्य करूंगा और संगठन की नीतियों उद्देश्यों को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करूंगा। इस शुभ अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष शशांक शेखर सिंह पुष्कर, कार्यकारी अध्यक्ष (अवध क्षेत्र) उत्तर प्रदेश एसके तूफानी, संगठन पदाधिकारी देवेंद्र सिंह, अखिलेश गौतम, मोतीलाल, किशोर कुमार गुप्ता, नितिन प्रकाश, अंकित वर्मा सहित अन्य अतुल कुमार, सुनील कुमार, राजीव मिश्रा, शिवा, मोईन खां, नुसरत हुसैन उर्फ बच्चू ने रईस अहमद खान को बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं दी।

## एपीएस में हायर एजुकेशन एंड गाइडेंस डे आयोजित

आजमगढ़। कोटिला चेक पोस्ट स्थित आजमगढ़ पब्लिक स्कूल में बुधवार को हायर एजुकेशन एंड गाइडेंस डे का आयोजन अत्यंत भव्यता, गरिमा और प्रेरणात्मक वातावरण में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के विविध अवसरों की जानकारी देना तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण हेतु मार्गदर्शन प्रदान करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10 बजे किया गया। इस अवसर पर देश के प्रमुख विश्वविद्यालयों ने प्रतिभाग किया, जिनमें शामिल थे ग्राफिक एरा विश्वविद्यालय, देहरादून, एलायंस विश्वविद्यालय, महिंद्रा विश्वविद्यालय, एमआईटी-एडीटी विश्वविद्यालय, पुणे, पीसीईटी का पिंपरी चिंचवड विश्वविद्यालय, तथा के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता ओकेश छाबड़ा ने छात्रों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण, योजनाबद्ध अध्ययन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। दूसरे मुख्य वक्ता डॉ. उल्हास अरुण मलवाडे ने नई शिक्षा नीति, उच्च शिक्षा के नवीन विकल्पों एवं विभिन्न क्षेत्रों में करियर संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उपस्थित सभी विशेष अतिथियों एवं विश्वविद्यालय प्रतिनिधियों को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह (मोमेंटो) तथा पौधा (प्लांटर) भेंट कर विद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान हमारी भारतीय परंपरा के अनुरूप अतिथियों के प्रति कृतज्ञता एवं आदर का प्रतीक था। छात्रों को विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों से प्रत्यक्ष संवाद का अवसर प्राप्त हुआ, जिसमें उन्होंने पाठ्यक्रम, प्रवेश प्रक्रिया, छात्रवृत्तियाँ एवं करियर विकल्पों से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त की। विद्यालय के प्रबंधक मोहम्मद नोमान ने अपने विचार रखते हुए कहा आज की प्रतिस्पर्धात्मक दुनिया में छात्रों को सही मार्गदर्शन और अवसरों की जानकारी देना अत्यावश्यक है। विद्यालय सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। विद्यालय की प्रधानाचार्या रूपल पंड्या ने कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों के लिए अत्यंत लाभकारी होते हैं। यह न केवल उन्हें भविष्य की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं, बल्कि उन्हें अपने सपनों को साकार करने हेतु सही निर्णय लेने के लिए सक्षम भी बनाते हैं।

## एक अगस्त को उर्स चरागा पर नहीं लगेगा मेला

सीतापुर। स्थानीय दरगाह हाफिजिया असलमियां सुप्रसिद्ध दरगाह असलम मियां में एक अगस्त दिन शुक्रवार को होने वाले उर्स चरागाँ के अवसर पर लगने वाले भव्य मेले को स्थगित कर दिया गया है। दरगाह के सज्जादा नशीन हाजी सैय्यद फुरकान वहीद हाशमी उर्फ फुरकान मियां और दरगाह मतवल्ली सैय्यद नवेद असलम हाशमी ने बताया कि हमारे बुजुर्ग हजरत हाफिज सैय्यद असलम मियां के द्वारा स्थापित चरागाँ को केवल दरगाह के अंदर घर परिवार वालों तथा सीमित संख्या में स्थानीय लोगों के मध्य केवल औपचारिता पूर्ण की जाएगी। याद रहे कि पूर्व में बड़े पैमाने पर जो उर्स को मनाया जाता था और मेला भी लगता था। उसे बारिश के मौसम को देखते हुए तथा व्यक्तिगत परिस्थितियों के कारण स्थगित किया जाता है केवल औपचारिता निभाई जाएगी। इसलिए बाहर से आने वाले तमाम अकीदतमंद श्रद्धालुओं से निवेदन और अपील करता हूं कि आप लोग अपने घर पर रहकर अपने लोगों के मध्य फतेहा आदि करें दरगाह आने का कष्ट न करें क्योंकि बाहर से आने वाले किसी भी व्यक्ति को फाटक के अंदर आने की अनुमति नहीं दी जाएगी। केवल घर परिवार और सीमित संख्या में स्थानीय लोग ही मौजूद रहेंगे। सज्जादा नशीन ने आगे कहा कि जब मौसम अनुकूल होगा। बारिश का खतरा न रहेगा तब पुनः योजना बना कर उर्स मनाया जाएगा। एक बार पुनः सभी से निवेदन कि कोई भी व्यक्ति किसी के बहकावे आदि में न आए कि यहां पर कार्यक्रम होगा अगर कोई कहता है तो उसकी बात को पूर्ण तया गलत समझते हुए खारिज कर दें अपने घर में रहें सुरक्षित रहें बारिश में घर से निकलना मुनासिब नहीं।

# फिलहाल भारत धैर्य दिखाये

अर्थव्यवस्था, महाशक्ति और कूटनीतिक प्रभुत्व के पराभव के बीच अमरीकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप की बचकानी हरकतें उसे और गर्त में ले जायेंगी। ट्रंप मेक अमरीका ग्रेट अगेन 'मागा' का वायदा कर दुबारा राष्ट्रपति बने हैं। लेकिन बीते छह महीने में ऐसा कुछ भी नहीं कर पाये जिससे अमरीका को दो-कौड़ी का फायदा हुआ हो। ट्रंप के बीते छह महीने के शासन में अमरीकी अर्थव्यवस्था का पराभव हुआ है, ट्रंप काल में अमरीका की क्रेडिट रेटिंग अमरीकी एजेंसियों ने ही घटा दी। अमरीका की गिरती अर्थव्यवस्था, बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के बीच ट्रंप दुनिया भर के संसाधनों को लूट कर अमरीकियों के लिए ऐशो-अराम का सामान जुटाना चाहते हैं। लेकिन ऐसा कम से कम भारत और नरेंद्र मोदी जैसा राष्ट्रवादी प्रधानमंत्री कदापि स्वीकार नहीं कर सकता। ट्रंप को अगर अमरीका को फिर से महान बनाने की जल्दी है तो नरेंद्र मोदी भी भारत को महानतम राष्ट्र बनाने का सपना देखते हैं। ऐसे में ट्रंप लाख धमकियां दें, भारत को टैरिफ किंग कहकर



चिढ़ायें, रेसिप्रोकल टैरिफ, टैरिफ पेनाल्टी की धौंस दिखायें, रूस के साथ व्यापार बंद करने की चेतावनी दें, अमरीकी कृषि उत्पाद, डेयरी और जीएम फूड के लिए भारतीय बाजार खोलने की मांग करें, लेकिन भारत उनकी इन मांगों को मानने की बात तो दूर इस पर सोचने को भी तैयार नहीं है। अब ट्रंप करते रहें टैरिफ बढ़ाने की हरकतें। वैसे भी टैरिफ का भुगतान भारत की जनता को नहीं करना है। ट्रंप जो टैरिफ लगायेंगे उसका भुगतान उन्हीं अमरीकियों को करनी है जिन्होंने ट्रंप को चुना है। अगर ट्रंप यह सोचते हैं कि 118 बिलियन डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार के नाम पर धौंस-पट्टी दिखायेंगे और उससे डरकर भारत झुक जायेगा तो यह उनकी कूटनीतिक नादानी है। भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि वह अपने राष्ट्रीय के हिसाब से फैसला करेगा। भारत एक संप्रभु राष्ट्र है और वह किसके साथ किस तरह का व्यापार करेगा यह खुद तय करेगा। अमरीका का डिक्टेशन स्वीकार नहीं है। ट्रंप हर बात में टैरिफ की धमकी देता है। ऑपरेशन सिंदूर के समय उसने कहाकि ट्रेड रोकने की धमकी देकर युद्ध रूकवा दिया, रूस से तेल खरीदने पर टैरिफ की धमकी देता है, अपने महंगे युद्धक सामान दूसरे देशों पर खरीदने का दबाव डालता है। कुल मिलाकर अमरीका से व्यापार करना है तो फिर अपनी संप्रभुता, राष्ट्रहित, राष्ट्रीय स्वाभिमान आदि सब कुछ ट्रंप की जेब में डाल दो और ट्रंप जैसा कहे दूसरे देश वैसा करें। ऐसा कहीं होता है? भारत को फिलहाल धैर्य के साथ आगे बढ़ना चाहिए और अभी तक भारत ऐसा ही करता आया है। ट्रंप की बचकानी हरकतों का जवाब देने की जरूरत नहीं है। भारत अमरीका को 77.5 अरब डॉलर का निर्यात करता है और अमरीका से 40.7 अरब डॉलर का सामान खरीदता है। इस तरह भारत को अमरीका के साथ व्यापार में 36.8 बिलियन डॉलर का सरप्लस हासिल है। हो सकता है ट्रंप की नयी टैरिफ नीति से भारत का अमरीका को निर्यात कुछ प्रभावित हो, लेकिन यह इतना बड़ा नहीं होगा कि इसका भारत की अर्थव्यवस्था पर कोई बड़ा असर पड़े। अमरीका को निर्यात में जो संकुचन आये उसे यूरोप, पश्चिम एशिया, खाड़ी और अफ्रीकी देशों को निर्यात बढ़ाकर पूरा किया जा सकता है। भारत को चीन से होने वाले आयात को धीरे-धीरे कम करना चाहिए या फिर चीन को निर्यात बढ़ाना चाहिए। रूस को भी निर्यात बढ़ाना चाहिए क्योंकि अभी तक भारत एकतरफा खरीदार बना हुआ है। किसी भी देश के साथ इस तरह व्यापार ठीक नहीं है जिसमें एकतरफा खरीदार बना रहना पड़े। इसलिए चीन और रूस को निर्यात बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। ऐसे बहुपक्षीय उपायों से भारत बहुत आसानी से ट्रंप की हरकतों से निपट लेगा और बिना किसी बड़े विवाद के आर्थिक महाशक्ति बनने का भारत का सफर आगे बढ़ता रहेगा। ट्रंप साढ़े तीन साल में निपट जायेंगे लेकिन अमरीका के साथ भारत को लंबी दोस्ती रखनी है। इसलिए भारत को ट्रंप की हरकतों पर प्रतिक्रिया देने के बजाय अपनी विकास यात्रा को जारी रखना चाहिए यही ट्रंप को भारत का उचित जवाब होगा। अगले तीन दशक में भारत प्रगति कर अमरीका के बराबर हो जायेगा, फिर ट्रंप और उनके जैसे लोग यूं ही खेत रहेंगे।

# तीव्रतम भूकंप ने दुनिया को झकझोर दिया

**वीना सुखीजा**

रूस के तटवर्ती इलाके कामचटका प्रायद्वीप में 8.8 तीव्रता का भयंकर भूकंप आया है, जो अब तक के इतिहास के भयावह भूकंपों में से छठवें नंबर का है और पांचवें नंबर का सबसे भयानक भूकंप भी कुछ दशकों पहले (1952) यहीं पर आया था। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक भारतीय समयानुसार बुधवार को तड़के 4 बजकर 54 मिनट पर यह भूकंप आया, जिसका केंद्र जमीन से 19.3 किलोमीटर की गहराई पर था। भूकंप के आते ही 4 मीटर ऊंची सूनामी आयी, जिससे यहां के तटवर्ती इलाके की कई इमारतों को जबर्दस्त नुकसान पहुंचा है। कामचटका प्रायद्वीप के गवर्नर ब्लादिमीर सोलोदोव ने एक वीडियो पोस्ट करके कहा कि आज का भूकंप हाल के दशकों में सबसे शक्तिशाली था। इस भूकंप के आते ही कुछ ही मिनटों में एक किंडरगार्टेन स्कूल की इमारत ढह गई है। भूकंप के तुरंत बाद जापान में 16 जगहों पर सूनामी देखी गई और अमेरिका के कैलिफोर्निया तथा हवाई द्वीपों में हड़कंप की स्थिति मच गई। अमेरिका के हवाई द्वीप में 6 फीट ऊंची लहरें बुधवार को भारतीय समय के मुताबिक सुबह 7 बजे के आसपास देखी गईं और जापान के 19 लाख लोगों पर भी इस भयावह भूकंप से विस्थापन का खतरा बढ़ गया है।

रूस के साथ साथ जापान और अमेरिका के कैलिफोर्निया तट पर इस भूकंप की तीव्रता का पता चलते ही सूनामी अलर्ट जारी किया गया। रूस के कुरिल आईलैंड में 2700 लोगों को तुरंत सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। जापान में 16 से ज्यादा जगहों पर 40 सेंटीमीटर ऊंची लहरें, जो प्रशांत के साथ दक्षिण दिशा की ओर बढ़ रही है, तुरंत देखी गईं। जापान के कई समुद्र तटों पर व्हेल मछलियां बहकर आ लगीं। यह भूकंप इतना भयावह था कि इसकी तीव्रता का पता चलते ही अमेरिका के होनोलूलू में भी तुरंत इसका असर दिखने लगा और स्थानीय प्रशासन ने समुद्र तट से लोगों को तुरंत बाहर जाने की चेतावनियां जारी कर दी। जिस कारण भारी ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई। जापान में इस भयावह भूकंप के बाद हुकुसिमा न्यूक्लीयर प्लांट को तुरंत खाली कराया गया। गौरतलब है कि यह वही न्यूक्लीयर प्लांट है, जहां

दरअसल सूनामी की लहरों के लिए स्रोत भूकंप की गहराई, दिशा और समुद्री तल की आकृति महत्वपूर्ण होती है। फिर भी भारत के पूर्वी तटों को एलर्ट कर दिया गया है, जहां फिलहाल किसी लहर या नुकसान की आशंका नहीं है।



2011 में आये भयावह भूकंप से रेडियोएक्टिव लीकेज हो गया था और हजारों की संख्या में लोगों की मौत हुई थी। कामचटका भूकंप के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कैलिफोर्निया और हवाई के तटीय क्षेत्रों को सतर्क रहने की सलाह दी है। सूनामी की चपेट में अमेरिका के जो दर्जनों द्वीप या देश आ सकते हैं, उनमें प्रमुख हैं- अमेरिकी समोआ, अंटार्टिका, कोलंबिया, कुक आईलैंड्स, कोस्टारिका, अल सल्वाडोर, फिजी, गुवाम, इंडोनेशिया, मैक्सिको, न्यूजीलैंड, निकारागुवा, पनामा, पेरू, फिलिपींस, ताइवान, टोंगा और वनातू सहित दर्जनों क्षेत्र और देश इस भूकंप की चपेट में आ सकते हैं। इस समय जबकि ये पंक्तियां लिखी जा रही हैं, जापान में कैबिनेट मंत्रियों की लगातार आपात बैठकें जारी हैं और माना जा रहा है कि अगले तीन से चार घंटे यानी बुधवार को दोपहर 2 से 3 बजे तक का समय बेहद संवेदनशील है।

**कामचटका भूकंप**

जापान के कुछ तटीय इलाकों में 3 मीटर से भी ऊपर की खतरनाक लहरें उठ सकती हैं। हालांकि भारत में इस भूकंप से किसी प्रकार का खतरा न के बराबर है, क्योंकि कामचटका प्रायद्वीप भारतीय समुद्रतट से लगभग 6500-7000 किलोमीटर दूर है और यहां पहुंचने तक समुद्री लहरों को 15 से 16 घंटे लगेंगे, तब तक उनकी तीव्रता घटकर 6 से 7 सेंटीमीटर तक की रह जायेगी यानी अगर बंगाल की खाड़ी तक इस सूनामी की लहरें आती हैं, तो वे 6-7 सेंटीमीटर ही ऊंची होंगी। फिर भी देश के तटीय इलाके में एलर्ट जारी कर दिया गया है। मालूम हो कि रूस के सुदूर पूर्व में स्थित कामचटका प्रायद्वीप में 1952 में 9.0 तीव्रता का भूकंप आया था और तब भी जुलाई का महीना था। आश्चर्यजनक यह है कि अभी तक दुनिया के जो पांच बड़े भूकंप इस क्षेत्र में आये हैं, वे सब जुलाई माह में आये हैं। इस बार का यह भूकंप यहां आया अब तक का दूसरा सबसे भयावह भूकंप है। हालांकि इन पंक्तियों के लिखे जाने तक जापान और अमेरिका दोनो ही देशों में कोई भयावह स्थिति देखने को नहीं मिली, फिर भी आशंका है कि अगले पांच से छह घंटे बहुत संवेदनशील हैं। हवाई द्वीप के गवर्नर जॉश ग्रीन ने लोगों से कहा है कि वे समुद्रतट को छोड़कर कम से कम 1 किलोमीटर दूर चले जाएं, क्योंकि 6 से 8 फीट तक की ऊंची लहरें आ सकती हैं। गुवाम में तो बुधवार की सुबह आते आते 3 फीट तक लहरें आनी शुरू हो गई थीं। इसलिए यूएस सूनामी वॉर्निंग सेंटर का कहना है कि इक्वाडोर में 3 से 5 मीटर ऊंची लहरें भी आ सकती हैं। जापान के होक्काइडो में सूनामी की चेतावनी जारी होने के बाद लोग अपने घरों की छतों पर इकट्ठे हो गये। जापान की चिबा में कुजकुरी समुद्र तट पर सूनामी की लहरों के साथ तट पर कई व्हेल मछलियां भी बहकर आ लगी थीं। सवाल है क्या यह भूकंप किसी तात्कालिक मानवीय गलती से आया है, जैसे कोई परमाणु परीक्षण या ग्लोबलवार्मिंग? हालांकि ग्लोबलवार्मिंग सीधे तौरपर भूकंप का कारण नहीं बनती, लेकिन अप्रत्यक्ष रूप से यह इसकी वजह बनती है। क्योंकि ग्लोबलवार्मिंग के कारण जब बड़े पैमाने पर ग्लेशियर पिघलते हैं, जैसे हाल के सालों में आर्कटिक और दूसरे बर्फीले क्षेत्रों में पिघले हैं, तो वहां की जमीन पर दबाव कम हो जाता है, जिससे 'आइसोटेटिक रिबाउंड' होता है और यह भूगवर्भीय प्लेटों में तनाव को बदल सकता है, जिससे यह भूकंप को ट्रिगर कर सकता है। ग्लोबलवार्मिंग से समुद्र का जलस्तर बढ़ जाता है। समुद्र में पानी का वजन बढ़ने से भी महासागर की प्लेटों पर अतिरिक्त दबाव बनता है, जिस कारण सबडक्शन जोन (जैसे कामचटका) में तनाव असंतुलन बढ़ सकता है। हालांकि यह प्रभाव धीमे और दीर्घकालिक होते हैं और आमतौर पर 8.8 तीव्रता वाले भूकंप के लिए तुरंत कारण नहीं माने जाते। जहां तक इसकी मानवीय गतिविधि मतलब परमाणु परीक्षण, समुद्र में खनन या ड्रिलिंग के कारण की है, तो फिलहाल ये कारण भी नहीं हैं। बस सबसे ज्वलंत कारण यही है कि रूस का कामचटका प्रायद्वीप, प्राकृतिक रूप से अत्यंत सक्रिय सबडक्शन जोन है। जहां पैसिफिक प्लेट यूरेशियन प्लेट के नीचे खिसक रही है। इस प्रक्रिया से भूकंप और ज्वालामुखी गतिविधि स्वाभाविक रूप से होती है।

मगर फिलहाल कोई गंभीर परमाणु परीक्षण या समुद्र में गहराई से खनन की मानवीय गतिविधियां नहीं हुईं। इस कारण इस बात से निश्चित रहा जा सकता है कि यह तात्कालिक मानवीय गलती का नतीजा नहीं है। मसलन रूस में इस क्षेत्र में कोई औद्योगिक मेगा प्रोजेक्ट या बड़ा डैम भी नहीं है, जो भूकंपीय तनाव को बढ़ा सके। बहरहाल 8.8 तीव्रता (मैग्नीट्यूड) का यह भूकंप अत्यंत शक्तिशाली है और ऐसा भूकंप दुनिया में 20 से 50 साल में एक बार ही आता है। पर जहां तक भारत को इससे खतरे की आशंका का सवाल है, तो फिलहाल यह नहीं है। क्योंकि कामचटका प्रायद्वीप भारत से लगभग 6500 से 7000 किलोमीटर दूर है। इतनी दूरी पर भूकंपीय कंपन का महसूस होना असंभव है। दरअसल सूनामी की लहरों के लिए स्रोत भूकंप की गहराई, दिशा और समुद्री तल की आकृति महत्वपूर्ण होती है। फिर भी भारत के पूर्वी तटों को एलर्ट कर दिया गया है, जहां फिलहाल किसी लहर या नुकसान की आशंका नहीं है।

## सोशल मीडिया

ट्रिलियन डॉलर इकोनमी क्या ऐसी ही बनेगी, लोन न चुका पाने पर गरीब की पत्नी को तो बैंक बंधक बना रहे हैं लेकिन खरबों लेकर जो विदेश भाग गये उनका क्या? अखिलेश यादव.



देश के सैकड़ों जिले अब नक्सलवाद से मुक्त हो चुके हैं। पीएम नरेंद्र मोदी जी का मानसून सत्र से पूर्व वक्तव्य एक बड़ी नीतिगत उपलब्धि की ओर संकेत करता है। सुधांशु त्रिवेदी.



संसदीय राजभाषा समिति कार्यालय नयी दिल्ली में समिति के कार्यों के संबंध में नीति निर्धारक आलेख व साक्ष्य समिति की बैठक में विचार विमर्श किया। डॉ. दिनेश शर्मा.



# किसके हाथ में होगी भविष्य में कला की कल्पनाशीलता



**कला जगत**

**लोकमित्र गौतम**

यह सवाल हाइपोथेटिकल कतई नहीं है। ऐसी स्थितियां बन चुकी हैं कि एआई के लगातार उन्नत होते जाने से अब यह सवाल बहुतों द्वारा पूछा जा रहा है कि भविष्य में कला की बागडोर किसके हाथ में होगी, कल्पनाशील कलाकार के या तर्कशील मशीन के? यकीन मानिये यह सवाल केवल तकनीक बनाम मानव की होड़ का नहीं है बल्कि यह सवाल इस बात की पड़ताल भी है कि आखिर कला का सार क्या है? अगर हम कल्पनशील कलाकार का पक्ष लेते हैं और विश्वास के साथ कहते हैं कि आने वाले कल में कला अंततः कल्पनशील कलाकार के ही हाथ में होगी, तो इस बात को कहने के कई ठोस तर्क हैं। सबसे पहले बात आती है अनुभवों की। कोई मशीन कितनी ही उन्नत क्यों न हो, उसका अपना कोई अनुभव नहीं हो सकता। जबकि साधारण से साधारण इंसान के पास भी अपने एक्सक्लूसिव अनुभवों की पूंजी होती है। कलाकार दूसरों के जीवन या दुनिया से ही नहीं, अपने अनुभवों से भी बहुत समृद्ध होता है। वह दुनिया से सीखने के साथ साथ खुद से भी बहुत कुछ सीखता है। उसके पास अपनी भावनाएं होती हैं, संघर्ष होता है, आशओं की प्रेरणा होती है और निराशाओं की हताशा होती है। ये सभी चीजें किसी मशीन में नहीं हो सकतीं। कला सिर्फ सुंदरता नहीं होती, वह संवेदना भी होती है। कोई कविता, कोई चित्र, कोई नृत्य, तभी प्रभावी हो सकता है, जब उसमें एक कवि की, एक चित्रकार की, एक नृत्यांगना की आत्मा की गहरी गूंज मौजूद होती है। इसलिए कला का भविष्य किसी हद तक कलाकार के हाथ में ही सुरक्षित है। क्योंकि हर कलाकार के पास अपने सांस्कृतिक और सामाजिक संदर्भ होते हैं।

कलाकार जहां पैदा होता है, जहां बड़ा होता है, उस भूगोल का सब कुछ उसमें समाहित होता है। वह अपने समाज का ही नहीं बल्कि क्षेत्र विशेष यानी भूगोल का भी प्रतिबिंब होता है। उसके अंदर अपने भूगोल की खुशबू होती है। अपने भूगोल का आकार-प्रकार होता है। उसका स्वभाव उसके अंदर मौजूद होता है। इसलिए दुनिया में अनगिनत कलाकार, अनगिनत विशेषताओं के एक्सक्लूसिव स्वामी होते हैं। दुनिया में सारे कलाकार एक जैसे नहीं हो सकते, क्योंकि वे मशीन नहीं हैं। जबकि मशीन के साथ यह संकट है कि वे चाहे स्कैंडीनेवियन हों या अमेरिकी, जापानी हों या भारतीय। वह एक जैसी ही होंगी। किसी क्षेत्र विशेष के भूगोल या इतिहास के कारण उसमें विशिष्टता या एक्सक्लूसिवनेशन नहीं ढूंढ़ा जा सकता। जबकि कलाकार में जो अपनी स्थानीयता होती है और उस स्थानीयता के प्रति उसमें एक भावनात्मक जुड़ाव होता है। यह भावनात्मक जुड़ाव उसकी कला से फूटती है। जबकि मशीन इस मामले में ठूंठ साबित होती है। लेकिन ऐसा नहीं है कि मशीन के पास अपनी कोई विशिष्टता हो ही न, उसमें डेटा आधारित गति और विविधता होती है। कोई मशीन अपने इनपुट में लाखों शैलियों, चित्रों, धुनों और कविताओं का बहुत जटिल मिश्रण तैयार करके उन सबसे बिल्कुल एक नई और एक्सक्लूसिव लगने वाली कृति तैयार कर सकती है। लेकिन गहराई में जाकर जब हम उसकी इस जटिलता को उसके इनपुट से डिकोड कर सकते हैं। हालांकि मशीन की अपनी यह सीमा होगी। फिर भी वह पलक झपकते कलाकृतियां निर्मित कर सकेगी, लेकिन उन कलाकृतियों में जीवंतता एकदम से चैंकाने वाली या झकझोर देने वाला अनगढ़पन नहीं होगा। उस कृति में मशीन की कलात्मकता की अपनी एक व्यवस्था होगी, जिसके तहत उसकी निर्मिती भी होगी और उसी में उसकी विनिर्मिती भी समाहित होगी। मशीन भविष्य के लोगों को रचनात्मक माध्यम दे सकती है, लेकिन मशीन से हासिल इस माध्यम की बदौलत लोग कलाकार नहीं कहलाएंगे, बस संयोजकभर कहला सकते हैं। लब्बोलुआब यह कि भविष्य में कला की बागडोर पूरी तरह से किसी एक के हाथ में नहीं होगी, यह पूरी तरह से न तो कलाकार के हाथ में होगी और न ही मशीन के हाथ में। कला को कल्पनाशील कलाकार दिशा देंगे, तो तर्कशील मशीनें उसे गति देंगी। जहां कलाकार भावनाओं की आग से तपकर कला की रचना करेंगे, वहीं मशीनें उन्हें इंद्रधनुषी कैनवास मुहैय्या करायेंगी। इसलिए भविष्य कलाकार में तकनीक के आत्मसात का होगा यानी भविष्य, संवेदना और सटीकता का संगम होगा।

## विचार

शिक्षा का उद्देश्य है मन को संयम में लाना, सजाना नहीं, उसको अपनी शक्तियों का योग करना सिखाना। दूसरे के विचारों को इकट्ठा करना नहीं।

-ड्रायन एडवर्ड.

यदि आपका हृदय ईमान से भरा है तो एक शत्रु क्या, सारा संसार आपके सम्मुख हथियार डाल देगा।

-स्वामी रामतीर्थ.

व्रत का महात्म्य वहीं तक कल्याणकारी है जहां तक ध्यान और अध्ययन में वह बाधक न हो।

-मुनि गणेश वर्णी.

पानी और उसका बुलबुला एक ही चीज है। उसी प्रकार जीवात्मा और परमात्मा एक ही चीज है। अंतर सिर्फ यह है कि एक परिमित है, दूसरा अनंत, एक परतंत्र है दूसरा स्वतंत्र।

-गुरुनानक.

# वातावरण का प्रभाव

**अंतर्दृष्टि**

साधना उपासना की महान महत्ता का यह प्रतिपादल भरतीय दर्शन और योग शास्त्रों में पग-पग पर मिलता है। इतने पर भी यह देखा गया है कि कई बार विधि विधान का पालन करते हुए भी लोग साधना उपासना के वह लाभ प्राप्त नहीं कर पाते जिनका इस तरह उल्लेख मिलता है। उसका कारण होता है वातावरण का प्रभाव। यह सच है कि अनेक प्राणवान व्यक्ति अपनी तप साधना और संकल्प शक्ति से वातावरण को भी बदल डालते हैं। किन्तु सच यह भी है कि मनुष्य के विकास में वातावरण का प्रभाव बहुत अधिक मात्रा में होता है। साधना उपासना चूंकि व्यक्ति के संस्कारों से संबंध रखती है और प्रत्येक वातावरण अच्छे बुरे संस्कार समाहित रखता है अतएव उच्चस्तरीय साधनाओं में तो स्थान औरवातावरण का महत्व निश्चित ही बहुत अधिक होना चाहिए। वातावरण के प्रभाव की सशक्तता का परिचय देने वाले कितने ही विधेयात्मक एवं निषेधात्मक कथा प्रसंग इतिहास में मिलते हैं। इतिहास की प्रसिद्ध घटना है कि जब कौरव पाण्डवों के युद्ध के लिए स्थान चयन की बात आई तो श्रीकृष्ण ने एक विशेष दूत नियुक्त किया, उसने सर्वत्र युद्ध स्थल की छानबीन की। कुरुक्षेत्र में उसने परस्पर दो सगे भाइयों को युद्ध करते देखा। यह घटना उसने श्री कृष्ण को बताई। फलतः यह क्षेत्र युद्ध के लिए चुना गया। क्योंकि उन्हें संदेह था कि भावनाशील होने के कारण कहीं अर्जुन युद्ध का परित्याग न कर बैठें। श्रवण कुमार के बारे में भी ऐसी ही कथा प्रख्यात है। वह जब अपने माता-पिता को कांवर में लिए तीर्थाटन करा रहे थे, तो एक स्थान ऐसा जहां उसने न केवल कांवर पटक दी अपितु अपने माता-पिता को कटु शब्द भी कहे। उस देश से आगे निकल जाने के बाद उसे अपने कथन पर भारी पश्चाताप हुआ। इस पर उसके पिता ने सांत्वना देते हुए समझाया कि इसमें श्रवण का कोई दोष नहीं। यह स्थान मयदानव का था जिसने कभी अपने माता-पिता को यहीं बन्दी बनाकर मृत्यु के घाट उतार दिया था। कुंती के बारे में भी ऐसी ही घटना का उल्लेख पुराणों में मिलता है। भूमि के संस्कार एक तथ्य हैं, इसे कोई भी पवित्र जलाशयों, देवमंदिरों तथा शमशान घाट में जाकर स्वयं अनुभव कर सकता है। कुल्लू की मिट्टी सेवों के लिए प्रसिद्ध है। अच्छी से अच्छी खाद, जल और मौसम पाकर भी वैसे सेब आज तक अन्यत्र कहीं नहीं उगाये जा सके। नागपुर के संतरे और भुसावल के केले अन्यत्र नहीं मिलते। मुजफ्फरपुर लीचियों के लिए प्रसिद्ध है तो लखनऊ का मलीहाबाद जैसे स्वादिष्ट आम दूसरी जगह कम मिलते हैं। यह सब मिट्टी और वतावरण के गुणों के कारण ही होता है।

# मैं सरस्वती का मैनेजमेंट पुत्र हूं...

**व्यंग्यलोक**

मैं खास तौर पर मां सरस्वती का साहित्य सेमिनार मैनेजमेंट पुत्र हूं। जब भी उन्हें हिंदी साहित्य के किसी संगठन विशेष के साहित्यकारों से संवाद करना होता है, वे मुझसे संपर्क करती हैं और तब मैं हिंदी साहित्य के उनके द्वारा बताए संगठन के साहित्यकारों को इकट्ठा कर उनसे उनके संवाद के बहाने उनके साहित्य की वर्तमान दशा और दिशा पर सेमिनार करवा चार पैसे मैं भी कमा लेता हूं। दूसरे शब्दों में कहें तो साहित्य इवेंट मैनेजर। वैसे भी आज का जमाना इवेंट मैनजरों का जमाना है। वे जीव के पैदा होने से लेकर उसके मरने तक के सारे इवेंट मैनेज करने लगे हैं। बस इवेंट मैनेज करवाने वाले की जेब में पैसा होना चाहिए। वैसे आदमी की जेब में पैसा हो तो वह आज की तारीख में कुछ भी करने का मौलिक अधिकार रखता है। आज कल के आदमी के पास समय ही कहां है जो वह अपने जीवन के हर इवेंट को मैनेज कर सके। आजकल वह बहुत व्यस्त चल रहा है। उसके पास आज मरने तक की फुर्सत नहीं। इसलिए वह अपने बदले दूसरों को मार रहा है। कल बड़े अरसे बाद मां सरस्वती का फोन आया। आजकल के हिंदी साहित्य के हालचाल पूछने के बाद बातों ही बातों में उन्होंने इच्छा जताई कि वे सावन मास में एक सेमिनार में हिंदी के साहित्यकारों से रूबरू होना चाहती हैं तो मैंने कहा, नो टेंशन मां! हो जाएगा। आप बजट का आइडिया दे दें तो... पर मां! कौन से साहित्यकारों से आप रूबरू होना चाहती हैं? अगर आप साहित्यकारों की कैटेगरी, सब कैटेगरी साफ कर दो तो..., तो वे बोली, ह्य कौन से से क्या मतलब? साहित्यकार चाहे वामपंथी हो या काम पंथी! वह मूलतः साहित्यकार ही होता है। साहित्यकार की न कोई जात होती है न धर्म। उसकी न कोई नस्ल होती है, न कोई फसल! मैं हिंदी साहित्यकारों के सर्वमुखी सेमिनार को संबोधित करना चाहती हूं जिसमें वामपंथी से लेकर कामपंथी, आरामपंथी, सलामपंथी सब साहित्यकार हों। नहीं मां! ऐसा नहीं हो सकता। यहां तो एक ही पंथ के साहित्यकार एक टेंट में एक साथ नहीं खाते और आप? अब साहित्यकारों की परिभाषा पूरी तरह बदल गई है, अब अलग अलग नस्ल के साहित्यकार भी हैं और अलग अलग फसल के भी। बुरा मत मानना मां शारदे! मेरे कहने का मतलब ये कि अब साहित्यकारों की बहुत सी श्रेणियां, सब श्रेणियां हो गई हैं। गया वो वक्त जब साहित्यकार केवल साहित्यकार होता था। वक्त बदला तो वह वामपंथी और दक्षिणपंथी हो गया। बीच में कुछ कुछ वह सरकार कंठी हो भी होता रहा। पर अब तो उसकी कितनी श्रेणियां हैं, उसे भी नहीं पता।



अशोक गौतम

## आप की बात

### बढ़ती अवैध कालोनियां

प्रदेश में विकास प्राधिकरणों एवं आवास विकास की कारस्तानी के कारण अब आम आदमी को घर मिलना मुश्किल हो गया है। विकास प्राधिकरणों के इंजीनियरों ने कमीशन के खेल में बड़े-बड़े अपार्टमेंट खड़े कर दिये जिन्हें न तो कोई लेने वाला मिल रहा है और न ही लेना आर्थिक रूप से व्यवहारिक है। शहरों को विकसित कर सजाने संवारने की जिम्मेदारी जिन प्राधिकरणों पर है वे पूरी तरह भ्रष्टाचार के अड्डे बन गये हैं। सबसे बड़े प्रदेश की राजधानी में अवैध कालोनियों का मकड़जाल फैल रहा है। इनमें अनेक समस्याएं पैदा होती हैं लेकिन प्राधिकरण के इंजीनियर और बाबू इसे चलने देते हैं। जब कोई अदालती आदेश आता है तो बेमन से कार्रवाई करते हैं। विकास प्राधिकरणों में जब कोई अभियंता या बाबू घोटाले में पकड़ा जाता है तो सौ, दो सौ करोड़ की संपत्ति मिलना आम बात है। नोएडा अथारिटी में यादव सिंह और उनके परिजनों के भारी गोलमाल की जांच और मुकदमा अभी चल ही रहा है। सवाल है कि विकास प्राधिकरणों में घोटालों की इतनी छूट कैसे मिल जाती है कि जो भी बाबू, अभियंता या अधिकारी पकड़ा जाता है वह करोड़ों का खेल कर चुका होता है। आज विकास प्राधिकरण प्राइवेट एजेंसियों से महंगे फ्लैट बेच रहे हैं। ऐसे में इनकी जरूरत क्या है? जब गरीबों को घर दे नहीं पाते तो इनको खत्म किया जाये। जब विकास प्राधिकरण ही जनता को चूना लगाने पर तुले हों तो इनको खत्म कर प्राइवेट क्षेत्र को ही आगे बढ़ाया जाये। प्रधानमंत्री आवास योजना कई सालों से चल रही है लेकिन प्राधिकरणों एवं आवास एजेंसियों की कारस्तानी के कारण ही गरीबों को घर नहीं मिल रहा है। दूसरे गरीबों के घर को इतना छोटा कर दिया गया है कि महज 20-22 मीटर में ही बना दिया जाता है। इससे घर मिल भी जाता है तो भी शांति नहीं मिलती है। इसलिए अगर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को शहरों में घर दिया जाता है तो उसका आकार कम से कम 30-40 वर्ग मीटर तो रखा ही जाना चाहिए जिससे कि गरीब आसानी से अपना जीवन यापन इन घरों में कर सकें। कम से कम दो छोटे-छोटे कमरों का घर हरेक व्यक्ति के लिए जरूरी है। पीएम आवास योजना में जो घर बनाये जा रहे हैं उनसे आवास की समस्या हल होने वाली नहीं है।

**प्रमोद कुमार शुक्ल, लखनऊ.**

### विकास में देरी की कीमत

कुछ समय पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तराखंड में विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करते हुए इसमें होने वाले विलंब की चर्चा की, दरअसल प्रधानमंत्री जिस परियोजना का लोकार्पण कर रहे थे वह वर्षों पुरानी है। प्रधानमंत्री ने कई परियोजनाओं को अंजाम तक पहुंचाने का कार्य किया है, जो दशकों से लेटलतीफी की शिकार थीं। इसमें सरदार सरोवर परियोजना और हाल ही में लोकार्पित सरयू नहर परियोजना प्रमुख है। यह दोनों परियोजनाएं आधी शताब्दी से अधिक समय पुरानी थीं। जब विकास की योजनाओं में इतना विलंब हो जाता है तो देश को बहुत नुकसान होता है। अगर सरयू नहर परियोजना या फिर सरदार सरोवर परियोजना में चार-पांच दशक विलंब न होता तो इससे अब तक बहुत लाभ मिल चुका होता। इसलिए यह जरूरी है कि परियोजनाओं की शुरूआत के साथ ही उसके कंपलीट होने की तरीख भी तय हो और इसके लिए पर्याप्त बजट के साथ ही परियोजना के मार्ग में आने वाली बाधाओं को हल करने के लिए सक्षम प्रशासनिक ढांचा भी हो। केन्द्र सरकार बुनियादी विकास की परियोजनाओं को प्राथमिकता देते हुए इनको समयबद्ध पूरा करने का संकल्प दिखाया है। इसका बेहतर परिणाम यह रहा है कि राजमार्ग, रेलवे, शहरी विकास व ऊर्जा क्षेत्र की परियोजनाएं बड़ी संख्या में पूरी होकर राष्ट्र की सेवा में समर्पित हो गयी हैं। परियोजनाएं पूरी होने की गति बढ़ने के बावजूद भी बहुत देरी होती है।

**आकाश श्रीवास्तव, लखनऊ.**

संक्षेप

## बीएड व एमएड की परीक्षाएं 2 अगस्त से

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की बीएड एवं एमएड विश्वविद्यालय परिसर एवं महाविद्यालय की मुख्य 2025 एवं भूतपूर्व 2024 की परीक्षाएं कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह के आदेशानुसार 2 अगस्त 2025 से निर्धारित परीक्षा कार्यक्रम अनुसार संपन्न होगी। एमएड की परीक्षा सुबह 9:00 बजे से 12:00 बजे तक एवं बीएड की परीक्षा दो पाली में आयोजित की जा रही है। क्रमशः प्रातः 9:00 बजे से 12:00 बजे तक एवं 2:00 बजे से 5:00 बजे तक होगी। उपकुलसचिव अजय कुमार गौतम ने बताया कि बीएड प्रथम वर्ष की परीक्षा में 16823 द्वितीय वर्ष में 13075 छात्र परीक्षा में शामिल होंगे। वही एम एड प्रथम वर्ष में 198 एवं द्वितीय वर्ष में कल 254 छात्र परीक्षा देंगे। सुचिता पूर्ण परीक्षा संपन्न करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। परीक्षा संपन्न करने के लिए विश्वविद्यालय ने कुल 23 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। एमएड आवासीय परिसर के कोऑर्डिनेटर प्रो अनूप कुमार ने बताया कि आवासीय परिसर एमएड प्रथम वर्ष में 22 छात्र एवं द्वितीय वर्ष में 24 छात्र परीक्षा में शामिल होंगे।

# बड़े आंदोलन का रूप लेती जा रही गद्दो पुर रेल बाईपास योजना



- पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने केंद्रीय रेल मंत्री को लिखा पत्र।
- रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिलकर रखेंगे अपनी बात

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या में विकास कार्य अपनी तीव्र गति से चल रहा है ऐसे में नए-नए प्रोजेक्ट कहीं ना कहीं लोगों के लिए मुसीबत भी बनते जा रहे हैं। कुछ ही दिन पूर्व रेल मंत्रालय ने एक विज्ञापन जारी कर बताया कि इलाहाबाद - अयोध्या और लखनऊ - अयोध्या की रेलवे लाइन के बीच से एक बाईपास रेलवे लाइन निकाली जाएगी जो सीधे मालगाड़ियों और माल गोदाम को जोड़ने का काम करेगी। इस प्रोजेक्ट के आने से गड्ढोंपुर इलाका पूरी तरह से चारों तरफ से रेलवे लाइनों से घिर जाएगा।इससे सैकड़ो लोगों की कृषि भूमि और घर पर भी संकट आ गया है। रेलवे विभाग ने इस रेलवे लाइन को बनाने के लिए अब चिंहीकरण भी शुरू कर दिया है. इस मामले को लेकर लोग आंदोलित हैं सैकड़ो लोग भूमि और गृहहीन होने जा रहे हैं। इन स्थितियों को देखते हुए यहाँ के लोग अब एक बड़े आंदोलन की तैयारी में हैं। भारी संख्या में लोगों ने पूर्व भाजपा सांसद लल्लू सिंह से भेंट की। इस दौरान उन्होंने रेल मंत्रालय को पत्र लिखा और साथ ही उन्होंने व्यक्तिगत तौर पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिलकर इस पूरी समस्या से अवगत कराने की बात कही। गद्दोपुर के लोगों ने इस योजना पर भारी विरोध जताते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है और जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि उनके घर और जमीनों को बचाया जाए।इस बाईपास रेलवे लाइन को कहीं और स्थानांतरित किया जाए जिससे लोगों को घरहीन और भूमिहीन होने से बचाया जा सके। इस पूरे मामले को लेकर अब मीटिंगों का दौर शुरू हो गया है अपनी बात रेल मंत्रालय तक पहुंचाने के लिए हर स्थिति का सामना करने को यह लोग तैयार हैं। लोगों का कहना है कि विकास की आंधी में इंसानी विनाश की कहानी बनती जा रही है अयोध्या। रेल मंत्रालय ने कहा अगर उनकी बात ना सुनी गई तो वह किसी भी कीमत पर यह बाईपास रेलवे लाइन नहीं बनने देंगे उसके लिए उन्हें कुछ भी करना पड़े. धरना प्रदर्शन भूख हड़ताल और आंदोलन की चेतावनी देते हुए लोगों ने पूर्व सांसद लल्लू सिंह पर भरोसा जताते हुए कहा कि वह उनकी बात सुनेंगे। इस दौरान इलाके के सैकड़ो लोग मौजूद रहे जिसमे गद्दोपुर पार्षद राम तीरथ, प्रतिनिधि अभिषेक सिंह, शशि प्रकाश सिंह, अजीत सिंह संजीव सिंह अंकुर सिंह विशाल, अनूप आदि उपस्थित रहे।

## देवकाली से जेल रोड का होगा चौड़ीकरण

जिला संवाददाता

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विकास कार्यों की गति तेज हो रही है। शहर की सड़कों को और बेहतर बनाने के लिए अब देवकाली से जेल रोड तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य शुरू होने जा रहा है। इस परियोजना के तहत वर्तमान में 6 मीटर चौड़ी इसड़क को 10 मीटर तक चौड़ा किया जाएगा। 1.6 किमी में कार्य प्रस्तावित किया गया है।

- 1.60 किमी मीटर सड़क 10 मीटर होगी चौड़ी, अभी 6 मीटर चौड़ी है सड़क, 4000 .00 लाख आएगी लागत

लोक निर्माण विभाग ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना की कार्ययोजना तैयार कर शासन को भेज दी है। इस कार्य पर लगभग 4000.00 लाख रुपये की लागत अनुमानित है।

अयोध्या जो धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से विश्व विख्यात है, अब आधुनिक बुनियादी ढांचे के साथ भी अपनी पहचान बना रही है।

राम मंदिर निर्माण के बाद देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। इस बढ़ती भीड़ को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए योगी सरकार सड़कों के चैड़ीकरण, सौंदर्यीकरण और अन्य विकास कार्यों पर विशेष ध्यान दे रही है। देवकाली से जेल रोड का चैड़ीकरण इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।इस सड़क का चैड़ीकरण होने से न केवल स्थानीय लोगों को आवागमन में सुविधा होगी, बल्कि पर्यटकों के लिए भी यह रास्ता अधिक सुगम और सुरक्षित हो जाएगा। वर्तमान में इस सड़क की चैड़ाई 6 मीटर है, जो बढ़ते ट्रैफिक के लिए अपर्याप्त साबित हो रही है। चैड़ीकरण के बाद सड़क 10 मीटर की हो जाएगी, जिससे वाहनों की आवाजाही में आसानी होगी और जाम की समस्या से निजात मिलेगी।

लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया की इस परियोजना की कार्ययोजना को अंतिम मंजूरी के लिए शासन को भेजा गया है। मंजूरी मिलते ही टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी और कार्य जल्द से जल्द शुरू करने की योजना है। इस सड़क के चैड़ीकरण के साथ-साथ ड्रेनेज सिस्टम, स्ट्रीट लाइट्स और सड़क के किनारे सौंदर्यीकरण का कार्य भी किया जाएगा। इससे सड़क न केवल मजबूत और चैड़ी होगी, बल्कि देखने में भी आकर्षक होगी।

## रोड सेफ्टी को लेकर छात्र-छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली



**सतरिख, बाराबंकी।** टीआरसी लॉ कॉलेज और कोतवाली सतरिख के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अन्तर्गत रैली को महाविद्यालय प्रबन्धक डा0 सुजीत चतुवेर्दी ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली मे छात्र-छात्राओ द्वारा आने-जाने वाले राहगीरों को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक किया गया। तथा सड़क सुरक्षा के विभिन्न नियमों और संकेतो का पालन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्राचार्य डा0 अश्वनी कुमार गुप्ता, प्रवक्ता धर्मेन्द्र कुमार, प्रवक्ता डा0 मंजय कुमार यादव, डा0 दीपमाला श्रीवास्तव, डा0 प्रमोद कुमार पाण्डेय, अंकित कुमार मिश्रा, रोहिणी त्रिपाठी मौजूद रहे।

## एएचटीयू/एसजेपीयू की मासिक समन्वय बैठक



**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक बहराइच के निर्देशन में एसजेपीयू व एएचटीयू की मासिक समीक्षा एवं समन्वय बैठक प्रशिक्षु उपाधीक्षक नारायण दत्त मिश्र की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा जारी एसओपी में दिये गये दिशा निर्देशों के अनुपालन हेतु थानों पर नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के समक्ष आ रही समस्याओं व थानों पर गुमशुदा व पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित लम्बित अभियोगों की विवेचना के निस्तारण में आ रही कठिनाईयों, पॉक्सो के फॉर्म 'ए' व 'बी' निर्धारित प्रारूप में भरकर सीडब्ल्यूसी को 24 घण्टे के अंदर प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया तथा बालश्रम के विरुद्ध शासन द्वारा चलाये जा रहे अभियान ( दिनाँक 01.06.2025 से दिनाँक 31.08.2025 ) तक के सम्बन्ध में एवं बाल विवाह के प्रकरणों में अपेक्षित कार्यवाही करने हेतु विस्तृत चर्चा की गयी ।साथ ही नाबालिग बच्चों से किसी कार्यस्थल पर वर्जित कार्य न कराये जाने तथा बाल भिक्षावृत्ति के विषय पर विस्तृत रूप से चर्चा कर बालश्रम व बाल भिक्षावृत्ति पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के सम्बन्ध में बताया गया तथा बच्चों को शासन द्वारा मिलने वाली सहायता हेतु विभिन्न योजनाओं से भी अवगत कराया गया । नाबालिग/पीड़ित बच्चों को सीडब्लूसी के समक्ष पेश कि

## स्कूली बस में क्षमता से अधिक बच्चे मिले सख्त चेतावनी देकर लगाया जुर्माना



जिला संवाददाता

**बाराबंकी।** रोड सेफ्टी नियमो के प्रति लोगो को जागरुक व पालन कराये जाने हेतु परिवहन विभाग ने विशेष

- 7 वाहन सीज, कईअभियोग में 30 चालान

चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान बिना फिटनेस, बकाया टैक्स, हेलमेट-सीटबेल्ट, प्राइवेट वाहन का कमर्शि्यल उपयोग समेत क्षमता से अधिक बच्चो को ले जा रही स्कूल बस के विरुद्ध दण्ड़ात्मक कार्यवाही की। अभियान की जानकारी देते हुए सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने बताया कि लखनऊ-अयोध्या राजमार्ग पर यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की टीम ने बिना फिटनेस, बकाया टैक्स, हेलमेट-सीटबेल्ट, प्राइवेट वाहन द्वारा कमर्शियल उपयोग मिलने पर 30 वाहनो के चालान एवं 7 वाहनो को थाने में निरुद्ध किया। तो वही 1 स्कूली बस संख्या यू0पी 32 एफएन 0975 मे क्षमता से अधिक बच्चे मिलने पर सख्त चेतावनी देते हुए जुर्माना लगाया।

# रोजगारोन्मुखी योजनाओं को दी जायेगी सर्वोच्च प्राथमिकताः राजेश कुमार

**अयोध्या।** नवागत मंडलायुक्त राजेश कुमार ने बुधवार को आयुक्त कार्यालय में मंडलायुक्त के पद का कार्यभार विधिवत रूप से ग्रहण किया। इस दौरान जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे, अपर आयुक्त प्रशासन अजय कान्त सैनी, मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह मौजूद

- आयुक्त कार्यालय में नवागत मंडलायुक्त ने ग्रहण किया कार्यभार

रहे। राजेश कुमार भारतीय प्रशासनिक सेवा ( आईएएस ) के 2008 बैच के वरिष्ठ अधिकारी हैं और पूर्व में सचिव गृह उ०प्र० शासन के पद पर कार्यरत थे। मंडलायुक्त ने पदभार ग्रहण करने के पश्चात मंडलायुक्त ने आयुक्त कार्यालय के अधिकारियों, संभागीय अधिकारियों व कार्मिकों के साथ एक परिचयात्मक बैठक की। इस बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन की प्राथमिकताओं, विशेषकर स्वास्थ्य, शिक्षा, आधारभूत संरचना, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण एवं रोजगारोन्मुखी योजनाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। मंडलायुक्त राजेश कुमार का बुधवार को प्रातः जनपद में आगमन हुआ जहां उन्होंने सर्वप्रथम हनुमानगढ़ी में दर्शन पूजन किया तत्पश्चात कनक भवन पहुंच कर दर्शन पूजन किया और फिर श्री राम जन्मभूमि परिसर में पहुंच कर प्रभु श्री राम लला का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

सर्किट हाउस में जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव ग्रोवर, उपाध्यक्ष विकास प्राधिकरण अश्विनी कुमार पांडेय, नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने उनका बुके भेंट कर स्वागत किया। वही नवागत मंडलायुक्त राजेश कुमार ने कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात



अपर आयुक्त प्रशासन अजय कान्त सैनी के साथ आयुक्त कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त प्रशासन ने मंडलायुक्त को कार्यालय के पटल की जानकारी देते हुए आयुक्त कोर्ट रूम, जेडीसी कार्यालय, डीएसडीओ कार्यालय सहित अन्य पटल व कार्यालय परिसर के बारे में अवगत कराया गया। निरीक्षण के दौरान संयुक्त विकास आयुक्त, उपनिदेशक अर्थ एवं संख्या अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## अवैध तमंचे व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**गोसाईगंज-अयोध्या।** गोसाईगंज कोतवाली पुलिस ने इलाके से एक युवक को अवैध तमंचे व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।पकड़े गए अभियुक्त की पहचान जोगापुर समदा गांव निवासी मनोज यादव40 पुत्र शिवशंकर यादव के रूप में हुई।एसएचओ विजयंत मिश्र के मुताबिक अभियुक्त को मंगलवार की देर रात्रि बनराजा बस्ती समदा नहर की पटरी के पास से गिरफ्तार किया गया।तलाशी में उसके पास से12बोर तमंचा व 12बोर के दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ।बताया कि अभियुक्त का पुराना आपराधिक इतिहास है,जिसके खिलाफ गोसाईगंज कोतवाली में आधा दर्जन से ज्यादा केस दर्ज है।अभियुक्त की गिरफ्तारी में एसआई अमितकुमार,कमलेश कुमार सिपाही राजेश राजभर व आयुष यादव की भूमिका रही।

## दो ग्राम पंचायत में कोटे का चयन टला

**सोहावल-अयोध्या।** अपने घर से 5 किलोमीटर दूर अटैच किए गए कलाफरपुर कोटे की दुकान से राशन लाने को मजबूर देवराकोट पंचायत के ग्रामीण अब आंदोलन की राह पर है। यहां की चयन बैठक की तिथि 31 जुलाई को थी।जिसे 10 दिनों के लिए आगे बढ़ा कर 11 अगस्त कर दी गई। वहीं कोटडीह सरैया की बैठक पर उच्च न्यायालय ने रोक लगा दी है।पिछले कई महीनों से कोटेदार बिना रिक्त चल रही इन दोनों सस्ते गल्ले की दुकान को संचालित कराने के लिए शासन ने गांव पंचायत में चल रही समूह की महिलाओं को वरीयता देने का निर्देश दिया है।इन्हीं के आवेदन प्राथमिकता के तौर पर स्वीकार किए जाएंगे। इसी को मानक मानकर गांव में खेमेबाजी चल रही है। कोटडीह के चयन बैठक को लेकर एक पक्ष ने दरवाजा खटखटाया तो उच्च न्यायालय ने अगली सुनवाई तक के लिए चयन बैठक कराने पर रोक लगा दी है। दूसरी ओर देवराकोट की बैठक टाले जाने के सम्बन्ध में पूछे जाने पर प्रभारी बनाए गए खण्ड विकास अधिकारी हरिश्चंद्र वर्मा ने बताया देवराकोट में 31 तारीख की तिथि आगे बढ़ाने के लिए ग्राम प्रधान ने समय अभाव का कारण बताकर निवेदन किया है।

# कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने उठाई मांग



**बाराबंकी।** संसद में मानसून सत्र के दौरान कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने अखिल भारतीय न्यायिक सेवा के गठन का मामला उठाते हुये नियम संख्या 377 विशेष उल्लेख के माध्यम से अपनी बात रखी। श्री पुनिया ने कहा कि भारत की न्यायिक व्यवस्था बहुत ही कमजोर हो रही है। जजों की कमी और मुकदमों की बढती संख्या के

- अखिल भारतीय न्यायिक आयोग की स्थापना और अदालतों में रिक्त पदों को शीघ्र भरे जाने की मांग

कारण जजों पर अधिक केस सुनने का भी दबाव है। देश के हाईकोर्ट में 1,114 पदों में से 350 से अधिक पद रिक्त चल रहे हैं। जिला अदालतों में भी 5 हजार से अधिक जजों के पद रिक्त चल रहे हैं। जिससे न्याय मिलने में देरी हो रही है। सुप्रीम कोर्ट में 60 हजार और हाईकोर्ट में 58 लाख और जिला अदालतों में 4 करोड 50 लाख से अधिक मामले लंबित हैं। इनमें बडी संख्या में गरीब दलित और आदिवासी हैं।

ऐसी स्थिति में शीघ्र न्याय देना बडी चुनौती बन गई है। श्री पुनिया ने बताया कि संविधान के अनुच्छेद 312 के प्रावधानों के अनुसार अखिल भारतीय न्यायिक सेवा की स्थापना की जानी चाहिए। जिससे राष्ट्रीय न्यायिक चयन प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से भर्ती होने पर अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछडा वर्ग के अभ्यर्थियों को भी लाभ प्राप्त हो एवं न्यायिक सेवा में आरक्षित वर्गों की कमी को भी पूरा किया जा सकेगा। श्री पुनिया ने संविधान में दिए गए प्रावधानों के अनुसार अखिल भारतीय न्यायिक सेवा की स्थापना की जाए तथा अदालतों में रिक्त पदों को शीघ्र भरे जाने की मांग की।

## किसानों के नेता पूर्व मंत्री मुन्ना सिंह की पुण्यतिथि आज

**सोहावल-अयोध्या।** किसानों के नेता माने जाने वाले स्व. मुन्ना सिंह चैहान की 9वीं पुण्य तिथि आज इनके पैतृक गांव महोली में मनाई जायेगी। जनता दल से लेकर रालोद तक की सियासत में सक्रिय भूमिका निभाने वाले नेता मुन्ना सिंह को एक जमीनी नेता के रूप में पहचान मिली है। किसानों और गरीबों की लड़ाई लड़ते रहने के लिए किसान मसीहा की संज्ञा से नवाजा जाता है और लोगों के बीच आज भी याद किया जाता है।

पूर्व विधायक पत्नी शोभासिंह और वर्तमान विधायक इनके पुत्र डाक्टर अमित सिंह चैहान के भाजपा में चले जाने के बाद आज इनकी पुण्य तिथि पर रालोद के साथ अब भाजपा के नेताओं का भी जमावड़ा होने लगा है। 2010 से 2020 के बीच सत्ता की भागीदारी में रालोद कोटे से सिंचाई मंत्री रहे ।

# जिले में पुलिसकर्मी ही सुरक्षित नहीं

जिला संवाददाता



**बाराबंकी।** 28 वर्षीय महिला सिपाही की हत्या के बाद झाड़ियों में मिले शव के बाद जंहा जनपद की बे-पटरी पुलिसिंग पर सवाल उठ रहे है। वही जनपद में घटना की सूचना फैलते

- महिला सिपाही की हत्या कर हाइवे किनारे झाड़ियो में फेंका गया शव
- लखनऊ-बहराइच राजमार्ग किनारे मिला महिला वदीर्धारी सिपाही का शव
- आला अधिकारियो के साथ घटना स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे आईजी

ही दहशत साफ दिखाई दे रही है। महिला सिपाही के शव मिलने की सूचना के बाद जहां आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। तो वही पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या रेंज प्रवीण कुमार भी घटना स्थल का जायजा लेने पहुंचे। वर्दी में मिले महिला सिपाही के शव को हत्या कर चेहरा जलाये जाने की बात भी सामने आई है। महिला पुलिस के साथ हुई इस अनहोनी घटना के बाद बेहरतीन पुलिसिंग का दावा हवा-हवाई देखने को मिल रहा है। बताया जा रहा है कि बुधवार सुबह झाड़ियो में मिले महिला सिपाही के शव को भानू नाम के ग्रामीण ने देखा और पुलिस को सूचना दी। मृतक महिला सिपाही की शिनाख्त विमलेश पाल के रुप में हुई। जिसकी पोस्टिंग सुबेहा थाने में बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि मृतका महिला सिपाही को सोमवार को श्रावण मास में लगने वाले लोधेश्वर महादेव मंदिर महादेवा, रामनगर में डयूटी के लिये रवाना किया गया था और बुधवार सुबह उसका शव मसौली ग्राम बिंदौरा हाईवे से 200 मीटर दूर झाड़ियों में मिला। वही मीड़िया से बात करते हुये आईजी अयोध्या रेंज प्रवीण कुमार ने कहा कि प्रथम दृष्टया मोटिव के साथ मर्डर किया जाना प्रतीत हो रहा है। महिला सिपाही का शव वर्दी में था। यहां तक नेमप्लेट भी लगी हुई थी। लगभग 8 वर्ष पूर्व मृतका पुलिस में भर्ती हुई थी। सुल्तानपुर जिले की जयसिंहपुर कोतवाली की भभोट गांव निवासिनी मृतका तैनाती थाना सुबेहा में एक किराये के मकान में रहने की जानकारी प्राप्त हुई है। हालांकि हत्या के बाद पुलिस दो बिन्दुओ पर जांच कर रही है। पुलिस उच्च अधिकारियो की माने तो मृतका ने पूर्व में एक सिपाही के खिलाफ गम्भीर धाराओ में मुकदमा लिखवाया था। बाद में उस सिपाही से विवाह हो गया। जबकि उसकी पोस्टिंग हरदोई जिले में बताई जा रही है।

## ग्रामीण अंचल के युवाओं को खेलों की ओर प्रेरित करें मिनी स्टेडियमः डीएम



जिला संवाददाता

**बाराबंकी।** विकासखंड मसौली अंतर्गत ग्राम बड़ा गांव में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने युवा कल्याण विभाग द्वारा निर्मित ग्रामीण मिनी स्टेडियम के

- डीएम ने किया ग्रामीण मिनी स्टेडियम के अनुरक्षण कार्यो का निरीक्षण
- साफ-सफाई में लापरवाही मिलने पर व्यक्त की नाराजगी

अनुरक्षण कार्यो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परिसर में साफ-सफाई स्थिति असंतोषजनक पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की।तथा स्टेडियम परिसर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाए रखने तथा कार्यों की गुणवत्ता की जांच हेतु एक टास्क फोर्स गठित करने जो अनुमोदित स्टीमेट के अनुसार कराए गए कार्यों का भौतिक सत्यापन करने को लेकर सम्बधितो को निर्देशित किया। जिला युवा कल्याण अधिकारी ने जिलाधिकारी को बताया कि जनपद के चार , त्रिवेदीगंज एवं बनीकोडर में युवा कल्याण विभाग द्वारा ग्रामीण मिनी स्टेडियम संचालित किए जा रहे हैं। इनमें से देवा, त्रिवेदीगंज तथा मसौली स्थित स्टेडियमों के अनुरक्षण हेतु शासन से बजट प्राप्त हुआ है जिसके अंतर्गत कार्य संचालित हैं। निरीक्षण के दौरान ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट/आईएएस गुंजिता अग्रवाल, जिला युवा कल्याण अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

जिला संवाददाता

**बहराइच ।** मेरा युवा भारत बहराइच के तत्वावधान व जिला युवा अधिकारी नवनीत कुमार के निर्देशन में महाराज सिंह इण्टर कॉलेज बहराइच में केंद्र एवं राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन भव्य रूप से किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं को सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं से जोड़कर उन्हें सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य संतोष चंद्र शुक्ल एवं विशिष्ट अतिथि राज्य प्रशिक्षक रजनी कान्त तिवारी ने दीप प्रज्वलन कर एवं मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। प्रधानाचार्य श्री शुक्ल ने युवाओं को स्वावलंबन और राष्ट्रनिर्माण में योगदान हेतु प्रेरित किया। खादी ग्रामोद्योग बोर्ड से देवांश मिश्रा ने योजनाओं पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।



कार्यशाला के मुख्य वक्ता राज्य प्रशिक्षक रजनी कान्त तिवारी ने युवाओं को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, डिजिटल इंडिया, स्किल इंडिया मिशन, स्टैंड अप इंडिया योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, पीएम कवच योजना, नशा मुक्त भारत अभियान जैसी कई योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि किस प्रकार ये योजनाएं युवाओं के भविष्य को संवार सकती हैं। उन्होंने योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और उनके लाभ को सरल भाषा में समझाकर युवाओं को प्रशिक्षण भी दिया। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के विशेषज्ञों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं। उद्योग विभाग से सुनील यादव एवं राज कमल ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी सहित विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के व्यावहारिक पक्ष पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार युवाओं को स्वरोजगार, तकनीकी दक्षता, स्वास्थ्य सुरक्षा और सामाजिक सशक्तिकरण के अवसर दिए जा रहे हैं ।कार्यक्रम समापन सत्र में मेरा युवा भारत बहराइच के जिला लेखाकार इंद्रसेन चैधरी ने विभागों से आए हुए अधिकारी, कर्मचारी तथा उपस्थित लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया ।कार्यक्रम का कुशल संचालन अरविंद कुमार वर्मा द्वारा करते हुए युवाओं को अपने लयबद्ध भाषा शैली से कार्यक्रम से जोड़े रखा ।कार्यशाला में युवाओं की भारी भागीदारी रही और कार्यक्रम को अत्यधिक सराहना मिली ।मेरा युवा भारत बहराइच द्वारा किया गया । यह प्रयास जनपद के युवाओं को जागरूक, प्रशिक्षित और प्रेरित करने की दिशा में एक अहम कदम साबित हुआ। कार्यक्रम में डॉ श्रीप्रकाश , राजीव वर्मा, देव शरण, राम पाल यादव, अमरेश मिश्रा, भीखू राम भारत, सोनम वर्मा, राधा वर्मा सहित विभिन्न ग्राम पंचायत के युवा उपस्थित रहे।

## एपीटी एप्लिकेशन से लैस होंगे डाक मण्डल के सभी डाकघर

**बहराइच।** अधीक्षक डाकघर बहराइच मण्डल ने बताया कि बहराइच डाक मण्डल को यह घोषणा करते हुए हर्ष हो रहा है कि एडवांस पोस्टल टेक्नालाजी (एपीटी) एप्लिकेशन का रोलआउट किया जा रहा है, जो डिजिटल उत्कृष्टता और राष्ट्र निर्माण की हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस परिवर्तनकारी पहल के अंतर्गत उन्नत प्रणाली को 02 अगस्त 2025 से बहराइच मंडल के बहराइच प्रधान डाकघर एवं बहराइच प्रधान डाकघर के अधीनस्थ सभी डाकघरों में लागू किया जाएगा।इस उन्नत डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सुगम और सुरक्षित रूप से स्थानांतरण सुनिश्चित करने के लिए 02 अगस्त 2025 को एक नियोजित डाउनटाइम निर्धारित किया गया है। 02 अगस्त 2025 को बहराइच डाक मण्डल के बहराइच प्रधान डाकघर एवं बहराइच प्रधान डाकघर के अधीनस्थ सभी डाकघरों में कोई सार्वजनिक लेन-देन नहीं किया जाएगा। यह अस्थायी सेवा स्थगन डेटा माइग्रेशन, प्रणाली की जांच और कॉन्फिगरेशन प्रक्रियाओं को संपन्न करने हेतु आवश्यक है ताकि नई प्रणाली को कुशलतापूर्वक और निर्बाध रूप से चालू किया जा सके।

# खेत जा रहे किसान पर तेंदुए का हमला, तेंदुए से भिड़ा युवक

**बहराइच।** जनपद बहराइच के कतर्नियाघाट वन क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कारीकोट के जमुनिहा गांव में सुबह खेत जा रहे किसान पर तेंदुए ने हमला कर दिया। जान बचाने को लेकर किसान तेंदुए से भिड़ गया इस दौरान करीब 2 मिनट तक संघर्ष के बाद किसान की जान बच सकी। बुधवार को सुबह 6.30 बजे किसान रमेश 40 पुत्र रतिराम कतर्निया सराय

- दो मिनट तक चला संघर्ष, दो शावकों के साथ गन्ने के खेत में छिपा था
- युवक की जान बची

रिसॉर्ट के बगल में स्थित अपने खेत जा रहा था तभी अपने दो शावकों के साथ गन्ने के खेत में छिपे तेंदुए ने उसपर हमला कर दिया जिसपर किसान जान बचाने को लेकर शोर मचाते हुए तेंदुए से भिड़ गया। इस दौरान करीब 2 मिनट संघर्ष के बाद तेंदुआ शावकों के साथ सामने दूसरी ओर गन्ने के खेत में शावकों को लेकर भाग गया। हमले में किसान के दोनों हाथ में तेंदुए के पंजे से गहरा जख्म हुआ है जिसे परिजन प्राथमिक उपचार के लिए पीएचसी सुजौली ले गए। मामले में प्रभारी रेंजर कतर्नियाघाट दीपक मिश्रा ने बताया कि घटना की सूचना मिली है उनके नेतृत्व में वन विभाग की टीम घटनास्थल पर जाएगी और किसान का हाल जानने भी पहुचेगी साथ ही गांव में लोगों को सतर्क भी किया जाएगा और पेट्रोलिंग टीम तैनात की जाएगी।



### तेंदुए और उसके शावकों के पगचिह्न मिले

घटनास्थल पर खेत में मादा तेंदुए और उसके शावकों के पगचिह्न मौजूद हैं जिसे दिखाते हुए घायल किसान के भतीजे व पूर्व प्रधान पुत्र कट्टर सिंह ने बताया कि मादा तेंदुआ अपने दो शावकों के साथ पिछले कई दिनों से गांव में दस्तक दे रही है जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। जिसकी सूचना लोगों ने वन विभाग को देते हुए तेंदुए से सुरक्षा की मांग की है।

संक्षेप

## ऑटो-बाइक की भिड़ंत में दो लोग घायल

जसवंतनगर, इटावा। बुधवार शाम 5 बजे जसवंत नगर-बलरई मार्ग पर स्थित राजपुर गांव के पास एस आकार के खतरनाक मोड़ पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में ऑटो और बाइक की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई, जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जसवंतनगर से बाउथ गांव की ओर जा रहा एक ऑटो जैसे ही राजपुर गांव के पास मोड़ पर पहुंचा, सामने से तेज रफ्तार में आ रही अपाचे बाइक उससे टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो असंतुलित होकर सड़क किनारे खंदी में पलट गया। ऑटो में सवार रोजगार सेवक कौशल 39 वर्ष पुत्र सियाराम निवासी तुलसी नगर, बाउथ और ऑटो चालक अजय शंकर 40 वर्ष निवासी नगला विशुन, हादसे में बुरी तरह घायल हो गए। बताया गया है कि कौशल की दोनों टांगों में फ्रैक्चर हुआ है। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को सीएचसी जसवंतनगर पहुंचाया, जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि हादसे का मुख्य कारण सड़क किनारे उगी घनी झाड़ियां हैं, जिनकी वजह से मोड़ पर सामने से आ रहे वाहन दिखाई नहीं देते। कई बार इस स्थान पर दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है।इस हादसे के बाद ग्रामीणों और राहगीरों में सड़क सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। लोगों ने मांग की है कि संबंधित विभाग तुरंत कार्रवाई कर सड़क किनारे की झाड़ियों को हटवाए और मोड़ पर चेतावनी संकेतक लगाए जाएं, जिससे भविष्य में ऐसी घटनाएं रोकी जा सकें।

## व्यापार मंडल ने नगरपालिका को सौंपा ज्ञापन

जसवंतनगर, इटावा। नगर के व्यापारियों की समस्याओं को लेकर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी श्याम वचन सरोज को एक ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री को संबोधित इस ज्ञापन में विभिन्न मुद्दों पर चिंता जताते हुए तत्काल समाधान की मांग की गई।

शहर अध्यक्ष अतुल बजाज की अगुवाई में चेतन जैन, मोहित जैन, हरगोविंद गुप्ता, जान मोहम्मद, इंदल कुमार, अंकित, चंद्र प्रकाश शर्मा, मोहम्मद असलम सहित कई व्यापारी प्रतिनिधियों ने यह ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने कहा कि नगरपालिका, नगर निगम व नगर पंचायतों द्वारा लगातार नए-नए तरीकों से व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। ज्ञापन में मुख्य रूप से जी.आई. सर्वे का मुद्दा उठाया गया, जिसके आधार पर मनमाने ढंग से हाउस टैक्स में बढ़ोतरी की जा रही है। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि कॉमर्शियल व औद्योगिक भवनों पर हाउस टैक्स निर्धारित करते समय डेप्रीसिएशन मूल्यह्रास का लाभ दिया जाए। साथ ही जिन क्षेत्रों में सीवर लाइनें नहीं हैं, वहां सीवर टैक्स न लगाए जाने के स्पष्ट आदेश पारित किए जाएं।

## युवती ने फांसी लगाकर जान दी

इटावा। वैदपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम वर्रा निवासी युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया। थाना वैदपुरा के ग्राम बर्रा निवासी युवती शालू पत्नी यशपाल उम्र 18 ने किन्हीं कारणों से क्षुब्ध होकर फांसी घर पर लगाई जिससे उसकी मौत हो गयी।

# निफ्ट रायबरेली में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ

## पहले ही दिन 108 छात्रों ने कराया पंजीकरण



रायबरेली। निफ्ट रायबरेली में ओरिएंटेशन कार्यक्रम 2025 का भव्य शुभारंभ हुआ, जिसमें पहले ही दिन 108 नवागंतुक विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर गेस्ट ऑफ ऑनर सुमित जैसवाल (सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, इन्फो एज), निदेशक प्रोफेसर डॉ. जोनाली डी. बाजपेई, संयुक्त निदेशक अमितव चैधरी, कैंपस अकादमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण श्रीवास्तव एवं सेंटर कोऑर्डिनेटर फाउंडेशन प्रोग्राम प्रिया यादव की उपस्थिति रही। कैंपस अकादमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण श्रीवास्तव ने छात्रों व शिक्षकों का स्वागत करते हुए कहा कि उन्होंने अपने भविष्य की दिशा में एक बड़ा और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। संयुक्त निदेशक अमिताव चैधरी ने विद्यार्थियों को मिलने वाले नए अनुभवों की झलक प्रस्तुत की और कहा कि यह यात्रा ज्ञान, रचनात्मकता और नवाचार से भरी होगी।

निदेशक प्रोफेसर डॉ. जोनाली डी. बाजपेई ने छात्रों का हार्दिक स्वागत किया और उनके अभिभावकों का निफ्ट रायबरेली पर विश्वास जताने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने निफ्ट रायबरेली के उत्कृष्ट बुनियादी ढांचे और संस्थान की प्रमुख उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए बताया कि निफ्ट रायबरेली ने देश के सभी निफ्ट परिसरों में प्लेसमेंट के क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने छात्रों के समग्र विकास और समर्पित शिक्षण वातावरण की विशेषताओं को भी साझा किया।

ओरिएंटेशन कार्यक्रम के दौरान छात्रों को संस्थान के नियमों, अनुशासन, और अकादमिक प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही संस्थान में सक्रिय विभिन्न क्लबों जैसे कि लिटरेरी क्लब, ईसे क्लब, स्पोर्ट्स क्लब, और अन्य छात्र गतिविधियों से भी परिचित कराया गया जो उनके सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होंगे। कार्यक्रम में गेस्ट ऑफ ऑनर सुमित जैसवाल (सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, इन्फो एज) ने निफ्ट के संकाय सदस्यों के साथ एक विशेष सत्र का आयोजन किया, जिसमें डिजाइन थिंकिंग और छात्रों के पोर्टफोलियो को और अधिक प्रभावशाली बनाने के विभिन्न उपायों पर चर्चा की गई। ओरिएंटेशन कार्यक्रम की शुरूआत छात्रों में उत्साह, जिज्ञासा और प्रेरणा का संचार करती रही, और यह कार्यक्रम आने वाले शैक्षणिक वर्षों की मजबूत नींव साबित होगा।

# राजनीति में हो वैश्य समाज की सक्रिय भागीदारी : डॉ.सुमंत गुप्ता

● वैश्य एकता परिषद ने काशी पहुंचने की भरी हुंकार

**रायबरेली।** वैश्य बन्धुओं की राजनीतिक आर्थिक व सामाजिक हितों के लिए बाबा विश्वनाथ की धरती से अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के अध्यक्ष डॉ. सुमंत गुप्ता दो दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन में राजनीति का बिगुल फूंकेंगे। श्री गुप्त ने वैश्य समाज से भारी संख्या में काशी पहुंचने की अपील की वही राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आरबी वैश्य, संरक्षक पीके गुप्ता, अनिल गुप्ता, अशोक गुप्ता, सत्यम गुप्ता, अध्यक्ष सतीश महाजन आदि ने लालगंज पहुंचने पर फूल मालाओं से भावभरा अभिनंदन कर भागीदारी करने का संबल प्रदान किया।

देश की प्राचीन धार्मिक सांस्कृतिक राजधानी काशी (वाराणसी) ने श्रावण मास के शुभ अवसर पर अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद द्वारा 5 अगस्त को राष्ट्रीय कार्यकर्ता प्रतिनिधि सम्मेलन श्री काव्य कुंज धर्मशाला में आयोजित होगा जिसमें पूरे देश से वैदिक समाज के प्रतिनिधिगण भाग लेंगे। सम्मेलन के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री रविंद्र जायसवाल होंगे। 6 अगस्त को द्वितीय वर्षगांठ पर भगवान विश्वनाथ के पावन धाम काशी में सामूहिक रूप से जलाभिषेक मंत्री रविंद्र जायसवाल के नेतृत्व में किया जाएगा। अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुमंत गुप्ता ने बताया कि इस सम्मेलन में राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक क्षेत्र से सम्बंधित प्रस्ताव भी पारित किए जाएंगे। देश व वैश्विक समाज में अत्यंत परिवर्तन हो रहा है। राजनीतिक हिस्सेदारी नगण्य है। वैश्य समाज की राजनीतिक हिस्सेदारी से सभी राजनीतिक पार्टियों द्वारा तिरस्कार किया जा रहा है। वैश्विक राजनीतिक परिदृश्य में व्यापक परिवर्तन हो रहा है। देश के बैंकिंग प्रणाली में एफडीआई एवं विविधताओं व विविध नीतियों व पक्षपात हस्तक्षेप मिल रही है। देश में व्यापार समाज राष्ट्र व वैश्विक स्तर पर विकास दर अत्यंत निम्न स्तर पर है। वैश्विक व्यापार प्रणाली में भी बदलाव अत्यंत आवश्यक है। राष्ट्रीय अर्थ व्यवस्था में खुदरा व्यापार का 90 प्रतिशत योगदान है। वर्तमान में यह व्यापार न केवल वैश्विक प्रतिस्पर्धा से जूझ रहा है बल्कि संगठित व असंगठित क्षेत्र के 48 करोड़ रिटेल व्यापार रिटेलर्स को समाप्त करने की दिशा में बढ़ रहा है। खुदरा व्यापार में वॉलमार्ट जैसी बड़ी विदेशी कंपनियों के आने से रिटेल के व्यापार करने वाले व्यापारियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

## एबीवीपी कार्यकर्ताओं से दुर्व्यवहार के आरोप में कोतवाल लाइन हाजिर

बलिया। जिले में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं के साथ दुर्व्यवहार के आरोप में शहर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र बहादुर सिंह को बुधवार को लाइन हाजिर कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि कोतवाल द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय के प्रांगण में मंगलवार को एबीवीपी के कार्यकर्ताओं के साथ कथित रूप से दुर्व्यवहार करने का मामला सामने आया था। इस घटना को लेकर सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें सिंह को एबीवीपी कार्यकर्ताओं के साथ बहस करते हुए देखा जा रहा है। एबीवीपी के नेता ऋषभ ने संवाददाताओं को बताया कि परिषद का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को शुल्क वृद्धि समेत अनेक मांगों को लेकर जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह से मुलाकात करने गया था। उन्होंने जिलाधिकारी पर प्रतिनिधिमंडल के साथ अशिष्ट व्यवहार करने और डांट कर भगा देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि इस घटना को लेकर एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार से ही जिलाधिकारी कार्यालय के प्रांगण में धरना शुरू कर दिया, मौके पर पहुंचे कोतवाल ने कार्यकर्ताओं से अभद्रता की और उन्हें घसीटकर ले जाने का प्रयास किया। बुधवार को जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह धरना स्थल पर पहुंचे और उन्होंने सिंह के विरुद्ध कार्वाई का आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया। उसके बाद सिंह को लाइन हाजिर कर दिया गया।

## बुलंदशहर हिंसा मामले में 38 लोग दोषी करार

बुलंदशहर। जिले की एक अदालत ने स्याना इलाके में 2018 में हुई हिंसा के मामले में बुधवार को 38 आरोपियों को दोषी करार दिया। इस हिंसा के दौरान थाना प्रभारी सुबोध कुमार सिंह और एक स्थानीय युवक सुमित की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-12 गोपाल ने पांच आरोपियों को सिंह की हत्या का दोषी पाया, जबकि शेष 33 को तत्कालीन भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत दोषी ठहराया। वकील ने बताया कि अदालत ने सजा सुनाने के लिए एक अगस्त की तारीख तय की है। यह घटना तीन दिसंबर, 2018 को बुलंदशहर जिले के स्याना इलाके में हुई थी, जब कथित गोहत्या को लेकर हिंसा भड़क उठी थी। अशांति के दौरान, एसएचओ सुबोध कुमार सिंह और 20 वर्षीय सुमित को गोली लगने से गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद उनकी मौत हो गई। विशेष लोक अभियोजक यशपाल सिंह राघव ने बताया कि आरोपपत्र में नामजद 44 लोगों में से 38 के खिलाफ आरोप सिद्ध हो गए हैं। एक आरोपी पर किशोर न्यायालय में मुकदमा जारी है क्योंकि वह घटना के समय नाबालिग था। मुकदमे के दौरान, पांच आरोपियों की मृत्यु हो गई। राघव ने बताया कि पांच लोगों को भारतीय दंड सहिंता की धारा 302 (हत्या) के तहत दोषी ठहराया गया है, जबकि बाकी को अन्य आरोपों के तहत दोषी करार दिया गया। राघव ने कहा कि पांच आरोपियों प्रशांत नट, डेविड, जॉनी, राहुल और लोकेंद्र मामा को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत दोषी पाया गया है जबकि बाकी 33 आरोपियों को अन्य धाराओं के तहत दोषी माना गया है।

## सुदेश शर्मा ने एनसीजेडसीसी निदेशक का पदभार संभाला

प्रयागराज । वरिष्ठ रंगकर्मी सुदेश शर्मा ने बुधवार को प्रयागराज में स्थित उत्तर-मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र (एनसीजेडसीसी) के निदेशक पद का कार्यभार संभाल लिया। अभी तक इस पद का अतिरिक्त प्रभार कोलकाता स्थित पूर्वी क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के निदेशक आशिस गिरि के पास था। उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र द्वारा जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, रंगमंच जगत की प्रमुख हस्ती सुदेश शर्मा इससे पूर्व संगीत नाट्य अकादमी के अध्यक्ष पद पर रह चुके हैं। फिलहाल वह केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय की विशेषज्ञ समिति के सदस्य हैं। शर्मा ने अभिनेता, निर्देशक, सेट डिजाइनर, आकाशवाणी और दूरदर्शन के कलाकार और चंडीगढ़ में स्थित प्रसिद्ध नाट्य समूह थिएटर फॉर थिएटर के संस्थापक के रूप में भारतीय रंगमंच को समृद्ध किया है। विज्ञप्ति के मुताबिक, शर्मा ने 40 से अधिक नाटकों का निर्देशन किया और देश-विदेश में 5,000 से अधिक नाट्य प्रस्तुतियों में अभिनेता या निर्देशक के रूप में हिस्सा लिया है।

## धारदार हथियार से हमलाकर भाजपा के मंडल अध्यक्ष की हत्या

बदायूं। जिले में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की मंडल इकाई के एक अध्यक्ष की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गयी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश सिंह ने बताया कि घटना मंगलवार रात बिनावर थाना क्षेत्र के गांव विजय नगला की है। उन्होंने बताया कि भाजपा की बिनावर मंडल इकाई के अध्यक्ष सुरेश चंद्र गुप्ता (55) पर उस समय धारदार हथियार से हमला किया गया जब वह गांव में पानी की टंकी पर सो रहे थे। गुप्ता का बेटा राहुल पानी की टंकी की देखभाल का काम करता है। लेकिन मंगलवार रात राहुल की जगह गुप्ता पानी की टंकी पर गए थे। पुलिस के मुताबिक परिजन ने किसी प्रकार की रंजिश से इनकार किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## काशी हिंदू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर पर हमला, मुकदमा दर्ज

वाराणसी। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय परिसर में तेलुगू विभाग के अध्यक्ष को मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात बदमाशों ने हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने बुधवार को बताया कि इस मामले में दो अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास के आरोप में मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। इस घटना के विरोध में विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मंगलवार को धरने पर बैठ गए। बाद में विश्वविद्यालय प्रशासन के 48 घंटे के अंदर कार्वाई के आश्वासन पर देर शाम धरना समाप्त हुआ।

लंका थाना प्रभारी राजकुमार शर्मा ने बताया कि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के तेलुगू विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर सी. एस. रामचंद्र मूर्ति सोमवार की शाम जब मोटरसाइकिल से अपने घर जा रहे थे तभी विश्वविद्यालय परिसर स्थित भोजपुरी अध्ययन केंद्र से बिड़ला चौराहे मार्ग पर दो अज्ञात मोटरसाइकिल सवारों ने उन पर हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि आसपास मौजूद विद्यार्थियों के शोर मचाने पर हमलावर वहां से फरार हो गए और इस हमले से प्रोफेसर मूर्ति के हाथ में फ्रैक्चर आया है। शर्मा ने बताया कि इस मामले में दो अज्ञात लोगों पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और हमलावरों की पहचान की जा रही है। वहीं, आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मंगलवार को धरने पर बैठ गए और शाम को विश्वविद्यालय प्रशासन के 48 घंटे में कार्वाई के आश्वासन के बाद धरना समाप्त कर दिया गया।

## फर्जी शादी के जरिये लोगों को लूटने वाले गिरोह का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

बरेली। जिले के बहेड़ी क्षेत्र में शादी का झांसा देकर लोगों को लूटने और देह व्यापार करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ करके चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिसके मुताबिक, गिरोह की सरगना एक युवती द्वारा अपने ही गिरोह के सदस्य पर धर्म छिपाकर शादी करने, मांस खिलाने और देह व्यापार कराने के आरोप में बहेड़ी थाने में दर्ज कराया गया मुकदमा फर्जी पाया गया। क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार सिंह ने बुधवार को बताया कि कोलकाता निवासी चंदा नामक युवती ने अपने ही गिरोह के सदस्य पर धर्म छिपाकर फर्जी शादी करने, मांस खिलाने, जबरन गर्भपात कराने और देह व्यापार में धकेलने का आरोप लगाकर बख्तावर नामक व्यक्ति और उसके परिजन के खिलाफ गत 23 जुलाई को मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने बताया कि मामले की जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि चंदा एक गिरोह चलाती है जिसमें बख्तावर उसके साथ काम करता है। उन्होंने बताया कि चंदा धोखाधड़ी करके शादी करती थी और शादी की रात ही सभी जेवर और नकदी लेकर फरार हो जाती थी। इसी तरह लोगों को फंसाकर लूटी गई रकम के बंटवारे को लेकर आपसी विवाद की वजह से चंदा ने गिरोह के अपने साथी बख्तावर पर झूठे आरोपों में मुकदमा दर्ज कराया था।

## आतंक का पर्याय बना तेंदुआ पकड़ा गया

बरेली। हाफिजगंज इलाके में लगभग एक महीने से दहशत का पर्याय बना एक तेंदुआ आखिरकार बुधवार सुबह फैजुल्लापुर गांव के पास एक खाली फैक्ट्री में लगाए गए पिंजरे में कैद हो गया। प्रभागीय वन अधिकारी दीक्षा भंडारी ने बताया कि तेंदुआ पिंजरे में बंद पाया गया। पिंजरे में चारे के तौर पर एक मुर्गी रखी गई थी। कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद उसे उत्तर प्रदेश-बिजनौर सीमा के पास उत्तराखंड के घने जंगलों में छोड़ दिया जाएगा। तेंदुए की दहशत में जी रहे ग्रामीणों ने उसके पकड़े जाने पर राहत की सांस ली। अधिकारियों ने बताया कि तेंदुए के आतंक की वजह से किसानों ने खेतों में जाना छोड़ दिया था और बच्चों को स्कूल जाने से रोक दिया गया था। यह तेंदुआ पहली बार पिछले महीने 26 जून को देखा गया था जब उसने खाली पड़ी खेतान फैक्ट्री में तैनात एक सुरक्षा गार्ड अजय कुमार की गाय पर हमला किया था।

## केंद्रीय सलाहकार धीरेंद्र कुमार बाल्मीकि ने की समीक्षा बैठक

**अमेठी।** प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के अन्तर्गत जिले के बीस दलित बहुल आबादी वाले गांवों को प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम घोषित किया गया है।इन ग्रामों को केन्द्र सरकार की सभी योजनाओं से संतृप्त किया गया है। केन्द्रीय सलाहकार धीरेन्द्र कुमार बाल्मीकि ने बुधवार को स्थानीय डाक-बंगले में समीक्षा बैठक की। केन्द्रीय सलाहकार धीरेन्द्र कुमार बाल्मीकि ने बुधवार को विपरीत मौसम के बीच डाक-बंगले में जिला समाज कल्याण अधिकारी नलिनी राज और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर पिछले वित्तीय वर्ष में चयनित ग्रामों का रिपोर्टकार्ड देखा। चार वित्तीय वर्ष में चयनित किए गए 19गांवो की जानकारी ली। डाक-बंगले से ही बैठक कर वे वापस चले गए। किसी भी ग्राम में जाने और विकास कार्यों के स्थलीय और भौतिक सत्यापन की जरूरत नहीं महसूस की। चयनित ग्रामों को लोक निर्माण विभाग की सडक योजना, आदर्श ग्राम योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला गैस योजना, सौभाग्य योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, टीकाकरण कार्यक्रम, स्वच्छ भारत मिशन और जल जीवन मिशन के अन्तर्गत गृह संयोजन आदि योजनाओं से संतृप्त किए जाने का दावा किया गया है। इन गांवों में विकास कार्यों के लिए यूपी सिडको को कार्यदाई संस्था नियुक्त किया गया था।बीस ग्रामों में दो किश्तों में 9.5करोड रु खर्च किए गए हैं। चयनित गांवों में विलेज स्कोर की नवीनतम स्थिति 81से94तक है।

**बैठक में नहीं आये जिला स्तरीय अधिकारी :** केन्द्रीय सलाहकार धीरेन्द्र कुमार बाल्मीकि की बैठक में किसी भी विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी नहीं आए। खंड विकास अधिकारी बृजेश कुमार सिंह, रतन सिंह, विनय कुमार वर्मा, सी एच सी के अधीक्षक डॉ आलोक तिवारी आदि मौजूद रहे। जगदीशपुर, बाजार सुकुल, सिंहपुर, तिलोई, बहादुरपुर और जामों के बी डी ओ भी नहीं आए। सूत्रों का कहना है कि सिडको की ओर से केन्द्रीय सलाहकार धीरेन्द्र कुमार की पूरी आवभगत की गई और वे फील गुड करके वापस गये हैं।

# क्षमता निर्माण प्रशिक्षण का समापन

● मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत केएनआईटी में आयोजित हुआ कार्यक्रम



जिला संवाददाता (vol)

**सुलतानपुर।** मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार प्रदेश के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत जनपद में 30 जुलाई को के.एन.आई.टी. प्रशासनिक भवन सभागार में एक दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से दो पालियों में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में स्थानीय इंजीनियरिंग कॉलेज, आई.टी.आई., एवं बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ-साथ स्वरोजगार संस्थान के युवा लाभार्थियों को स्वरोजगार और उद्यमिता के लिए प्रेरित किया गया। समाधान समिति लखनऊ की टीम के ट्रेनर विशाल कृष्णन, रीजिनल कोर्डिनेटर रणवीर सिंह चैहान तथा सौरभ शुक्ला ने योजना से संबंधित व्यापक जानकारी देते हुए उद्यम स्थापना, व्यवसाय प्रबंधन, ऋण प्रक्रिया सहित अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल ने किया। प्रथम पाली में मुख्यमंत्री युवा योजना के लाभार्थी और डिजिटल उद्यमी तथा छात्र एवं आवेदक उपस्थित रहे, जबकि दूसरी पाली में सीएम फेलो, बैंकर्स, स्कूल प्रबंधक, आईटीआई एवं सीएससी प्रबंधक शामिल थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने लाभान्वितों को डेमो चेक भी प्रदान किए।

उपायुक्त उद्योग सुश्री नेहा सिंह ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम युवाओं को स्वरोजगार की ओर प्रोत्साहित करते हैं और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में मददगार साबित होंगे। कार्यक्रम में 250 से अधिक लाभार्थी, छात्र एवं आवेदक सक्रिय रूप से शामिल हुए।

# तुलसी ने अवधी व ब्रज में की साहित्य की रचना



जिला संवाददाता (vol)

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर रायबरेली में गोस्वामी तुलसीदास की जयंती के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह, हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने गोस्वामी तुलसीदास और उनके द्वारा रचित श्री रामचरितमानस को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए शत्-शत नमन किया। स्कूल के छात्र ह्लप्रभवह्न ने तुलसीदास की भूमिका को जीवन्त रूप में अभिनीत किया। कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने तुलसी के जीवन से संबंधित अनेक प्रसंगों से बच्चों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि संत कवि तुलसी रामभक्ति शाखा के सर्वोपरि एवं लोकमंगल की साधना के कवि हैं। शास्त्रीय भाषा में सृजन क्षमता होने के बावजूद भी तुलसी ने लोकभाषा (अवधी एवं ब्रज) में साहित्य रचना की। वे दार्शनिक और लौकिक स्तर के समन्वयवादी कवि थे उनके द्वारा रचित रामचरितमानस लगभग प्रत्येक घर में पढ़ा जाने वाला पवित्र ग्रंथ है। जो कि मानव जीवन के हर पहलू को छूते हुए विश्व में एकता व शांति का मार्ग प्रशस्त करता है।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि रामचरितमानस एक ऐसी अनुपम कृति है, जिससे मनुश्य को जीवन जीने की कला की जानकारी प्राप्त होती है। श्रीराम को जन-जन का राम बना देने वाले लोकनायक तुलसी को जन-मन का कवि भी कहा जाता है। आज तुलसी जयंती पर मैं श्री रामचरितमानस जैसे महाकाव्य के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास जी को शत्-शत नमन करता हूँ।

# तुलसी जयंती पर संकट मोचन मंदिर में रामायण का पाठ प्रारंभ

**लालगंज, रायबरेली।** अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं बौद्धिक संस्थान अयोध्या और संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में प्रदेश के सभी जनपदों में तुलसी जयंती के अवसर पर रामचरितमानस पाठ कराया जा रहा है, यह जानकारी देते हुए रायबरेली जनपद के समन्वयक सौरभ शुक्ला ने बताया कि रामचरितमानस के रचयिता संत तुलसीदास की जयंती पर रामचरितमानस मानस पाठ का प्रारंभ कराया गया है। समापन पर प्रसाद वितरण के साथ तुलसी जयंती पर गोष्ठी भी होगी। सौरभ शुक्ला ने कहा कि महान संत और राष्ट्रभक्ति कवि तुलसीदास सनातन धर्म के प्रणेता के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने भगवान राम की लीलाओं का बहुत ही सुंदर ढंग से रामचरितमानस पाठ में वर्णन किया है।उन्होंने कहा कि रामचरितमानस पाठ से हम सभी को सच्चरित्र कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर समाजसेवी चंदन त्रिवेदी, सुरेश मिश्रा, अंकित पांडे, गोविंद अवस्थी, कृष्ण अवस्थी, सधन बाजपेई, हसनी तिवारी, आलोक तिवारी, अनिमेष शुक्ला, जितेंद्र मोहन, अवनीश पांडे, विकास तिवारी, विकास शुक्ला, अखिलेश पांडे, आयुष पांडे, शिवम बाजपेई, कीर्ति मनोहर शुक्ला, मृदुलेश त्रिपाठी, केडी तिवारी सहित भारी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।



# आवासीय विद्यालय के छात्राओं ने सफारी पार्क का भ्रमण किया



इटावा। अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस, इटावा सफारी पार्क में नगर क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के छात्राओं को सफारी पार्क का भ्रमण कराया गया। मनन सभागार में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर सफारी पार्क के निदेशक डा. अनिल कुमार पटेल ने बताया कि पूरे भारत वर्ष में 58 टाइगर रिजर्व घोषित हो गये है जिसमें 3600 से अधिक बाघों की संख्या है। उत्तर प्रदेश में तीन टाइगर रिजर्व है यथा दुधवा टाइगर रिजर्व, पीलीभीत टाइगर रिजर्व एवं रानीपुर टाइगर रिजर्व। इसके अतिरिक्त उत्तराखंड के कार्बेट टाइगर रिजर्व के बफर के रूप में अमानगढ़ टाइगर रिजर्व बिजनौर जनपद में स्थित है। प्रकृति के संरक्षण के लिए बाघों का संरक्षण बहुत जरूरी है। हमारी आगे आने वाली पीढ़ी बाघ को उसके प्राकृतवास में देख सके इसके लिए भी बाघ को बचाना जरूरी है। संरक्षण के अभाव में धीरे-धीरे उनकी संख्या यदि कम हो जाएगी तो आने वाली पीढ़ियां उनको केवल फोटो और किताबों में ही देख पाएंगे। उक्त के अतिरिक्त सफारी पार्क के उपनिदेशक डा. विनय कुमार सिंह एवं बायोलॉजिस्ट बी.एन. सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर सफारी पार्क के कार्मिक उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक



**सुलतानपुर।** कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, फैकल्टी ऑफ फामेर्सी द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर जनजागरूकता फैलाने हेतु एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को यूनिक फाउंडेशन सुलतानपुर के सहयोग से टाटिया नगर चैराहा और कॉलेज कैंपस रोड पर सुबह 09:45 बजे से शुरू किया गया। इस अभियान का उद्घाटन संस्थान के निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) महेश प्रसाद ने किया। ट्रैफिक पुलिस सुलतानपुर के इंचार्ज रामनिरंजन यादव अपनी टीम के साथ कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने सड़क सुरक्षा नियमों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं और बताया कि किस प्रकार सावधानीपूर्वक ड्राइविंग से दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। कार्यक्रम की खास बात रही ट्रैफिक पुलिस द्वारा किया गया लाइव डेमोंस्ट्रेशन। नियमों का पालन करने वाले नागरिकों को छात्रों एवं शिक्षकों द्वारा गुलाब का फूल भेंट किया गया, जबकि नियमों का उल्लंघन करने वालों को पंपलेट देकर ट्रैफिक नियमों और दंड संबंधी जानकारियां दी गईं। इसके बाद एक प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित हुआ, जिसमें छात्रों और प्रतिभागियों ने ट्रैफिक से जुड़े सवाल पूछे और पुलिस टीम ने उनका संतोषजनक उत्तर देकर जागरूकता को और सशक्त किया।

## अभिविन्यास संपन्न

**सुलतानपुर** । कमला नेहरू संस्थान में अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन अंग्रेजी विभाग द्वारा किया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सुनीता राय ने बीए प्रथम सेमेस्टर के नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि अंग्रेजी आज एक ग्लोबल भाषा के रूप में पूरी दुनिया में अपनी पहचान स्थापित कर चुकी है। दुनिया भर का ज्ञान-विज्ञान अंग्रेजी भाषा में निहित है। ऐसे में अंग्रेजी भाषा में दक्ष होकर उसके साहित्यिक ज्ञान परम्परा और मूल्य को आत्मसात करके हम अपना सुनहरा भविष्य बना सकते हैं। इनके द्वारा विभागीय स्तर पर आयोजित होने वाली पाठ्य सहगामी क्रियाओं तथा अन्य गतिविधियों को भी विद्यार्थियों से साझा किया गया। संस्थान स्तर पर संपन्न होने वाली गतिविधियों जैसे राष्ट्रीय सेवा योजना रोवर-रेंजर्स वार्षिक क्रीड़ा समारोह वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे ललितोत्सव आदि के बारे में भी छात्रों को अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम मे इन्होंने बताया कि यह सभी गतिविधियां छात्रों को सामाजिक एवं सांस्कृतिक स्तर पर जोड़ने का कार्य करती हैं तथा सर्वांगीण विकास का एक महत्त्वपूर्ण उपक्रम रचती हैं। इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डा.रत्नेश बरनवाल व डा. राजकुमार मिश्रा आदि ने भी छात्रों का मार्गदर्शन किया।

संक्षेप

## सिलेंडर लीक से दो लोग झुलसे

**आगरा।** पिनाहट में एक खराद की दुकान पर सिलेंडर लीक होने से दो लोग झुलस गए। दोनों को तुरंत सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। बताया जा रहा है कि सिलेंडर लीक होने पर उसकी मरम्मत की जा रही थी। अब तक की मिली जानकारी के अनुसार, पिनाहट कस्बे के सदर बाजार में खराद की दुकान है। दुकान साहिल पुत्र साबिर (उम्र 35 वर्ष) की है। उनकी दुकान पर रखा गैस सिलेंडर लीक कर रहा था। सिलेंडर को ठीक करने की कोशिश में पास के ही रहने वाले गौरव शर्मा मदद के लिए पहुंचे। मरम्मत के दौरान अचानक सिलेंडर से तेज आवाज के साथ गैस लीक हो गई, जिससे दोनों लोग झुलस गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। वहीं, दोनों घायलों को इलाज के लिए तत्काल सीएचसी पिनाहट भेजा गया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

## हाउस टैक्स में छूट पाने का आखिरी मौका

**आगरा।** अगर आप हाउस टैक्स में छूट पाना चाहते हैं तो इसके लिए कुछ ही समय बाकी रह गया है। आगरा नगर निगम अपने बकाएदारों को हाउस टैक्स में 31 जुलाई तक 10% की छूट दे रहा है। गुरुवार रात 12 बजे के बाद छूट खत्म हो जाएगी। नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल ने हाउस टैक्वस वसूली को लेकर सभी जोनल कार्यालयों को टारगेट फिक्स कर दिए हैं। प्रत्येक जोन के कर निर्धारण अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में 50 हजार रुपये से अधिक बकाया रखने वाले संपत्ति मालिकों को प्राथमिकता पर नोटिस/बिल भेजें और बकाया वसूली की कार्रवाई तेज करें। शहर में ऐसे हजारों संपत्ति स्वामी हैं, जिन पर 50,000 या उससे अधिक का हाउस टैक्स बकाया है। इन सभी को निगम की ओर से व्यक्तिगत बिल भेजे जा रहे हैं। नगर निगम एक अप्रैल से 31 मार्च 2026 तक के हाउस टैक्स पर 31 जुलाई तक 10% की छूट दे रहा है। अपर नगर आयुक्त सत्येंद्र कुमार तिवारी के अनुसार 31 जुलाई के बाद न सिर्फ छूट समाप्त हो जाएगी, बल्कि वसूली के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे।

## मुठभेड़ में पकड़े दो शातिर

**मथुरा।** बरसाना पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। बताया गया कि पुलिस ने लखन उर्फ लेखन पुत्र श्याम सिंह निवासी पीरपुर थाना शेरगढ और अनिल उर्फ अन्नू पुत्र आशाराम निवासी लाडपुर छाता को श्रीनगर करहला तिराहा के पास से मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। इसके पास से चोरी की मोटरसाईकिल, दो तमंचा, कारतूस, लूट का मोबाइल और 4050 रुपये की नगदी बरामद हुयी है।

## 15 हजार का इनामी गिरफ्तार

**मथुरा।** मथुरा थाना जैंत पुलिस, रिवार्डेड टीम और सर्विलांस टीम ने मुठभेड़ में इनामी वांछित को गिरफ्तार किया है। बाईं टांग में गोली लगने से घायल आरोपित को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके कब्जे से एक मोटरसाइकिल, खोखा व जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। सीओ सदर संदीप कुमार ने बताया कि बुधवार सुबह जैंत पुलिस, सर्विलांस टीम व रिवार्डेड टीम ने मुठभेड़ के दौरान 15 हजार के इनामी आरोपित गोपाल पुत्र पूरन निवासी चैमुहां गांव को गरुण गोविंद से रामताल रोड पर क्रिकेट स्टेडियम के पास से गिरफ्तार किया है।

# 71 किलो चांदी लूट मामले की जांच में जुटी पुलिस

## कई पुलिस टीमें लगी है खुलासे में, व्यापारियों को बंधक बनाकर फेंका हाईवे पर



**मथुरा।** आगरा-मथुरा हाइवे पर मंगलवार की रात कार और बाइक सवार बदमाशों ने व्यापारी भाइयों को बंधक बनाकर 71 किलो चांदी लूट ली। जिसकी कीमत करीब 75 लाख है। सूचना पर डीआईजी आगरा रेंज शैलेश कुमार पांडेय, एसएसपी श्लोक कुमार समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। एसएसपी ने बदमाशों की तलाश में पांच टीमें लगा दी हैं। सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं।

मथुरा में सौंख अड्डा निवासी हरिओम सोनी के पुत्र कन्हैया और गौरव का सरार्फे का कारोबार है। उनकी एक दुकान आगरा स्थित नमक की मंडी में भी है। मंगलवार शाम करीब 6:45 बजे नमक की मंडी आगरा से अपनी दुकान बंद कर दोनों भाई कन्हैया और गौरव अपनी स्विफ्ट डिजायर कार (यूपी 80 सीके 5094) से मथुरा के लिए चले। आगरा-मथुरा हाईवे पर हिन्दुस्तान कॉलेज पार करते ही भीमनगर पुलिया के निकट शाम करीब 7:45 बजे अंधेरा देख एक बोलेरो ने उन्हें ओवरटेक किया और व्यापारियों की कार के आगे तिरछी लगा दी। तीन-चार बाइकों पर सवार बदमाशों ने उनकी गाड़ी को घेर लिया। इसके बाद बदमाशों ने तमंचे निकाल लिये और व्यापारियों को धमकाते हुए व्यापारियों की गाड़ी से चांदी निकालकर अपनी गाड़ी में डाल ली। बदमाशों ने दोनों व्यापारी भाई कन्हैया और गौरव को भी अपनी गाड़ी में डाल लिया। इस दौरान बदमाशों ने शब्बीर को वहीं छोड़ा और व्यापारियों की कार लॉक कर उसकी चाबी अपने कब्जे में लेकर भाग निकले। शब्बीर मौके पर ही रह गया। बदमाश शब्बीर का मोबाइल तोड़ गए। दोनों व्यापारियों को उठाकर बदमाशों की गाड़ी फरह-अछनेरा रोड पर भागी। बाइक सवार बदमाश किधर भागे, यह पता नहीं चला है। बदमाशों ने फरह-अछनेरा रोड पर पचैरी गढ़ी के निकट कार को धीमा किया और कन्हैया और गौरव को गाड़ी से फेंककर भाग निकले। बदमाशों ने दोनों व्यापारियों के मोबाइल भी तोड़ दिए, जिससे वे फोन न कर सकें।

व्यापारियों का ड्राइवर शब्बीर कार में अकेला रह गया था और उसका मोबाइल भी बदमाश तोड़ गये थे। फरह इंस्पेक्टर त्रिलोकी सिंह अछनेरा रोड पर गश्त पर थे। व्यापारियों को फेंके जाने के कुछ ही देर बाद उनकी गाड़ी वहां से गुजरी तो लुटे व्यापारियों ने हाथ का इशारा कर पुलिस की गाड़ी को रुकवाया। उन्होंने फरह इंस्पेक्टर को अपने साथ हुई घटना बताई। इंस्पेक्टर को बताया कि बदमाश अछनेरा की ओर भागे हैं। यह सुन फरह इंस्पेक्टर ने अछनेरा की ओर गाड़ी दौड़ाई और वायरलेस पर सूचित किया लेकिन बदमाश हाथ नहीं आये।

सूचना पाकर पहुंचे डीआईजी आगरा रेंज शैलेश कुमार पांडेय ने बताया कि फरह थाना क्षेत्र इलाके में लूट की घटना हुई है। मथुरा निवासी हरिओम सोनी चांदी का कारोबार करते हैं, वे आगरा गए थे और वहां से चांदी लेकर वापस मथुरा लौट रहे थे, उनके साथ उनके दो बेटे भी थे। ड्राइवर कार चला रहा था, फरह थाना क्षेत्र के भीम नगर पुलिया के पास नकाबपोश बदमाशों ने इनकी कार को ओवरटेक किया। बदमाश एक बोलेरो गाड़ी और एक बाइक से आए थे। बदमाशों ने तमंचा दिखाकर ड्राइवर को नीचे उतार दिया, फिर उनकी गाड़ी को ग्रामीण एरिया की सड़क पर ले गए। वहां पर दोनों लड़कों को नीचे उतारा और व्यापारी हरिओम सोनी का चांदी से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। बदमाशों ने थैले से चांदी निकाल ली और थैला वहीं फेंक दिया। बुधवार सुबह से ही पुलिस सीसीटीवी फुटेज के जरिए जांच पड़ताल कर रही है, पुलिस जल्द ही खुलासा करने की बात कह रही है।

## पिता-पुत्र पर बाइक सवारों ने की फायरिंग बुजुर्ग घायल

**मथुरा।** बलदेव थाना क्षेत्र के खंदौली मार्ग पर मोपेड सवार पिता-पुत्र पर बाइक सवारों ने गोली चला दी। गोली लगने से बुजुर्ग घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद बाइक सवार आरोपी भाग निकले। पुलिस हमलावरों की तलाश कर रही है। बलदेव के गांव कचनाऊ निवासी रघुवीर सिंह (80) पुत्र हरिप्रसाद छोटे बेटे विनोद के साथ मोपेड से बलदेव जा रहे थे। मोपेड को बेटा विनोद चला रहा था। रघुवीर पीछे बैठे थे। तभी एक बाइक पर सवार दो लोग पीछे से आए। बाइक चालक हेलमेट पहने हुए था। पीछे बैठा युवक चेहरे पर कपड़ा बांधे हुए था। बाइक सवारों ने पीछे से फायरिंग की, जिसमें रघुवीर को गोली लगी। घटना को अंजाम देने के बाद बाइक सवार बलदेव की ओर भागने में सफल रहे। बेटे ने पुलिस को सूचना दी। विनोद ने बताया उनका बेटी नूतन देवी के ससुरालियों से विवाद चल रहा है। उन्हीं ने घटना को अंजाम दिया है। उन्होंने पहले भी मारने की धमकी दी थी। घायल बुजुर्ग को मंडी चैराहा स्थित न्यूरो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसपी देहात सुरेश चन्द्र रावत ने बताया कि वृद्ध रघुवीर सिंह अपने बेटे के साथ अस्पताल जा रहे थे, पीड़ित का कहना है पीछे से बाइक सवार आरोपितों ने गोली मारी थी।

## एफडीईए ने रंगे हाथों नकली दूध कारोबार पकड़ा



**टूंडला।** थाना पचोखरा क्षेत्र के गांव नगला खरगा में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मुखबिर की सूचना पर छापेमार कार्यवाही कर नकली सिंथेटिक दूध बनाने के कारोबार को रंगे हाथों पकड़ा है। बुधवार की प्रातः 5 बजे जिलाधिकारी फिरोजाबाद के निर्देश पर एफडीए विभाग की टीम ने मुखबिर की खास सूचना पर थाना पचोखरा पुलिस बल के सहयोग के साथ संयुक्त रुप से नगला खरगा टूण्डला तहसील में अजय सिंह,विजय सिंह पुत्र राजवीर सिंह के घर पर छापा मारा। मौके पर अजय सिंह व विजय सिंह अपने घर में रिफाइन्ड, डिटर्जेन्ट, वैक्स एवं कुछ अज्ञात कैमीकलों से नकली दूध बनाते पाये गये, टीम के पहुँचने अजय पडोस की छत से भागने में सफल हो गया तथा विजय सिंह मौके पर पकडा गया। टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए मौके पर मौजूद तैयार दूध व नकली दूध बनाने में प्रयुक्त अज्ञात कैमिकलों के कुल 07 सैम्पल संग्रहित किये। कार्यवाही के दौरान मौके पर भीड का लाभ उठाकर विजय सिंह भी मौके से फरार होने में सफल हो गया। टीम द्वारा सेम्पल कार्यवाही के बाद मौके पर 100 लीटर नकली दूध एवं अज्ञात कैमीकलों पर जब्ती एवं विनष्टीकरण की कार्यवाही सम्पादित की गयी। नकली दूध बना रहे अभियुक्तगण अजय एवं विजय के विरुद्ध सम्बन्धित थाना पचोखरा में प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। नकली दूध के कारोबार की मुखबिर से रेकी कराकर सहायक आयुक्त खाद्य चन्दन पाण्डे द्वारा आधी रात्रि में अपर जिलाधिकारी फिरोजाबाद से वार्ता कर छापामार कार्यवाही की रणनीति तैयार की गयी थी। छापेमार टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनोज कुमार के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद वर्मा राहुल शर्मा जितेन्द्र कुमार व थाना पचोखरा पुलिस बल मौजूद रहे। चन्दन पाण्डेय,सहायक आयुक्त खाद्य फिरोजाबाद ने बताया कि सिंथेटिक दूध के लिए सैंपलों की त्वरित जांच कर मिलावटखोरों को कडी से कडी सजा मिलेगी।

## 100 करोड़ का घोटाला करने वाला राधावैली से गिरफ्तार

**मथुरा।** पंजाब की फरीदपुर पुलिस ने पंजाब नेशनल बैंक से 100 करोड़ रुपए का घोटाला करने वाले शातिर को हाइवे के राधावेली कॉलोनी से गिरफ्तार किया है। पुलिस को देख शातिर नौवीं मंजिल की खिड़की पर लटक गया है। कूद कर जान देने की धमकी दे दी। पंजाब पुलिस ने अग्निशमन को बुलाया। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद उसे सुरक्षित फ्लैट से निकल लिया है। पकड़ा गया शातिर बैंक कर्मी बताया जा रहा है। 100 करोड़ का घोटाला करने पर पंजाब पुलिस ने उस पर इनाम घोषित कर रखा है। शातिर 22 जुलाई से राधा वैली में रह रहा था। पंजाब के फनीदपुर से पुलिस की एक टीम बैंक में फ्रॉड के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने आई थी। पंजाब पुलिस के एक दरोगा और 3 सिपाही, जब आरोपी बैंक कर्मी अमित को गिरफ्तार करने राधा वैली स्थित फ्लैट पर पहुंचे तो आरोपी ने खुद को बालकनी में बंद कर लिया। आरोपी के कूदने की धमकी देने के बाद पुलिस के हाथ पांव फूल गये तत्काल हाईवे पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही थाना हाइवे प्रभारी शैलेन्द्र सिंह और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई। जिसके बाद आरोपी को सकुशल पकड़ने के लिए मशक्कत करने लगी। पंजाब और हाईवे पुलिस और फायर ब्रिगेड के जवानों ने 3 घंटे तक मशक्कत करने के बाद आरोपी को पकड़ लिया। जिसके बाद पंजाब पुलिस आरोपी को पकड़कर अपने साथ ले गई। बताया जा रहा है कि अमित एक बैंक में काम करता था। जिसने वहां सौ करोड़ का कोई फ्रेंड किया था। इसी मामले में पंजाब पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। पंजाब पुलिस को सूचना मिली कि वह मथुरा में छिपा बैठा है। जिसके बाद पंजाब पुलिस की टीम मथुरा आयी थी। आरोपी अमित ने राधा वैली की निर्मला विंग के सी ब्लॉक के 9 वीं मंजिल पर स्थित 903 नंबर फ्लैट किराए पर लिया था। 22 जुलाई को अमित को यह फ्लैट उसके दोस्त ने किराए पर दिलाया था। पंजाब पुलिस से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के फील्ड ऑफिसर शशांक शेखर अरोडा ने शिकायत की उनको कुछ ग्राहकों ने सूचना दी कि कृषि सीमा खाते और एफ्ही खाते से पैसे के लेनदेन को लेकर छेड़छाड़ की गई है।

## प्रेमानंद को पत्र लिखकर फलाहारी महाराज ने की भावुक अपील



**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर मस्जिद केस के मुख्य याचिकाकर्ता दिनेश फलाहारी महाराज ने प्रेमानंद बाबा को एक भावुक करने वाला पत्र लिखा है, उन्होंने कहा है कि देश की बेटियों के बारे में आप गलत शब्द कहने से बचें और छोटी-छोटी बच्चियों को इतना भक्ति भाव में भावविभोर मत कीजिए जिससे वह अपना सर मुड़वा कर विधवा का रूप धारण कर ले। फलाहारी महाराज ने कहा कि आप परम विद्वान हैं, हम भी मानते हैं कि राधा नाम में बहुत बड़ी शक्ति है, तभी तो हम भी राधा नाम के सहारे 3 वर्ष पहले श्रीकृष्ण जन्म भूमि मंदिर आजाद होने तक भोजन छोड़ने का संकल्प ले चुके हैं और हम भगवान की पूजा योग्य फूलों पर न चल कर इस गोलोक भूमि में ब्रज रज में नंगे पैर चलते हैं।

उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान में मुस्लिमों की आबादी बहुत तेजी से बढ़ रही है, और आप भावुक युवा हिंदू बच्चियों को जादू टोना करके साधू बना रहे हो, करोड़ों युवा आपके दीवाने हो रहे हैं और ये युवा बच्चे शादी से इंकार कर रहे हैं.आपकी बजह से भारत में हिन्दुओं की जन्मदर में वहुत गिरावट हो रही है, यदि यही हाल रहा तो हिंदुस्तान में 20 वर्ष बाद मुस्लिम बहुसंख्यक और हिन्दू अल्पसंख्यक हो जाएंगे। फिर कश्मीर की तरह हिंदुओं को हिंदुस्तान से भी निकाल दिया जाएगा। आपके चरणों में प्रार्थना है इस देश को बचा लीजिए और युवाओं को प्रेरणा दीजिये कि शादी करें और गृहस्थी जीवन में रहकर भी आप राधा नाम संकीर्तन कर सकते हैं। आपकी स्वच्छ छवि को धूमिल करने के लिए आपके शिष्य परिकर में कुछ गुंडे घुस गए हैं, वो जमीनों पर अवैध कब्जे कर रहे हैं। उनको अपने आश्रम से निकाल दीजिए। प्रेमानंद बाबा से दिनेश फलाहारी महाराज ने कहा है कि वो भी तपस्वी फलाहारी ब्राह्मण बृजवासी हैं और श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर से मस्जिद को हटाने के लिए हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आपके करोड़ों फॉलोअर्स है, आपको बड़े-बड़े उद्योगपतियों ने हाईजैक कर लिया है, आपके लिए माया का जाल बिछा दिया है, आप परम ज्ञानी हैं, आप इस माया के चक्रव्यूह को काटकर, उद्योगपतियों की माया को गौ माता और जमुना जी के लिए संकल्पित करा दीजिये जिससे श्रीराधाकृष्ण की लाडली गौमाता भी बच जाएगी और हिन्दुओं की पूज्यनीय जमुना महारानी जी का जल भी स्वच्छ होजायेगा। गौ माता,यमुना महारानी और ब्रजवासियों के आशीर्वाद से आपकी दोनों किडनी स्वस्थ रहेंगी और आपका नाम इतिहास के स्वर्ण अक्षरों में लिख जायेगा।

## पुलिसकर्मी बेटे की पत्नी का कत्ल, ससुर पति पर आरोप पत्र दाखिल, कोर्ट ने तलब किया

**आगरा।** यूपी पुलिस में तैनात बेटे की पत्नी का बेरहम पिता ने कत्ल कर दिया। इस मामले में अदालत में आरोप पत्र दाखिल हुए हैं। पत्नी की हत्या के आरोप में पुलिसकर्मी पति और अन्य को तलब किया गया है। आगरा में विवाहिता की कुल्हाड़ी से गर्दन काटकर हत्या के मामले में पुलिस ने अदालत में मृतका के ससुर के खिलाफ आरोप पत्र प्रस्तुत किया। वादी के आपत्ति जताने पर एडीजे-14 ने मृतका के पुलिसकर्मी पति, सास, भाभी और ननद को मुकदमे के विचारण के लिए अदालत में तलब करने के आदेश दे दिए। मथुरा निवासी धर्मवीर सिंह ने थाना किरावली में तहरीर दी थी। आरोप लगाया था कि उन्होंने अपनी पुत्री प्रियंका और संगीता की शादी 9 मार्च 2015 को मलिकपुर निवासी पन्ना लाल उर्फ गौरव और उसके भाई सौरभ के साथ की थी। 6 महीने बाद ही छोटी पुत्री संगीता की संदिग्ध हालत में मौत हो गई थी। उसके पति सौरभ ने दूसरी शादी कर ली। कुछ दिन बाद सौरभ की भी मौत हो गई। प्रियंका ने सिलाई कढ़ाई कर पति पन्ना लाल उर्फ गौरव को कोचिंग कराई। 2018 में पुलिस में नौकरी लग गई। पन्ना लाल ने शादीशुदा होने के बाद भी खुद को विभाग में अविवाहित दशार्या। बाद में पुत्री को पता चला कि पन्नालाल के एक महिला से अवैध संबंध हैं। इसका विरोध करने पर 27 जून 2023 को खाना बनाते समय ससुर रघुवीर सिंह, पति पन्नालाल उर्फ गौरव, सास राजन देवी, भाभी धर्मवती, ननद सोनिया और सुलेखा ने मिलकर प्रियंका पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। आरोपियों ने सिर धड़ से अलग कर निर्ममता पूर्वक हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस ने सभी के खिलाफ केस दर्ज किया था। विवेचक ने ससुर रघुवीर सिंह के खिलाफ ही अदालत में आरोप पत्र प्रेषित किया था। वादी ने 319 दंड प्रक्रिया संहिता के तहत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। अदालत ने अन्य को भी तलब करने के आदेश दे दिए।

## संस्कृति विवि में छात्रों, शिक्षकों के लिए सहकारी अवसरों पर मंथन




**मथुरा।** संस्कृति टेक्नोलॉजी इनक्यूबेशन फाउंडेशन और संस्कृति विश्वविद्यालय के एंटरप्रेन्योरियल क्लब के सहयोग से प्रारंभिक स्तर के उद्यमियों के सशक्तिकरण-छात्रों और शिक्षकों के लिए सहकारी अवसरों का द्वार खोलना विषय को लेकर माइक्रोसॉफ्ट टीम्स के माध्यम से नेशनल वेबिनार आयोजित की गई। वेबिनार में विभिन्न शैक्षणिक क्षेत्रों के 100 से अधिक छात्रों और संकाय सदस्यों की भागीदारी ने वेबिनार को और महत्वपूर्ण बना दिया।

वेबिनार में भाग ले रहे विषय विशेषज्ञों रितेश डे, कार्यकारी निदेशक, भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ (एनसीयूआई), राजीव शर्मा, कार्यकारी निदेशक, एनसीयूआई, अनंत दुबे, उप निदेशक, एनसीयूआई ने राष्ट्रीय, राज्य, जिला और प्राथमिक स्तर पर सहकारी समितियों की संरचना, सहकारिता के सात सिद्धांत और आंदोलन का नैतिक आधार, सहकारी उद्यमिता को बढ़ावा देने में एनसीयूआई की भूमिका, भारत के सकल घरेलू उत्पाद और ग्रामीण विकास में सहकारी क्षेत्र का योगदान, अमूल, वेरका, सारस्वत बैंक, भुट्टिको, चाय सुट्टा बार, कृभको, इफको, आदि के विषय में विस्तार सहित जानकारी दी। वक्ताओं ने 17वीं भारतीय सहकारी कांग्रेस, राज्य-स्तरीय सहकारी विकास पहलों (जैसे, त्रिपुरा) और सहकारिता मंत्रालय के अंतर्गत सरकारी योजनाओं के बारे में भी उपयोगी जानकारियां दीं। वेबिनार की शुरूआत बीबीए प्रोग्राम के छात्र और एंटरप्रेन्योरियल क्लब के उपाध्यक्ष पारस गुप्ता के गर्मजोशी भरे स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में उभरते उद्यमियों को सहयोग देने में सहकारी समितियों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स के डीन, प्रो. (डॉ.) मनीष अग्रवाल ने मुख्य वक्ताओं और प्रतिभागियों का औपचारिक स्वागत करते हुए उद्यमिता शिक्षा में सामाजिक रूप से प्रभावशाली व्यावसायिक मॉडलों को एकीकृत करने के विश्वविद्यालय के उद्देश्य पर जोर दिया। वेबिनार का आयोजन संस्कृति इंक्युबेशन सेंटर के सीईओ डॉ. गजेंद्र सिंह के निर्देशन में हुआ। वेबिनार में छात्रों और शिक्षकों के लिए साझा अवसरों जैसे सहकारी संस्थानों में इंटर्नशिप और परियोजना कार्य, सफल सहकारी समितियों के अध्ययन दौरे और उद्योग भ्रमण, ह्लद कोऑपरेटरह्ल पत्रिका में योगदान और भारतीय सहकारी समीक्षा (आईसीआर) में शोध पत्र प्रस्तुत करना आदि के बारे में भी बताया गया। वेबिनार के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र भी हुआ। वेबिनार का समापन स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स के सहायक प्रोफेसर और एंटरप्रेन्योरियल क्लब के समन्वयक डॉ. शांतम बब्बर के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## वृंदावन में हिंडोला महोत्सव की धूम

**मथुरा।** हरियाली तीज से आरंभ हुए झूलन महोत्सव के पावन पर वृंदावन नगरी उत्साह, अध्यात्म, प्रेम, भक्ति और शांति के रंग में रंगी नजर आ रही है। वर्ष में केवल एक बार हरियाली तीज के दिन बांके बिहारी मंदिर के विश्व प्रसिद्ध हिंडोले के दर्शन होते हैं। वहीं अन्य प्रमुख मंदिरों में भी हिंडोले सजाए जा रहे हैं। यह क्रम तीर्थ नगरी में आगामी 13 दिनों तक चलेगा। जो हरियाली तीज से शुरू होकर रक्षाबंधन पर्व तक अनवरत जारी रहता है। कहीं सेवायत आराध्य को कुंज निकुंजों में झूला रहे हैं, कहीं कांच तथा काष्ठ के सुंदर वास्तु से तैयार परंपरागत हिंडोले हैं तो कहीं महाराजोचित रजत के आदमकद हिंडोले दर्शनीय हैं। राधावल्लभ मंदिर में ठा. राधावल्लभ लाल को निकुंज भाव की लता पताओं में हिंडोला झुलाया गया तो वहीं राधा सनेह बिहारी मंदिर में स्वणार्भा युक्त हिंडोले में ठाकुर जी को विराजमान किया गया।

## वांछित हिस्ट्रीशीटर मुठभेड़ में गिरफ्तार



**फिरोजाबाद।** थाना सिरसागंज पुलिस टीम ने एक वांछित हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त सोनू को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिफ्तार किया है। एसएसपी फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना सिरसागंज पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि थाना भौगाँव जनपद मैनपुरी का वांछित हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त एवं सक्रिय अपराधी सोनू लूट चोरी की घटना को अंजाम देने की फिराक में थाना क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना पर थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा पैंगू रोड़ पर किठौत मोड़ के पास पुलिस टीम को मैनपुरी की ओर से मोटर साइकिल पर सवार एक संदिग्ध व्यक्ति आता दिखाई दिया। पुलिस टीम द्वारा बाइक सवार उक्त संदिग्ध व्यक्ति को रुकने का इशारा किया गया तो संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर बाइक को वापस मोड़कर भागने लगा। भागते समय उक्त संदिग्ध व्यक्ति की बाइक फिसलकर गिर गई,पुलिस टीम को नजदीक आते हुए तथा खुद को घिरता हुआ देख संदिग्ध व्यक्ति ने पुलिस टीम पर फायर किये गये,पुलिस टीम की जवाबी कार्यवाही में उक्त व्यक्ति के पैर में गोली लग गई जिससे वह घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान जनपद आगरा के थाना मलपुरा क्षेत्र में हुई लूट की घटना में वांछित एवं जनपद मैनपुरी के वांछित हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त सोनू पुत्र सतीश उर्फ बच्ची के रुप में हुई है। अभियुक्त के कब्जे से 01 चोरी की मोटर साइकिल,06 लूटे चोरी किये गये मोबाइल फोन,लूट के 5,500 रुपए,01 अवैध तमंचा 01 जिंदा कारतूस एवं 02 खोखा कारतूस बरामद हुए,घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती करा अन्य विधिक कार्यवाही की गई है।

## एस.आर.के.पी.जी. कॉलेज में हुआ ऑरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन




**फिरोजाबाद।** प्राचार्य प्रोफेसर प्रमोद कुमार सीरौठिया की अध्यक्षता में बुधवार को एसआरके पी०जी० कॉलेज के सभागार कक्ष में ऑरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ऑरिएंटेशन के माध्यम से प्राचार्य ने नए सत्र में प्रवेशित छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय के शिक्षकों से परिचय कराया तथा अनुशासन एवं शैक्षिक मानकों की जानकारी दी। प्रोफेसर सीरौठिया ने छात्र-छात्राओं से कहा कि मेहनत लगन एवं अनुशासन से पढ़ाई करने वाला विद्यार्थी एक दिन अपने मुकाम को अवश्य ही प्राप्त करता है। नव प्रवेशित छात्रों से प्राचार्य ने कहा कि, वह मन लगाकर पढ़ें तथा अपने शिक्षकों का सम्मान करें। क्योंकि, एक छात्र ही आगे चलकर श्रेष्ठ राष्ट्र का निर्माण करता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक कर्मचारी तथा छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

# महिला सेल शक्ति सेल का गठन

- महिलाओं को सुरक्षा व संरक्षण के लिए प्रशिक्षण कराया गया



**फिरोजाबाद।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार पुलिस उप महानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा स्थित आगरा जोन के समस्त जनपदों, फिरोजाबाद आगरा मथुरा में महिलाओं के सशक्तिकरण सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु यूनिसेफ के सहयोग से महिला सेल शक्ति सेल का गठन कर महिलाओं के सशक्तिकरण सुरक्षा और संरक्षण हेतु जनपद आगरा में प्रशिक्षण कराया गया जिसमें समस्त जनपदों के महिला कल्याण से जुड़े अधिकारियों कर्मचारी गढ़ व पुलिस कर्मियों समस्त कर्मचारी को मास्टर ट्रेनर बनने हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण पूर्ण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अपर पुलिस अधीक्षक नगर रवि शंकर प्रसाद नोडल अधिकारी महिला सहायता प्रकोष्ठ जनपद फिरोजाबाद द्वारा सभी को प्रोत्साहित करते हुए किया गया।

उनके द्वारा बताया गया कि पीड़ित किशोरियों व महिलाओं को एक जगह सभी सुविधा बिना विलंब उपलब्ध कराया जाने का प्रयास किया जा रहा है जिससे वह बिना विलंब न्याय पा सकें साथ ही किसी भी तरह के शोषण से बच सके,इसी आशा के साथ शक्ति सेल प्रत्येक थाने स्तर पर बनाया जाना प्रस्तावित है जिसमें 5 से 6 अनुभवी व कर्मशील स्टाफ मौजूद रहेगा जो की महिलाओं को महिला संबंधी अधिनियम महिला हेल्पलाइन, आइ जीआरएस साइबर क्राइम घरेलू हिंसा व विभिन्न प्रकार के अपराधों से संबंधित जागरूकता विकसित की जा सके साथ ही इस बात पर जोर दिया के किसी भी प्रकार के झूठे प्रकरण को बढ़ावा ना दिया जाए एवं विवेचक द्वारा तहकीकात करके ही सही-सही धारा में एफआईआर दर्ज की जाए जिससे पीड़िता को समय रहते हैं न्याय दिलाया जा सके। प्रशिक्षण के दौरान ज़िला मिशन कोऑर्डिनेटर महिला कल्याण विभाग से अनम अकाशा द्वारा हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन की संपूर्ण जानकारी प्रदान करते हुए विभागीय योजनाओं की भी जानकारी प्रदान की गई।

प्रशिक्षण में मौजूद जनपद फिरोजाबाद महिला कल्याण विभाग से हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन की अधिकारी जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अनम अकाशा, महिला थाना फिरोजाबाद प्रभारी निरीक्षक रीना चौधरी सखी वन स्टॉप सेंटर फिरोजाबाद की परामर्शदात्री व वर्तमान प्रभारी केंद्र प्रशासक शिक्षा सारस्वत, जनपद फिरोजाबाद चाइल्ड लाइन फिरोजाबाद से सामाजिक कार्यकर्ता गीता शर्मा मथुरा एवं आगरा के समस्त पुलिस अधिकारी व महिला संबंधी पुलिसकर्मी आदि उपस्थित रहे।

## अटल के पैतृक गांव बटेश्वर में भव्य रेलवे स्टेशन बनाने की सांसद ने की मांग

**आगरा।** संसद भवन में मानसून सत्र के दौरान फतेहपुर सीकरी के सांसद किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर ने बोलते हुए कहा मुझे प्रसन्नता है कि मेरे संसदीय क्षेत्र फतेहपुर सीकरी में बटेश्वर आता है और बटेश्वर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रेद्धय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी का पैतृक गांव है। बटेश्वर गांव में ब्रह्मलाल जी महाराज का मंदिर भी है जो तीर्थो के भांजे कहलाते है ओर 108 मंदिरों की श्रंखला है बटेश्वर को पर्यटन की नगरी में केंद्र सरकार व राज्य सरकार विकसित भी कर रही है। लोकसभा में मानसून सत्र के दौरान मेने यह मांग सरकार से की है कि जो बटेश्वर है उसमे एक होल्ट है रेलवे का लेकिन अभी तक वो होल्ट अभी रेलवे स्टेशन नही बन पाया संयोग से आज रेलमंत्री भी हमारे बीच मे उपस्थित है। रेलवे होल्ट को पूर्ण स्टेशन का दर्जा प्राप्त नहीं है। में सरकार से निवेदन करता हूं की श्रेध्य अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मस्थान बटेश्वर में रेलवे होल्ट को एक भव्य रेलवे स्टेशन बनाया जाए एवं बेटश्वर रेलवे स्टेशन अत्याधुनिक सुविधा से युक्त हो जितनी भी एक्सप्रेस ट्रेने चलती है उन सभी ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित किया जाए। जिससे देश भर के पर्यटक बटेश्वर में आये वहाँ यमुना नदी भी है, ब्रह्मलाल जी महाराज का मंदिर भी है और अटल बिहारी वाजपेयी का गांव भी है। सरकार से मांग है कि रेलवे स्टेशन बनवा दीजिए जिससे श्रेध्य अटल बिहारी वाजपेयी जी को सच्ची श्रद्धांजलि भी होगी।

संक्षेप

## शॉप्सी ने पूरे किये 4 साल छोटे शहरों तक बनायी पहुंच

बेंगलुरु। फ्लिपकार्ट का तेजी से बढ़ता हाइपर-वैल्यू प्लेटफॉर्म शॉप्सी अपनी चौथी वर्षगांठ मना रहा है। इस मौके पर शॉप्सी ने भारत को किंग/क्वीन साइज जिंदगी देने के अपने मिशन को और मजबूत किया है, ताकि ग्राहकों को कम खर्च में सबसे ज्यादा फायदा मिल सके। अब तक 450 मिलियन से ज्यादा ऐप डाउनलोड का आंकड़ा पार कर चुका शॉप्सी देश के चारों कोनों में 19,000+ पिन कोड तक डिलीवरी कर रहा है, जिसमें मेट्रो शहरों से लेकर छोटे-छोटे कस्बों तक पहुंच शामिल हैं। पिछले चार सालों में शॉप्सी देश भर के समझदार खरीदारों के लिए एक पसंदीदा ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म बन गया है। हमारा लक्ष्य हमेशा अच्छी क्वॉलिटी के विविध प्रोडक्ट्स देना, खरीदारी को आसान बनाना और ग्राहकों को स्थानीय अनुभव देना रहा है, खासकर उन छोटे शहरों और कस्बों में जो भारत की असली ताकत हैं। शॉप्सी के प्रोडक्ट्स इन इलाकों की अलग-अलग पसंद और जरूरतों को ध्यान में रखकर चुने जाते हैं।

## सेनहाइजर ने पेश किया विशेष ऑफर

नई दिल्ली। सेनहाइजर ने आने वाली अमेजन ग्रेट फ्रीडम फेस्टिवल सेल 2025 के लिए अपने प्रीमियम प्रोडक्ट लाइनअप पर विशेष ऑफर की घोषणा की है, जो 31 जुलाई 2025 की मध्यरात्रि से शुरू होगा। ग्राहक सेनहाइजर उत्पादों पर 50प्रतिशत तक की विशेष छूट का लाभ उठा सकते हैं, जिनमें मोमेंटम 4 वायरलेस, एचडी 490 प्रो प्लस स्टूडियो हेडफोन, एमकेई 400 मोबाइल किट, एक्सेंटम प्लस वायरलेस, एक्सेंटम वायरलेस स्पेशल एडिशन और एक्सएस वायरलेस आईईएम सेट आदि शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, खरीदार 24 महीने तक के नो-कॉस्ट ईएमआई विकल्पों और इसके साथ ही कई सारी अन्य बैंक ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं।

## मोटोरोला ने लॉन्च किया मोटो जी86 पॉवर स्मार्टफोन

नई दिल्ली। मोटोरोला ने आज मोटो जी86 पॉवर लॉन्च किया। यह जी-सीरीज का एक शानदार फोन है, जिसमें 20 हजार रुपये से कम कीमत में बेहतरीन फीचर्स दिये गये हैं। इसमें 6.67 इंच 1.5के पोलेड सुपर एचडी फ्लैट डिस्प्ले है, जो इस सेगमेंट में सबसे ज्यादा चमकदार (4500 निट्स ब्राइटनेस के साथ) है। इसमें 120हर्ट्ज रिफ्रेश रेट और गोरिल्ला ग्लास 7आई प्रोटेक्शन भी है, जो स्क्रीन को मजबूत और स्मूथ बनाता है। फोन में मोटो एआई के साथ सेगमेंट का अग्रणी 50एमपी ओआईएस सोनी एलवाईटीआईए 600 कैमरा आता है और सभी लेंस से 4के वीडियो रिकॉर्डिंग करता है। इसके साथ 8एमपी अल्ट्रावाइड प्लस मैक्रो विजन लेंस और 32एमपी सेल्फी कैमरा भी इसमें मौजूद है।

## आईएफएटी दिल्ली 2026 बदलेगा उत्तरभारत की पर्यावरण तकनीक

नई दिल्ली। आईएफएटी दिल्ली पहली बार राजधानी में 22 से 24 अप्रैल 2026 तक भारत मंडपम में आयोजित होने जा रहा है, जो भारत में सस्टेनेबिलिटी की दिशा में एक बड़ा कदम होगा। लगभग 60 सालों से आईएफएटी दुनियाभर में पर्यावरण से जुड़ी नई टेक्नोलॉजी की शुरूआत का केंद्र रहा है, और भारत में भी इसकी एक मजबूत पहचान बन चुकी है। मुंबई में इसके 11 सफल आयोजन यह साबित करते हैं कि जब तकनीकी विशेषज्ञ, नीति निर्माता और नगर निकाय एक साथ आते हैं, तो स्थायी बदलाव लाना संभव हो जाता है। अब मेस्से मुएनचेन इंडिया इसी जोश और उत्साह को दिल्ली लेकर आ रहा है।

## अच्छे स्वास्थ्य के लिए सेहतमंद आहार जरूरी

नई दिल्ली। आज की तेज-तर्रार दुनिया में सेहतमंद जीवनशैली बनाए रखने के लिए कुछ स्मार्ट ट्रिक्स अपनाकर और सोच-समझकर फैसला लेने से अपनी




आर्थिक स्थिति पर दबाव डाले बिना अपने शरीर को सफोला से पोषण देना आसानी से संभव है। शरीर को सही पोषक तत्व से देना बहुत ही जरूरी है ताकि हमारी ऊर्जा का स्तर और पूरी जीवनी शक्ति बनी रहे। इसलिए डॉ. शिल्पा ने एक ऐसी गाइड पेश की है जो आपको बताती है कि सेहतमंद और किफायती भोजन को अपनी जीवनशैली का एक सहज हिस्सा कैसे बनाया जाए। इसमें इस बात को भी साबित किया गया है कि अगर भोजन सही ढंग से लिया जाए तो अच्छे भोजन के लिए ज्यादा कीमत चुकाने की जरूरत नहीं है। सेहतमंद और किफायती भोजन की नींव सोच-समझकर बनायी गयी योजना पर टिकी होती है।

# सेंसेक्स में 144 अंकों की उछाल



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 144 अंक मजबूत बंद हुआ। वहीं एनएसई निफ्टी 34 अंक के लाभ में रहा। मुख्य रूप से लॉर्सन एंड टुब्रो के शेयर में भारी लिवाली से बाजार में तेजी आई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 143.91 अंक यानी 0.18 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,481.86 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 281.01 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 33.95 अंक यानी 0.14 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,855.05 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिकी व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी ने बाजार की तेजी पर अंकुश लगाया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में, लार्सन एंड टुब्रो में 4.87 प्रतिशत की तेजी आई। इसका कारण बुनियादी ढांचा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी के शुद्ध लाभ में अच्छी वृद्धि है। जून तिमाही में विदेशी बाजार से ऑर्डर में वृद्धि के कारण कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 29.8 प्रतिशत बढ़कर 3,617.19 करोड़ रुपये रहा। इसके अलावा, सन फार्मा, एनटीपीसी, मारुति, भारती एयरटेल, ट्रेंट और एक्सिस बैंक के शेयर भी लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड, इटर्नल, बजाज फिनसर्व और हिंदुस्तान यूनिलीवर शामिल हैं। टाटा मोटर्स में सबसे ज्यादा 3.47 प्रतिशत की गिरावट आई। विभिन्न रिपोर्ट में कहा गया है कि वाहन विनिर्माता कंपनी 4.5 अरब डॉलर के सौदे में इटली की कंपनी की ट्रक इकाई का अधिग्रहण करने के लिए बातचीत कर रही है। शेयर बाजारों ने कंपनी से इन खबरों के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा है। इटली की एक कंपनी के अधिग्रहण से जुड़ी चिंताओं के बीच टाटा मोटर्स के शेयर में गिरावट आई है। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में देरी और मिश्रित आय के बावजूद, सीमित दायरे में कारोबार के बाद घरेलू बाजार मामूली सकारात्मक रुख के साथ बंद हुआ। पहली तिमाही के नतीजों के आधार पर निवेशकों ने क्षेत्र विशेष के शेयरों में निवेश किया। एलएंडटी की मजबूत आय के बाद औद्योगिक क्षेत्र में तेजी आई। वाहन क्षेत्र का प्रदर्शन कमजोर रहा, जिसका मुख्य कारण शुल्क संबंधी दबाव था। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 4,636.60 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि भारत के साथ व्यापार समझौते को अभी अंतिम रूप नहीं दिया जा सका है।

# सोने में रही 700 रुपये की तेजी



नयी दिल्ली। स्टॉकिस्ट की ताज़ा लिवाली के कारण बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतें 700 रुपये बढ़कर 98,520 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। इस तरह सोने में पिछले पांच सत्रों से जारी गिरावट का सिलसिला रुक गया।

मंगलवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 97,820 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। राष्ट्रीय राजधानी में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बुधवार को 650 रुपये बढ़कर 98,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गयी। पिछले बाजार बंद के समय यह 97,550 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। रुपये में भारी गिरावट के चलते घरेलू बाजार में सोने की कीमतों में अच्छी बढ़त देखी गई। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता के कारण रुपये में गिरावट आई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा एक अगस्त की समयसीमा से पहले लगभग 20-25 प्रतिशत शुल्क दरों के संकेत देने के बाद भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता के चलते बुधवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 52 पैसे गिरकर 87.43 (अस्थायी) पर बंद हुआ। सर्राफा संघ के अनुसार, इसके अलावा, बुधवार को चांदी की कीमतें 1,000 रुपये बढ़कर 114,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गईं। मंगलवार को यह 113,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही थी। वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना 3,330.33 डॉलर प्रति औंस पर स्थिर कारोबार कर रहा था। सोना स्थिर रुख के साथ कारोबार कर रहा है... क्योंकि निवेशक अमेरिका के प्रमुख व्यापक आर्थिक आंकड़ों का इंतजार कर रहे हैं, जिनमें दूसरी तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े, एडीपी रोजगार, लंबित घरेलू बिक्री और फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) का ब्याज दर का निर्णय शामिल हैं। हालांकि फेडरल रिजर्व द्वारा दरों को अपरिवर्तित रखने की व्यापक उम्मीद है, बाजार, खासकर तीव्र राजनीतिक दबाव और मिश्रित आर्थिक संकेतों के बीच नीतिगत दृष्टिकोण पर मार्गदर्शन की बारीकी से निगरानी कर रहा है।

## सेल ने किया स्वीकृत सीमा से अधिक आयातित कोयले का इस्तेमाल : कैग

नयी दिल्ली। भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी सेल पर 2016 से 2023 के बीच स्वीकृत सीमा से अधिक आयातित कोयले का इस्तेमाल करने और इसकी वजह से 2,539.68 करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च करने पर आलोचना की है।

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) में स्टॉक के प्रबंधन पर कैग की रिपोर्ट मंगलवार को संसद में पेश की गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि सेल के संयंत्रों ने प्रबंधन द्वारा तय मानकों से अधिक आयातित कोयले की खपत की जबकि घरेलू स्तर पर उपलब्ध कोयले की तुलना में आयातित कोयला महंगा था। रिपोर्ट के मुताबिक, सेल ने कच्चे माल, अर्द्ध-निर्मित और तैयार उत्पादों के लिए प्रति टन माल की ढुलाई लागत का कोई मानक तय नहीं किया है। वर्ष 2016-17 से 2022-23 के दौरान सेल के पास औसतन 21,698 करोड़ रुपये का स्टॉक था, जो उसकी मौजूदा परिसंपत्तियों का लगभग 67 प्रतिशत है। कैग ने सेल के राउरकेला, बोकारो और दुर्गापुर संयंत्रों में कच्चे माल की उपलब्धता न बनाए रखने की तरफ भी इशारा किया है। इससे 9.32 लाख टन हॉट मेटल का उत्पादन नहीं हो सका और 1,231.52 करोड़ रुपये के संभावित राजस्व का नुकसान हुआ।

# रुपया 52 पैसे टूटकर 87.43 प्रति डॉलर पर



मुंबई। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता के बीच रुपया बुधवार को 52 पैसे टूटकर 87.43 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि आयातकों की ओर से मासान्त की डॉलर मांग और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी ने भी स्थानीय मुद्रा पर दबाव डाला।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 87.10 पर खुला। कारोबार के दौरान यह डॉलर के मुकाबले 87.05 के निचले स्तर पर पहुंचा। अंत में यह 87.43 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 52 पैसे की गिरावट है। रुपया मंगलवार को चार महीने से भी अधिक के निचले स्तर पर आ गया था। यह 21 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले होकर 86.91 पर बंद हुआ था। घरेलू शेयर बाजारों में बीएसई सेंसेक्स 143.91 अंक की बढ़त के साथ 81,481.86 अंक पर बंद जबकि निफ्टी 33.95 अंक चढ़कर 24,855.05 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) मंगलवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 4,636.60 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक अगस्त की समयसीमा से पहले 20-25 प्रतिशत शुल्क दरें तय करने के संकेत दिए जाने के बाद भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता के कारण भारतीय रुपये में भारी गिरावट आई। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता के बीच हमारा अनुमान है कि रुपया और गिरेगा। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और विदेशी पूंजी की निकासी ने भी रुपये पर दबाव बनाया है।

## जुलाई तक भारत का चीनी उत्पादन 18.38 प्रतिशत घटा

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय सहकारी चीनी कारखाना महासंघ लिमिटेड (एनएफसीएसएफएल) ने बुधवार को कहा कि अक्टूबर में समाप्त होने वाले चालू सत्र में जुलाई तक भारत का चीनी उत्पादन 18.38 प्रतिशत घटकर दो करोड़ 58.2 लाख टन रहा है। ऐसा प्रमुख उत्पादक राज्यों में कम उत्पादन के कारण हुआ है।

सहकारी संस्था को उम्मीद है कि पूरे सत्र में कुल उत्पादन दो करोड़ 61.1 लाख टन तक पहुंच जाएगा, जो वर्ष 2023-24 में उत्पादित 3.19 करोड़ टन से काफी कम है। कर्नाटक और तमिलनाडु में जून से सितंबर तक चलने वाले विशेष पेराई कार्य चल रहे हैं और कुल उत्पादन में कुछ और टन जुड़ने की उम्मीद है। कर्नाटक में पिछले वर्ष के एक मिल की तुलना में सात मिलें चल रही हैं, जबकि तमिलनाडु में पिछले वर्ष के 11 मिलों की तुलना में नौ मिलें चल रही हैं। एनएफसीएसएफएल के अनुसार, भारत के सबसे बड़े चीनी उत्पादक राज्य, उत्तर प्रदेश में जुलाई तक उत्पादन एक साल पहले के 103.6 लाख टन से घटकर 92.7 लाख टन रह गया। दूसरे सबसे बड़े उत्पादक महाराष्ट्र में उत्पादन भारी गिरावट दर्शाता पहले के 1.1 करोड़ टन से घटकर 80.9 लाख टन रह गया, जबकि कर्नाटक में उत्पादन 51.6 लाख टन से घटकर 40.6 लाख टन रह गया।

# भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2026 में 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान

### मजबूत उपभोग वृद्धि को समर्थन और सार्वजनिक निवेश को बढ़ावा मिल रहा है




न्यूयॉर्क/वॉशिंगटन। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने कहा है कि भारत की आर्थिक वृद्धि दर के कैलेंडर वर्ष 2025 में 6.7 प्रतिशत और 2026 में 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने कहा कि देश की स्थिर वृद्धि सुधारों की गति से प्रेरित है जिससे मजबूत उपभोग वृद्धि को समर्थन और सार्वजनिक निवेश को बढ़ावा मिल रहा है। आईएमएफ ने मंगलवार को अपना अद्यतन विश्व आर्थिक परिदृश्य (डब्ल्यूईओ) जारी किया। इसमें कहा गया, भारत में दोनों ही आंकड़ों को थोड़ा बढ़ाया गया है जो अप्रैल के संदर्भ पूर्वानुमान की तुलना में अधिक सौम्य बाह्य वातावरण को दर्शाता है। आईएमएफ ने विश्व आर्थिक परिदृश्य में दी अतिरिक्त जानकारी में कहा कि भारत के लिए आंकड़े और अनुमान वित्त वर्ष के आधार पर प्रस्तुत किए जाते हैं। कैलेंडर वर्ष के आधार पर भारत के वृद्धि अनुमान 2025 के लिए 6.7 प्रतिशत और 2026 के लिए 6.4 प्रतिशत हैं। आईएमएफ अनुसंधान विभाग की प्रमुख डेनिज इगन ने प्रेस वार्ता में भारत पर पूछे गए एक प्रश्न पर कहा कि देश में वास्तव में काफी स्थिर वृद्धि हुई है। भारत ने 2024 में 6.5 प्रतिशत की दर से वृद्धि की थी। इसके 2025 और 2026 में 6.4 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। आईएमएफ ने कहा कि उभरते बाजार और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में 2025 में वृद्धि दर 4.1 प्रतिशत और 2026 में 4.0 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। अप्रैल में किए गए पूर्वानुमान के सापेक्ष 2025 में चीन की वृद्धि दर को 0.8 प्रतिशत अंक बढ़ाकर 4.8 प्रतिशत कर दिया गया है। यह संशोधन 2025 की पहली छमाही में अपेक्षा से अधिक मजबूत गतिविधि और अमेरिका-चीन शुल्कों में उल्लेखनीय कमी को दर्शाता है। आईएमएफ ने कहा कि 2026 में वृद्धि दर 4.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो कि कम प्रभावी शुल्क दरों को दर्शाता है। आईएमएफ ने कहा कि 2025 के लिए वैश्विक वृद्धि दर तीन प्रतिशत और 2026 में 3.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

## अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर भारत अमेरिका अंतिम दौर की कोशिशों में जुटे

नयी दिल्ली। भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर एक अगस्त की समयसीमा खत्म होने से पहले अंतिम दौर की कोशिशें की जा रही हैं। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों ने कहा कि दोनों पक्ष व्यापार समझौते से संबंधित आपसी मतभेदों को दूर करने की दिशा में गंभीर बातचीत कर रहे हैं ताकि शुल्क वृद्धि से बचा जा सके। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अप्रैल में भारत समेत कई देशों पर 26 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगाया था लेकिन उसे नौ जुलाई तक के लिए निलंबित कर दिया गया था। बाद में इस स्थगन को एक अगस्त तक के लिए बढ़ा दिया गया था। हालांकि, इस दौरान 10 प्रतिशत का मूल शुल्क लागू है। भारत और अमेरिका सीमा शुल्क को तर्कसंगत रूप देने के लिए द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर बातचीत कर रहे हैं। उनकी कोशिश है कि एक अगस्त के पहले एक अंतरिम समझौता कर लिया जाए लेकिन अभी तक इस पर अंतिम सहमति नहीं बन पाई है। सूत्रों के मुताबिक, अगर अंतरिम समझौते पर बातचीत एक अगस्त के आगे भी जारी रहती है तो नया समझौता मौजूदा शुल्क ढांचे को निष्प्रभावी कर देगा। एक सूत्र ने कहा कि अमेरिका और भारत के बीच इस मुद्दे पर बातचीत का दौर जारी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि भारत के साथ व्यापार समझौते को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया जा सका है।

## डीएचएल एक्सप्रेस का राखी एक्सप्रेस अभियान लॉन्च

मुंबई। डीएचएल एक्सप्रेस ने अपनी वार्षिक त्योहार विशेष सेवा राखी एक्सप्रेस की शुरूआत की है, जिसका उद्देश्य रक्षाबंधन पर्व के इस विशेष अवसर पर परिवारों को जोड़ना और दूरियों को मिटाना है। इस पहल के तहत ग्राहकों को आकर्षक छूट दी जा रही है, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय राखी और गिफ्ट शिपमेंट्स पर शुल्क रुपये 3,099 * से शुरू होता है। जो ग्राहक स्टोर पर जाकर यह सेवा लेना चाहते हैं, वे बुकिंग के समय *RAKHIGIFTS* प्रोमो कोड का उपयोग करके छूट प्राप्त कर सकते हैं।

## पेज एक का शेष

### रूस में 8.8

संख्या नहीं बताई। जापान में कम से कम एक व्यक्ति घायल हुआ है। कामचटका में 10 से 13 फुट ऊंची, जापान के उत्तरी द्वीप होक्काइडो में लगभग 2.8 फुट, अलास्का के अल्यूशियन द्वीप समूह में ज्वार के स्तर से 1.4 फुट तक ऊंची लहरी उठीं। हवाई और ओरेगन ने निवासियों को संभावित नुकसान की चेतावनी दी है। अलास्का स्थित राष्ट्रीय सुनामी चेतावनी केंद्र के समन्वयक डेव स्नाइडर ने बताया कि सुनामी का प्रभाव कई घंटों या शायद एक दिन से भी अधिक समय तक रह सकता है। उन्होंने कहा, सुनामी केवल एक लहर नहीं होती। यह लंबे समय तक चलने वाली शक्तिशाली लहरों की एक श्रृंखला होती है। सुनामी एक विमान की गति से सैकड़ों मील प्रति घंटे की रफ्तार से समुद्र पार करती है लेकिन जब वे किनारे के पास पहुंचती हैं, तो उनकी गति धीमी हो जाती है और वहां वह एकत्र होने लगती हैं जिससे जलप्लावन की आशंका यहीं अधिक होती है। उन्होंने कहा, क्योंकि पृथ्वी मूलतः समुद्र के पार पानी की विशाल लहरें भेजती है तो इस मामले में ये लहरें काफी समय तक आगे-पीछे बहती रहेंगी। स्नाइडर ने कहा कि यही कारण है कि कुछ समुदायों को लंबे समय तक असर महसूस हो सकता है। हवाई के गवर्नर जोश ग्रीन ने बताया कि जापान और हवाई के बीच स्थित मिडवे एटोल से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, लहरों की ऊंचाई छह फुट मापी गई। उन्होंने कहा कि हवाई से टकराने वाली लहरें बड़ी या छोटी हो सकती हैं और यह कहना अभी जल्दबाजी होगी कि वे कितनी बड़ी होंगी। ग्रीन ने बताया कि ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर को तैयार रखा गया है और आवश्यकता पड़ने पर बचाव अभियान में इनका इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने कहा, कृपया खुद को खतरे में न डालें।

### युवाओं को

योजना नहीं, एक आंदोलन है। यह हर उस युवा के लिए अवसर है, जिसके पास सपना है लेकिन साधन नहीं। उन्होंने मंच पर अपनी सफलता की कहानी सुनाने वाले युवाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इन सभी की कहानियों में एक समानता है और वह यह कि जो सपना उन्होंने देखा, सीएम युवा योजना के माध्यम से सरकार ने उसे पूरा किया। सीएम युवा उद्यमी स्कीम ने पूंजी की कमी को दूर किया, ट्रेनिंग की समस्या का समाधान किया, आत्मनिर्भर युवा के मिशन को धरातल पर उतारा। अनेक युवा अलग-अलग क्षेत्र में इस स्कीम का लाभ ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण और युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज हमारे संस्थान एक तरह से टापू बन चुके हैं, जिनका समाज और स्कीमों से जुड़ाव टूटता जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब जानकारी नहीं होती, तो युवा गलत स्कीम में फंसते हैं। कर्ज के बोझ से टूट जाते हैं। पलायन के अलावा कोई विकल्प नहीं बचता। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। सीएम युवा योजना न केवल युवाओं को स्वरोजगार की दिशा में प्रेरित कर रही है, बल्कि उन्हें ₹जॉब सीकर से जॉब क्रिएटर भी बना रही है। सीएम योगी ने बताया कि उत्तर प्रदेश की हस्तशिल्प, कुटीर और एमएसएमई इंडस्ट्री को पुनर्जीवित करने के लिए कई योजनाएं शुरू की गई हैं। आज उत्तर प्रदेश में कोई भी नया उद्यम शुरू करने पर पहले 1000 दिन तक किसी प्रकार की लाइसेंस बाध्यता नहीं है। साथ ही, 5 लाख रुपए का बीमा कवर भी दिया जा रहा है। सीएम योगी ने कहा कि 2017 में जब उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार बनी तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में तैयार लोक कल्याण संकल्प पत्र में वादा किया गया था कि परंपरागत उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए विशेष योजना लाई जाएगी। सरकार बनने के बाद प्रदेशभर का अध्ययन कराया गया और पाया कि हर जिले में कुछ न कुछ परंपरागत उद्यम हैं, लेकिन भ्रष्टाचार, अराजकता और पलायन के कारण यह क्षेत्र लगभग दम तोड़ चुका था। इसी चुनौती को अवसर में बदलते हुए सरकार ने 2018 में वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) योजना की शुरूआत की। यह योजना आज देश में एक ब्रांड बन चुकी है और उत्तर प्रदेश के निर्यात को 86,000 करोड़ से बढ़ाकर 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक कर चुकी है। उन्होंने कहा कि पहले त्योहारों पर चीन का सामान बाजारों में छाया रहता था, लेकिन आज स्थानीय उत्पाद और ओडीओपी गिफ्ट्स हर घर तक पहुंच रहे हैं।

### जनप्रतिनिधियों

3,397 विकास प्रस्तावों, जिनकी अनुमानित लागत 42,891 करोड़ रुपये है, पर जनप्रतिनिधियों के सुझावों को गंभीरता से लिया जाए और इन परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर चरणबद्ध ढंग से पूर्ण कराया जाए। मुख्यमंत्री ने मंडल के सभी जनपदों एवं विधानसभा क्षेत्रों की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक विशिष्टताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रत्येक जनपद की अपनी एक अलग पहचान है, जिसे सशक्त करते हुए विकास की योजनाओं का समायोजन किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि लखनऊ न केवल नव्य आधुनिकता का केंद्र है, बल्कि अवध की सांस्कृतिक राजधानी, कला, साहित्य तथा संस्कार की जीवंत मिसाल भी है। काशी की तरह ही इसकी आत्मा सनातन और इसकी आत्मीयता वैश्विक है। हरदोई में सत्य और तप की परंपरा गहराई तक रची-बसी है। रायबरेली साहित्य, स्वतंत्रता संग्राम और लोककला की दृष्टि से भी समृद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्नाव जनपद चंद्रशेखर आजाद और स्वतंत्रता संग्राम के अन्य नायकों की कर्मभूमि रहा है। उन्होंने कहा कि उन्नाव में विकासपरक परियोजनाओं को स्वतंत्रता संग्राम की ऐतिहासिक चेतना के साथ जोड़ते हुए समेकित रूप से प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

### जल्द करेंगे

को कहा था कि भुट्टो ने हमें मूर्ख बनाया। शाह ने कहा- कांग्रेस ने पोटा का विरोध किया। कांग्रेस ने किसे बचाने के लिए इसका विरोध किया। भाजपा-अटल जी का संकल्प था। संयुक्त सेशन में इसे पारित किया गया। आज कानून बना है। पहली कैबिनेट में भी कांग्रेस ने ढडळअ रद्द किया। और ये आतंकवाद की बात करते हैं। ये टेररिस्ट की मदद करने वाली पार्टी है।

शाह ने देश के कई शहरों में हुए बम धमाकों की लिस्ट गिनाते हुए कहा- कांग्रेस की सरकार में जयपुर, हैदराबाद, दिल्ली में हुए बम धमाकों में सैकड़ों लोग मारे गए। एक भी साल ऐसा नहीं रहा जब आतंकियों ने बम धमाके नहीं किए हों। 2014 तक कांग्रेस ने क्या किया। अब क्यों सवाल खड़े कर रहे हैं। देश के अलग-अलग हिस्सों में 609 लोग बम धमाकों में मारे गए। मोदी के राज में जम्मू-कश्मीर छोड़कर पूरे देश में कहीं भी बम धमाके नहीं हुए। घर में घुसकर परखच्चे उड़ाने का काम हमारी सरकार कर रही है। शाह ने कहा- हमने जम्मू-कश्मीर में 40 हजार नौकरियां दीं। मोदी सरकार में वहां नगर पंचायत के चुनाव में 98 फीसदी वोटिंग हुई। विधानसभा चुनाव में 58 फीसदी वोटिंग हुई। एक हजार करोड़ से ज्यादा रुपए नगर पंचायत को दिया गया। 2014 से शुरू हुआ मंथन का असर है कि आज घाटी से आतंकवाद खत्म होने की कगार पर है।

### डब्ल्यूसीएल

मैच पर अपनी स्थिति पहले ही स्पष्ट कर दी है। इस ट्रैवल टेक कंपनी के सह संस्थापक निशांत पिट्टी ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, हम विश्व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में टीम इंडिया (इंडिया चैंपियन्स) के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हैं। आपने देश को गौरवांवित किया है। हालांकि पाकिस्तान के खिलाफ आगामी सेमीफाइनल कोई सामान्य मैच नहीं है। आतंकवाद और क्रिकेट साथ-साथ नहीं चल सकते।

उन्होंने कहा, ईजमाईट्रिप में हम भारत के साथ खड़े हैं। हम किसी ऐसे टूर्नामेंट का समर्थन नहीं कर सकते जो आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले देश के साथ रिश्तों को सामान्य करने का प्रयास करता है। भारत के लोगों ने इस बारे में बात की है और हमने उनकी बात सुनी है। ईजमाईट्रिप डब्ल्यूसीएल में भारत बनाम पाकिस्तान मैच के साथ नहीं जुड़ा है। पिट्टी ने कहा, कुछ चीजें खेल से बड़ी हैं। देश सबसे पहले, व्यवसाय हमेशा बाद में। भारत चैंपियन्स ने मंगलवार को अपने अंतिम ग्रुप मैच में वेस्टइंडीज चैंपियन्स को सिर्फ 13.2 में हराकर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

### अमेरिका ने

नहीं है, इसलिए भारत को एक अगस्त से 25 प्रतिशत शुल्क और रूस से खरीद को लेकर जुर्माना भी देना होगा। यह जुर्माना इसलिए लगाया गया क्योंकि भारत ने रूस से तेल और सैन्य उपकरणों की बड़ी खरीद की है। रूस से भारत का कच्चा तेल आयात रूस-यूक्रेन युद्ध से पहले कुल खरीद का 0.2 प्रतिशत था, जो अब बढ़कर 35-40 प्रतिशत हो गया है। चीन के बाद, रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार भारत है। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पोस्ट में भारत को अपना मित्र बताया।

### उठक-बैठक

ने मंगलवार को अधिवक्ताओं के सामने पांच बार उठक-बैठक लगाई। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। उन्होंने तहसील परिसर के गंदे शौचालयों के लिए खुद को दोषी ठहराया और अपने को सजा भी दी। इससे पहले एक अधिवक्ता ने पीछे से उनका हाथ पकड़ कर रोकने की कोशिश की तो उसे झिड़क दिया। अधिवक्ता कहते रहे... रहने दीजिए, रहने दीजिए, मगर वह नहीं माने। तहसील परिसर में धरने पर बैठे अधिवक्ताओं के पास जब एसडीएम गए तो उन्होंने कहा कि नारेबाजी की आवाज उनके चैंबर में नहीं आनी चाहिए।

### उत्तराखंड के

करने के निर्देश दिए हैं। इसमें खासकर ऐसे तीर्थ स्थलों को शामिल किया जाएगा, जहां ज्यादा तीर्थ यात्री आते हैं। मास्टर प्लान के निर्माण और इसके क्रियान्वयन में दोनों मंडलों के मंडलायुक्तों का विशेष तौर पर सहयोग लेने के लिए कहा गया है। साथ ही स्पष्ट आदेश दिए गए हैं कि यदि तीर्थ स्थलों के मार्गों पर अवैध अतिक्रमण हुआ है तो उन्हें प्राथमिकता के आधार पर हटाया जाए। मास्टर प्लान में भीड़ नियंत्रण व्यवस्था, धार्मिक क्षेत्र की धारण क्षमता का विकास पृथक प्रवेश एवं निकास मार्ग, प्रतीक्षा के लिए अतिरिक्त स्थान, आपातकालीन निकासी व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, प्राथमिक उपचार, सुगठित सूचना एवं मार्गदर्शन प्रणाली, पार्किंग व्यवस्था, पर्याप्त सुरक्षा बलों की तैनाती जैसे प्रमुख बिंदुओं को शामिल किया गया है।

### निसार उपग्रह

एक शानदार दशक रहा, जिसमें तकनीकी सहयोग, सांस्कृतिक समझ, एक-दूसरे को जानने और महाद्वीपों, अलग -अलग समय क्षेत्रों के पार टीम बनाने की इस उपलब्धि को हासिल किया गया। उन्होंने कहा, यह मिशन वास्तव में एक पथप्रदर्शक है, न केवल हमारे तकनीकी सहयोग के संदर्भ में, बल्कि पृथ्वी विज्ञान के लिए भी। यह ऐसा मिशन है जो वास्तव में दुनिया को दिखाता है कि दोनों देश क्या कर सकते हैं। लेकिन, इससे भी अधिक यह वास्तव में हमारे दोनों देशों, भारत और अमेरिका के बीच संबंधों के निर्माण के लिए एक पथप्रदर्शक है, जो दशकों से चले आ रहे सहयोग को और आगे बढ़ाएगा।

### घाटी में

नागरिक खुफिया इकाइयों द्वारा क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में प्राप्त विश्वसनीय खुफिया सूचनाओं पर आधारित था। उन्होंने बताया, सूचनाओं पर त्वरित कार्वाई करते हुए सुरक्षा बलों ने संभावित घुसपैठ मार्गों पर घात लगाई। नियंत्रण रेखा पर सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये और बड़ी मात्रा में युद्ध-सामग्री बरामद की गई। सुरक्षा बलों की त्वरित, समन्वित और निर्णायक कार्वाई ने किसी भी तरह के नुकसान को रोका।




# टेस्ट मैचों के बीच तीन दिन का अंतर काफी कम : स्टोक्स, कोच के पास पिच देखने का अधिकार : गिल

लंदन। बेन स्टोक्स और शुभमन गिल ने बुधवार को टेस्ट मैचों के बीच लंबे अंतर की मांग करते हुए कहा कि पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में गेंदबाजों के भारी कार्यभार को देखते हुए दो मैचों के बीच तीन दिन का ब्रेक कम है। लीड्स में पहले टेस्ट और लॉर्ड्स पर तीसरे टेस्ट के बाद एक सप्ताह का अंतर था लेकिन दूसरे और तीसरे तथा चौथे और पांचवें मैच के बीच सिर्फ तीन दिन का अंतर रहा।



इससे खिलाड़ियों को रिकवरी का अधिक समय नहीं मिला। स्टोक्स दाहिने कंधे की चोट के कारण पांचवां टेस्ट नहीं खेल पायेंगे। भारत भी कुछ तेज गेंदबाजों की चोट से जूझ रहा है। पांचवें टेस्ट से पूर्व स्टोक्स ने कहा पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में मैचों के बीच अंतर बेहतर हो सकता था। दो मैचों में आठ और नौ दिन और बाकी दो में तीन दिन का अंतर। सब मिलाकर पांच पांच दिन का अंतर रहने से निरंतरता रहती।

उन्होंने कहा  दोनों टीमों के लिये यह कठिन रहा है। गेंदबाजों को काफी ओवर डालने होते हैं। एक बार तो आठ नौ दिन का ब्रेक मिल रहा है और फिर तीन दिन का। हर मैच के बीच चार या पांच दिन का अंतर हो सकता था। भारतीय कप्तान गिल ने कहा कि सभी मैच पांच दिन तक चले लिहाजा खिलाड़ियों के लिये रिकवरी मुश्किल थी। उन्होंने कहा श्रृंखला में अहम बात यह भी थी कि सभी मैच पांच दिन तक चले। पांच दिन ही नहीं बल्कि पांचवें दिन के आखिरी सत्र तक। मुझे याद नहीं कि ऐसी कोई श्रृंखला रही हो जिसमें सभी चार टेस्ट मैच आखिर तक खिंचे हो। यह काफी कठिन था। उन्होंने कहा  दोनों टीमें जब इतना कठिन क्रिकेट खेल रहीं हों तो तीन दिन का अंतर काफी कम है। हमें यह भी समझना चाहिये कि हर मैच के बाद पांच या छह दिन का ब्रेक होने से दौरा बहुत लंबा हो जाता। दोनों बोर्ड ने यही सोचकर फैसला लिया होगा।

**कोच के पास पिच को देखने का पूरा अधिकार पर गिल**

लंदन। कप्तान शुभमन गिल ने ओवल के मुख्य क्यूरेटर ली फोर्टिस से तीखी बहस के बाद गौतम गंभीर का बचाव करते हुए कहा कि भारतीय कोच को पिच का मुआयना करने का पूरा अधिकार था।

भारत के अभ्यास सत्र के दौरान मंगलवार को फोर्टिस ने भारतीय कोचिंग स्टाफ को मुख्य पिच से ढाई मीटर दूर रहने के लिये कहा जबकि उन्होंने जॉगर्स और रबर स्पाइक वाले जूते पहन रखे थे। गंभीर को यह बोलते सुना गया, तुम्हें हम में से किसी को यह बताने की जरूरत नहीं है कि क्या करना है। तुम्हे इसका



अधिकार नहीं है। तुम बस एक मैदानकर्मी हो, और कुछ नहीं।  गिल से पांचवें और आखिरी टेस्ट से पहले जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा जो कल हुआ, वह गैर जरूरी था। उन्होंने कहा  कोच को विकेट देखने का पूरा अधिकार है।

समझ में नहीं आया कि क्यूरेटर इसकी अनुमति क्यो नहीं देगा। अगर आपने रबर के स्पाइक्स पहन रखे हैं या नंगे पैर हैं तो दिक्कत नहीं होनी चाहिये। पता नहीं उन्होंने क्यो रोका। पिछले चार मैचों में तो ऐसा कोई मसला नहीं हुआ था। उसी दिन इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट और कार्यवाहक कप्तान ओली पोप को मुख्य पिच पर खड़े देखा गया जब वे बल्लेबाजी का छद्म अभ्यास कर रहे थे।

# भारत के पास नॉकआउट पंच लगाने का मौका

एजेंसी

लंदन। भारतीय टीम के लिए ब्रिटेन दौरा श्रृंखला में बराबरी के साथ समाप्त करने की संभावनाएं कुछ हद तक बढ़ गई हैं क्योंकि इंग्लैंड के करिश्माई कप्तान बेन स्टोक्स और तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर बृहस्पतिवार से शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच में उपलब्ध नहीं होंगे। कप्तान स्टोक्स पिछले दो टेस्ट मैचों में गेंदबाजी करते हुए दाहिने कंधे की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण बाहर हो गए हैं जबकि चार साल बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने वाले आर्चर को लगातार दो मैचों में खेलने के बोझ के बाद आराम दिया गया है।

तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स और बाएं हाथ के स्पिनर लियाम डॉसन को भी आराम दिया गया है। कुछ खिलाड़ी ऐसे होते हैं जिनकी मौजूदगी ही अंतर पैदा कर देती है और इंग्लैंड के कप्तान और बेहतरीन आलराउंडर स्टोक्स ऐसे ही खिलाड़ी हैं जिन्होंने श्रृंखला में 304 रन बनाने के साथ 17 विकेट झटके हैं। ओवल में इंग्लैंड की टीम को कप्तान स्टोक्स की प्रेरणादायक मौजूदगी की सबसे ज्यादा कमी खलेगी। कार्यवाहक कप्तान ओली पोप के लिए यह कड़ी चुनौती होगी क्योंकि जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में भारतीय टीम से पूरी ताकत लगाने की उम्मीद है। भारत ने ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए चौथे टेस्ट मैच को ड्रॉ कराकर पांच मैच की श्रृंखला को जीवंत रखा है। वह पांचवें



मैच में श्रृंखला बराबर करने के लक्ष्य के साथ मैदान पर उतरेगा। वहीं अभी 2-1 से आगे चल रहा इंग्लैंड श्रृंखला जीतने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगा। इस श्रृंखला में टेस्ट क्रिकेट में नई जान भी फूंकी है। खचाखच भरे स्टेडियम में खेली जा रही यह श्रृंखला टेस्ट क्रिकेट के लिए भी एक आदर्श विज्ञापन रही है, जिसमें सभी चार मैच पांचवें दिन के अंतिम सत्र तक चले। इस बीच दोनों टीम के खिलाड़ियों के बीच कुछ अवसरों पर नोक झोंक भी हुई जिससे श्रृंखला अधिक रोचक बन गई। चाहे वह लॉर्ड्स में जानबूझकर समय बर्बाद कर रहे जैक क्रॉली के खिलाफ शुभमन गिल का तीखा हमला हो या रविंद्र जडेजा का चौथे टेस्ट के अंतिम दिन बेन स्टोक्स की नाराजगी के बावजूद मैच रद्द करने से इनकार करना हो, दोनों टीम ने एक दूसरे पर हावी होने में कसर नहीं छोड़ी है।

ओवल में भी ऐसा कुछ देखने को मिल सकता है जहां का मौसम भी गर्म है। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने ओवल के क्यूरेटर ली फोर्टिस के साथ बहस करके माहौल भी तैयार कर दिया है। भारत के नए कप्तान शुभमन गिल ने अभी तक अपनी कप्तानी और बल्लेबाजी दोनों से प्रभावित किया है। उम्मीद है कि श्रृंखला का अंतिम मैच रोमांचक होगा क्योंकि लगातार बेहतर होते जा रहे गिल की अगुवाई में भारत के पास इंग्लैंड की टीम पर करारा प्रहार करने का मौका है जिसका गेंदबाजी आक्रमण अंतिम एकादश में किसी विशेषज्ञ स्पिनर के नहीं होने से पूरी तरह बदल जाएगा। ओवल की पिच को अच्छी तरह से समझने वाले सरे के दो खिलाड़ी गुस एटकिंसन और जैमी ओवरटन, क्रिस वोक्स और जोश टंग के साथ मिलकर गेंदबाजी करेंगे। वोक्स एकमात्र ऐसे गेंदबाज हैं जो पहले से पांचवें टेस्ट तक एक समान प्रदर्शन कर रहे हैं, ऐसे में इंग्लैंड ने जैकब बेथेल के रूप में एक विशेषज्ञ हिटर को शामिल करके अपनी शानदार गेंदबाजी शैली जारी रखने के संकेत दिए हैं। गिल ने श्रृंखला में अब तक 722 रन बनाए हैं और वह एक श्रृंखला में किसी भारतीय द्वारा सर्वाधिक रन बनाने के सुनील गावस्कर के रिकार्ड से केवल 52 रन पीछे हैं।

यही नहीं उन्हें टेस्ट श्रृंखला में भारतीय कप्तान द्वारा सर्वाधिक रन (732) बनाने के गावस्कर के रिकार्ड (1978-79 बनाम वेस्टइंडीज) को तोड़ने के लिए 11 रन और चाहिए। 25 वर्षीय गिल ने अब तक चार शतक जड़े हैं, जिनमें एक दोहरा शतक और ओल्ड ट्रैफर्ड में पिछले टेस्ट में खेली गई 103 रन की मैच बचाने वाली पारी शामिल है। गिल ने मैनचेस्टर में अपने करियर की सबसे निर्णायक पारी खेली और न केवल एक बल्लेबाज़ बल्कि एक कप्तान के रूप में भी अपनी प्रतिष्ठा में चार चांद लगाए। मैनचेस्टर में भारत ने हार की कगार पर पहुंचने के बाद शानदार वापसी करके मैच को ड्रॉ कराया था जिससे निश्चित तौर पर उसका मनोबल बढ़ा होगा। गिल की तरह स्टोक्स ने भी मिसाल कायम की है और कई छोटी-मोटी चोटों से जूझने के बावजूद उन्होंने अभी तक प्रेरणादायी प्रदर्शन किया है। भारत की तरह इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों पर भी थकान हावी होती जा रही है और इसलिए उसने जेमी ओवरटन को टीम में शामिल किया है।

# जडेजा विश्व के नंबर एक टेस्ट ऑलराउंडर



दुबई। भारतीय हरफनमौला रविंद्र जडेजा ने टेस्ट क्रिकेट में दुनिया के नंबर एक हरफनमौला के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है जबकि अभिषेक शर्मा पहली बार टी20 रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे। आईसीसी टेस्ट क्रिकेटरों की ताजा रैंकिंग में जडेजा के पास 117 रेटिंग अंकों की बढत हो गई है जबकि बांग्लादेश के मेहदी हसन मिराज दूसरे स्थान पर हैं। दूसरी ओर टी20 रैंकिंग में एक साल से शीर्ष पर काबिज आस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड को पछाड़कर भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा नंबर एक पर पहुंच गए हैं। बायें हाथ के बल्लेबाज शर्मा के अब 829 रेटिंग अंक हैं जबकि हेड 814 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर जारी बयान में कहा, जडेजा ने 107 रन की नाबाद पारी और वार विकेट लेकर हरफनमौलाओं की रैंकिंग में बढत बना ली है। इसमें कहा गया उसने 13 रेटिंग अंक हासिल किये है और कुल 422 अंक के साथ वह बांग्लादेश के मेहदी हसन मिराज से 117 अंक आगे हैं। इसके साथ ही बल्लेबाजों की रैंकिंग में वह पांच पायदान चढकर 29वें और गेंदबाजों में एक पायदान चढकर 14वें स्थान पर हैं। वॉशिंगटन सुंदर आठ पायदान चढकर 65वें स्थान पर हैं जिन्होंने जडेजा के साथ पांचवें विकेट के लिये 203 रन की साझेदारी करके मैनचेस्टर टेस्ट ड्रॉ कराया था। टेस्ट क्रिकेट में जो रूट शीर्ष बल्लेबाज हैं जबकि न्यूजीलैंड के केन विलियमसन दूसरे और इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स तीसरे स्थान पर है। गेंदबाजों में चार साल बाद टेस्ट टीम में वापसी करने वाले जोफ्रा आर्चर 38 पायदान चढकर 63वें स्थान पर पहुंच गए हैं। क्रिस वोक्स एक पायदान ऊपर 23वें स्थान पर हैं। इंग्लैंड के बेन डकेट दसवें और जाक क्रॉली 43वें स्थान पर आ गए हैं।

**ओवल टेस्ट में नहीं खेलने पर स्टोक्स ने कहा, जोखिम काफी अधिक था**

लंदन। बेन स्टोक्स ने भारत के खिलाफ शुरुआती चार टेस्ट मैच में इंग्लैंड के लिए महत्वपूर्ण ओवरों में गेंदबाजी करते हुए अपने चोटिल शरीर की परवाह नहीं की लेकिन उनका कहना है कि श्रृंखला में आखिरी बार मैदान पर उतरना काफी जोखिम भरा होता। श्रृंखला में 17 विकेट के साथ सबसे सफल गेंदबाज स्टोक्स ओवल में पांचवें और अंतिम टेस्ट में हिस्सा नहीं लेंगे। उनके अलावा जोफ्रा आर्चर और संभवतः जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति भी इस रोमांचक श्रृंखला के अंतिम मुकाबले की चमक को कम कर देगी।

## संक्षेप

### तैराकी : शोआन गांगुली 200 मीटर मेडली में 38वें स्थान

सिंगापुर। भारतीय तैराक शोआन गांगुली विश्व तैराकी चैम्पियनशिप के चौथे दिन पुरूषों की 200 मीटर मेडली में 38वें स्थान पर रहे। कर्नाटक के 20 वर्ष के गांगुली अपनी हीट में 2:05.40 सेकंड का समय निकालकर आठवें स्थान पर रहे और कुल 38वें स्थान पर समाप्त किया। इससे वह 16 तैराकों के सेमीफाइनल में जगह नहीं बना सके। मौजूदा ओलंपिक चैम्पियन लियोन मारचंड हीट में शीर्ष रहे। फ्रांच के इस तैराक ने l:57.63 सेकंड का समय निकाला।

### मुसेट्टी और रूण नेशनल बैंक ओपन के अगले दौर में

टोरंटो। तीसरी वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेट्टी और पांचवीं वरीयता प्राप्त होल्गर रूण ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बनाई। मुसेट्टी ने ऑस्ट्रेलियाई क्वालीफायर जेम्स डकवर्थ को 7-5, 6-1 से, जबकि रूण ने जियोवानी एमपेट्शी पेरीकार्ड को 7-6 (7), 6-3 से हराया। इस मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में सभी वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को पहले दौर में बाई मिली थी। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर, दूसरे नंबर के कार्लोस अल्काराज़, पांचवें नंबर के जैक ड्रेपर और छठे नंबर के नोवाक जोकोविच अमेरिकी ओपन की तैयारी के सिलसिले में महत्वपूर्ण इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले रहे हैं।

### भारतीय मुक्केबाज एशियाई अंडर 19 और अंडर 22 चैम्पियनशिप

नयी दिल्ली। भारत ने बैंकॉक में बुधवार से शुरू हो रही एशियाई अंडर 19 और अंडर 22 मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के लिये 40 सदस्यीय टीम भेजी है। टूर्नामेंट में 26 देशों के 396 मुक्केबाज भाग लेंगे। एशियाई मुक्केबाजी इसका आयोजन विश्व मुक्केबाजी और थाईलैंड मुक्केबाजी संघ के साथ मिलकर कर रही है। इसमें दो आयुवर्ग अंडर 19 और अंडर 22 में स्पर्धायें होंगी। महिला और पुरूष मुक्केबाज ओलंपिक मुक्केबाजी नियमों के तहत खेलेंगे।

# आईपीएल की तर्ज पर अयोध्या में पहली बार होगी एपीएल

अयोध्या। देश में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) जैसी पेशेवर क्रिकेट लीग की सफलता के बाद यूपी में भी यूपी ट्वेंटी20 लीग के हाईवोल्टेज दो सीजन हो चुके हैं। इससे प्रेरित होकर अब अयोध्या भी अपनी टी20 लीग शुरू करने जा रहा है। इस संबंध में आज अयोध्या प्रीमियर लीग (एपीएल) टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजन की जिला क्रिकेट संघ अयोध्या (फैजाबाद) द्वारा घोषणा की गई। इस लीग का आयोजन आयोजन इस साल अक्टूबर में अयोध्या के डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में किया जाएगा।




जिला क्रिकेट एसोसिएशन अयोध्या के सचिव उमैर अहमद ने लीग की घोषणा करते हुए बताया कि इस टूर्नामेंट में 8 टीमें भाग लेंगी और कुल 29 मुकाबले खेले जाएंगे। प्रत्येक टीम में 16 खिलाड़ी होंगे, जिनमें से 11 खिलाड़ी अयोध्या से और शेष 5 खिलाड़ी राज्य के अन्य जिलों से चुने जाएंगे। इस लीग में गंगा वॉरियर्स, सरयू स्मैशर्स, गोमती थंडर, चंबल चार्जर्स, यमुना सुपर किंग्स, शारदा स्टॉर्म्स, बेतवा ब्लास्टर्स और हिंडन टाइटंस की टीमें भाग लेंगी। अहमद ने बताया कि इच्छुक खिलाड़ी चयन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। लीग के लिए अगस्त में लखनऊ में ट्रायल होंगे। इसके बाद लखनऊ में ही ट्रेनिंग कैंप भी आयोजित होंगे।

टूर्नामेंट का संचालन जय सियाराम ग्रुप ऑफ कंपनीज द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व भारतीय क्रिकेट ज्ञानेंद्र पांडेय लीग के ब्रांड एंबेसडर चुने गए जिन्होंने कहा कि एपीएल जैसी लीग अयोध्या क्षेत्र के क्रिकेटरों के लिए उत्तर प्रदेश के चयनकताओं का ध्यान खींचने का सुनहरा अवसर बनेगी। यूपी क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा यूपी ट्वेंटी20 लीग के दो सफल सीजन के बाद यह एक महत्वपूर्ण पहल है जो क्षेत्रीय क्रिकेट को नई ऊंचाई देगी। अयोध्या के महापौर और एपीएल 2025 के संरक्षक गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि अयोध्या में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। एपीएल जैसे आयोजन स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए बड़ा मंच प्रदान करेंगे और हम इस आयोजन को पूरा समर्थन देंगे।

### बुमराह टेस्ट से बाहर रहना आकाशदीप ले सकते हैं जगह

लंदन। भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का कार्यभार प्रबंधन के तहत इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से ओवल में शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच से बाहर रहना तय है और आकाशदीप उनकी जगह अंतिम एकादश में शामिल हो सकते हैं। एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। दुनिया के नंबर एक गेंदबाज 31 वर्षीय बुमराह ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए चौथे टेस्ट मैच में लय में नहीं दिखे, जहां उन्हें अपनी गति पर संघर्ष करना पड़ा और वे सफलता हासिल करने में असफल रहे। ईएसपीएनक्रिकइन्फो की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की मेडिकल टीम ने बुमराह को बता दिया है कि यह फैसला उनकी पीठ को चोट से बचाने और भविष्य को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कमर में दर्द के कारण चौथे टेस्ट से बाहर रहे आकाश दीप को अंतिम एकादश में बुमराह की जगह शामिल किया जा सकता है। इससे पहले मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा था।

# गत चैंपियन ब्राजील कोपा अमेरिका फेमिनिना के फाइनल में

एजेंसी

क्विटो (इक्वाडोर)। पिछले चार बार के चैंपियन ब्राजील ने पहले आधे घंटे में तीन गोल करके उरुग्वे को 5-1 से हराकर लगातार पांचवीं बार कोपा अमेरिका फेमिनिना महिला फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। अमांडा गुटिएरेस ने 11वें मिनट में ब्राजील की तरफ से पहला गोल किया। इसके दो मिनट बाद जियोवाना क्विरोज़ ने बढ़त दोगुनी कर दी जबकि स्टार खिलाड़ी मार्टा ने 27वें मिनट में पेनल्टी किक पर गोल करके ब्राजील की जीत सुनिश्चित कर दी।

गुटिएरेस ने 65वें मिनट में फ्री किक पर एक और गोल किया, जबकि डुडिन्हा ने 86वें मिनट में टीम की तरफ से पांचवां गोल दागा। ब्राज़ील अगले शनिवार को होने वाले फाइनल में कोलंबिया से भिड़ेगा, जिसने सोमवार को अर्जेंटीना को पेनल्टी शूट आउट में 5-4 से हराया था।



**सीएएफए नेशंस कप में ताजिकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा भारत**

नयी दिल्ली। भारत को सीएएफए नेशंस कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप बी में रखा गया है जहां उसका पहला मुकाबला 29 अगस्त को दुशांबे में मेजबान ताजिकिस्तान से होगा। इस ग्रुप की अन्य दो टीम ईरान और अफगानिस्तान हैं। आठ सितंबर तक चलने वाला यह मध्य एशियाई क्षेत्रीय टूर्नामेंट, एएफसी एशियाई कप 2027 क्वालीफायर फाइनल राउंड से पहले भारत के लिए तैयारी का काम करेगा। भारत ग्रुप चरण के अपने अगले दो मैच एक सितंबर को ईरान और चार सितंबर को अफगानिस्तान के खिलाफ खेलेगा।

इस टूर्नामेंट में आठ टीम भाग लेंगी। प्रत्येक ग्रुप की विजेता टीमें ताशकंद में फाइनल में जबकि दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमें दुशांबे में तीसरे स्थान के लिए भिड़ेंगी। ग्रुप ए के मैच ताशकंद में खेले जाएंगे। इस ग्रुप में मेजबान उज्बेकिस्तान, किर्गिज गणराज्य, तुर्कमेनिस्तान और ओमान शामिल हैं। इस टूर्नामेंट में भारत और ओमान दो मेहमान टीमें हैं।

ईरान गत विजेता है, जिसने 2023 के फाइनल में उज्बेकिस्तान को 1-0 से हराया था। संयोग से यह भारतीय टीम के नए मुख्य कोच का पहला टूर्नामेंट भी होगा। खालिद जमील और स्टीफन कॉन्स्टेंटाइन इस पद की दौड़ में बने हुए हैं। अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) शुक्रवार को राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के नाम की घोषणा करेगा।

**नेरोका एफसी ने टीआरएयू एफसी से 1-1 से ड्रॉ खेला**

इम्फाल। नेरोका एफसी ने बुधवार को यहां 134वें इंडियन ऑयल डूरंड कप के ग्रुप ई के शुरूआती मुकाबले में 10 खिलाड़ियों की टीआरएयू एफसी से 1-1 ड्रॉ खेला। टीआरएयू क्लब के लिए खुनजामायुम राज सिंह ने दूसरे हाफ में 58वें मिनट में गोल दागा।

# बैडमिंटन : लक्ष्य, आयुष, तरूण मकाऊ ओपन के दूसरे दौर में

एजेंसी

मकाऊ । भारत के लक्ष्य सेन, आयुष शेट्टी और तरूण मन्नेपल्ली ने मकाऊओपन बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरूष वर्ग के दूसरे दौर में प्रवेश किया। राष्ट्रमंडल खेल चैम्पियन लक्ष्य ने कोरिया के जियोन हियोक जिन को 21.8, 21.14 से हराया। वहीं विश्व के 31वें नंबर के खिलाड़ी शेट्टी ने 66वीं रैंकिंग वाले चीनी ताइपै के हुआंग यू केइ को केवल 31 मिनट में 21-10, 21-11 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

लक्ष्य का सामना इंडोनेशिया के चिको औरा द्वि वार्दोयो और रित्विक संजीवी सतीश कुमार के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। वहीं तरूण की टक्कर शीर्ष वरीयता प्राप्त हांगकांग के ली चियुक यू से होगी। मिश्रित युगल में विश्व में 18वें स्थान पर काबिज और यहां पांचवीं वरीयता प्राप्त ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो की



जोड़ी भी आगे बढ़ने में सफल रही। इस भारतीय जोड़ी ने थाईलैंड के रत्चपोल मक्कासितोर्न और नट्टामोन लाइसुआन को 26 मिनट तक चले मुकाबले में 21-10, 21-15 से हराया।

पुरुष एकल में सतीश कुमार करुणाकरण का सफर समाप्त हो गया। उन्हें प्री-क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के जस्टिन होह से 37 मिनट में 19-21, 12-21 से हार का सामना करना पड़ा।

# सरकार की इच्छाशक्ति से कुछ भी संभव

## संप्रग सरकार ने आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की : नड्डा

नयी दिल्ली। राज्यसभा में बुधवार को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि 2004 से 2014 के बीच 10 साल की अवधि में उसने आतंकवादी घटनाओं के बाद पाकिस्तान के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की क्योंकि उसमें राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं थी।



इसके साथ ही नड्डा ने कांग्रेस नीत सरकारों पर पाकिस्तान के प्रति तुष्टिकरण की नीति अपनाने का आरोप लगाया। राज्यसभा में सदन के नेता नड्डा ने कहा कि राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं होने के कारण तत्कालीन मनमोहन सिंह सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की लेकिन अब देश में राजनीतिक इच्छाशक्ति से भरी हुयी नरेन्द्र मोदी सरकार है। उन्होंने कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक या आपेशन सिंदूर से स्पष्ट होता है कि सरकार की इच्छाशक्ति से कुछ भी संभव है। उन्होंने कहा कि सेना पहले भी थी और आज भी है लेकिन उसे आदेश राजनीतिक नेतृत्व को देना होता है। नड्डा उच्च सदन में पहलगाम में आतंकवादी हमले के जवाब में भारत के मजबूत, सफल एवं निर्णायक ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा में भाग ले रहे थे। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस पाकिस्तान के साथ संघर्षविराम के लिए तैयार होने को लेकर भाजपा नीत केंद्र सरकार पर समर्पण करने का आरोप लगा रही है लेकिन उसे पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। उन्होंने 2004-14 के बीच देश के विभिन्न हिस्सों में हुई आतंकवादी घटनाओं की क्रमवार चर्चा की और दावा किया कि तत्कालीन संप्रग सरकार ने उस समय कोई कार्रवाई नहीं की और उसका कदम डोजियर भेजने जैसे कदम तक ही सीमित रहा। नड्डा ने तत्कालीन मनमोहन सिंह सरकार के कार्यकाल को अमावस्या और मौजूदा सरकार के कार्यकाल को पूर्णिमा करार देते हुए कहा कि इस सरकार का संकल्प है और आतंकवादी और उन्हें संरक्षण देने वाले- दोनों को नहीं बख्शा जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में आतंकवाद के साथ बातचीत और संधि भी चलती रही जबकि इस सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते और न ही आतंकवाद एवं व्यापार साथ-साथ हो सकते। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सरकार के संकल्प को स्पष्ट कर दिया है और उसी के अनुरूप कार्वाई भी की है। भाजपा नेता ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि आपरेशन सिन्दूर की कामयाबी भाजपा की नहीं बल्कि देश की कामयाबी है और इस पर विपक्ष को भी खुश होना चाहिए। नड्डा ने कहा कि जिम्मेदार और संवेदनशील सरकार तथा कार्रवाई करने में शिथिलता बरते वाली सरकार के बीच अंतर होता है। उन्होंने कहा कि 2004-14 के दौरान कांग्रेस नीत संप्रग सरकार की प्रतिक्रिया ढीली थी और उसने दिल्ली, वाराणसी, मुंबई सहित कई शहरों में आतंकवादी हमलों के बाद भी कोई कार्वाई नहीं की। उन्होंने कहा कि यह तत्कालीन सरकार की असंवेदनशीलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि आतंकवादी हमलों के बावजूद तत्कालीन सरकार ने पाकिस्तान के साथ व्यापार, पर्यटन और बातचीत जारी रखी। उन्होंने कहा कि आप आतंकवाद के बावजूद पाकिस्तान पर दबाव नहीं डालते थे। प्रधानमंत्री मोदी के बयान कि पाकिस्तान ने गलती की है और उसे इसका खामियाजा भुगतना होगादिया है और उसे कीमत चुकानी होगी।

## जयशंकर ने किया राहुल पर परोक्ष हमला



नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर परोक्ष हमला करते हुए बुधवार को उन्हें चाइना गुरू करार दिया और आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने चीन पर अपनी जानकारी 2008 के बीजिंग ओलंपिक में भाग लेकर और चीनी राजदूत से निजी ट्यूशन लेकर हासिल की।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने राज्यसभा में पहलगाम में आतंकवादी हमले के जवाब में भारत के मजबूत, सफल एवं निर्णायक ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा में हस्तक्षेप करते हुए कहा कि उन्होंने चाइना गुरुओं की तरह चीन की अपनी हालिया यात्रा के दौरान कोई गोपनीय बैठकें या समझौते नहीं किए। उन्होंने कहा कि अपनी चीन यात्रा के दौरान उन्होंने आतंकवाद, तनाव कम करने और व्यापार पर लगे प्रतिबंधों सहित आपसी हितों पर चर्चा की थी। राहुल गांधी और सोनिया गांधी ने 2008 बीजिंग ओलंपिक में विशेष आमंत्रित के तौर पर भाग लिया था। जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान और चीन के बीच सहयोग 1960 के दशक में शुरू हुआ था लेकिन पिछली सरकारों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। मंत्री ने कहा कि कुछ लोग चीन-पाकिस्तान संबंध की बात कर रहे हैं, जिनका आरोप है कि वह चीन के मामले में पर्याप्त काम नहीं कर रहे हैं, जबकि उन्होंने विदेश सेवा में 41 साल बिताए हैं और चीन में सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले भारतीय राजदूत हैं। जयशंकर ने कहा कि कुछ चाइना-गुरु आजकल चीन पर ज्ञान बांटते हैं। एक साहब तो मेरे सामने ही बैठे हैं, जिन्हें चीन से इतना प्रेम था कि उन्होंने भारत और चीन के बीच चिंडिया जैसा कोई सौदा कर डाला। चीन के लिए बहुत प्रेम है। उन्होंने कहा कि उनके अलावा, एक और चीन गुरु हैं। चीन के मामले में मेरी ओर से कुछ कमियाँ रही होंगी, क्योंकि मुझे चीन ओलंपिक में जाकर चीनी ज्ञान नहीं मिला, क्योंकि मुझे आमंत्रित नहीं किया गया था और मैं कोई विशेष व्यक्ति नहीं था। कुछ लोगों को ओलंपिक में जाकर चीन का ज्ञान मिला। लेकिन, वे वहाँ किससे मिले? वे सिर्फ़ चीनियों से ही नहीं, बल्कि अन्य लोगों से भी मिले। जयशंकर ने चिंडिया शब्द का संदर्भ कांग्रेस नेता जयराम रमेश द्वारा गढ़े गए एक मुहावरे को लेकर दिया, जिन्होंने कहा था, चिंडिया अभी भी एक जीवंत विचार है। विदेश मंत्री ने कहा लेकिन, जब आप ओलंपिक कक्षाओं में जाते हैं।

### संक्षेप

## राजस्थान में भारी बारिश

जयपुर। राजस्थान के अनेक जिलों में लगातार भारी बारिश के बीच मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अधिकारियों से अलर्ट मोड पर रहने को कहा है। उन्होंने कहा है कि अधिकारी सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ बचाव एवं राहत कार्यों में तेजी लाएं। शर्मा बुधवार को आपदा राहत प्रबंधन की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य में हो रही निरंतर बारिश के चलते अधिकारी अलर्ट मोड पर रहें और अत्यधिक बारिश से प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ काम करते हुए राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जलभराव वाले स्थानों पर सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ काम करें जिससे किसी भी प्रकार की जनहानि को रोका जा सके। आधिकारिक बयान के अनुसार उन्होंने कहा कि लगातार बारिश के कारण अधिकतर बांध, तालाब और जलाशय लबालब भर चुके हैं, ऐसे में अधिकारी इनके जल स्तर संबंधी जानकारी लेते रहें। उन्होंने कहा कि इसके अलावा अधिकारी निचले व बाढ़ संभावित इलाकों को सूचीबद्ध करके कर्मचारी नियुक्त करें तथा उन क्षेत्रों की विशेष निगरानी रखें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि नागरिक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रशासन पूरी सक्रियता से काम करे।

## बाँके बिहारी मंदिर विवादः सुप्रीम कोर्ट ने गोस्वामी पक्ष को लगाई फटकार

नई दिल्ली। वृन्दावन स्थित ऐतिहासिक श्री बाँके बिहारी मंदिर से जुड़े प्रबंधन विवाद की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने गोस्वामी परिवार के वकीलों को तीखी फटकार लगाई।

सुनवाई के दौरान गोस्वामी परिवार की ओर से पेश हुए वकीलों को सख्त लहजे में फटकार लगाते हुए तीन सदस्यीय पीठ ने स्पष्ट शब्दों मे चेतावनी दी कि बार-बार एक ही मुद्दे को उठाना बर्दाश्त नही किया जाएगा। तीन सदस्यीय पीठ में मुख्य न्यायाधीश बी.आर.गवई, सतीश चन्द्र शर्मा एवं के विनोद चन्द्रन शामिल हैं। मामले की सुनवाई करते हुए तीन सदस्यीय पीठ ने गोस्वामी पक्ष के अधिवक्ताओं को स्पष्ट चेतावनी दी कि एक ही मुद्दे को बार-बार उठाना अदालत की प्रक्रिया का दुरुपयोग है और भविष्य में ऐसा होने पर अवमानना की कार्रवाई की जाएगी। प्रदेश सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नवीन पहवा और के. नटराजन ने यह स्पष्ट किया कि गोस्वामी पक्ष पहले ही मामले को दूसरी पीठ में स्थानांतरित करने की कोशिश कर चुका है, जबकि मामला पहले से ही न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ में सूचीबद्ध था। जब गोस्वामी पक्ष की ओर से एक बार फिर उसी मुद्दे को उठाने का प्रयास किया गया।

## प्रधानमंत्री मोदी, ट्रंप का नाम नहीं ले पा रहे क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति पूरा सच बता देंगेः राहुल गांधी

नयी दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्यस्थता संबंधी दावा करने के संदर्भ में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नाम नहीं लिया क्योंकि उन्हें पता है कि अगर वह ऐसा करेंगे तो ट्रंप सारी सच्चाई सामने रख देंगे।



उन्होंने संसद परिसर में संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा कि सबको मालूम है कि क्या हुआ है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री ने यह नहीं कहा कि ट्रंप झूठ बोल रहे हैं। सबको मालूम क्या हुआ है। बोल नहीं पा रहे हैं, यह वास्तविकता है। अगर प्रधानमंत्री ने बोल दिया, वह (ट्रंप) खुलकर बोल देंगे और पूरी सच्चाई रख देंगे। इसलिए (मोदी) नहीं बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी वह (ट्रंप) व्यापार समझौता चाहते हैं। वहां (ट्रंप) दबाएंगे। आप देखना कि कैसा व्यापार समझौता होता है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने संवददाताओं से बातचीत में आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री ने गोलमोल तरीके से बात की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सीधे कहें कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने झूठ बोला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को लोकसभा में कहा था कि दुनिया के किसी नेता ने ऑपरेशन सिंदूर रोकने के लिए नहीं कहा था।

## साढ़े तीन साल में रेल-सड़क से जुड़ी तीन दुर्घटनाएंः अश्विनी वैष्णव



नयी दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में बताया कि पिछले तीन वर्षों और चालू वित्त वर्ष में 20 जुलाई, 2025 तक देश भर में मानव-संचालित समपार फाटकों (मैन्ड लेवल क्रॉसिंग गेट्स) पर टक्कर से जुड़ी कुल तीन रेल दुर्घटनाएं हुई हैं।

वैष्णव ने तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली रेल मंडल (कुड्डालोर जिला) में एक मानव-चालित समपार फाटक पर एक ट्रेन और एक स्कूल बस के बीच हुई टक्कर से जुड़ी हालिया घटना से संबंधित प्रश्नों के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। इस दुर्घटना में तीन छात्रों की मौत हो गई थी। मंत्री ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह टक्कर आठ जुलाई, 2025 की सुबह दक्षिण रेलवे के तिरुचिरापल्ली मंडल के विल्लुपुरम-मयिलादुतुरै खंड पर मानव-संचालित समपार फाटक संख्या 170 पर हुई थी। यह फाटक नॉन-इंटरलॉक्ड है। उन्होंने कहा कि उक्त घटना में तीन लोगों की जान चली गई और तीन मामूली रूप से घायल हुए हैं। दुर्घटना की तहकीकात के लिए एक जांच दल गठित किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने मुआवजे के संबंध में बताया कि रेलवे ने पिछले तीन वर्षों (2022-23 से 2024-25 तक) में समपार फाटकों पर हुई रेल दुर्घटनाओं में मृतकों के परिजनों और घायलों को कुल 16 लाख रुपये का भुगतान किया है। वैष्णव ने कहा कि कुड्डालोर दुर्घटना मामले में मृतकों के परिजनों और घायलों को 11 लाख रुपये की अनुग्रह राशि का भुगतान किया गया है। उन्होंने मानव-संचालित समपारों को समाप्त करने के उद्देश्य से चल रहे इंटरलॉकिंग कार्य पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि समपार फाटक इंटरलॉकिंग एक ऐसा सुरक्षा तंत्र है, जो यह सुनिश्चित करता है कि इन फाटकों पर लगे सिग्नल केवल तभी ट्रेन को आगे बढ़ने देंगे जब रास्ता साफ हो और फाटक बंद हो। वैष्णव ने कहा कि वर्तमान में 11,096 मानव-संचालित समपार फाटकों को इंटरलॉक किया जा चुका है। तमिलनाडु में, राज्य के ऐसे कुल।,255 फाटकों में से अब तक।,053 फाटकों को इंटरलॉक किया जा चुका है। इसके अलावा, राज्य में 72 मानव-संचालित समपारों पर इंटरलॉकिंग का कार्य शुरू हो चुका है। बड़ी लाइन (ब्रॉड गेज) नेटवर्क की चालू लाइन पर सभी मानवरहित समपार फाटकों को 31 जनवरी, 2019 तक समाप्त कर दिया गया।

## सोनिया और कई विपक्षी नेताओं ने किया प्रदर्शन

नयी दिल्ली। विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के कई घटक दलों के सांसदों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का विरोध करते हुए बुधवार को संसद भवन परिसर में प्रदर्शन किया।




संसद के मकर द्वार के निकट आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल और कई अन्य दलों के सांसद शामिल हुए। विपक्षी सांसदों ने एक बड़ा बैनर भी ले रखा था, जिस पर एसआईआर- लोकतंत्र पर वार लिखा हुआ था। उन्होंने एसआईआर वापस लो के नारे लगाए। विपक्षी सांसदों की मांग है कि इस विषय पर संसद में चर्चा होनी चाहिए।

## सेना के वाहन पर गिरा पत्थर दो सैन्यकर्मियों की हुई मौत

लेह। पूर्वी लद्दाख के एक सुदूर इलाके में बुधवार को सेना के एक वाहन पर एक बड़ा पत्थर गिरने से एक लेफ्टिनेंट कर्नल समेत दो सैन्यकर्मियों की मौत हो गई और तीन अधिकारी घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि यह वाहन एक काफिले का हिस्सा था। अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना यहां से करीब 200 किलोमीटर दूर गलवान में दुरबुक के पास चारबाग में पूर्वाह्न करीब 11:30 बजे हुई। सेना ने मृतकों की पहचान लेफ्टिनेंट कर्नल भानु प्रताप सिंह मनकोटिया और लांस दफादार दलजीत सिंह (14 सिंध हॉर्स) के रूप में की है। इसमें कहा गया है कि मेजर मयंक शुभम (14 सिंध हॉर्स), मेजर अमित दीक्षित और कैप्टन गौरव (60 आर्मड) को चोटें आई हैं। उत्तरी कमान ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, उत्तरी कमान के सैन्य कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा और उत्तरी कमान के सभी रैंक के अधिकारी बहादुर लेफ्टिनेंट कर्नल भानु प्रताप सिंह मनकोटिया और लांस दफादार दलजीत सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिन्होंने कर्तव्य निभाते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। इसमें कहा गया है, इस दुख की घड़ी में उत्तरी कमान शोकाकुल परिवार के साथ खड़ी है।

### इंटरटेनमेंट...

## 'सिकंदर' की असफलता पर डायरेक्टर ने तोड़ी चुप्पी

मुंबई। ईद के मौके पर रिलीज हुई सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' बॉक्स ऑफिस पर असफल रही थी। फिल्म के डायरेक्टर ए आर मुरुगादास ने रिलीज के चार महीने बाद इस पर चुप्पी तोड़ी है। अपनी अगली तमिल फिल्म 'मदरासी' के प्रमोशन के दौरान, फिल्ममेकर ने सिकंदर की असफलता के बारे में बात की और इसके पीछे हिंदी समझने में अपनी असमर्थता को जिम्मेदार ठहराया। इंडियन एक्सप्रेस की खबर के अनुसार, डायरेक्टर ने कहा है कि जब वो हिंदी फिल्म में काम करते हैं तो भाषा की वजह से खुद अपंग महसूस करते हैं। वो कहते हैं- ह्यअपनी

> ए आर मुरुगादास बोले- 'तमिल में काम करना मेरी ताकत, हिंदी में अपंग महसूस करता हूं'




मातृभाषा तमिल में काम करना, मेरी सबसे बड़ी ताकत है क्योंकि मुझे पता है कि यहां क्या काम करता है। सोशल मीडिया पर ट्रेंडिंग कैप्शन और डायलॉग का इस्तेमाल कर युवा ऑडियंस को लुभाया जा सकता है। लेकिन मैं दुर्भाग्य से, मैं इसे बाकी भाषाओं खासकर हिंदी में नहीं कर सकता। वहां फिल्म की सफलता के लिए मैं सिर्फ स्क्रीनप्ले पर ही निर्भर रह सकता हूं। 200 करोड़ रुपए की लागत से बनी फिल्म सिकंदर ने बॉक्स ऑफिस पर 177 करोड़ रुपए की कमाई की थी। 'एक बार के लिए, मैं तेलुगु फिल्में ले सकता हूं, लेकिन हिंदी हमारे लिए काम नहीं करेगी क्योंकि जब मैं स्क्रिप्ट लिख लेते हूं, तो वो उसे इंग्लिश में ट्रांसलेट करते हैं। फिर इसको हिंदी में ट्रांसलेट किया जाता है। मैं केवल अनुमान लगा सकता हूं कि सीन में क्या हो रहा है, लेकिन मैं उसमें बारीकी से समझ नहीं पाता।

## सुशांत मामले में रिया चक्रवर्ती को नोटिस

मुंबई। मुंबई की एक मजिस्ट्रेट कोर्ट ने एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती को नोटिस जारी किया है। यह नोटिस केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दायर की गई क्लोजर रिपोर्ट के सिलसिले में भेजा गया है। रिपोर्ट एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले से जुड़ी है। उइक ने यह रिपोर्ट मार्च 2025 में पेश की थी। इंडिया टुडे के मुताबिक, मजिस्ट्रेट आर.डी. चव्हाण ने सुनवाई के दौरान निर्देश

> 12 तक कोर्ट को जवाब देना होगा

दिया, मूल शिकायतकर्ता / पीड़ित / प्रभावित व्यक्ति को नोटिस जारी करें। उन्होंने आगे की कार्यवाही नोटिस की तामील होने तक के लिए टाल दी। रिया को 12 अगस्त तक जवाब देने के लिए



कहा गया है। यह नोटिस कानूनी प्रक्रिया का हिस्सा है, जिसमें शिकायतकर्ता को जांच एजेंसी की रिपोर्ट पर आपत्ति जताने का मौका दिया जाता है। रिया चक्रवर्ती ने इस केस में 2020 में सुशांत की बहनों प्रियंका सिंह और मीतू सिंह के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी।

## सनी देओल और एक्सेल एंटरटेनमेंट ने मिलाया हाथ

**मुंबई**। एक्टर सनी देओल ने हाल ही में 'गदर 2' और 'जाट' जैसी हिट फिल्में दीं। उनके पास 'बॉर्डर 2', 'लाहौर' 1947 और 'रामायणः पार्ट वन' जैसी बड़ी फिल्में हैं। सूत्रों के मुताबिक, जल्द सनी देओल एक्सेल एंटरटेनमेंट की बड़े बजट की एक्शन थ्रिलर फिल्म में भी नजर आएंगे। एक सूत्र ने बताया कि इस फिल्म से सनी देओल और एक्सेल एंटरटेनमेंट की पहली बार पार्टनरशिप होगी। दोनों के बीच इसको लेकर काफी वक्त से बातचीत चल रही थी। अब एक हाई-कॉन्सेप्ट और बड़े स्केल की फिल्म पर मिलकर काम शुरू हो रहा है। सनी की फिल्म गदर 2 ने 500 करोड़ से ज्यादा कमाए, जबकि जाट ने भी 100 करोड़ से ज्यादा की कमाई की।

## 1962 की जंग, -10डिग्री सेल्सियस में शूटिंग, 600 लोगों की टीम

मुंबई। फरहान अख्तर फिल्म '120 बहादुर' के साथ बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। इस फिल्म एक्टर मेजर शैतान सिंह भाटी (पीबीसी) के रोल में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में भारतीय सैन्य इतिहास के सबसे वीर युद्धों में से एक को दिखाया जाना है।




कहा जा रहा है कि फिल्म का टीजर 'वॉर 2' के साथ अटैच होगा और अगस्त के पहले हफ्ते में आधिकारिक तौर पर रिलीज हो सकता है। मेजर शैतान सिंह भाटी (पीबीसी) की जिंदगी से जुड़ी फिल्म '120 बहादुर' 1962 की रेजांग ला की लड़ाई की उस खास बहादुरी की कहानी है, जब 120 भारतीय जवानों ने हजारों दुश्मनों का सामना करते हुए लद्दाख की रक्षा की थी। ये एक ऐसी लड़ाई थी जिसमें हिम्मत और कुबानी की हर हद पार कर दी गई। इस सच्ची कहानी को ईमानदारी से दिखाने के लिए मेकर्स ने तमाम कोशिशें की हैं। उन्होंने इसके लिए खास सेट तैयार किया। साथ ही फिल्म को रियल लोकेशन पर शूट की गई है। फिल्म

> पढ़िए फरहान अख्तर की फिल्म '120 बहादुर' के 5 जबरदस्त फैक्ट्स

से जुड़ी पांच 5 जबरदस्त बातें हैं, जो इसे ग्रैंड वॉर फिल्म बना सकती है। फिल्म की शूटिंग 10,000 फीट की ऊंचाई पर -10डिग्री सेल्सियस में हुई शूटिंग फिल्म की टीम ने लद्दाख की कड़ाके की ठंड और ऊंचाई वाली जगहों में शूटिंग की, जहां तापमान -10डिग्री सेल्सियस तक गिर गया था।

कम ऑक्सीजन और मुश्किल हालातों के बावजूद, युद्ध के सीन को असली जैसा दिखाने के लिए पूरी मेहनत की गई। फिल्म '120 बहादुर' की एक्शन टीम वही है जिसने ऑस्कर जीतने वाली फिल्म ऑल क्वाइट ऑन द वेस्टर्न फ्रंट पर भी काम किया था। शूटिंग के दौरान सेट पर एक साथ 600 से ज्यादा लोग मौजूद थे, जो बड़े और धमाकेदार सीन को संभाल रहे थे। कहानी को सच्चे तरीके से दिखाने के लिए फिल्म की शूटिंग लद्दाख, राजस्थान और मुंबई में की गई। इन जगहों ने मिशन की मुश्किल हालात, भावनाएं और अलग-अलग माहौल को अच्छी तरह दिखाया है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com